सूर्योदय : 6:36
सूर्यास्त : 6:03
अधिकतम तापमान : 29.5
न्यूनतम : 14.3

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-19 अंक-248 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शुक्रवार, 27 फरवरी 2026
09 रमज़ान 1447 हिजरी

हिन्दी दैनिक

# अवधनामा

www.avadhnama.com




# एनसीईआरटी की किताब को जब्त करने का आदेश

### ■ सुप्रीम कोर्ट ने जारी किया निदेशक और शिक्षा सचिव को कारण बताओ नोटिस



**नई दिल्ली।** कक्षा आठ की सामाजिक विज्ञान की पाठ्यपुस्तक में 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' संबंधी संदर्भों के प्रकाशन को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कड़ा रुख अपनाया। सर्वोच्च अदालत ने विद्यालय शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय के सचिव और एनसीईआरटी के निदेशक को इस संबंध में कारण बताओ नोटिस जारी किया है। न्यायालय ने कहा कि पहली नजर में अगर यह प्रकाशन न्यायपालिका को कलंकित करने के उद्देश्य से किया गया कृत्य सिद्ध होता है, तो यह गंभीर मिस कंडक्ट है और आपराधिक अवमानना के दायरे में आ सकता है।

चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अगुवाई वाली बेंच ने आपत्तिजनक सामग्री वाली पुस्तक के प्रकाशन, दोबारा प्रिंटिंग तथा डिजिटल प्रसार पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया। किसी भी रूप में सामग्री का प्रसार गंभीरता से लिया जाएगा। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि इस पुस्तक का फिजिकल या डिजिटल रूप में वितरण करने का कोई प्रयास इस न्यायालय के आदेश का उल्लंघन माना जाएगा। अगली सुनवाई 11 मार्च को होगी।

### मैं अफसोस जाहिर करता हूं : धर्मेंद्र प्रधान

इस मामले में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने कहा, हम ज्यूडिशियरी का पूरा सम्मान करते हैं। ज्यूडिशियरी ने जो कहा है, हम उसका पूरा पालन करेंगे। जो हुआ है, उससे मैं दुखी हूं, और अफसोस जाहिर करता हूं। जैसे ही मामला मेरे ध्यान में आया मैंने तुरंत किताबें वापस लेने का निर्देश दिया ताकि वे आगे सर्कुलेट न हों।

# पीएम मोदी-नेतन्याहू के बीच व्यापक बातचीत

### ■ रक्षा, एफटीए, यूपीआई से एआई तक कई मुद्दों पर बनी सहमति



**यरूशलम।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ व्यापक बातचीत की। इस बैठक में दोनों देशों के बीच रक्षा, सुरक्षा, व्यापार, तकनीक और कृषि जैसे अहम क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई। बैठक के दौरान पश्चिम एशिया की मौजूदा स्थिति पर भी विचार-विमर्श किया गया। इसके अलावा भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे यानी भारत-मध्य पूर्व यूरोप आर्थिक गलियारा (आईएमईसी) और आई2यू2 समूह (भारत-इजराइल-यूएई-अमेरिका समूह) के तहत सहयोग को आगे बढ़ाने पर भी चर्चा होने की संभावना जताई गई।

इस दौरान भारत और इजराइल ने आपसी संबंधों को और मजबूत बनाने के लिए कई अहम समझौतों पर हस्ताक्षर किए। ये समझौते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के बीच हुई बैठक के बाद किए गए। दोनों नेताओं ने नवाचार (इनोवेशन), कृषि, तकनीक और अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई। इन समझौतों का मकसद नई तकनीकों का विकास, खेती में आधुनिक तरीकों को अपनाना और स्टार्ट-अप व शोध के क्षेत्र में साझेदारी को आगे बढ़ाना है।

इसके बाद इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के साथ संयुक्त प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने भारत-इजराइल के रिश्तों को नई ऊंचाई देने का एलान किया। पीएम मोदी ने नमस्कार और शलोम कहकर अपने संबोधन की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि नौ साल पहले उन्हें पहली बार इजराइल आने का मौका मिला था। अब दोबारा यहां आना उनके लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने बताया कि उन्हें 'स्पीकर ऑफ द नेसेट मेडल' से सम्मानित किया गया है। मोदी ने यह सम्मान भारत के 140 करोड़ लोगों और भारत-इजराइल की दोस्ती को समर्पित किया।

बैठक के दौरान दोनों देशों ने कई बड़े फैसले किए। पीएम मोदी ने कहा कि भारत और इजराइल ने क्रिटिकल और उभरती प्रौद्योगिकी साझेदारी स्थापित करने का निर्णय लिया है। इजराइल में (यूपीआई) के उपयोग को लेकर भी समझौता हुआ है, जिससे डिजिटल भुगतान को बढ़ावा मिलेगा।

पीएम मोदी ने जोर देते हुए कहा कि दोनों देश सिविल न्यूक्लियर एनर्जी और अंतरिक्ष के क्षेत्र में भी सहयोग बढ़ाएंगे। खेती को आधुनिक और भविष्य के अनुकूल बनाने के लिए मिलकर नई तकनीकें विकसित की जाएंगी। साथ ही 'विलेज ऑफ एक्सीलेंस' यानी उत्कृष्ट गांव विकसित करने पर भी काम किया जाएगा। इस दौरान पीएम मोदी ने शांति और आतंकवाद के खिलाफ सख्त संदेश दिया। उन्होंने कहा कि भारत की सोच साफ है मानवता कभी भी युद्ध और संघर्ष की शिकार नहीं बननी चाहिए। उन्होंने कहा कि गाजा शांति योजना ने शांति की दिशा में एक नया रास्ता खोला है और भारत ने ऐसे प्रयासों का समर्थन किया है।


### इंस्टाग्राम पर 10 करोड़ फॉलोअर्स पार करने वाले विश्व के पहले नेता बने मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'इंस्टाग्राम' पर 10 करोड़ फॉलोअर हो गए हैं और इसके साथ ही इस सोशल मीडिया मंच पर यह उपलब्धि हासिल करने वाले वह विश्व के पहले नेता बन गए हैं। अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि प्रधानमंत्री मोदी 2014 में इंस्टाग्राम से जुड़े थे और पिछले एक दशक में उनका अकाउंट वैश्विक नेताओं के बीच सबसे अधिक सक्रिय डिजिटल मंच में से एक बन गया है। वैश्विक नेताओं में मोदी के 'इंस्टाग्राम' पर अब सबसे अधिक फॉलोअर हैं। सोशल मीडिया मंच पर उनके फॉलोअर की संख्या अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के फॉलोअर से दोगुनी से भी अधिक है।

### नेतन्याहू ने मोदी को दिया 'सप्राइज', भारतीय कपड़े पहन किया डिनर



**नई दिल्ली:** भारत-इजरायल संबंधों में एक नया गर्मजोशी भरा अध्याय जुड़ गया है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने पीएम नरेंद्र मोदी के साथ संयुक्त डिनर से पहले पारंपरिक भारतीय परिधान पहनकर सबको चौंका दिया। उन्होंने एक्स पर हिंदी में पोस्ट किया कि 'हमारे संयुक्त रात्रिभोज से पहले, मैंने अपने मित्र मोदी को भारतीय परिधान पहनकर चौंका दिया।' पीएम नेतन्याहू ने सफेद फुल स्लीव शर्ट के ऊपर लाइट ग्रे/स्टोन कलर का नेहरू जैकेट बैंड कॉलर, स्लीवलेस, टेलर्ड फिट पहने हुए थे।




9 रमज़ान 27.02.2026

सुन्नी हज़रात

| सेहरी | इफ्तार |
|---|---|
| 05:08 | 06:08 |

शिया हज़रात

| सेहरी | इफ्तार |
|---|---|
| 05:02 | 06:18 |

# यूपी ग्रीन हाइड्रोजन और सस्टेनेबल एनर्जी का हब बनेगा

**योगी का जापान दौरा**

### ■ यामानाशी हाइड्रोजन फैसिलिटी में पावर-टू-गैस टेक्नोलॉजी को सीएम ने देखा



**लखनऊ।** जापान दौरे पर पहुंचे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यामानाशी प्रांत में ग्रीन एनर्जी क्षेत्र में हो रहे नवाचारों की सराहना करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश भी स्वच्छ ऊर्जा और आत्मनिर्भर भविष्य की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा, 'मैं यामानाशी के माननीय राज्यपाल और उनकी पूरी टीम के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करता हूं कि आज उन्होंने मुझे और मेरे सभी सहयोगियों को यामानाशी प्रांत को नजदीक से देखने, जानने और सभी के साथ संवाद करने का अवसर दिया।' अपने दौरे के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यामनाशी प्रांत में स्थित यामानाशी हाइड्रोजन फैसिलिटी का भ्रमण किया और वहां स्थापित एडवांस्ड पावर-टू-गैस सिस्टम को कार्य करते हुए देखा। उन्होंने ग्रीन हाइड्रोजन और क्लीन एनर्जी टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में किए जा रहे शोध और विकास कार्यों की सराहना भी की। मुख्यमंत्री ने कहा कि यामानाशी का इनोवेटिव मॉडल सस्टेनेबल एनर्जी ट्रांज़िशन और क्लीन मोबिलिटी सॉल्यूशंस को गति देने के लिए महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान करता है। यह तकनीक भविष्य की ऊर्जा जरूरतों को पर्यावरणीय संतुलन के साथ पूरा करने की दिशा में एक प्रभावी कदम है।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उत्तर प्रदेश ग्रीन हाइड्रोजन, सस्टेनेबल एनर्जी सॉल्यूशंस और इनोवेशन के क्षेत्र में व्यापक संभावनाओं के साथ आगे बढ़ने के लिए पूरी तरह तैयार है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हमने उत्तर प्रदेश की नीतियों को 'रिएक्टिव' की बजाय 'प्रोएक्टिव' बनाया है और उसके परिणाम आज हम सबके सामने हैं। 9 वर्षों में हमने उत्तर प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय तथा प्रदेश की अर्थव्यवस्था को तीन गुना करने में सफलता प्राप्त की है। राज्य सरकार पर्यावरणीय जिम्मेदारी, आत्मनिर्भरता और आधुनिक तकनीक आधारित विकास मॉडल को अपनाते हुए भविष्य की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### जापान को मैग्लेव ट्रेन की रफ्तार से भारत ने पछाड़ा, सूटेड-बूटेड जापानियों के बीच बैठे योगी

**नई दिल्ली/टोक्यो।** भारत तेजी से एक बड़ी महाशक्ति के रूप में उभर रहा है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सिंगापुर के बाद अब जापान के दौरे पर हैं। सिंगापुर और जापान में योगी आदित्यनाथ जब भगवा वस्त्रों में सूटेड-बूटेड लोगों के बीच बैठे तो दुनिया ने भारत की बढ़ती ताकत का अहसास किया। जापान में योगी आदित्यनाथ हाईस्पीड मैग्लेव ट्रेन में बैठे, जिसमें एक नए भारत की झलक नजर आई। यह वही जापान है, जिसे बीते साल दिसंबर में पछाड़कर भारत दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। योगी की म्यांमार, मॉरीशस, नेपाल और रूस की यात्राओं के बाद सिंगापुर-जापान की पांचवीं विदेश यात्रा है। यह यात्रा राज्य सरकार के 2027-2030 तक 1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य की ओर बढ़ने के प्रयासों का हिस्सा है।

# यौन शोषण मामले में अविमुक्तेश्वरानंद की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई आज

### ■ पीड़ितों का मेडिकल परीक्षण कराया गया



**प्रयागराज।** बटुकों के यौन शोषण के आरोपों का सामना कर रहे स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती की अग्रिम जमानत याचिका पर शुक्रवार को इलाहाबाद उच्च न्यायालय में सुनवाई होगी। उच्च न्यायालय के सूत्रों ने बताया कि स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती की अग्रिम जमानत याचिका 'कोर्ट नंबर 72' में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध की गयी है।

इस बीच, सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी-झूंसी) विमल किशोर मिश्रा ने बताया कि कथित पीड़ित बटुकों का मेडिकल परीक्षण करा लिया गया है और रिपोर्ट सीलबंद लिफाफा में जांच अधिकारी को सौंप दी गई है। हालांकि, उन्होंने मेडिकल रिपोर्ट की विषयवस्तु पर टिप्पणी करने से इनकार करते हुए कहा कि सीलबंद लिफाफे में मेडिकल रिपोर्ट अदालत के समक्ष रखी जाएगी। 21 फरवरी को आशुतोष ब्रह्मचारी के आवेदन पर एक विशेष पॉक्सो अदालत ने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के खिलाफ बटुकों के साथ यौन शोषण के आरोपों की जांच के लिए झूंसी थाने के प्रभारी को प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया था। आशुतोष ब्रह्मचारी ने बुधवार को कथित पीड़ित बटुकों को मीडिया के समक्ष पेश किया था। एक बटुक ने अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और उनके शिष्य मुकुंदानंद ब्रह्मचारी पर यौन शोषण करने और प्रताड़ित करने का आरोप लगाया था।

# डेटा आधारित होगी अफसरों की गोपनीय रिपोर्ट

### ■ एसीआर में अनिवार्य होगा लंबित, नए और निस्तारित मामलों का ब्योरा : मुख्य सचिव




**लखनऊ।** शासन ने अधिकारियों की वार्षिक गोपनीय प्रविष्टि (एसीआर) प्रणाली में बड़ा बदलाव करते हुए इसे पूरी तरह डेटा आधारित बनाने का निर्णय लिया है। मुख्य सचिव एसपी गोयल ने गुरुवार को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि अब सामान्य टिप्पणी नहीं, बल्कि लंबित मामलों, नए वादों और निस्तारित प्रकरणों की संख्या (डेटा) को एसीआर का अनिवार्य हिस्सा बनाया जाएगा।

शासनादेश के अनुसार यह व्यवस्था भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) और उत्तर प्रदेश सिविल सेवा (कार्यकारी शाखा/पीसीएस) के सभी अधिकारियों पर लागू होगी। अधिकारियों को अब स्पैरो पोर्टल पर अपनी वार्षिक गोपनीय प्रविष्टि के लिए स्व-मूल्यांकन करते समय यह डेटा अनिवार्य रूप से दर्ज करना होगा। मुख्य सचिव ने आदेश में कहा है कि रिपोर्टिंग अधिकारी, समीक्षा अधिकारी, स्वीकृति अधिकारी तीनों को अधिकारी द्वारा दर्ज किए गए लंबित, नए और निस्तारित मामलों के डेटा को संज्ञान में लेते हुए ही अपना मूल्यांकन करना होगा। अब बिना तथ्यों के सामान्य या औपचारिक टिप्पणी को पर्याप्त नहीं माना जाएगा।

शासनादेश के अनुसार एसीआर की निर्धारित अवधि के दौरान पूरा प्रशासनिक रिकार्ड दर्ज करना होगा। इसमें कितने मामले पहले से लंबित थे, कितने नए मामले दर्ज हुए और कितने मामलों का निस्तारण किया गया शामिल होगा। इन सभी का स्पष्ट संख्यात्मक विवरण दर्ज किया जाएगा।

# शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों की अब खैर नहीं : गडकरी

### ■ पकड़े जाने पर ड्राइविंग लाइसेंस होगा रद्द




**नई दिल्ली।** सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि सड़क दुर्घटनाओं में हर साल लाखों लोगों का जीवन बचाने के लिए सरकार सुरक्षा कारणों की गहनता से पड़ताल कर रही है और इसमें रोड इंजीनियरिंग, आटोमोबाइल इंजीनियरिंग, सड़क सुरक्षा नियमों का सख्ती से पालन करते हुए शिक्षा तथा जागरूकता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। गडकरी ने गुरुवार को यहां हैबिटेट सेंटर में सीआईआई के तत्वावधान में आयोजित 'नेशनल कन्क्लेव ऑफ रोड सेफ्टी' विषय पर अपने विचार पेश करते हुए गुरुवार को कहा कि देश में हर साल लाखों लोगों की जान सड़क दुर्घटनाओं में जाती है और उसे बचाना आवश्यक है इसलिए सड़क इंजीनियरिंग के साथ ही ड्राइविंग लाइसेंस को लेकर सख्त रुख नियम बनाए जा रहे हैं। उनका कहना था कि शराब पीकर गाड़ी चलाने की घटनाएं ज्यादा होती हैं, इसलिए इस नियम को ज्यादा सख्त किया जा रहा है और बार बार शराब पीकर गाड़ी चलाते हुए पकड़े जाने पर लाइसेंस स्थाई रूप से रद्द कर दिया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि ड्राइविंग लाइसेंस को ग्रेड सिस्टम में बदला जा रहा है और बार बार गलती होने पर जैसे ही 12 ग्रेड पर पहुंचेगा लाइसेंस को निलंबित कर दिया जाएगा।

सड़क दुर्घटनाओं के चार प्रमुख कारण बताते हुए उन्होंने कहा कि इसमें रोड इंजीनियरिंग में डीपीआर की गुणवत्ता में कमी भी एक कारण है इसलिए इसमें बदलाव लाया गया है और ठेकेदारों और डीपीआर कंपनियों की रेटिंग तय कर दी गई है। इसी तरह ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग में भारत एनसीएपी स्टार रेटिंग लागू की गई है और किफायती मॉडलों में भी छह एयरबैग अनिवार्य किए गये हैं। उनका कहना था कि भारत में ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग के मानक अब वैश्विक मानकों के बराबर हैं। इसके साथ ही बस बॉडी कोड को गत सितंबर से लागू किया गया है और इसके तहत अब टाटा, अशोक लीलैंड और वोल्वो जैसी कंपनियाँ मानक के अनुसार बस बॉडी बनाएँगी।

### बढ़ती जा रहीं सड़क दुर्घटनाएं

गडकरी ने कहा कि करीब पांच लाख सड़क दुर्घटनाएं हर साल होती हैं जिनमें 1 लाख 80 हजार लोगों की मृत्यु होती है। इनमें 72 प्रतिशत युवा होते हैं जिनकी उम्र 18 से 45 साल के बीच होती है जबकि 18 वर्ष से कम आयु के 10,119 बच्चों की मौत होती है। हेलमेट न पहनने के कारण 54,122 और सीट बेल्ट का उपयोग न करने से 14,466 लोगों की मृत्यु का आंकड़ा है। तेज गति के कारण 1.2 लाख लोगों की मौत होती हैं। गलत दिशा में गाड़ी चलाना, शराब पीकर गाड़ी चलाना, वाहन चलाते समय फोन का उपयोग करना जैसे कई कारण दुर्घटनाओं के हैं।

**बड़ा फैसला** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने किया ई-आरसीटी सिस्टम लांच

# यात्रियों को अब घर बैठे मिलेगा नुकसान का मुआवजा

**नई दिल्ली।** रेल यात्रियों को यात्रा के दौरान हादसे, अनहोनी घटनाओं अथवा सामान के नुकसान या चोरी आदि के मामलों में क्षतिपूर्ति के दावों के लिए इलेक्ट्रानिक सुविधा मिलेगी जिससे कोई यात्री ऐसे किसी भी मामले में रेलवे दावा न्यायाधिकरण (आरसीटी) के समक्ष कहीं से भी दावा कर सकेगा। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को 52 सप्ताह में 52 सुधार के संकल्प की दिशा में दो नए सुधारों की घोषणा की जिसमें रेल यात्रियों के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता और सूचना प्रौद्योगिकी आधारित दावे और निपटान की इलेक्ट्रानिक रेलवे दावा न्यायाधिकरण (ई-आरसीटी) की सुविधा शामिल है।




रेलमंत्री ने आज घोषित दूसरे सुधार के अंतर्गत स्टार्टअप और नवप्रवर्तों को रेलवे के समक्ष यात्री सुरक्षा, संरक्षा, रेल-ट्रैक निगरानी आदि किसी भी महत्वपूर्ण विषय पर प्राद्योगिकी समाधान या विचार प्रस्तुत करने के लिए एक डिजिटल प्लेटफार्म-'रेलटेक डिजिटल' का अनावरण किया। रेल यात्रियों को यात्रा के दौरान घटना-दुर्घटना या रेलवे के साथ किराये अथवा अन्य विवाद के संबंध में कहीं से दावा करने की ई-आरसीटी सुविधा के बारे में वैष्णव ने कहा कि आनलाइन दावे की सुविधा चरणबद्ध तरीके से 12 महीने में आरसीटी की सभी शाखाओं में लागू कर कर दिया जाएगा। इस प्रौद्योगिकी आधारित सुधार से आसीटी के देश भर में सभी 23 शाखाओं को दावों की प्रक्रिया और निस्तारण की डिजटलीकृत सुविधाएं कर दी जाएगी।

इस अवसर पर आरसीटी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति कंवलजीत सिंह अहलुवालिया भी उपस्थित थे। उन्होंने इस पहल के लिए रेल मंत्री श्री वैष्णव को बधाई दी और कहा कि उनके पास सूचना प्रौद्योगिकी विभाग भी है जिसके चलते यह सुधार तेजी से होने जा रहा है । उनके नेतृत्व की प्रसंसा करते हुए अहलुवालिया ने कहा कि एआई आधारित ईआरसीटी प्रणाली से रेलवे में लंबित दवों का तेजी से सामाधान करने में बड़ी मदद मिलेगी। रेलवे का कहना है कि ई-आरसीटी चौबीसों घंटे ई-फाइलिंग और स्वचालित चेतावी के साथ दावों में तेज़ी, पारदर्शिता और नागरिक-केंद्रित डिजिटल प्रक्रिया सुनिश्चित करेगी।

अश्विनी वैष्णव ने 'रेलटेक' डिटिटल प्लेटफार्म को को 'स्टार्ट द्वारा, स्टार्टअप के लिए खुला मंच' बताते हुए कहा कि रेलटेक नीति का मसौदा स्टर्टअप इकाइयों ने ही बना कर दिया था। उन्होंने रेलटेक डिजिटल मंच को बटन दबा कर प्रारंभ करते हुए कहा, ' यह सतत खुला रहेगा। इस वेबसाइट पर आप अपने विचार, प्रौद्योगिकी समाधार कभी भी प्रस्तुत कर सकते हैं।'

### बनाई जाएगी रेल टेक वेबसाइट

वैष्णव ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि रेल टेक नीति के तहत एक रेल टेक वेबसाइट बनाई जाएगी, जहां कोई भी नवप्रवर्तक अपना आइडिया सीधे रेल मंत्रालय और सरकार के दो सकेगा। उन्होंने बताया कि यह नीति रक्षा, सूचना प्रौद्योगिकी और बायोटेक क्षेत्र की सफल नीतियों से सीख लेकर तैयार की गयी है। पूरी प्रक्रिया डिजिटल और उपभोक्ताओं के अनुकूल होगी। अच्छे सुझावाओं पर रेलवे आगे के काम के लिए 50 प्रतिशत तक वित्तीय सहायता देगा। वाणिज्य उपयोग के लिए रेलवे द्वारा चयनित तकनीकी समाधानों के लिए रेलवे बड़े आर्डर प्रस्तुत कर सकती है। इसके अलवा प्रौद्योगिकी विकासकरने वाली इकाइयां प्रौद्योगिकी-उत्पाद का निर्यात भी कर सकेंगी।

# देश में शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करना बन चुका है सबसे बड़ा अपराध : राहुल गांधी

### ■ असहमति को देशद्रोह और सवाल पूछने को साज़िश बताया जा रहा



**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को केंद्र सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि आज देश में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के शासन में शांतिपूर्ण विरोध करना सबसे बड़ा अपराध बन गया है। राहुल गांधी ने कहा कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र को ऐसी दिशा में धकेला जा रहा है, जहां असहमति को देशद्रोह और सवाल पूछने को साज़िश बताया जाता है।

राहुल गांधी ने सोशल मीडिया के माध्यम से कहा कि यदि कोई नागरिक संवैधानिक तरीके से सत्ता के खिलाफ आवाज़ उठाता है, तो उसके हिस्से में लाठीचार्ज, मुकदमे और जेल ही आते हैं। उन्होंने विभिन्न आंदोलनों का हवाला देते हुए कहा कि पेपर लीक से परेशान युवाओं के विरोध का जवाब लाठियों से दिया गया। महिला पहलवानों के आंदोलन का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि गंभीर आरोपों की निष्पक्ष जांच की मांग करने वाली खिलाड़ियों की आवाज़ को दबाने का प्रयास किया गया और उनके आंदोलन को कुचल दिया गया। इसी तरह, एक दुष्कर्म पीड़िता के समर्थन में इंडिया गेट पर हुए शांतिपूर्ण प्रदर्शन को भी हटाया गया।

युवा कांग्रेस द्वारा अमरीका के साथ हुए ट्रेड डील के विरोध का जिक्र करते हुए कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने वाले कार्यकर्ताओं को 'देश विरोधी' बताकर गिरफ्तार किया गया। उन्होंने कहा कि जहरीली हवा के खिलाफ आवाज़ उठाने वालों को और किसानों के आंदोलन को भी दमन का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि जब आदिवासी समुदाय अपने जल, जंगल और जमीन के अधिकारों की मांग करता है, तो उस पर भी संदेह की दृष्टि डाली जाती है। उन्होंने सवाल किया, 'यह कैसा लोकतंत्र है, जहां प्रधानमंत्री सवालों से डरते हैं और असहमति को कुचलना शासन का स्वभाव बनता जा रहा है? 'राहुल गांधी ने कहा, 'शांतिपूर्ण विरोध लोकतंत्र की आत्मा है।

# मार्ग चौड़ा होने से यातायात सुगम होगा और तीर्थ क्षेत्र की व्यवस्था बेहतर बनेगी : जिलाधिकारी

## डीएम व विधायक ने परखी शिव मंदिर कॉरिडोर की रफ्तार



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** गोला गोकर्णनाथ में बन रहे छोटी काशी शिव मंदिर कॉरिडोर के निर्माण कार्यों की रफ्तार परखने गुरुवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और विधायक गोला अमन गिरी ने अफसरों की टीम संग स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कॉरिडोर से जुड़े विभिन्न कार्यों की मौजूदा स्थिति का जायजा लिया और संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान नगर पालिका परिषद अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू उपस्थित रहे डीएम ने स्पष्ट कहा कि कॉरिडोर जनआस्था से जुड़ा महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट है, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। विधायक अमन गिरी ने भी कार्यों में तेजी लाने और श्रद्धालुओं की सुविधाओं को प्राथमिकता देने की बात कही निरीक्षण में पाया गया कि मंदिर परिसर में जल निकासी की व्यवस्था को और प्रभावी बनाने की जरूरत है। इस पर जिलाधिकारी ने नगर पालिका परिषद गोला गोकर्णनाथ को जलभराव की समस्या से निपटने के लिए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही कॉरिडोर में नवनिर्मित मंदिरों में पुराने मंदिरों की मूर्तियों की स्थापना का कार्य समयबद्ध ढंग से पूरा कराने के निर्देश दिए गए। मंदिर परिसर के भीतर समतलीकरण का कार्य आगामी सात दिनों में पूरा कराने की बात कही गई, जिससे श्रद्धालुओं को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो। कॉरिडोर से जुड़े वीआईपी मार्ग के चौड़ीकरण में आ रही बाधाओं को हटाने के लिए संबंधित पक्षों को नोटिस जारी कर नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए गए। डीएम ने कहा कि मार्ग चौड़ा होने से यातायात सुगम होगा और तीर्थ क्षेत्र की व्यवस्था बेहतर बनेगी इसके अतिरिक्त मंदिर परिसर के बाहर स्थित नालों के चौड़ीकरण के लिए जल निगम एवं लोक निर्माण विभाग को प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा गया।

निरीक्षण के दौरान कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कारपोरेशन लिमिटेड के अधिकारियों को कॉरिडोर के लंबित कार्यों में तेजी लाकर निर्धारित समयसीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। डीएम व विधायक ने परियोजना की गुणवत्ता और समयबद्धता पर विशेष ध्यान देने की बात कही निरीक्षण के दौरान एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, उपजिलाधिकारी गोला प्रतीक्षा त्रिपाठी संबंधित विभागों के अधिकारी, नगर पालिका जल निगम, लोक निर्माण विभाग, कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## टीईटी अनिवार्य किए जाने के विरोध में बीएसए कार्यालय परिसर में शिक्षकों ने किया धरना प्रदर्शन

**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** साल 2011 से पहले नियुक्त शिक्षकों के लिए टीईटी अनिवार्य किए जाने के विरोध में बृहस्पतिवार को लखीमपुर के बीएसए कार्यालय परिसर में शिक्षकों ने धरना प्रदर्शन किया। धरना टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया के बैनर तले आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न शिक्षक संगठनों के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं शामिल हुए। धरने को संबोधित करते हुए शिक्षिका प्रतिभा यादव ने कहा कि 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों ने नियमों के तहत सेवा प्राप्त की है, ऐसे में बाद में टीईटी अनिवार्य करना उनके साथ अन्याय है। उन्होंने सरकार से पुराने शिक्षकों को इस अनिवार्यता से मुक्त करने की मांग की। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष संजीव त्रिपाठी ने कहा कि यदि निर्णय वापस नहीं लिया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। अंत में शिक्षकों ने ज्ञापन सौंपकर समस्या के समाधान की मांग की।

## रईसजादे के बेटे का कारनामा बैक गियर से मचाया हड़कंप

**लखीमपुर खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** लखीमपुर रईसजादे के बेटे का कारनामा बैक गियर से मचाया हड़कंप। कई बाईकों को लपेटे में लेकर किया क्षतिग्रस्त।सनक के चलते पहले गैरेज के अगले हिस्से में गाड़ी ठोकी। उसके बाद गेट तोड़ते हुए कार  बाईकों पर लटकी।एक रिक्शा चालक हुआ चोटिल।सुंदर मेडिकल स्टोर के संचालक सुरेश वर्मा के बेटे श्रोत वर्मा चला रहा था बलेनो कार बड़ा हादसा टला।सदर कोतवाली इलाके के जिला अस्पताल रोड सासंद कार्यालय के सामने का मामला।

## उप निबंधक कार्यालय तहसील सदर में जमकर हो रहा भ्रष्टाचार

**लखीमपुर खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** उप निबंधक कार्यालय तहसील सदर में जमकर हो रहा भ्रष्टाचार। सेटिंग से लोगो को गुमराह कर कराए जा रहे दानपात्र। बीती शाम दानपात्र हो जाने के अहसास के बाद फूट फूट कर रोई महिला। निबंधन अधिकारी से शिकायत के बाद हरकत में आए अधिकारी मामले को रफ़ा दफा करने की कोशिश में जुटे।

## सपा छात्र संगठन द्वारा कुल सचिव को सौंपा गया ज्ञापन

### सर्टिफिकेट शुल्क बढ़ोत्तरी को लेकर जताया विरोध



**बदायूँ। (अवधनामा संवाददाता)** सपा छात्र संघ द्वारा शुल्क बढ़ोत्तरी पर विरोध जताते हुए रोहिलखंड यूनिवर्सिटी के कुलसचिव को ज्ञापन सौंपा गया है। बृहस्पतिवार को सपा छात्र संघ  के लोग सपा नेता छात्रसंघ महामंत्री डॉ.हृदेश यादव के नेतृत्व में कुलसचिव को ज्ञापन देने पहुंचे थे।डॉ हृदेश ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा माइग्रेशन सर्टिफिकेट तथा प्रोविजनल डिग्री सर्टिफिकेट का अब से पूर्व ऑफलाइन शुल्क दो तथा तीन सौ रूपए था,जिसे यूनिवर्सिटी की तरफ से बढ़ाकर ऑनलाइन व्यवस्था के रूप में एक हज़ार रुपए कर दिया गया है।उन्होंने शुल्क बढ़ोतरी पर विरोध जताते हुए इसे पूरे मंडल के हजारों छात्रों के साथ अन्याय बताया है। उन्होंने मांग करते हुए कहा है कि शुल्क वृद्धि को तुरंत समाप्त किया जाए।उनके द्वारा माइग्रेशन तथा प्रोविजनल डिग्री सर्टिफिकेट को ऑफलाइन तथा ऑनलाइन दोनों प्रकार से प्राप्त करने की सुविधा प्रदान करने की मांग यूनिवर्सिटी से की गई है। श्री यादव ने बताया कि हमारी ओर से आगामी 10 मार्च तक इस समस्या का समाधान करने की मांग कुल सचिव से की गई है यदि निर्धारित समय में समस्या का समाधान नहीं होता है तो इसके विरुद्ध पुनः आवाज उठाई जाएगी। इस मौके पर करण,मुकेश, गजेंद्र कुर्मी, रवि पंडित, विक्रांतपाल, मंजीत, अनिकेत,अनुराग,संजय,आदि लोग मौजूद रहे।

# रिचा अशेष के नेतृत्व में महिलाओं ने किया प्रदर्शनी का आयोजन

## मुनासिब दामों में की गई सामान की बिक्री



*अवधनामा संवाददाता*

**बदायूँ।** त्योहारी सीजन के मद्देनजर महिला सशक्तिकरण की दिशा में जनपद की महिलाओं द्वारा एक और कदम बढ़ाया गया है। इससे पूर्व अक्टूबर माह में इसी तरह का एक कार्यक्रम किया गया था। दरअसल शहर के आर के रिसोर्ट में बुधवार को होली, ईद एवं अन्य आने वाले त्योहारों के दृष्टिगत महिला सशक्तिकरण के लिए महिलाओं द्वारा इनफिनिटी लाइफ स्टाइल के तहत आम जीवन से जुड़ी वस्तुओं की भव्य प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। सामूहिक रूप से आयोजित की गई इस प्रदर्शनी में नगर एवं अन्य शहरों की महिलाओं ने अपने स्टॉल लगाए। स्टालों पर  सजावटी सामान , ज्वेलरी, कपड़े, शूज, हस्तशिल्प, पर्स, और अपने बनाये हुए हस्तशिल्प का प्रदर्शन कर इन महिलाओं द्वारा मुनासिब दामों में ग्राहकों को दिया गया।जिसको आमजनमानस ने खूब सराहा। प्रदर्शनी में महिलाओं की उपस्थिति से खूब रौनक रही।आत्म निर्भर भारत और महिला सशक्तिकरण की भावना के अनुरूप महिलाओं को बढावा देने के उद्देश्य और स्वदेशी उत्पादों के अधिक प्रयोग के लिए आयोजित प्रदर्शनी की आयोजक रिचा अशेष, ज्योति शर्मा और रिया द्वारा सभी अतिथियों का पुष्प गुच्छ और उपहार देकर सम्मान किया।

# मुठभेड़ के बाद,शातिर को पुलिस ने किया गिरफ़्तार



*अवधनामा संवाददाता*

**बदायूँ।** थाना उसहैत पुलिस द्वारा विगत दिनों कादर चौक रोड पर हुई पुलिस मुठभेड़ में फरार अभियुक्त को बुधवार रात्रि में मुठभेड़ के बाद गिरफ़्तार कर लिया गया है। पुलिस को इसके कब्जे से अवैध असलहा बरामद हुआ है। पुलिस के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ बृजेश कुमार सिंह के निर्देशन में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्यवाही की गई है।पुलिस का कहना है कि बुधवार को क्षेत्र में वाहन चेकिंग के दौरान मुखबिर द्वारा पुलिस को सूचना मिली की पुलिस के साथ विगत दिनों हुई मठभेड़ का फरार आरोपी थाना क्षेत्र में है और कहीं बाहर भागने की फिराक में है। पुलिस का दावा है कि सूचना के आधार पर पुलिस मौके पर पहुंची तो पुलिस को देखकर वांछित भागने लगा जब पुलिस द्वारा उसे रुकने को कहा गया तब वह नहीं रुका और उसने पुलिस पर फायर कर दिया, जिसके जवाब में पुलिस को भी आत्मरक्षार्थ फायरिंग करनी पड़ी पुलिस की ओर से की गई फायरिंग में अभियुक्त रमेश कश्यप के दाहिने पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। पुलिस को इसके कब्जे से अवैध असलहा बरामद हुआ है।सीओ उझानी डॉ देवेंद्र सिंह ने बताया कि विगत 6 फरवरी को थाना कादरचौक रोड पर पुलिस मुठभेड़ में अभियुक्त रमेश कश्यप पुलिस पर फायरिंग करता हुआ भाग गया था,जिसे मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया है।घायल अभियुक्त को इलाज हेतु जिला अस्पताल भेजा गया है। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त का लंबा आपराधिक इतिहास मिला है।

## दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ़्तार

**बदायूँ। (अवधनामा संवाददाता)** थाना उझानी पुलिस द्वारा दुष्कर्म के मामले में नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

पुलिस का कहना है कि थाना उझानी पर अंशु पुत्र चन्द्र प्रकाश के विरुद्ध दर्ज एक मुकदमे में यह कार्रवाई की गई है।पुलिस का कहना है कि बृहस्पतिवार को थाना उझानी पुलिस द्वारा मुकदमे में नामजद अंशु पुत्र चन्द्र प्रकाश निवासी ग्राम मल्लामई थाना उझानी को मुखबिर की सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया गया है।

## कच्ची शराब तथा उपकरणों सहित पुलिस ने एक को किया गिरफ़्तार



**बदायूँ। (अवधनामा संवाददाता)** थाना दातागंज पुलिस द्वारा कच्ची शराब तथा शराब मैन्युफैक्चरिंग में इस्तेमाल किए जाने वाल उपकरणों सहित एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर  संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।  पुलिस के अनुसार,वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ बृजेश कुमार सिंह के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्यवाही की गई है। पुलिस का कहना है कि मुखबिर की सूचना पर बृहस्पतिवार को अभियुक्त रामकिशोर पुत्र मुरारी को 30 ली0 कच्ची शराब सहित गिरफ्तार किया गया है,तथा मौके पर 350 ली0 लहन नष्ट कराया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त के पास से पुलिस को शराब बनाने के उपकरण बरामद हुए हैं।

# जेसीबी-पोकलेन से ध्वस्त किया 80 दुकानों का अतिक्रमण



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** नगर निगम ने आज बाजार मोरगंज में नाला सफाई अभियान में बाधक बन रहा करीब 80 दुकानों का अतिक्रमण जेसीबी व पोकलेन की मदद से ध्वस्त कर दिया। व्यापारियों ने जिलाधिकारी के साथ एक बैठक में बाजार मोरगंज में नालों की सफाई न होने का मामला उठाया था। नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर निगम के नगर स्वास्थय अधिकारी डॉ. प्रवीण शाह के नेत्त्व में नगर निगम का अतिक्रमण दस्ता आज जब जेसीबी, पोकलेन और चार टैऊक्टर ट्रालियों के साथ बाजार मोरगंज पहुंचा तो दुकानदारों में खलबली मच गयी। नाला सफाई में भगतसिंह चौक से दालमण्डी चौक तक जिन 80 दुकानों के बाहर बने थले व सीढ़ियां बाधा बन रहे थे, उन्हें पोकलेन व जेसीबी से ध्वस्त कर नाला सफाई अभियान का रास्ता साफ किया गया।

प्रवर्तन दल प्रभारी ने बताया कि गत दिनों जिलाधिकारी के साथ व्यापार बंधु की एक बैठक में बाजार मोरगंज के नालों की सफाई न होने का मुद्दा उठाया गया था। उसी के संदर्भ में आज निगम द्वारा यह कार्रवाई की गयी। उन्होंने बताया कि कार्रवाई के संदर्भ में कल शाम ही बाजार में एनाउंस भी करा दिया गया था।  ध्वस्त किये गए थलों का मलवा साथ के साथ टैऊक्टर ट्रालियों में भरकर मौके से उठवाया गया। कार्रवाई के दौरान प्रवर्तन दल प्रभारी कर्नल एच बी गुरुंग, हरिप्रकाश कसाना सहित प्रवर्तन दल की पूरी टीम तथा सफाई निरीक्षक सुधाकर आदि शामिल रहे।

# पुलिस मुठभेड़ में एक घायल समेत दो बदमाश गिरफ्तार

## बदमाशों के कब्जे से 2.80 लाख की नगदी व बाईक बरामद

*अवधनामा संवाददाता*



**सहारनपुर।** थाना फतेहपुर पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान लूट के मुकदमें में वांछित चल रहे एक घायल समेत दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने लुटेरो के कब्जे से अवैध शस्त्र व लूट के 2.80 लाख रूपये व घटना में प्रयुक्त एक बाईक बरामद की है।

क्षेत्राधिकारी सदर मुनीश चन्द्र ने जानकारी देते हुए बताया कि देर रात थाना फतेहपुर पुलिस गंगाली मोड़ पर संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चैकिंग कर रहे थी। इसी दौरान मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि गांव राजपुर में पशु व्यापारी से लूटपाट करने वाले अभियुक्त ग्राम गंगाली की तरफ से आ रहे है। तभी ग्राम गंगाली की तरफ से एक बाईक पर दो व्यक्ति सवार आते दिखायी दिये जिन्हे रुकने का इशारा किया गया तो दोनों व्यक्ति बाईक को मोडकर भागने लगे। पुलिस पार्टी द्वारा पीछा गया, तो बाईक सवार व्यक्तियों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग की गई, जिसमें एक बदमाश के पैर में गोली लगने से घायलावस्था में गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार बदमाश की पहचान शुभम पुत्र धन प्रकाश निवासी ग्राम लडवा थाना कोतवाली देहात के रुप में हुई। जिसे प्राथमिक उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने बदमाश के कब्जे से 01 तमंचा, 02 जिंदा, 01 खोखा कारतूस .315 बोर व लूटे गये 1.50 लाख रुपये नगद बरामद किये तथा एक अन्य बदमाश को कॉम्बिंग के दौरान गिरफ्तार किया गया। जिसकी पहचान अंकित पुत्र मांगेराम निवासी ग्राम चम्पावास थाना बेहट के रूप में हुयी। गिरफ्तार बदमाश के कब्जे से 01 तमंचा, 02 जिंदा, 01 खोखा कारतूस .315 बोर, लूटे गये 1.30 लाख रुपये नगद व घटना में प्रयुक्त 01 बाईक बरामद की गई।

## त्यौहारों में कानून व्यवस्था बनाए रखने में कोई लापरवाही न होः मंडलायुक्त



**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** मंडलायुक्त डॉ.रूपेश कुमार ने कहा कि आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत कानून व्यवस्था बनाए रखने में कोई लापरवाही न हो। उन्होने तीनों जनपदों के जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि शांति समिति की बैठक कर ली जाए। मिश्रित आबादी एवं संवेदनशील क्षेत्रों पर प्राथमिकता से निरंतर भ्रमण किया जाए। आयोजकों से भी वार्ता की जाए। मंडलायुक्त डॉ.रूपेश कुमार ने पुलिस उप महानिरीक्षक अभिषेक सिंह की उपस्थिति में आयुक्त सभागार में आगामी त्यौहार होली एवं ईद के दृष्टिगत कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि होलिका दहन स्थल को चिन्हित कर यह भी देखा जाए कि स्थल पूर्ण रूप से सुरक्षित हो। त्यौहारों के दृष्टिगत साफ-सफाई, निर्बाध विद्युत एवं जल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होने मण्डलवासियों से कहा कि सौहार्दपूर्ण त्यौहार मनाएं कोई नई परम्परा न डालें। ऐसा कोई कार्य न किया जाए जिससे एक दूसरे की भावनाएं आहत हों। शरारती तत्वों पर विशेष निगरानी रखी जाए। पुलिस उप महानिरीक्षक अभिषेक सिंह ने कहा कि पुलिस निरंतर भ्रमणशील रहे। आमजनों से अपील की कि किसी भी घटना की जानकारी सर्वप्रथम पुलिस को दें। सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरों एवं अफवाहों को प्रसारित करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# युवाओं का भविष्य तय करने में सहायक सिद्ध होंगे रोजगार मेलेः विधायक गुम्बर

## बदलती तकनीक के साथ स्वयं को अपडेट रखें युवाः मैनेजर संदीप शर्मा

*अवधनामा संवाददाता*



**सहारनपुर।** नगर विधायक राजीव गुम्बर ने कहा कि सरकार द्वारा आयोजित ऐसे रोजगार मेले युवाओं को उनके भविष्य की दिशा तय करने में सहायक सिद्ध हो रहे हैं। इससे न केवल रोजगार के अवसर सृजित होते हैं, बल्कि युवाओं में आत्मविश्वास भी बढ़ता है।

नगर विधायक राजीव गुम्बर आज यहां राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, आईटीसी मिशन सुनहरा कल, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन एवं सोसाइटी फॉर पार्टिसिपेटरी इंटीग्रेटेड डेवलपमेंट के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित वृहद रोजगार मेले को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि रोजगार मेले से युवाओं को नयी ऊर्जा का संचार होगा और वह अपने परिवार का पालन पोषण कर सकेंगे। इस प्रकार के आयोजन युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम हैं और भविष्य में ऐसे प्रयास निरंतर किए जाने चाहिए। शहर के महापौर डॉ.अजय सिंह ने कहा कि आज के समय में रोजगार के साथ-साथ कौशल विकास अत्यंत आवश्यक है। युवाओं को चाहिए कि वे प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त तकनीकी ज्ञान का सही उपयोग कर आत्मनिर्भर बनें और समाज के विकास में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। आईटीसी के जनरल मैनेजर संदीप शर्मा ने युवाओं को उद्योगों की वर्तमान आवश्यकताओं से अवगत कराते हुए कहा कि आज कंपनियां डिग्री के साथ-साथ व्यवहारिक कौशल और अनुशासन को भी प्राथमिकता देती हैं। उन्होंने युवाओं को निरंतर सीखते रहने और बदलती तकनीक के साथ स्वयं को अपडेट रखने का संदेश दिया। नकुड़ विधायक मुकेश चौधरी ने कहा कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के युवाओं को समान अवसर प्रदान करना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे मेहनत, लगन और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ें, सफलता निश्चित रूप से उनके कदम चूमेगी। इस दौरान रोजगार मेले में 1500 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया तथा 30 नियोक्ताओं द्वारा साक्षात्कार आयोजित किए गए। मेले के दौरान युवाओं में रोजगार को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला।

## जिलाधिकारी ने मानकमऊ में रोडवेज बस स्टैण्ड का किया उद्घाटन



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने मानकमऊ में रोडवेज बस स्टैण्ड का उद्घाटन करते हुए हरी झंडी दिखाकर निगम बसों का संचालन प्रारम्भ कराया। जिलाधिकारी मनीष बंसल ने कहा कि नवीन रोडवेज बस स्टैण्ड पर यात्रियों की सुविधार्थ आवश्यक मूलभूत बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करायी जा रही है। आने वाले समय में यात्रियों हेतु वहां पर सुविधाओं में और वृद्धि की जायेगी जिससे आम जनता को कोई परेशानी न हों। मानकमऊ में रोड़वेज बस स्टैण्ड स्थापित होने के फलस्वरूप शहर में भी जाम की समस्या से निजात मिल सकेगी। जनप्रतिनिधियों एवं आम जनता की मांग के दृष्टिगत महापौर, जिलाधिकारी एवं नगर आयुक्त द्वारा दिये गये निर्देशानुक्रम में जनहित में ग्राम-मानकमऊ, जनपद-सहारनपुर में स्थित नगर निगम के स्वामित्व की भूमि खसरा संख्या 578 क्षेत्रफल 2.244 हेक्टेयर में से 5000 वर्ग मीटर का भूखण्ड प्रभारी अधिकारी सम्पत्ति, नगर निगम के स्तर से उप्र राज्य सड़क परिवहन निगम को अस्थाई रूप से रोड़वेज बस स्टैण्ड के लिए निःशुल्क प्रदान किया गया।

# तेज रफ्तार पिकअप ने पांच महिलाओं को रोंदा, तीन की मौत, दो गंभीर

- देर रात शादी समारोह में पूड़ी बनाकर पैदल घर लौट रही थीं महिलाएं

**अवधनामा संवाददाता**



**महोबा।** कानुपर सागर राष्ट्रीय राजमार्ग पर शहर की बड़ी चंद्रिका मंदिर के समीप एक असंतुलित पिकअप वाहन ने पांच महिलाओं को टक्कर मार दी, जिससे एक महिला की घटना स्थल पर ही मौत हो गई, जबकि अन्य घायलों को पुलिस ने लोगों की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां पर दो महिलाओं ने भी दम तोड़ दिया, जिससे तीन महिलाओं की इस दुर्घटना में मौत हो गई। डाक्टरों ने दोनो घायल महिलाओं की हालत नाजुक देखते हुए उन्हें मेडिकल कालेज झांसी के लिए रेफर कर दिया है। पुलिस ने शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है साथ ही सीसीटीवी फुटेज और वाहन के घटना स्थल पर मिले पुर्जे से जरिए वाहन की तलाश में जुटी हुई है।

शहर के भटीपुरा मोहल्ले की रहने वाली श्यामरानी (40) अपनी पड़ोसी तुलसा (35), गीता (65), भगवती (50) और राजकुमारी (35) के साथ बुधवार की रात एक होटल में आयोजित शादी समारोह में पूड़ी बनाकर पैदल घर लौट रही थीं। काम खत्म करने के बाद जैसे ही सभी महिलाएं चंद्रिका देवी मंदिर गेट के पास पहुंचीं, तभी पीछे से तेज रफ्तार पिकअप ने पांचों को जोरदार टक्कर मारकर उन्हें रौंद दिया। घटना के बाद चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। घायलों की चीख पुकार सुन आसपास रहने वाले और अन्य वाहन चालकों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। घटना स्थल पर पहुंची पुलिस लोगों की मदद से सभी घायल महिलाओं को एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल ले जाने लगे, तभी श्यामरानी की मौके पर ही मौत हो गई।

सभी घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां पर गीता और भगवती ने ने भी दम तोड़ दिया। जबकि डाक्टरों ने तुलसा और राजकुमारी की हालत नाजुक होने पर मेडिकल कालेज झांसी के लिए रेफर कर दिया। पुलिस ने दोनो मृतक महिलाओं के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि पिकअप के आगे हिस्से का टूटा हुआ पुर्जा मिला है और सड़क पर टमाटर भी बिखेर हुए थे। पुलिस गाड़ी के टूटे हिस्से को जब्त कर और मिले सीसीटीवी फुटेज केआधार पर फरार वाहन और चालक की तलाश कर रही है। मौत के बाद मृतकों के परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। उधर घटना की सूचना पर सदर विधायक राकेश गोस्वामी अस्पताल पहुंचे और मृतकों के परिजनों से मिलकर कर उन्हें हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

# मणिकर्णिका घाट एवं दालमंडी ध्वस्तीकरण काशी की आत्मा पर चोट : किरणमय नंदा



**अवधनामा ब्यूरो**

**वाराणसी।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष किरनमय नंदा गुरूवार को एक दिवसीय दौरे पर काशी पहुंचे। एअरपोर्ट पर सपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष विष्णु शर्मा ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया । उनके आगमन की सूचना बेहद गुप्त था।

विष्णु शर्मा के साथ विभिन्न मंदिर मे दर्शन पूजन के पश्चात वह सीधे मणिकर्णिका घाट पहुंचकर ध्वस्तीकरण कार्य का निरीक्षण किया एवं दालमंडी भी पहुंचे एवं दालमंडी के कुछ व्यापारीयो एवं स्थानीय निवासीओ से बातचीत किया दुकानदारो ने बताया कि ध्वस्तीकरण से एक लाख से अधिक लोगो के समक्ष रोजी रोटी का संकठ आ जाएगा। मणिकर्णिका घाट एवं दालमंडी ध्वस्तीकरण प्रकरण मे उन्होने कहा कि चौड़ीकरण एवं विकास के नाम पर ध्वस्तीकरण कार्य यह काशी की आत्मा पर गहरा चोट है। उन्होने कहा कि सच्चाई जानने के लिए जब जब भी राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देश पर प्रतिनिधिमंडल काशी पहुँचा है पुलिस प्रशासन ने मौके पर जाने से रोका है एवं नेताओ को नजरबंद भी किया गया । मै रिपोर्ट सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव को जल्द सौप दुगॉ।

# आज धूमधाम के साथ महंत आवास पर मनाया जाएगा रंगभरी एकादशी का पर्व

- भक्ति संगीत का रंगारंगकार्यक्रम के साथ शिवमय होगा वातावरण

**अवधनामा ब्यूरो**



**वाराणसी।** काशी में रंगभरी एकादशी का पर्व आज मनाया जाएगा। तैयारी पूर्ण हो चुकी है इस बीच श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के पूर्व महंत लोकपति तिवारी ने गोदौलिया बड़ादेव स्थित महंत निवास पर गुरुवार को एक पत्रकार वार्ता के दौरान बताया कि, इस वर्ष भी रंगभरी एकादशी महोत्सव का आयोजन श्री काशी विश्वनाथ मंदिर प्रशासन द्वारा तय कर दिया गया है। जिसमें इस वर्ष भी यह स्पष्ट रूप से उल्लेखित है कि बाबा विश्वनाथ की प्राचीन रजत चल प्रतिमा को पूजन हेतु मंदिर प्रांगण में जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी और यह स्पष्ट कर दिया गया है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि, प्राचीन परम्परा के दिन जो तथाकथित रूप से बाबा की नई प्रतिमा टेढ़ीनीम पर बनाई गई है उसी से पालकी यात्रा निकाल कर उसका पूजन मंदिर गर्भगृह में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि, जिले के सारे अधिकारियों से इस गंभीर प्रकरण को लेकर वार्ता की परन्तु सभी ने यह स्पष्ट कर दिया कि हमारे ऊपर शासन सत्ता का बड़ा दबाव है,जिसकी वजह से हम सभी तथाकथित रुप से बनाई गई बाबा विश्वनाथ की नई प्रतिमा से परम्परा का निर्वहन करवाने को मजबूर हैं और हम बाबा की प्राचीन रजत चल प्रतिमा को मंदिर में मंगवा कर पूजन करवाने में असमर्थ है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि मै मुख्यमंत्री जी से यह विनम्र निवेदन करना चाहता हूं कि काशी जैसी धार्मिक नगरी में इस तरह के भ्रष्ट अधिकारियों को रहने का कोई भी अधिकार नहीं है जो अपनेकर्तव्य और दायित्वों के विपरीत काशी में होने वाली सारी लोक परंपराओं को संचालित करवा रहा है। उन्होंने मंदिर प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि, विश्वनाथ धाम में प्रत्येक दिवस मंदिर में आने वाले देश-विदेश से पर्यटकों के साथ अवैध वसूली मंदिर प्रशासन अपने कर्मचारियों से करवाता है मुझे लगता है की इसी प्रकार इस परंपरा को लेकर मंदिर प्रशासन को कोई विशेष लाभ का प्रस्ताव मिला होगा जिससे प्रशासन मजबूर होकर प्राचीन परंपरा में बाबा की प्राचीन प्रतिमा को मंदिर में प्रवेश हेतु रोक लगाकर बैठा है। उन्होंने काहा की मंदिर प्रशासन का यह कर्तव्य है कि वह परंपराओं का निर्वहन बाबा की प्राचीन रजत प्रतिमा से संपन्न करवाये, जिससे हम सभी काशी वासियों की आस्था जुड़ी है।

# श्री विद्या मठ सार्वजनिक है यहां कोई छुपी बात नहीं है कि मैं किसी से छुपाऊं : स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद

- स्विमिंग पूल को जेब में रखकर छुपाया नहीं जा सकता

**अवधनामा ब्यूरो**



**वाराणसी।** केदारघाट स्थित श्रीविद्यामठ में बृहस्पतिवार को शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि,हमारा मठ सभी के लिए सार्वजनिक है। स्विमिंग पूल होने की बात पर उन्होंने सफाई देते हुए कहा कि,सच्चाई ये है कि स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती महाराज के द्वारा अपने गुरुजी की इच्छा को पूरा करने के लिए श्रीविद्यामठ का निर्माण कराया गया था। इसका निर्माण वर्ष 1995 में हुआ है। एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा मठ के पांच मंजिला होने की जो बात है, ये जेब में रखकर छिपाने की चीज नहीं है। यहां पर कुछ भी छिपा हुआ नहीं है। रही स्विमिंग पूल की बात तो आपको बता देता हूं की हमारे गुरुजी का स्वास्थ्य खराब होने के चलते वो कहीं गिर न जाएं, इस वजह से गड्ढा बनाया गया था, जिसमें वे व्यायाम कर सकें और उसी में पानी भर दिया गया ताकि उनके वृद्धा अवस्था में कहीं गिरने पर चोटिला हो। उन्होंने शीश महल और कमरे में लगे हुए शीशे के बारे में बताया कि यह तो अच्छा है कि पारदर्शिता के साथ सबको सब कुछ दिखाई दे रहा है। कहीं ऐसा शिक्षा नहीं है कि जिससे इस पर से उसे पर ना देखा जाए। उन्होंने कहा कि यहां छोटे- छोटे बच्चे हैं, जो पढ़ाई करते हैं। ऐसे में उनकी सुरक्षा की दृष्टि से कैमरे और मोबाइल के साथ किसी को अंदर जाने की अनुमति नहीं है। शंकराचार्य ने बेल दाखिल करने की बात पर कहा कि हम एक संस्था हैं, हम का मतलब केवल अविमुक्तेश्वरानंद नहीं है। इस समय हम मठ हैं। इसे संरक्षित करने के लिए बेल दाखिल की गई। क्या पता गिरफ्तार करके जेल ले जाकर वहां जहर की सुई लगा दी तो ? बता दे कि पिछले दिनों कपाली बाबा ने शंकराचार्य महाराज के पक्ष में बयान देते हुए कहा कि, उनके ऊपर लगाए गए आरोपों की जांच होना चाहिए और आरोप लगाने वाला कितना पाक साफ है इसे भी नज़र अंदाज नहीं किया जाना चाहिए ।

# बुजुर्ग महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत,बिस्तर पर पड़ा मिला शव

**अवधनामा संवाददाता**



**महोबा।** शहर की सुभाष पुलिस चौकी क्षेत्र में एक 65 वर्षीय महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका का शव घर के बिस्तर पर पड़ा मिला और कानो से सोने के कुंडल गायब होने पर परिजनों ने लूट के बाद हत्या किए जाने की आशंका जताई है। घटना की जानकारी मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंची फारेंसिक टीम को मामले की जांच करने के निर्देश दिए। शहर के खोवा मंडी निवासी किरन पुरवार का शव उसकी के बिस्तर पर संदिग्ध परिस्थितियों में मिला, जब किराना व्यापारी मृतका का पति संतोष पुरवार दुकान बंद कर घर पहुंचे तो पत्नी को बिस्तर पर बेसुध पाया। पास जाकर देखा तो उनकी मौत हो चुकी थी। घटना की जानकारी मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया और आसपास के लोग जुट गए। मृतका के पति ने पुलिस को बताया कि बेटी की शादी के बाद से दोनो लोग घर में अकेले रह रहे थे और पत्नी लंबे समय से लकवे से पीड़ित थी। उधर मृतक के रिश्तेदारों का कहना है कि मृतका के कान के पास चोट के निशान मिले हैं और कान का सोने का कुंडल भी गायक है। परिजनों ने आशंका जताई कि घर के आसपास शराबियों का जमावड़ा रहता है और किसी बदमाश ने चोरी के इरादे से घर में घुसकर वारदात को अंजाम दिया होगा।

# होली व ईद को लेकर पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न

- सीओ ने की सभी लोगों से त्योहारों को आपसी भाईचारे के साथ मनाए जाने की अपील

**अवधनामा संवाददाता**



**महोबा।** आगामी त्योहार रमजान, होली और ईद-उल-फितर त्योहार के मद्देनजर गुरूवार को क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ रविकांत गोंड की अध्यक्ष थाना अजनर परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, धर्मगुरुओं, मस्जिदों के प्रबंधकों, पीस कमेटी सदस्यों सहित संभ्रांत व्यक्तियों ने प्रतिभाग कर अपने सुझाव और विचार प्रस्तुत किए। सीओ ने सभी लोगों ने त्योहारों को आपसी भाईचारे के साथ मनाए जाने की अपील की।

पीस कमेटी की बैठक में क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ ने कहा कि आगामी पर्व सामाजिक समरसता और एकता के प्रतीक हैं, इसलिए सभी लोग परंपराओं का पालन करते हुए कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें और किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें, यदि कोई अफवाह फैलाते हुए मिलता है तो उसकी खैर नहीं और उसके खिलाफ आवश्यक कार्रवाई होगी। उन्होंने आपसी भाईचारे भाईचारा, सौहार्द एवं पारस्परिक सम्मान बनाए रखते हुए पर्व मनाने पर जोर दिया। बताया कि बैठक का उद्देश्य त्योहारों को सौहार्दपूर्ण, शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराना है, जिसमें सभी के सहयोग की आवश्यकता होगी। बैठक में साफ सफाई, जुलूस मार्ग, नमाज स्थलों की व्यवस्था, होलिका दहन स्थलों की सुरक्षा, यातायात प्रबंधन एवं संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती आदि बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। थाना प्रभारी अजनर ने अवगत कराया गया कि त्योहारों के दौरान क्षेत्र में सतत गश्त, मिश्रित पुलिस बल की तैनाती और संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी साथ ही असामाजिक तत्वों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# प्रभारी मंत्री जयवीर सिंह की अध्यक्षता में विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक संपन्न



**अवधनामा संवाददाता**

**फर्रूखाबाद।** मंत्री पर्यटन एवं संस्कृति विभाग उ0प्र0/ प्रभारी मंत्री फर्रूखाबाद जयवीर सिंह की अध्यक्षता में क्लेक्ट्रेट सभागार फतेहगढ़ में विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, सर्वप्रथम मा0 मंत्री जी द्वारा कृषि विभाग के सौजन्य से श्यामचरण भूलनपुर चिरपुरा कामलगंज, व प्रदीपकुमार जिठौली राजेपुर को को 10 लाख की कीमत के कस्टम हायरिंग सेंटर की चाबी, जिस पर 04 लाख की सब्सिडी मिलती है प्रदान की तत्पश्चात मा0 मंत्री द्वारा मत्स्य विभाग के लाभार्थी को मोपोड की चाबी प्रदान की इसके बाद मा0 मंत्री जी द्वारा दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के सौजन्य से 05 लाभार्थियों को ट्राई साइकिल प्रदान की।

मंत्री द्वारा इस अवसर पर पर्यटन विभाग द्वारा बनाया गया फर्रूखाबाद के पर्यटन स्थलों का गाइड मैप जारी किया गया तत्पश्चात समूह सदस्यों द्वारा मा0 मंत्री जी को हर्बल गुलाल भेंट किया गया, इसके बाद मा0 मंत्री जी द्वारा स्किल इंडिया कॉम्पटीशन 2025 में पुरुस्कार जितने बाले आई0 टी0आई फर्रूखाबाद के छात्रों को 02 स्वर्ण व 01 रजत प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया, तत्पश्चात मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के 02 लाभार्थियों को आवास की चाबी प्रदान की गई, तत्पश्चात उ0प्र0राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के 226 स्वयं सहायता समूहों की प्रतिनिधि रेनू व रूपा को 05.65 लाख का प्रतीकात्मक चेक प्रदान किया,बाबा साहब अम्बेडकर रोजगार प्रोत्साहन योजना वित्तीय वर्ष 2025-26 के 05 लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र वितरित किये गए, इसके बाद सोलर पंप के लिये चयनित 03 लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र वितरित किये, तत्पश्चात वृद्धावस्था पेंशन के 05 लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र दिये गए,इसके बाद उ0प्र0मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना(सामान्य)के 02 बच्चों को प्रमाणपत्र वितरण किया गया। इसके बाद मंत्री द्वारा पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की शादी अनुदान योजना के 05 लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किये गये।

# हर जिले में 100 तालाबों को मॉडल के रूप में विकसित करेगी योगी सरकार

- ग्रे वाटर और प्लास्टिक से मुक्त होंगे मॉडल तालाब
- मॉडल तालाब बनाने के लिए चलेगा 'मेरा तालाब मेरी जिम्मेदारी' अभियान

**अवधनामा संवाददाता**



**गोरखपुर।** प्रदेश की योगी सरकार ने तालाबों के पर्यावरणीय व सामाजिक महत्व को नए सिरे से स्थापित करने का निर्णय लिया है। पर्यावरण संरक्षण और ग्रामीण समुदाय के स्वास्थ्य के लिए विशेष पहल करते हुए सरकार प्रदेश के सभी जिलों में 100-100 तालाबों को 'मॉडल तालाब' के रूप में विकसित करने जा रही है। ये मॉडल तालाब ग्रे वाटर और प्लास्टिक से मुक्त होंगे। इससे जल की गुणवत्ता में सुधार होगा तथा मच्छर जनित रोगों में कमी आएगी।

ग्रामीण क्षेत्रों में तालाब केवल जल संग्रहण के साधन ही नहीं हैं बल्कि ग्राउंड वाटर (भू-जल) रिचार्ज, सिंचाई, जैव विविधता संरक्षण और सामाजिक जीवन के महत्वपूर्ण केंद्र भी रहे हैं। पर, गांवों में प्लास्टिक अपशिष्ट तथा ग्रे वाटर (स्नान, रसोई और कपड़े धोने से निकलने वाला जल) बिना शोधन या उपचार के सीधे तालाब में प्रवाहित कर देने से ग्रामीण समुदाय के स्वास्थ्य एवं पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। ऐसे में तालाबों को प्लास्टिक अपशिष्ट और ग्रे वाटर मुक्त करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत पंचायती राज विभाग ने मॉडल तालाब विकसित करने की विस्तृत कार्ययोजना तैयार की है। इस कार्ययोजना के मुताबिक हर जिले के 100 'तालाब मेरा तालाब मेरी जिम्मेदारी' अभियान से जोड़कर मॉडल स्वरूप में निखारे जाएंगे। अभियान को लेकर स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के निदेशक की तरफ से सभी जिला पंचायत राज अधिकारियों को सर्कुलर जारी किया गया है।

मॉडल तालाब विकसित करने के क्रम में प्रथम चरण का अभियान 5000 से अधिक आबादी वाले गांवों में चलेगा। ऐसे गांव में तालाब का चयन कर यह देखा जाएगा कि कितने परिवारों का ग्रे वाटर तालाब में गिर रहा है। कितनी नालियों से पानी तालाब में प्रवाहित किया जा रहा है। प्रतिदिन औसतन कितना प्लास्टिक अपशिष्ट तालाब में डाला जा रहा है। जिस तालाब का चयन किया जाएगा, उसका बीओडी (बायोकेमिकल ऑक्सीजन डिमांड या जैविक ऑक्सीजन मांग) भी चेक किया जाएगा ताकि तालाब को मॉडल स्वरूप में विकसित करने के बाद तुलनात्मक सुधार का पता लगाया जा सके। गोरखपुर के जिला पंचायत राज अधिकारी नीलेश प्रताप सिंह बताते हैं कि मॉडल तालाब विकसित करने के लिए चयनित तालाब के चारो ओर नो प्लास्टिक जोन घोषित किया जाएगा। साथ ही संबंधित ग्राम पंचायत से तालाब में प्लास्टिक अपशिष्ट न फेकने का प्रस्ताव पारित कराया जाएगा। तालाब में गिरने वाली नालियों पर प्लास्टिक ट्रैप वाली जाली, फिल्टर चैंबर लगाया जाएगा। इससे प्लास्टिक और गंदगी तालाब में जाने से पहले ही रुक जाएगी। इसी तरह ऐसी व्यवस्था

# विद्यार्थियों को करियर की संभावनाओं की दी जानकारी



**गोरखपुर।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर (एमजीयूजी) में गुरुवार को करियर संभावनाओं पर एक विशेष सत्र का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को फार्मेसी क्षेत्र में रोजगार के अवसरों, उद्योग की वर्तमान आवश्यकताओं तथा प्रतिष्ठित कंपनियों में चयन की प्रक्रिया के बारे में मार्गदर्शन प्रदान करना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मैक्लियोड्स फार्मास्युटिकल लिमिटेड के असिस्टेंट जनरल मैनेजर अमरीक सिंह ने विद्यार्थियों को प्रतिष्ठित फार्मास्युटिकल कंपनियों में प्लेसमेंट प्राप्त करने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने बताया कि विषय का गहन ज्ञान, कम्युनिकेशन स्किल, इंटरव्यू की उचित तैयारी, इंटर्नशिप अनुभव, अनुशासन तथा सकारात्मक दृष्टिकोण सफलता के प्रमुख आधार हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर सीखने और स्वयं को उद्योग की मांग के अनुरूप तैयार करने की प्रेरणा दी। विशिष्ट अतिथि मैक्लियोड्स फार्मास्युटिकल लिमिटेड के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के सीनियर एक्जीक्यूटिव निशय कुमार व विजय कुमार ने भी विद्यार्थियों को बेहतर करियर बनाने के सुझाव दिए। इस अवसर पर डीन फार्मेसी डॉ. एमएन पुरोहित, डॉ. शशिकांत सिंह, डॉ. प्रशांत सिंह, डॉ. केशव कुमार गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## अजय राय करेंगे बाबा विश्वनाथ के रजत चल प्रतिमा का दर्शन

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय आज रंगभरी एकादशी के पावन पर्व पर बाड़ादेव स्थित महंत निवास पर बाबा विश्वनाथ एवं मां पार्वती की प्राचीन रजत चल प्रतिमा का दर्शन करेंगे। महंत परिवार से ब्रजपति तिवारी,चंद्रमौली पांडे,उत्पल मुखर्जी (दादा) ने उनके चेतगंज स्थित आवास पर जाकर उनका रंगभरी एकादशी के पर्व पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में सम्मिलित होने का अनुग्रह किया। श्री राय ने निमंत्रण स्वीकार कर रंगभरी एकादशी पर आने की बात कही।

# वन रेंजर अजनर की गाड़ी से टक्कर, तीन माह बाद भी मदद न मिलने पर नाराज परिजनों ने लगाया जाम

- एडीएम व सीओ चरखारी ने परिजनों और ग्रामीणों को समझा बुझाकर किसान की मदद का आश्वासन दिलाकर खुलवाया जाम

**अवधनामा संवाददाता**



**महोबा।** तीन माह पहले वन रेंजर अजनर की गाड़ी से घायल हुए किसान की आज तक वन रेंज अधिकारी ने न तो इलाज कराया और न ही कोई मदद की। इससे नाराज होकर ग्रामीणों ने मरणासन्न पड़े घायल को कानपुर-सागर राष्ट्रीय राजमार्ग पर लिटाकर जाम लगा दिया। चार घंटे तक जाम लगा रहने के बाद मौके पर पहुंचे पुलिस क्षेत्राधिकारी चरखारी दीपक दुबे ने जाम लगाए परिजनों और ग्रामीणों को समझा बुझाकर और किसान की मदद का आश्वासन दिलाकर जाम खुलवाया साथ ही तीन माह से जूझ रहे घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया।

10 दिसंबर 2025 को अजनर वन रेंजर की कार ने बरा गांव निवासी ख्याली प्रसाद को हाईवे में टक्कर मार दी थी। हादसे के तीन महीने बाद भी ख्याली प्रसाद की हालत गंभीर बनी हुई है। पत्नी राजकुमारी और मां कट्टोदेवी ने बताया कि इलाज के नाम पर उन्हें रेंजर और पुलिस से कोई मदद नहीं मिली।

परिजनों ने बताया कि इलाज के लिए जमीन ट्रैक्टर और अनाज तक बेच दिया गया है, जिससे उसका परिवार भुखमरी की कगार पर पहुंच गया है, इसके बाद भी उनकी हालत दयनीय बनी हुई है। परिवार के पास अब इलाज के लिए पैसे नहीं बचे हैं। घर में तीन बच्चे हैं और बेटी की शादी करनी है, जबकि घर का एकमात्र कमाने वाला व्यक्ति बिस्तर पर पड़ा है। रेंजर द्वारा कोई इलाज न कराने और मदद न करने के विरोध में गुरूवार को परिजनों के साथ ग्रामीणों ने कानपुर सागर हाईवे में बरा नाला के पास जाम लगा दिया।

लगभग चार किलोमीटर लंबा जाम लगा रहा, जिससे महोबा से छतरपुर, सागर, झांसी खजुराहो आने जाने वाले तमाम वाहन जाम में फंस गए। जाम की सूचना मिलने पर एडीएम और पुलिस क्षेत्राधिकारी चरखारी ने काफी मशक्कत के बाद परिजनों को समझाया। प्रशासन की ओर से हर संभव मदद और बेहतर इलाज का भरोसा मिलने के बाद करीब एक बजे ग्रामीणो ने जाम खोला। घायल को एक बार फिर जिला अस्पताल ले जाया गया है। जाम खुलने के बाद हाईवे में फंसे लोगों ने राहत की सांस ली।

# जयवीर सिंह ने भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं से मुलाकात की

**फर्रुखाबाद।** जनपद के प्रभारी मंत्री ठाकुर जयवीर सिंह के जनपद आगमन पर भाजपा जिला अध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने स्वागत किया फतेहगढ़ स्थित पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में प्रभारी मंत्री ने कार्यकर्ताओं से मुलाकात की इस दौरान उन्होंने जिला कमेटी के पदाधिकारियो से अलग कमरे में वार्तालाप की एवं संगठन के कार्यों पर विस्तार से चर्चा की। कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारी की जन समस्याओं को जानकर उनका निस्तारण किया इस दौरान पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में जिला महामंत्री जीएस राठौर जिला महामंत्री सुनील रावत जिला महामंत्री हिमांशु गुप्ता जिला मीडिया प्रभारी शिवांगी रस्तोगी जिला मंत्री धर्मेंद्र राजपूत जिला उपाध्यक्ष अशनील दिवाकर आदि लोग मौजूद रहे।


**कार्यालय : नगर पंचायत बिस्कोहर, जनपद : सिद्धार्थनगर**

पत्राँक : 840/न0पं0बि0/2025-26 दिनाँक : 26/02/2026

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

नगर पंचायत बिस्कोहर, जनपद-सिद्धार्थनगर में वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु ''स्वच्छ भारत मिशन-नगरीय 2.0 के अन्तर्गत 05 एवं 03 टी0पी0डी0 वेट वेस्ट प्रोसेसिंग (पिट कम्पोस्टिंग) हेतु प्राप्त धनराशि से नगर पंचायत बिस्कोहर सीमान्तर्गत में वेट वेस्ट प्रोसेसिंग यूनिट 05 टन अधिष्ठापन का निर्माण कार्य कराये जाने हेतु आनलाइन ई-निविदा प्रतिशत दर पर आमन्त्रित की जाती है। निविदादाता एक या एक से अधिक कार्यो हेतु निविदा डाल सकता है। निविदा से सम्बन्धित समस्त जानकारी www.etender.up.nic.in पर तथा नगर पंचायत बिस्कोहर कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त किया जा सकता है।

| | | |
|---|---|---|
| I | ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा प्रकाशन/अपलोड की तिथि | 26/02/2026 |
| 1 | वेबसाइट पर ऑनलाइन निविदा डाउनलोड की तिथि | 27/02/2026 अपराहन 2:00 बजे से |
| 2 | ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा डालने की अन्तिम तिथि व समय | 10/03/2026 को सायं 3:00 बजे तक |
| 3 | ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से तकनीकी निविदा खोलने की तिथि व समय | 11/03/2026 को अपराहन 2:00 बजे |
| 4 | ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से वित्तीय निविदा खोलने की तिथि व समय | 11/03/2026 को अपराहन 4:00 बजे |
| 5 | निविदा मूल्य बिक्री की अन्तिम तिथि | 09/03/2026 को सायं 03:00 बजे तक |
| 6 | ई-निविदा खोलने का स्थान | कार्यालय नगर पंचायत बिस्कोहर |

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत बिस्कोहर
सिद्धार्थनगर

अध्यक्ष
नगर पंचायत बिस्कोहर
सिद्धार्थनगर

## सावरकर को मिले भारत रत्न,60 वीं पुण्यतिथि पर वीर सावरकर को हिंदू महासभा ने किया नमन

**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** वीर विनायक दामोदर सावरकर की 60वीं पुण्यतिथि के अवसर पर हिंदू महासभा द्वारा नया घाट स्थित नया मंदिर शीश महल अयोध्या में माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए नमन किया गया इस अवसर पर हिंदू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अधिवक्ता मनीष पांडेय ने कहा कि कहा गया सावरकर का महान उद्घोष बुध नहीं युद्ध आज समय की आवश्यकता है,10 मई 1957 को स्वतंत्रता संग्राम के शताब्दी वर्ष पर उनका दिया हुआ वक्तव्य आज भी प्रासंगिक है जिसमें उन्होंने कहा था कि आज हमें बुद्ध की आत्मघाती नीति नहीं बल्कि युद्ध की विजय प्रदायिनी वीर नीति को अपनाना होगा सावरकर का कथन वर्तमान समय में पूरी तरह सटीक बैठता है, श्री पांडेय ने आगे कहा कि सावरकर की तप त्याग और तपस्या के आगे वे कांग्रेसी क्षणभंगुर मात्र है जिन्होंने सावरकर के चरित्र हनन का प्रयास समय-समय पर किया है।

## जांचें ठप, मरीजों में त्राहि त्राहि

## कभी मरीज तो कभी चिकित्सक हो रहे प्रताड़ित




*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज की स्वास्थ्य सेवाओं पर गहरा संकट मंडरा रहा है। योगी सरकार के शासनकाल में यहां की व्यवस्थाओं का बंटाधार साफ नजर आ रहा है, जहां मरीजों को मूलभूत जांचों के लिए भी दर-दर भटकना पड़ रहा है। पिछले लगभग एक सप्ताह से मेडिकल कॉलेज की लैब में थायराइड जांच पूरी तरह ठप पड़ी हुई है। अब यह संकट और गहरा गया है, क्योंकि इलेक्ट्रोलाइट्स, ब्लड शुगर की हिस्ट्री और ॥ड्ढ1ष्ट (ग्लाइकोसिलेटेड हीमोग्लोबिन) जैसी महत्वपूर्ण जांचें भी बंद हो गई हैं। परिणामस्वरूप, मरीजों को जांच के लिए बाहर के निजी लैब में भेजा जा रहा है, जहां उन्हें भारी खर्च उठाना पड़ रहा है और समय की भी बर्बादी हो रही है।

मरीजों में हाहाकार मचा हुआ है। कई गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीज, जैसे थायराइड डिसऑर्डर, डायबिटीज और इलेक्ट्रोलाइट असंतुलन वाले रोगी, अब बिना जांच के इलाज कराने को मजबूर हैं। एक मरीज के तीमारदार अनीश ने बताया कि उनकी मां को थायराइड की समस्या है, लेकिन पिछले 8 दिनों से जांच नहीं हो पा रही। डॉक्टर केवल पुरानी रिपोर्ट्स के आधार पर दवा दे रहे हैं, जो जोखिम भरा है। इसी तरह डायबिटीज के मरीज ॥ड्ढ1ष्ट जांच न होने से अपनी स्थिति का सही आकलन नहीं कर पा रहे। कई मरीजों को लौटाया जा रहा है, जिससे उनकी परेशानी दोगुनी हो गई है। यह सिर्फ मरीजों तक सीमित नहीं है। चिकित्सक भी कॉलेज की खराब व्यवस्थाओं से बेहद परेशान हैं। हाल ही में मेडिसिन विभाग के तीन जूनियर रेजिडेंट्स (जे आर) ने प्रशासन पर प्रताड़ना का गंभीर आरोप लगाया था। उन्होंने शिकायत की कि काम के बोझ, अनियमित ड्यूटी और असहयोगी रवैये के कारण उनकी मेंटल और फिजिकल हेल्थ प्रभावित हो रही है। इसके अलावा एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अवधेश कुमार ने भी खुलकर मोर्चा खोल दिया है।उन्होंने लिखित शिकायत देकर विभागीय स्तर पर प्रताड़ना, पक्षपात का आरोप लगाया है। डॉ. कुमार का कहना है कि ऐसे माहौल में डॉक्टरों का मनोबल टूट रहा है, जो अंततः मरीजों की देखभाल पर असर डालता है।

## कंप्यूटर प्रदर्शनी व साइबर सुरक्षा अभियान आयोजित

**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** दिल्ली इंटरनेशनल स्कूल में विद्यार्थियों को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से कंप्यूटर प्रदर्शनी एवं साइबर सुरक्षा अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन हलियापुर थाना प्रभारी वंदना अग्रहरी एवं जिला पंचायत सदस्य अंकित पांडेय ने किया। प्रदर्शनी में जूनियर विंग के छात्रों ने कंप्यूटर मॉडल, डिजिटल प्रोजेक्ट्स और साइबर सुरक्षा से जुड़े विषयों पर प्रस्तुति दी। समाजसेवी सिद्धार्थ श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को ऑनलाइन अपराधों से बचाव के उपाय बताए। विद्यालय की प्रबंध निदेशक सुमन सिंह ने कहा कि इस तरह के आयोजन बच्चों के तकनीकी, मानसिक और व्यावहारिक विकास में सहायक हैं।अतिथियों ने विद्यार्थियों की रचनात्मकता और तकनीकी ज्ञान की सराहना करते हुए ऐसे आयोजनों को डिजिटल युग में अत्यंत उपयोगी बताया।

## ट्रेन के आगे कूदकर युवती ने की आत्महत्या, शव को भेजा पोस्टमार्टम

*अवधनामा संवाददाता*



**बाराबंकी।** नगर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत सफेदाबाद में बुधवार देर रात एक 25 वर्षीय अज्ञात युवती ने ट्रेन के आगे कूदकर अपनी जान दे दी। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और जीआरपी की टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सफेदाबाद स्थित कोका-कोला फैक्ट्री के पीछे रेलवे ट्रैक किलोमीटर संख्या 1073/2223 के बीच लगभग 25 वर्षीय अज्ञात युवती का शव मिला। बताया जा रहा है कि युवती ने ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी। घटना की जानकारी लोको पायलट द्वारा कंट्रोल रूम को दी गई, जिसके बाद कंट्रोल रूम ने यूपी 112 और जीआरपी को सूचित किया। सूचना मिलते ही नगर कोतवाली पुलिस और जीआरपी टीम मौके पर पहुंची। युवती लाल रंग की सलवार-कुर्ती और गुलाबी-सफेद रंग का स्वीट पहने हुई थी। पुलिस ने आसपास के ग्रामीणों को बुलाकर पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन काफी कोशिशों के बाद भी युवती की शिनाख्त नहीं हो सकी। इसके बाद जीआरपी ने पंचनामा की कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी भेज दिया। जीआरपी थाना प्रभारी ने बताया कि आसपास के थानों से संपर्क कर अज्ञात युवती की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही गुमशुदगी के मामलों का मिलान भी किया जा रहा है। घटना की खबर फैलते ही इलाके में हड़कंप मच गया और स्थानीय लोग बड़ी संख्या में मौके पर एकत्र हो गए। पुलिस सभी पहलुओं से मामले की जांच कर रही है।

## आरटीई से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी से छूट देने की मांग, किया प्रदर्शन

**बरेली। (अवधनामा संवाददाता)** शिक्षा का अधिकार अधिनियम-2009 लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) की अनिवार्यता से छूट दिए जाने की मांग को लेकर गुरुवार को जनपद के शिक्षकों ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शन अपराह्न एक बजे से शुरू हुआ। टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के जिलाध्यक्ष शिव स्वरूप शर्मा और उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ की जिला अध्यक्ष प्रवेश कुमारी यादव ने बताया कि उत्तर प्रदेश में शिक्षा का अधिकार अधिनियम 27 जुलाई 2011 से लागू किया गया था। अधिनियम के अनुसार, लागू होने की तिथि के बाद नियुक्त शिक्षकों के लिए टीईटी उत्तीर्ण करना अनिवार्य किया गया था, जबकि उससे पूर्व नियुक्त शिक्षकों को इस अनिवार्यता से मुक्त रखा गया था। उन्होंने कहा कि माननीय सुप्रीम कोर्ट के 1 सितम्बर 2025 के निर्णय के बाद देश के सभी राज्यों में आरटीई लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों के लिए भी सेवा में बने रहने एवं पदोन्नति हेतु टीईटी अनिवार्य कर दिया गया है, जो पूर्व में नियुक्त शिक्षकों के साथ अन्याय है।

## जिला कारागार का डीएम व एसपी ने किया औचक निरीक्षण

## सुरक्षा व्यवस्था एवं सीसीटीवी निगरानी को लेकर दिए निर्देश



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** गुरुवार को जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी एवं पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने संयुक्त रूप से जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारी द्वय ने सर्वप्रथम कारागार के मुख्य द्वार पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा तैनात सुरक्षा कर्मियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। इसके पश्चात कारागार के भीतरी परिसर का भ्रमण कर हाई सिक्योरिटी बैरिक, साफ-सफाई, अनुशासन एवं सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने कारागार के कंट्रोल रूम पहुँचकर वहाँ से संचालित सीसीटीवी कैमरों की निगरानी व्यवस्था का गहनता से अवलोकन किया और निर्देश दिए कि कारागार की सतत एवं प्रभावी निगरानी सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी सीसीटीवी कैमरे हर समय चालू एवं क्रियाशील रहें तथा किसी भी प्रकार की तकनीकी खराबी को तत्काल दूर किया जाए। निरीक्षण के दौरान महिला बैरक, पुरुष बैरक, गौशाला एवं कारागार अस्पताल का भी निरीक्षण किया। बैरकों में बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं, प्रकाश, शौचालय, स्वच्छता, भोजन एवं पेयजल आदि व्यवस्थाओं का परीक्षण किया गया। अस्पताल में उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं, दवाओं की उपलब्धता एवं साफ-सफाई की स्थिति का भी जायजा लिया गया। अधिकारियों ने जेल प्रशासन को निर्देश दिए कि बंदियों की सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं सुविधाओं में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

उन्होंने कहा कि कारागार में अनुशासन, स्वच्छता एवं सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए तथा निर्धारित मानकों के अनुरूप सभी व्यवस्थाएँ नियमित रूप से संचालित की जाएँ। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने बंदियों से संवाद कर उनकी समस्याएँ भी सुनीं और उनके समयबद्ध निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर जेल अधीक्षक, जेलर सहित कारागार के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## धुप मे नही होगा समाधान दिवस एसपी ने बहुउद्देशीय कक्ष का किया उद्घाटन




*अवधनामा संवाददाता*

**रामनगर बाराबंकी।** बहुउद्देशीय कक्ष बन जाने से किसी भी प्रकार की बैठक व थाना समाधान दिवस संपन्न करने के लिए अच्छी व्यवस्था के साथ-साथ पैसों की भी बचत होगी। यह बात मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने थाना परिसर में नवनिर्मित बहुउद्देशीय कक्ष के लोकार्पण समारोह में कहीं। पुलिस प्रमुख ने कहा कि इस शानदार कक्ष के निर्माण हो जाने के चलते थाना परिसर पर होने वाली सभी प्रकार की बैठक तथा समाधान दिवस में अधिकारियों कर्मचारियों तथा पीड़ितों को धूप वर्षा से भी निजात तो मिलेगी ही साथ-साथ आर्थिक व्यय भी नहीं करना पड़ेगा पुलिस अधीक्षक ने विधि विधान से पूजन अर्चन कर वैदिक मंत्रोच्चारण तथा करतल ध्वनि के बीच कक्ष में लगे सिलापट का अनावरण कर तथा फीता काटकर लोकार्पण किया। पुलिस क्षेत्राधिकारी गरिमा पंत व थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार पांडे ने पुष्पगुच्छ भेटकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया।

नूतन कक्ष की भव्यता का अवलोकन कर पुलिस कप्तान बहुत खुश नजर आए। इस मौके पर तहसीलदार विपुल कुमार सिंह नायब तहसीलदार विजय प्रकाश तिवारी खंड विकास अधिकारी जितेंद्र कुमार सी एच सी अधीक्षक डॉ0 प्रणव श्रीवास्तव डॉ0 स्वपनिल सिंह इंस्पेक्टर सुभाष यादव उप निरीक्षक बीपी सिंह चौकी इंचार्ज महादेवा अभिनंदन पांडे उप निरीक्षक सत्रोहन सहित भारी पुलिस बल के साथ-साथ स्थानीय पत्रकार गण उपस्थित रहे।

## जल मिशन हुआ फेल! लाखो की लागत से बनी अधूरी पानी की टंकी



**जैदपुर बाराबंकी।** जल जीवन मिशन की टंकी अधूरीः गोठिया पंचायत में लाखों की लागत से बनी टंकी से पानी नहीं आता। हरख ब्लॉक क्षेत्र में सरकार की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना का क्रियान्वयन अपेक्षा के अनुरूप नहीं हो पा रहा है। इस योजना का उद्देश्य हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाना है, लेकिन कई गांवों में लाखों की लागत से बनी पानी की टंकियां सालों बाद भी अधूरी पड़ी हैं। ग्रामीणों को समय पर पानी नहीं मिल पा रहा है, जिससे गर्मी के मौसम में उनकी मुश्किलें बढ़ गई हैं। हरख क्षेत्र की ग्राम पंचायत गोठिया इसका एक प्रमुख उदाहरण है। यहां दो वर्ष पूर्व पानी की टंकी का निर्माण कार्य शुरू हुआ था और बोरिंग का काम भी पूरा हो चुका है। आंशिक रूप से पाइपलाइन भी बिछाई गई है, लेकिन खजुरिया और टांडपुरवा जैसे गांवों के अंतिम छोर तक पानी मुश्किल से ही पहुंच पाता है। दरअसल, जगह-जगह पाइपलाइन में लीकेज की समस्या बनी हुई है, जिसके कारण घरों में लगे नल केवल शोपीस बनकर रह गए हैं। इसी तरह, पंचायत गढ़ीराख मऊ में भी अधिकतर काम अधूरा पड़ा है और यहां भी जलापूर्ति बाधित है। दरअसल, जगह-जगह पाइपलाइन में लीकेज की समस्या बनी हुई है, जिसके कारण घरों में लगे नल केवल शोपीस बनकर रह गए हैं।

## मझोला पकड़िया को जनशताब्दी का तोहफा, दो मिनट के ठहराव से बदलेगी यात्रियों की राह

**पीलीभीत। (अवधनामा संवाददाता)** मझोला पकड़िया रेलवे स्टेशन के लिए गुरुवार का दिन ऐतिहासिक बन गया। लंबे इंतजार के बाद टनकपुर-दिल्ली-टनकपुर जनशताब्दी एक्सप्रेस को यहां दो मिनट का ठहराव मिल गया। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग, इलेक्ट्रॉनिक्स व सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री और सांसद जितिन प्रसाद ने स्टेशन पहुंचकर ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अब तक टनकपुर-दिल्ली-टनकपुर जनशताब्दी एक्सप्रेस का मझोला पकड़िया स्टेशन पर ठहराव नहीं था। इससे क्षेत्र के यात्रियों को टनकपुर या दिल्ली जाने के लिए दूसरे स्टेशनों का रुख करना पड़ता था। स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों ने इस समस्या को लगातार उठाया नगर पंचायत अध्यक्ष निशांत प्रताप सिंह ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और सांसद जितिन प्रसाद से ठहराव की मांग की थी।

## बरेली में नकबजनी का खुलासाः मुठभेड़ के बाद दो बदमाश दबोचे, 3 लाख से अधिक नकदी बरामद

*अवधनामा संवाददाता*

**बरेली।** थाना शाही क्षेत्र में हाल ही में हुई नकबजनी की घटना का पुलिस ने पर्दाफाश करते हुए दो शातिर आरोपियों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से तीन लाख रुपये से अधिक नकद, अवैध असलहे और एक मोटरसाइकिल बरामद की है। दरअसल, 5/6 फरवरी की रात मोहल्ला आजमनगर निवासी चांद बाबू के घर में अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर सोने-चांदी के आभूषण और करीब 28 हजार रुपये नकद चोरी कर लिए थे। घटना के बाद थाना शाही में मुकदमा दर्ज कर पुलिस टीम आरोपियों की तलाश में जुटी थी। 25 फरवरी की रात गश्त और चेकिंग के दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि वारदात में शामिल आरोपी चोरी के जेवर बेचकर प्राप्त रकम के साथ मोटरसाइकिल से दिल्ली भागने की तैयारी में हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने बीएसएनएल चौराहे के पास घेराबंदी की। पुलिस को देखकर आरोपी भागने लगे और शाही-मिर्जापुर रोड के कच्चे रास्ते में उनकी बाइक फिसल गई। पुलिस के अनुसार, खुद को घिरता देख आरोपियों ने फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने आत्मरक्षा में गोली चलाई, जिसमें इमरान के पैर में गोली लगी। मौके से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। घायल इमरान को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है।

### बरेली की प्लाई फैक्टरी में तड़के आयकर छापा, यूपी से उत्तराखंड तक एक साथ कार्रवाई

**बरेली। (अवधनामा संवाददाता)** जिले के फरीदपुर क्षेत्र के भगवानपुर फुलवा गांव में गुरुवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब प्लाई बोर्ड निर्माण इकाई पर आयकर विभाग की टीम ने अचानक छापा मार दिया। सुबह करीब पांच बजे विभागीय वाहनों का काफिला फैक्टरी परिसर में पहुंचा और अधिकारियों ने प्रवेश करते ही जांच की कार्रवाई शुरू कर दी। सूत्रों के अनुसार, यह कार्रवाई सुनियोजित तरीके से की गई। विभाग की करीब दस टीमें एक साथ अलग-अलग ठिकानों पर सक्रिय रहीं। फैक्टरी संचालक रवि नोमानी से जुड़े आवासीय और व्यावसायिक परिसरों को भी जांच के दायरे में लिया गया है। बताया जा रहा है कि उत्तर प्रदेश के साथ-साथ उत्तराखंड स्थित प्रतिष्ठानों पर भी समन्वित कार्रवाई की गई है। कार्रवाई के दौरान अधिकारियों ने लेखा-बही, कंप्यूटर डाटा और वित्तीय अभिलेखों की बारीकी से जांच शुरू कर दी। सुरक्षा के मद्देनजर केंद्रीय बल के जवानों को परिसर के बाहर तैनात किया गया है। फैक्टरी के भीतर और आसपास सुरक्षा घेरा बना दिया गया है, जिससे किसी भी अनधिकृत व्यक्ति का प्रवेश प्रतिबंधित रहे।

## रेलवे टेंडर में 22 करोड़ की गड़बड़ी का आरोप, ठेकेदार पर मुकदमा दर्ज

**बरेली। (अवधनामा संवाददाता)** रेलवे के एक बड़े टेंडर में कथित अनियमितताओं का मामला सामने आया है। करीब 22 करोड़ रुपये की पांच निविदाओं से जुड़ी प्रक्रिया में दस्तावेजों में हेरफेर का आरोप लगाते हुए इज्जतनगर थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है। इंजीनियरिंग विभाग की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर पटेलनगर निवासी ठेकेदार अजय कुमार के खिलाफ धोखाधड़ी और कूटरचना की धाराओं में केस दर्ज हुआ है। इज्जतनगर मंडल के रेल प्रबंधक (इंजीनियरिंग) भारत भूषण की शिकायत में कहा गया है कि मैसर्स अजय कंस्ट्रक्शन ने निर्धारित न्यूनतम तकनीकी और वित्तीय मानकों को पूरा किए बिना ही पांच अलग-अलग टेंडरों में भागीदारी की। आरोप है कि पात्रता साबित करने के लिए अमान्य पार्टनरशिप डीड का सहारा लिया गया और उसे कूटरचित तरीके से प्रस्तुत किया गया। शिकायत में यह भी उल्लेख है कि दूसरी फर्म 'मैसर्स नरेंद्र देव रेलवेज, बरेली' के तकनीकी क्रेडेंशियल को कथित तौर पर अपने पक्ष में दर्शाया गया, जबकि उसके लिए वैध प्राधिकार उपलब्ध नहीं था। इससे निविदा प्रक्रिया प्रभावित होने की आशंका जताई गई है। मामले की परतें तब खुलीं जब पूर्वोत्तर रेलवे के सतर्कता विभाग ने दस्तावेजों की विस्तृत जांच की। जांच में कई कागजातों की वैधता पर सवाल उठे। रिपोर्ट के आधार पर विभाग ने पुलिस में औपचारिक शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर दस्तावेजों की जांच शुरू कर दी है। वित्तीय लेनदेन, प्रस्तुत प्रमाण पत्रों और संबंधित फर्मों की भूमिका की भी पड़ताल की जा रही है। उधर, ठेकेदार अजय कुमार का कहना है कि इसी प्रकरण में पहले भी विभागीय कार्रवाई हो चुकी है। उनके अनुसार, रेल बोर्ड ने फर्म को दो वर्षों के लिए प्रतिबंधित किया था और आर्थिक दंड भी लगाया गया था। सिक्योरिटी मनी जब्त की जा चुकी है। उनका यह भी दावा है कि 22 करोड़ रुपये के टेंडर से जुड़ा मामला न्यायालय में विचाराधीन है।

## विकास कार्यों की समीक्षा में नाराज दिखें प्रभारी मंत्री की

**महराजगंज। (अवधनामा संवाददाता)** जनपद के प्रभारी मंत्री एवं राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) आयुष, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन दयाशंकर मिश्रा 'दयालु जी' ने कलेक्ट्रेट सभागार में निर्माण एवं विकास कार्यों की गहन समीक्षा की। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि सभी परियोजनाएं गुणवत्ता व समयबद्धता के साथ पूर्ण हों तथा पारदर्शिता बनाए रखी जाए। शिलान्यास और लोकार्पण कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों को अनिवार्य रूप से आमंत्रित करने के भी निर्देश दिए। मंत्री ने चेतरा नर्सरी, वनग्राम-24 और हथियाहवा-बलुअहिया संपर्क मार्ग निर्माण में देरी पर कड़ी नाराजगी जताते हुए संबंधित ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट करने का निर्देश दिया। वनग्रामों के विकास को मुख्यमंत्री की शीर्ष प्राथमिकता बताते हुए कार्यों में तेजी लाने को कहा। सीएचसी सोहगीबरवा के निर्माण के बाद स्टाफ तैनाती कर संचालन शुरू करने तथा राजकीय उत्तर माध्यमिक विद्यालय बिशुनपुर में देरी पर पेनाल्टी लगाने के निर्देश भी दिए। समीक्षा उपरांत मंत्री ने कलेक्ट्रेट परिसर में निर्माणाधीन मल्टी पर्पज हॉल का निरीक्षण कर गुणवत्ता सुनिश्चित करने को कहा। स्वयं सहायता समूहों के लिए दुकानें आवंटित करने पर भी जोर दिया। बैठक में जनप्रतिनिधि व वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## अधिकारियों ने जिला जेल का निरीक्षण कर जाना हाल



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीना ने जिला कारागार का संयुक्त निरीक्षण कर सुरक्षा व व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सामान्य बैरक, महिला बैरक, कारागार चिकित्सालय, पाकशाला तथा संपूर्ण जेल परिसर का अवलोकन किया गया। जिलाधिकारी ने बंदियों की समस्याएं सुनते हुए जेल अधीक्षक को संबंधित विभागों से समन्वय कर शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने जमानत, पेशी और गवाही से जुड़े मामलों में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से आवश्यक विधिक सहायता उपलब्ध कराने पर बल दिया। जेल मैन्युअल के अनुसार बंदियों को मिलने वाली सुविधाएं सुनिश्चित करने तथा उनके स्वास्थ्य की नियमित जांच कराने के निर्देश भी दिए गए। सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए सीसीटीवी कंट्रोल रूम को सुदृढ़ रखने और संवेदनशील स्थानों की 24म7 निगरानी सुनिश्चित करने को कहा गया। हाई सिक्योरिटी बैरक का हैंडओवर शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश भी दिए गए। इस दौरान जेल अधीक्षक बृज किशोर गौतम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## टीईटी अनिवार्यता के विरोध में महिला शिक्षक संघ का ज्ञापन

## आजाद भारत में गुलामी प्रथा नहीं चलेगी

*अवधनामा संवाददाता*



**महराजगंज।** उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ, जनपद महराजगंज की ओर से जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री एवं केंद्रीय शिक्षा मंत्री को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में शिक्षक पात्रता परीक्षा को लेकर सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसले तथा शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 23 में वर्ष 2017 के संशोधन पर कड़ी आपत्ति दर्ज कराई गई। संघ की जिलाध्यक्ष वंदना त्रिपाठी ने कहा कि आरटीई लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर टीईटी की अनिवार्यता थोपना संवैधानिक सिद्धांतों के विपरीत है। सामान्यतः कोई भी कानून पूर्वव्यापी प्रभाव से लागू नहीं किया जाता, ऐसे में यह निर्णय न्यायसंगत नहीं है। उन्होंने बताया कि इस व्यवस्था से प्रदेश में लगभग दो लाख और देशभर में 20 लाख से अधिक शिक्षकों का भविष्य संकट में पड़ गया है। लगातार मानसिक दबाव से शिक्षकों के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला व ब्लॉक स्तर के पदाधिकारी सहित सैकड़ों महिला शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं। संघ ने सरकार से शिक्षकों के हित में पुनर्विचार की मांग की है।

## बाल विवाह मुक्त ग्राम हेतु ग्राम सभा के साथ समन्वय बैठक

**महराजगंज।** जिला प्रोबेशन अधिकारी कन्हैया यादव के निर्देशन में 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत मिठौरा के ग्राम बेलवा खुर्द रामनाथ विश्वकर्मा के अध्यक्षता और पचायत सचिव अमरेन्द्र यादव की उपस्थिति में बाल विवाह एक सामाजिक कुरीति है, जो बालकों एवं बालिकाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा, मानसिक एवं सामाजिक विकास को प्रभावित करती है। बाल विवाह अधिनियम 2006 के अनुसार आयु बालिका 18 वर्ष तथा बालक की 21 वर्ष निर्धारित है। इससे कम आयु में विवाह कराना दंडनीय अपराध है। ÷बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायत÷ बनाने हेतु सभी आवश्यक प्रशासनिक एवं सामाजिक कदम उठाए जाएंगे।

## दुर्घटना को दावत देती क्षतिग्रस्त पुल की रेलिंग



*अवधनामा संवाददाता*

**चिउटहां(महराजगंज)।** निचलौल चिउटहां वाली मुख्य सड़क जो व्यस्ततम मार्गों में से एक है। उस सड़क पर ग्राम पंचायत पिपरियां जमुई पंडित के दक्षिण तरफ पकड़ी रजवाहा पर बने पुल की रेलिंग भारी वाहन की ठोकर से ध्वस्त हो गई है। महीनों से यह मोड़दार पुल अपनी दयनीय दशा पर आंसू बहा रहा है। फिर भी इसका अभी तक कोई पुरसाहाल नहीं है। जिससे भविष्य कभी भी कोई बड़ी सड़क दुर्घटना होने से इनकार नहीं किया जा सकता है। क्योंकि इस मार्ग पर तीव्र गति से चलने वाले वाहन कभी भी अनियंत्रित होकर इस नहर पुल से नीचे गिर सकते हैं और बड़ा सड़क हादसा हो सकता है। ऐसे में यहां के जागरूक ग्रामीणों का कहना है कि यदि संबंधित विभागीय उच्चाधिकारियों द्वारा इस पुल को और अधिक चौड़ा करा दिया जाए तो इससे बार बार इसकी रेलिंग टूटने की नौबत नहीं आएगी।

साथ ही इस सड़क से होकर गुजरने वाले वाहनों के वाहन चालकों के मन में सड़क हादसे का भय नहीं बना रहेगा। इस दशा में यहां के ग्रामीणों ने जिलाधिकारी महराजगंज सन्तोष कुमार शर्मा से मांग किया है कि शीघ्र ही इस गम्भीर समस्या के त्वरित समाधान हेतु एवं ठोस कदम उठाएं।

# मान्यवर कांशीराम के जन्म दिवस को पीडीए दिवस मनाना महज़ छलावा : दिनेश चन्द्र

अवधनामा संवाददाता



**बांसी सिद्धार्थनगर।** बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक मान्यवर कांशीराम साहब के जन्म दिवस पर सपा दुवारा पी डी ए दिवस के रूप में मनाया जाना महज़ एक छलावा है व दलितों पिछड़ों अल्पसंख्यकों को गुमराह करने की साज़िश है

उक्त बातें बसपा जिलाध्यक्ष दिनेश चन्द्र गौतम ने कहां कि इस सम्बन्ध में बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री बहन कु मायावती जी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जैसाकि सर्वविदित है कि समाजवादी पार्टी (सपा) का चाल, चरित्र और चेहरा हमेशा से ही दलित, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं बी.एस.पी. विरोधी तथा 'बहुजन समाज' में जन्में महान संतों, गुरुओं व महापुरुषों के आदर-सम्मान का नहीं बल्कि जग-ज़ाहिर तौर पर इनके अनादर, अपमान व तिरस्कार का ही रहा है, इस बारे में मीडिया सहित इनका पीडीए (क्ष) भी अच्छी तरह से जानता है। साथ ही, 'बीएसपी के जन्मदाता एवं संस्थापक मान्यवर श्री कांशीराम जी की जयंती पर सपा पीडीए दिवस मनायेगी', जो कि यह सपा की समय-समय पर की जाने वाली विशुद्ध राजनीतिक नाटकबाज़ी के सिवाय कुछ भी नहीं है अर्थात् सपा का इस प्रकार का व्यवहार शुद्ध रूप से इन उपेक्षित वर्गों के वोटों का स्वार्थ हेतु केवल छलावा व दिखावा है, जैसाकि अन्य विरोधी पार्टियाँ भी इन वर्गों के वोटों के स्वार्थ की ख़ातिर अक्सर कई मौकों पर ऐसे ही दिखावा व छलावा आदि करती हुई नज़र आती हैं।

वैसे सपा के इस जातिवादी इतिहास की शुरूआत ख़ासकर सन 1993 में सपा व बी.एस.पी. की गठबंधन से होती है जब गठबंधन सरकार तथा दलित एवं अन्य कमजोर वर्गों के लोगों पर अन्याय-अत्याचार रोकने की पहली शर्त के बावजूद तत्कालीन सीएम मुलायम सिंह यादव ने अपना रवैया नहीं बदला और जिसके फलस्वरूप अन्ततः बी.एस.पी. को दिनांक 1 जून सन 1995 को सपा सरकार से अपना समर्थन वापस लेना पड़ा था और फिर उसके बाद दिनांक 2 जून सन् 1995 को लखनऊ स्टेट गेस्ट हाउस काण्ड कराकर मेरे ऊपर जो जानलेवा हमला कराया गया। इसी प्रकार, बहुजन समाज में जन्में महान संतों, गुरुओं व महापुरुषों के अनादर, अपमान व तिरस्कारी रवैये की भी काफी लम्बी श्रंखला है, जिसमें सपा को सत्ता में बैठाने वाले ख़ासकर मान्यवर कांशीराम जी के आदर-सम्मान से जुड़े मामले में उनके नाम पर नया ज़िला बनाने को सपा सरकार द्वारा बदल दिया गया था। और जब बी.एस.पी. की सरकार ने कासगंज को ज़िला मुख्यालय का दर्जा व सम्मान देते हुये कांशीराम नगर नाम से नया ज़िला बनाया, तो यह वर्तमान सपा मुखिया अखिलेश यादव के भी गले के नीचे से नहीं उतरा जिसे फिर सपा ने अपनी सरकार बनते ही अपनी घोर जातिवादी व द्वेषपूर्ण नीति एवं दलित विरोधी रवैया अपनाते हुये अन्य ज़िलों व संस्थानों आदि के नामों की तरह इसका नाम भी बदल दिया। बल्कि सर्वसमाज में से ख़ासकर गरीबों, दलितों, अन्य पिछड़े वर्गों एवं धार्मिक अल्पसंख्यकों आदि को साथ मिलाकर इन्हें सत्ता की मास्टर चाबी दिलाकर इन्हें अपने पैरों पर खड़ा करने के मिशन के लिये अपना पूरा जीवन इसी संघर्ष में लगा देने वाले कांशीराम जी की दिली ख़्वाहिश के मुताबिक बी.एस.पी. की सरकार ने जब पूर्वांचल में वाराणसी के पास भदोही में महान संतगुरु के नाम पर संत रविदास नगर नाम से ज़िला बनाया, तो उसे सपा सरकार ने जातिवादी रवैया अपनाते हुये बदल दिया था।

## रॉन्ग साइड बना मौत का कारण हादसे में महिला की मौत

**हजपुरा, अम्बेडकरनगर।** सम्मनपुर थाना क्षेत्र के पलई रामनगर में बुधवार को हुए भीषण सड़क हादसे के मामले में अब तक मृतका के परिजनों की ओर से पुलिस को तहरीर नहीं दी गई है। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलते ही मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी। फिलहाल दुर्घटना में क्षतिग्रस्त दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर जांच तेज कर दी गई है।

बताया जाता है कि अकबरपुर से किछौछा दरगाह जा रहा सवारियों से भरा ऑटो कुर्की बाजार के पास सामने से आ रही पिकअप वाहन से आमने-सामने टकरा गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि टेंडवा, जनपद चंदौली निवासी कलावती देवी (40) पत्नी श्याम प्यारे गंभीर रूप से घायल हो गई, जिनकी इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसे में अरविंद, अमित, मिस्टर खान, नीलम, अविनाश, श्याम प्यारे गुप्त, सरिता देवी समेत करीब एक दर्जन लोग घायल हो गए। सभी घायलों का उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है, जिनमें से कुछ की हालत अब भी नाजुक बताई जा रही है।

# चकबंदी आयुक्त उप्र डॉ हृषिकेश भास्कर यशोद के निर्देश पर ग्राम चौपाल का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** चकबंदी आयुक्त, उत्तर प्रदेश, लखनऊ डॉक्टर हृषिकेश भास्कर यशोद के कुशल नेतृत्व एवं जिलाधिकारी/जिला उप संचालक चकबंदी के मार्गदर्शन में एवं उप संचालक चकबंदी/ अपर जिलाधिकारी के दिशा निर्देश में तहसील नौगढ के ग्राम धौरीकुईया में चकबन्दी अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद यादव की अध्यक्षता में ग्राम के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों तथा ग्राम प्रधान एवं ग्रामवासियों की उपस्थिति में तथा तहसील बांसी के ग्राम पैडीखुर्द में नीरज कुमार सिंह चकबन्दी अधिकारी की अध्यक्षता में ग्राम के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों तथा ग्राम प्रधान एवं ग्रामवासियों की उपस्थिति में तथा तहसील इटवा के ग्राम चोरथरी में चकबन्दी अधिकारी प्रदीप कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में ग्राम के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों तथा ग्राम प्रधान एवं ग्रामवासियों की उपस्थिति में ग्राम चौपाल का आयोजन कुशलता एवं सफलतापूर्वक किया गया है। ग्राम धौरीकुईया में चकबन्दी अधिकारी की कुशल नेतत्व में जोत चकबन्दी आकार पत्र-5 का वितरण किया गया एवं मौके पर ग्रामवासियों द्वारा उत्पन्न समस्याओं का निस्तारण किये जाने का आश्वसन दिया गया एवं इसके साथ ग्रामवासियों द्वारा ग्राम चकबन्दी प्रक्रिया के बावत वरासत की कार्यवाही पूर्ण किये जाने की मांग की गयी, जिसके निस्तारण हेतु तत्काल सहायक चकबन्दी अधिकारी नौगढ को निर्देशित किया गया है। ग्राम पैडी खुर्द में चकबन्दी अधिकारी की अध्यक्षता में जोत चकबन्दी आकार पत्र-45 के वितरण के पश्चात ग्रामावासियों द्वारा प्रस्तुत किये गये वादो का निस्तारण चकबन्दी अधिकारी द्वारा किया गया एवं काश्तकारों के द्वारा चकबन्दी प्रक्रिया के बावत पूछे विभिन्न प्रश्नो का निस्तारण त्वरित रूप से किया गया एवं ग्राम चोरथरी में चकबन्दी अधिकारी इटवा के द्वारा चकबन्दी के बावत समस्त बिन्दुओ के बारे सूचना दी गयी एवं वरसात से सम्बन्धित दो वादो का निस्तारण किया गया है। ग्रामावासियों को उनकी मांग के अनुरूप वादो का निस्तारण किये जाने का आश्वासन दिया गया है। तीनों ग्राम के ग्रामवासी ग्राम की चकबन्दी प्रक्रिया से संतुष्ट एवं उनके द्वारा विभाग के द्वारा समय-समय पर चलाये जा रहे मुहिमो के लिए अपना आभार व्यक्त किया गया।

# संयुक्त टीम ने सेंटर को किया सील, संचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू

अवधनामा संवाददाता



**इटवा सिद्धार्थनगर।** इटवा तहसील क्षेत्र मे बढ़या चौराहे पर गुरुवार को एक अवैध अल्ट्रासाउंड सेंटर का भंडाफोड़ हुआ है। जिला स्तरीय टीम ने खुनियांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) की टीम और इटवा तहसीलदार के साथ मिलकर छापेमारी की, जिसके बाद सेंटर को सील कर दिया गया।

यह कार्रवाई जिला नोडल अधिकारी डॉ. मानवेंद्र पाल सिंह, खुनियांव अधीक्षक डॉ. पीएन यादव और तहसीलदार इटवा अजय कुमार की संयुक्त टीम ने की। बढ़या स्थित 'हिंदुस्तान अल्ट्रासाउंड सेंटर' पर छापेमारी के दौरान पाया गया कि यह बिना किसी पंजीकरण के संचालित हो रहा था। मौके पर कोई अधिकृत डॉक्टर भी मौजूद नहीं था, जबकि अल्ट्रासाउंड करने वाला व्यक्ति टीम को देखकर भाग गया। जांच टीम ने तत्काल प्रभाव से सेंटर को सील कर दिया। अवैध रूप से अल्ट्रासाउंड सेंटर चलाने के आरोप में संबंधितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

खुनियांव अधीक्षक डॉ. पीएन यादव ने बताया कि सेंटर अवैध रूप से चल रहा था और जांच के दौरान कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए। उन्होंने पुष्टि की कि सेंटर को सील कर दिया गया है और मिश्रौलिया थाने में मुकदमा दर्ज कराने के लिए तहरीर दी जा रही है। डॉ. यादव ने यह भी कहा कि क्षेत्र में किसी भी अवैध अल्ट्रासाउंड सेंटर या अस्पताल को संचालित नहीं होने दिया जाएगा।

## ज्योतिष कॉल सेंटर संचालक पर पॉक्सो के तहत केस, मंदबुद्धि नाबालिग ने दिया बच्ची को जन्म, आरोपी गिरफ्तार

**गोण्डा।** जिले के कर्नलगंज कोतवाली क्षेत्र में एक गंभीर और शर्मनाक मामला सामने आया है, जहां 15 वर्षीय मंदबुद्धि व मूक-बधिर नाबालिग के गर्भवती होने और बच्ची को जन्म देने के बाद दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद आरोपी ज्योतिष कॉल सेंटर संचालक अमिताभ तिवारी के विरुद्ध दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट सहित अन्य गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता के पिता के मुताबिक उनकी बेटी सुनने में कमजोर है और मानसिक रूप से भी अस्वस्थ है। वह अक्सर बीमार रहती थी, जिस कारण गर्भावस्था की जानकारी समय पर नहीं हो सकी। 22 फरवरी की शाम करीब छह बजे नाबालिग ने घर पर ही एक बच्ची को जन्म दिया। इसके बाद परिजनों को घटना की जानकारी हुई और तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। क्षेत्राधिकारी कर्नलगंज अभिषेक दावच्या ने बताया कि आरोपी और पीड़िता का परिवार पहले से परिचित था तथा आरोपी का घर पर आना-जाना था। परिजनों का आरोप है कि इसी दौरान उसने नाबालिग को बहला-फुसलाकर दुष्कर्म किया। मुकदमा दर्ज होने के बाद आरोपी फरार हो गया था, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमों का गठन किया गया था। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने मामले को अत्यंत गंभीर बताते हुए सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए थे। पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया जा चुका है और न्यायालय में बयान दर्ज कराने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है।

**आरोपी ने देर रात कोतवाली पहुंचकर किया आत्मसमर्पण :** बताया गया कि बुधवार देर रात आरोपी अमिताभ तिवारी स्वयं कर्नलगंज कोतवाली पहुंचा और आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूंछताछ शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक के अनुसार मामले की जांच जारी है। पीड़िता और उसके परिजनों के बयान दर्ज किए जा चुके हैं। पुलिस का कहना है कि जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसी आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# टीईटी अनिवार्यता में छूट के लिए शिक्षक संघों ने दिया धरना

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** राष्ट्रीय स्तर पर कई शिक्षक संगठनों से बने टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के नेतृत्व में टीईटी अनिवार्यता के विरोध में शिक्षकों ने अपना आंदोलन तेज कर दिया है। टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के आह्वान पर बृहस्पतिवार को शिक्षक और शिक्षिकाओं ने बीएसए कार्यालय पर धरना देने के उपरांत डीएम कार्यालय पर पहुंच अमित कुमार सिंह को प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। टीएफआई के उपाध्यक्ष राधेरमण त्रिपाठी ने कहा कि सभी शिक्षक संघो ने एक मंच पर आकर टीईटी अनिवार्यता के खिलाफ एकजुटता दिखाते हुए है आर-पार की लड़ाई का मन बना लिया है। इस अव्यवहारिक निर्णय के कारण शिक्षक को सड़क पर उतरना पड़ रहा है। टीईटी कभी भी, किसी भी सूरत में स्वीकार नही है। इंद्रसेन सिंह ने कहा कि शिक्षकों की एकजुटता से ही टीईटी से मुक्ति मिलेगी। महिला शिक्षक संघ की जिलाध्यक्ष सुषमा सिंह ने कहा कि इस निर्णय के कारण शिक्षकों के मान सम्मान को ठेस पहुंची है। जब कई नौकरियों के लिए अनुभव को आधार बनाया गया है तो इतने अनुभवी शिक्षकों के लिए टीईटी की अनिवार्यता पूर्णतः अव्यवहारिक है, जो स्वीकार नही है। केंद्र सरकार की चुप्पी के कारण शिक्षक सड़क पर उतरने को मजबूर हुआ है। उप्र पूर्व माध्यमिक संघ के रमेश चंद्र मिश्र ने कहा कि इससे पहले 22 फरवरी को टीईटी अनिवार्यता के विरोध में शिक्षकों ने एक बड़ा ट्विटर अभियान चलाया था। इस अभियान के माध्यम से उन्होंने अपनी मांगों को सोशल मीडिया के जरिए सरकार तक पहुंचाया था। लेकिन सरकार चुप है, इससे शिक्षक असमंजस की स्थिति में है। कार्यक्रम को कलीमुल्लाह, विनय शुक्ला, आरती शुक्ला, रश्मि जायसवाल, ऋचा अग्रवाल, संजय कन्नौजिया, अनीता, विनीत भाष्कर, जनार्दन यादव, संदीप कुमार, करुणेश मौर्य, मस्तराम चौधरी आदि ने भी संबोधित किया।लालजी यादव, अरुण सिंह, सुधाकर मिश्रा, आशुतोष उपाध्याय, शशिकांत, सुशील सिंह, दिनेश शर्मा, शिव कुमार शुक्ला, ऋषि द्विवेदी, प्रजेश द्विवेदी, रामप्रकाश मिश्रा, अजीत सिंह, कृपाशंकर, बृजेश दुबे, शिवाकांत दुबे, अजय पांडेय आदि मौजूद रहे।

# पूर्वांचल हॉस्पिटल की टीम ने एक साल की बच्ची के गले में फंसा चुम्बक निकाला

दानिश मेहदी



**अम्बेडकरनगर।** खेतापुर स्थित पूर्वांचल मेडिसिटी सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल एवं कैंसर केयर (मेडिकल मिशन हॉस्पिटल प्रा. लि.) ने एक बार फिर अपनी आपातकालीन सेवाओं से सबका दिल जीत लिया। यहां 1 वर्षीय एक मासूम बच्ची की जान समय रहते बचा ली गई, जब उसके गले (भोजन नली) में छोटा चुंबक फंस गया था। स्थिति बेहद गंभीर हो चुकी थी, लेकिन अस्पताल की विशेषज्ञ टीम ने तुरंत कार्रवाई कर बच्ची को मौत के मुंह से खींच लिया।परिजनों ने जैसे ही बच्ची को अस्पताल पहुंचाया, एक्स-रे जांच में भोजन नली में चुंबक फंसा हुआ साफ दिखाई दिया। डॉक्टरों ने तुरंत ऑपरेशन थिएटर की तैयारी की और डॉ. अंकित सिंह एवं डॉ. रंजीत कुमार की कुशल टीम ने सामान्य एनेस्थीसिया के तहत एंडोस्कोपिक प्रक्रिया से चुंबक को सफलतापूर्वक बाहर निकाल दिया। पूरी प्रक्रिया इतनी सटीक और तेज थी कि बच्ची की जान बच गई। फिलहाल बच्ची पूरी तरह स्थिर है और स्वस्थ हो रही है।डॉ. अंकित सिंह ने इस मौके पर अभिभावकों को महत्वपूर्ण सलाह देते हुए कहा, 'छोटे बच्चों को छोटे चुंबक, बटन बैटरी, सिक्के या कोई भी छोटी वस्तु हाथ में न दें। ऐसी चीजें निगलने पर बहुत तेजी से जानलेवा साबित हो सकती हैं। बच्चों पर नजर रखें और ऐसी वस्तुओं को उनकी पहुंच से दूर रखें। 'यह घटना छोटे बच्चों में विदेशी वस्तु निगलने के खतरों की याद दिलाती है, खासकर जब घर में चुंबक या बैटरी जैसी चीजें आसानी से मिल जाती हैं। पूर्वांचल मेडिसिटी, जो हाल ही में 100 बेड वाले आधुनिक सुपर स्पेशियलिटी और कैंसर केयर अस्पताल के रूप में उद्घाटित हुआ है।

# बाल श्रम मुक्त गांव का लिया संकल्प, चरिगवा में लगा वृहद मेगा कैंप

- मानव संसाधन एवं महिला विकास संस्थान की पहल, योजनाओं से जोड़े गए पात्र

अवधनामा संवाददाता



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** बाल श्रम मुक्त उत्तर प्रदेश के संकल्प को जमीनी स्तर पर उतारने के उद्देश्य से बढ़नी विकास क्षेत्र की ग्राम पंचायत चरिगवा में गुरुवार को मानव संसाधन एवं महिला विकास संस्थान की ओर से वृहद मेगा कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने सहभागिता कर सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की, वहीं पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ने की प्रक्रिया भी कराई गई।

मेगा कैंप को संबोधित करते हुए संस्थान के डिस्ट्रिक्ट लीड प्रसून शुक्ला ने कहा कि बाल श्रम बच्चों के अधिकारों का सीधा हनन है और यह समाज के समग्र विकास में बड़ी बाधा बनता है। उन्होंने कहा कि जब तक हर बच्चा स्कूल में नहीं होगा और सुरक्षित माहौल में उसका सर्वांगीण विकास नहीं होगा, तब तक विकसित समाज की परिकल्पना अधूरी रहेगी। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि बच्चों को शिक्षा से जोड़ें और किसी भी परिस्थिति में बाल श्रम को बढ़ावा न दें।

जिला सलाहकार जय प्रकाश गुप्ता ने कहा कि शासन की मंशा है कि प्रदेश का हर गांव बाल श्रम मुक्त बने। इसके लिए प्रशासन, स्वयंसेवी संस्थाओं और समाज के सभी वर्गों को मिलकर कार्य करना होगा। उन्होंने बताया कि मेगा कैंप का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं की सही जानकारी देकर उन्हें उनका अधिकार दिलाना है, ताकि आर्थिक मजबूरी के चलते कोई भी परिवार बच्चों से श्रम न कराए। साथ ही उन्होंने बाल श्रम से जुड़े मामलों की सूचना संबंधित विभाग को देने की अपील की।

कार्यक्रम के अंत में संस्थान के प्रतिनिधि विजय शंकर यादव एवं काजल श्रीवास्तव ने ग्रामीणों को बाल श्रम मुक्त गांव बनाने का सामूहिक संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि समाज की सामूहिक भागीदारी से ही बाल श्रम जैसी कुप्रथा का पूर्ण उन्मूलन संभव है।

## कृषि यंत्रों पर 50 प्रतिशत अनुदान 4 मार्च तक करें ऑनलाइन बुकिंग

**अम्बेडकरनगर।** किसानों को आधुनिक खेती से जोड़ने के उद्देश्य से कृषि विभाग ने वर्ष 2025-26 के तहत कृषि यंत्रों पर अनुदान योजना शुरू कर दी है। सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन एवं सीआरएम योजना के अंतर्गत कृषि यंत्रों की ऑनलाइन बुकिंग 25 फरवरी से प्रारम्भ हो गई है, जिसकी अंतिम तिथि 4 मार्च निर्धारित की गई है।

उप कृषि निदेशक डॉ. अश्विनी कुमार सिंह ने बताया कि किसान विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। योजना के तहत फसल अवशेष प्रबंधन यंत्रों पर अधिकतम 50 प्रतिशत तथा कस्टम हायरिंग सेंटर पर 40 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा।

कम्बाइन हार्वेस्टर, पावर टिलर, रोटावेटर, थ्रेसर, स्ट्रा रीपर, मिनी राइस मिल एवं कृषि ड्रोन सहित कई आधुनिक कृषि यंत्र योजना में शामिल हैं। एससी/एसटी, लघु, सीमान्त एवं महिला किसानों को प्राथमिकता दी जाएगी।

## सीमा सुरक्षा के साथ सेवा का संकल्प: 43वीं वाहिनी एसएसबी ने लगाया नि:शुल्क चिकित्सा शिविर




**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** भारत नेपाल सीमा की चौकसी के साथ-साथ सीमावर्ती गांवों के लोगों की सेहत का भी जिम्मा सशस्त्र सीमा बल बखूबी निभा रहा है। नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत 43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, सिद्धार्थनगर ने सीमा चौकी खुनुवा क्षेत्र के वाइब्रेंट गांव लुचुइया में निःशुल्क मानव चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। शिविर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शोहरतगढ़ के चिकित्साधिकारी डॉ. रामविलास के सहयोग से ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच की गई और जरूरतमंदों को मुफ्त दवाएं दी गई। चिकित्सा शिविर का लाभ लुचुइया, बैदौली, नरौरा और गनचौरा गांवों के 114 ग्रामीणों ने उठाया, जिनमें 42 पुरुष, 53 महिलाएं और 19 बच्चे शामिल रहे। डॉ. रामविलास ने ग्रामीणों को स्वच्छता अपनाने, संतुलित आहार लेने और नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि जागरूकता ही बेहतर स्वास्थ्य की पहली सीढ़ी है।कार्यक्रम में सीमा चौकी खुनवा के प्रभारी निरीक्षक रामप्रताप सिंह, सहायक उप निरीक्षक (फार्मासिस्ट) आशुतोष कुमार, अन्य कार्मिकों के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की इस पहल की सराहना करते हुए इसे अत्यंत उपयोगी बताया। ग्रामीणों का कहना है कि ऐसे शिविर न केवल इलाज का माध्यम बनते हैं, बल्कि स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने में भी अहम भूमिका निभाते हैं।

## मन्दिर में हुआ प्रेमविवाह गुमशुदा युवती प्रेमी संग थाने पहुंची

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** बसखारी थाना क्षेत्र से जुड़ा एक प्रेम प्रसंग उस समय चर्चा का विषय बन गया, जब गुमशुदा बताई जा रही युवती ने अपने प्रेमी के साथ मंदिर में शादी रचाने के बाद स्वयं थाने पहुंचकर पुलिस को पूरी जानकारी दी। मामला आलापुर थाना क्षेत्र के महेशपुर मंडप गांव का है। गांव निवासी गुड़िया ने बसखारी थाना क्षेत्र के भिदूंण गांव निवासी संगू निषाद के साथ मंदिर में विवाह कर लिया। बताया जाता है कि संगू निषाद का ननिहाल महेशपुर मंडप गांव में होने के कारण दोनों के बीच पहले से परिचय था, जो धीरे-धीरे प्रेम संबंध में बदल गया। करीब दस दिन पूर्व दोनों घर से चले गए थे, जिसके बाद युवती के परिजनों ने आलापुर थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी। विवाह के बाद दोनों स्वयं थाने पहुंचे, जहां युवती ने पुलिस को बताया कि वह बालिग है और अपनी इच्छा से प्रेमी के साथ गई थी तथा मंदिर में विवाह कर चुकी है। पुलिस ने युवती का न्यायालय में बयान दर्ज कराने के बाद उसे विधिक प्रक्रिया पूरी करते हुए प्रेमी संगू निषाद की मां फूला निषाद के सुपुर्द कर दिया। पुलिस के अनुसार प्रकरण में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## छह दिन से लापता युवक का टेढ़ी नदी में मिला शव

**गोण्डा।** जनपद के कौड़िया थाना क्षेत्र अन्तर्गत बसभरिया गांव निवासी 35 वर्षीय संजय कुमार का शव घर से करीब तीन किलोमीटर दूर रामापुर पुल के पास टेढ़ी नदी में संदिग्ध परिस्थितियों में उतराता मिला। घटना की सूचना मिलते ही इलाके में सनसनी फैल गई। बताया जाता है कि संजय कुमार पिछले छह दिनों से लापता थे। परिजनों ने 20 फरवरी को कौड़िया थाने में तहरीर देकर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद से पुलिस और परिवार के लोग लगातार उनकी तलाश में जुटे थे, लेकिन कोई सुराग नहीं मिल पाया था। गुरुवार को कुछ राहगीरों ने रामापुर पुल के पास टेढ़ी नदी में एक शव उतराता देखा और तत्काल कौड़िया थाने की पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से गोताखोरों को बुलाया और शव को बाहर निकलवाया। आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए पंचायतनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक संजय कुमार पत्थर की कटाई का कार्य कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनकी असामयिक मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। कौड़िया थानाध्यक्ष तेज प्रताप सिंह ने बताया कि संजय कुमार छह दिन से लापता थे।

# न्यायिक हिरासत में मौत से मचा हड़कंप कोर्ट के आदेश पर जेल अधीक्षक और पुलिस कर्मियों पर मुकदमा दर्ज




अवधनामा संवाददाता

**अंबेडकरनगर।** न्यायिक हिरासत के दौरान हुई अजय कुमार की मौत का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के सख्त रुख के बाद महरुआ थाने में तत्कालीन जेल अधीक्षक, तत्कालीन थानाध्यक्ष, गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम और एक अन्य व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। इस कार्रवाई के बाद जिले में हड़कंप मच गया है।

मृतक अजय की मां शिवकुमारी का आरोप है कि 28 मार्च 2025 की रात महमदपुर चपरा निवासी अनिल कुमार से मोबाइल पर कहासुनी हुई थी। इसके अगले दिन एक ऑडियो क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें अजय पर मायावती के खिलाफ कथित आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप लगाया गया। मामला तूल पकड़ते ही 29 मार्च को पुलिस ने अजय को गिरफ्तार कर भीटी एसडीएम कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। परिजनों का कहना है कि गिरफ्तारी के बाद से ही उन्हें अनहोनी की आशंका थी। 30 मार्च की देर रात जेल प्रशासन ने अजय की तबीयत बिगड़ने की सूचना दी। जब परिवार जिला अस्पताल पहुंचा तो डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

31 मार्च को जब मां ने अपने बेटे का शव देखा तो उनके होश उड़ गए। सिर पर गहरी चोट के निशान, नाक और कान से खून बहने के आरोप ने पूरे मामले को संदिग्ध बना दिया है। गांव में आक्रोश का माहौल है और लोग इसे हिरासत में उत्पीड़न का मामला बता रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि मामला लंबे समय तक दबाने की कोशिश हुई, लेकिन अब अदालत के आदेश के बाद न्याय की उम्मीद जगी है। पुलिस अधिकारियों ने निष्पक्ष और वैज्ञानिक जांच का आश्वासन दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों की बारीकी से जांच की जाएगी। अब यह मामला सिर्फ एक संदिग्ध मौत नहीं, बल्कि हिरासत में मानवाधिकारों और प्रशासनिक जवाबदेही की बड़ी परीक्षा बन गया है। जिले की नजरें अब जांच रिपोर्ट और आगे की कार्रवाई पर टिकी हैं।

## चौदह वर्षीय छात्र का संदिग्धावस्था में पेड़ से लटका मिला शव

**गोण्डा।** थाना खरगूपुर अन्तर्गत इच्छापुरवा गांव में बुधवार रात उस समय हड़कंप मच गया, जब एक चौदह वर्षीय छात्र का शव गांव के बाहर सरसों के खेत में आम के पेड़ से लटका मिला। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जुट गई और परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक की पहचान रज्जनपुर इंछापुरवा निवासी पिंटू वर्मा के पुत्र गुलशन वर्मा (14) के रूप में हुई है। गुलशन स्थानीय कंपोजिट विद्यालय में कक्षा 6 का छात्र था। उसके पिता रोजी-रोटी के सिलसिले में मुंबई में रहते हैं। परिजनों के अनुसार बुधवार शाम गुलशन घर से लकड़ी काटने की बात कहकर निकला था, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। चिंतित परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। रात 8 बजे ग्रामीणों ने गांव से 400 मीटर दूर आम के पेड़ से उसका शव लटका देखा और परिवार को सूचना दी। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि शव के पैर जमीन को छू रहे थे। साथ ही बाई भौंह पर चोट के निशान और बाएं कान का कुछ हिस्सा क्षतिग्रस्त पाया गया।

# नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल्स के तहत जनपद स्तरीय तिलहन मेला आयोजित



अवधनामा संवाददाता

**परसपुर (गोंडा)।** नेशनल मिशन ऑन एडिबल योजना के अन्तर्गत जनपद स्तरीय वर्कशाप, सेमिनार एवं तिलहन मेला कृषि विज्ञान केंद्र गोपाल ग्राम में कृषि विभाग गोंडा के तत्वाधान से आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रेम कुमार ठाकुर उपस्थित रहे, जिन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं नानाजी देशमुख के चित्रों पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस तिलहन मेला में डॉ. हरपाल सिंह ने वर्तमान समय में सरसों, अलसी आदि तिलहन फसलों के उत्पादन, कृषि तकनीक एवं भंडारण के विषय में व्यापक चर्चा की। इसके साथ ही मिथिलेश झा ने तिलहनी फसलों का भारतीय अर्थव्यवस्था में योगदान तथा डॉ. ममता त्रिपाठी ने खाद्य प्रसंस्करण की विधाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। अग्रणी कृषक अनिल चंद पांडे द्वारा सरसों की विभिन्न प्रजातियों पर प्रकाश डाला गया तथा रवि शंकर सिंह पवन ने तिलहन उत्पादन के क्षेत्र में आ रही समस्याओं के बारे में बताया। डॉ. चंद्रमणि त्रिपाठी ने कहा कि तिलहन उत्पादन से कृषक का जीवन स्तर एवं आय में वृद्धि संभव है। मुख्य अतिथि प्रेम कुमार ठाकुर ने रबी एवं खरीफ के मौसम में उपलब्ध तिलहन बीजों तथा तिलहन खेती पर कृषि विभाग द्वारा दिए जाने वाले अनुदान संबंधी विस्तृत जानकारी किसानों को प्रदान की।


## भारतीय फिरकी

इधर क्रिकेट में हमारे फिरकी बाजों का जादू नहीं चल पा रहा है। लोक फिरकी बाजों प्रति काफी निराशा व्यक्त कर रहे है। पर यह भूल रहे है कि खेल में हार जीत तो लगा ही रहता है कोई भी टीम कितनी भी अच्छी हो लगातार जीतती नहीं रह सकती। किसी जमाने में वाडकेर, चन्द्रशेखर जैसे फिरकीबाज भारत के पास थे। चक्रवर्ती बुमराह जैसे फिरकीबाज आज है जिनसे सभी विदेशी टीम थर्राती है। पर कभी पिच की वजह से कभी बल्लेबाज का उस दिन अपने रिदम में न रह पाने की वजह से बल्लेबाज को जल्दी वापस लौटना पड़ जाता है। कभी पिच जलवायु की वजह से खतरनाक हो जाती है कभी गेदबाज पिच के अनुकूल नहीं बन पाता है। भारत के पास इस समय गेदबाजों और बैटरों दोनो का अच्छा स्टाक है। हमें ट्रेनर भी राय फस्ट क्लास के मिल जाते है। जिनका वर्ल्ड क्रिकेट में परफार्मेन्स टाप क्लास का रहा है।

दुनिया के टाप क्लास गेदबाज चन्द्रशेखर का एक हाथ खराब था पर वह एक हाथ से ही गेदबाजी में कमाल करते है। नये क्रिकेटरों से मेरा अनुरोध है उनकी गेदबाजी पुराने फिल्मी रिकार्डो में मौजूद होगे उन्हें देखें। भारत में कभी तेज बाल से घबराहट होती थी पर आज चाहे फिरकी हो चाहे तेज गेंद हो भारतीय क्रिकेटर दोनो में महारत दिखाते रहते है। भारत से खेलने वाली विदेशी टीम में भारतीय खिलाड़ियों से घबराती रहती है। हमारे यहां महिला क्रिकेटरों की टीम भी विदेशी महिला टीमों में घबराहट पैदा करती है उन्हें हटाकर चैम्पियन बन जाती है। प्रधानमंत्री महिला टीम के बहुत बड़े प्रशंसक है वह महिला टीम का उत्साह बढ़ाते रहते है। कभी तो भारतीय पुरानी संस्कृति की वजह से लड़कियां किशोर अवस्था में ब्याह दी जाती थी, बाहर खेलना तो तब एक अजूबा था प्रधानमंत्री ने हर क्षेत्र में महिलाओं को पुरूषों के बराबर बनाने में लगे हुये है।

## बचपन के संस्कारों से साहित्य में पहचान मिली द्वारिका को

आवाज जब उनकी मंच से गूंजती है तो ऐसा लगता है जैसे कानों में कोई मिश्री सा घोल रहा हो, वक्त की नब्ज पकड़ कर अपनी भावनाएं संवेदनाएं कविताओं के माध्यम से जन-जन तक प्रसारित करने वाले डॉ द्वारिका प्रसाद रस्तोगी की साहित्यिक चेतना की मैं बात कर रहा हूं। चार फरवरी 1959 को गोला गोकरननाथ खीरी में जन्मे द्वारिका प्रसाद ने गीत, छंद, गजल, मुक्तक आदि प्रभूत मात्रा में लिखा है, वहीं हिंदी की अन्य गद्य विधाओं में भी अनवरत आपकी लेखनी चलती रही है। प्रांतीय महामंत्रीअखिल भारतीय साहित्य परिषद (अवध प्रांत उ0 प्र0) सहित अनेक संस्थाओं के मार्गदर्शक संरक्षक द्वारिका जी का एक कविता संग्रह तुम शपथ पत्र की स्याही हो प्रकाशित होकर खासा चर्चित होकर पुरस्कृत हो चुका है और एक म्यूजिकल भक्तियोग का एल्बम कान्हा बिन भी प्रसारित हो चुका है, जिसे प्रसिद्ध गायिका गीतिका रस्तोगी ने अपने खूबसूरत स्वरों से सजाया है। पुस्तक तुम शपथ पत्र की स्याही हो पर लखनऊ विश्वविद्यालय ने लघुशोध प्रबंध लिखवाया है। विद्यावाचस्पति (मानद उपाधि) विक्रम शिला हिंदी विद्यापीठ भागलपुर, सरला गिरि हिंदी सेवी सम्मान, तथा अंतर्राष्ट्रीय संस्था भाखा द्वारा भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी सम्मान सहित अनेक साहित्यिक सामाजिक सम्मान आपको मिल चुके हैं। सामाजिक साहित्यिक कार्यों में हमेशा सहयोग करने वाले द्वारिका प्रसाद को प्रसिद्ध कवि नंदी लाल ने भामाशाह की उपाधि दी है।



सुरेश सौरभ

बकौल द्वारिका बचपन के संस्कारों व सत्संगति से विद्यार्थी जीवन में ही काव्य अनुराग उत्पन्न हो चुका था। 1971-72 में आठवीं नौवीं कक्षा में मेरी एक क्षणिका स्वतंत्र भारत में प्रकाशित होने के बाद मेरा उत्साह चरम पर पहुंच गया और यहीं से मेरी साहित्यिक यात्रा प्रारंभ हो गई। मैंने इंटर में एनसीसी कैडेट के रूप में प्रशिक्षण प्राप्त किया जिसके फल स्वरुप मेरे स्वभाव में अनुशासन का विचार जाग्रत हुआ, जो आज तक मेरे अंदर विद्यमान है। विद्यालय में होरीलाल शास्त्री व बेनीराम अंजान जैसे श्रेष्ठ गुरुओं के सानिध्य में अपने शैक्षिक सत्र के अतिरिक्त अन्य सामाजिक क्षेत्र में भी सक्रिय रहने लगा। साथ ही साहित्य सेवा में भी निरंतर सक्रिय रहा। प्रस्तुत हैं द्वारिका प्रसाद जी के दो प्रसिद्ध गीत-

**छल कर जाएगा**

हो सक्षम योग्य धनुर्धर पर तुमसे न युद्ध हो पाएगा

आकर के द्रोणाचार्य कोई फिर तुमसे छल कर जाएगा।

हो सक्षम.....

जो होते सीधे वृक्ष वही जंगल में काटे जाते हैं

गर्जन जो करते नहीं मेघ वो ही वर्षा कर जाते हैं

वरदान दिया अर्जुन को उसके श्रेष्ठ धनुर्धर होने का

एकलव्य श्रेष्ठ को देख हुआ भय अर्जुन के यश खोने का

दे दिया अंगूठा गुरुवर को,एकलव्य न अब लड़ पाएगा।

हो सक्षम.....

हो सूत पुत्र तुम राजाओं में किंचित गिने न जाओगे

हो कितने बड़े धनुर्धर पर तुम भाग नहीं ले पाओगे

संधान नेत्र झष योग्य, नहीं पाओगे फिर भी ये बाला

द्रोपदी योग्य वर राजाओं में ही जीतेगा ये वरमाला

दुर्योधन दे दे भले राज्य,पर कर्ण न नृप बन पाएगा

हो सक्षम...........

ममता का गला घोंट कुंती ने सच को कभी न कह पाया

अक्षौहिणी सेना लेकर भी दुर्योधन जीत नहीं पाया

था वही काल जिसमें तीनों दुनिया के श्रेष्ठ धनुर्धर थे

पर मान मिला अर्जुन को ही जो गुरु चरणों पर निर्भर थे।

जो अरि को धूल चटाएगा, जग उसका ही गुन गाएगा।

हो सक्षम........

**अर्जुन को कृष्ण का उपदेश**

हर युग की अपनी परंपरा कुछ तो मर्यादा होती है

युग श्रेष्ठ किन्तु होता वो ही जो चुने सिंधु से मोती है

हर युग..................

हे पार्थ तुम्हे रण में यदि विजय कीर्ति पथ पाना है

रिश्ते नातो को भूल सभी बस राजधर्म अपनाना है

भू नोंक सुई भर दे न सके उन रिश्तों को ठुकराना है

या खुले केश पांचाली के जीवन भर तुम्हें दिखाना है

तुम भूल चुके पर याद मुझे जब तू सोता वो रोती है

हर युग....................

ये युद्ध विरुद्ध अनीति के छल बल ही इसकी पृष्ठ भूमि

निर्वासित लज्जित करने को सब खड़े हुए इस युद्धभूमि

कपटी दंभी दुर्योधन से हर रिश्ते का प्रतिकार करो

कर शंखनाद तुम युद्ध करो तरकश से पहला वार करो

रण बीच डाल हथियार खड़े दुविधा ही यश को खोती है

हर युग.....................

ये कैसा दोहरा मापदंड सच्चे को मिलता यहां दंड

है युद्ध महाभारत का ये इतिहास लिखेगा कालखंड

यूं भीष्म विदुर गुरुवर अच्छे पर शकुनि तो उकसाता है

मिलकर सारे अपराध करें पर कृष्ण तुम्हें समझाता है

उनके अपराधों पर भी इनकी मौन स्वीकृति होती है।

हर युग..............................

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं। : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

**शिक्षा में आलोचना हो, पर निराशा नहीं, तथ्य हों, पर संतुलन भी हो। यदि किसी अध्याय में केवल संस्थागत विकृतियों का उल्लेख हो और सुधारात्मक प्रयासों, आदर्श उदाहरणों और संवैधानिक मूल्यों का समुचित विवेचन न हो, तो वह शिक्षा में मूल्यों एवं आदर्शों के बजाय अविश्वास का बीजारोपण बन सकता है। यह विवाद एक बड़े प्रश्न को भी जन्म देता है-पाठ्य पुस्तकों की निर्माण प्रक्रिया में बहुस्तरीय समीक्षा के बावजूद ऐसी सामग्री कैसे प्रकाशित हो जाती है? क्या संपादकीय बोर्ड में विविध दृष्टिकोणों का अभाव है? क्या विधि विशेषज्ञों, शिक्षाशास्त्रियों और मनोवैज्ञानिकों के बीच समन्वय पर्याप्त नहीं है?**

# शिक्षा में न्यायपालिका: संवाद की जरूरत या विवाद की राजनीति?

एक बार फिर शिक्षा से जुड़ा एक प्रश्न राष्ट्रीय विमर्श के केंद्र में है। शिक्षा मंत्रालय और राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) द्वारा प्रकाशित आठवीं कक्षा की सामाजिक विज्ञान की पुस्तक में हमारे समाज में न्यायपालिका की भूमिका शीर्षक अध्याय में न्यायपालिका में भ्रष्टाचार और लंबित मुकदमों का उल्लेख किए जाने पर भारत का सर्वोच्च न्यायालय ने नाराजगी प्रकट की। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की यह टिप्पणी कि किसी को भी न्यायपालिका को बदनाम करने नहीं दिया जाएगा केवल एक भावनात्मक प्रतिक्रिया नहीं, बल्कि संस्थागत गरिमा की रक्षा का संकेत है। इसके बाद संबंधित अध्याय को हटाने और बाजार में उपलब्ध पुस्तकों को वापस लेने का निर्णय लिया गया। प्रश्न यह है कि क्या यह केवल एक संपादकीय चूक थी या हमारे शैक्षिक ढांचे में कहीं गहरी संरचनात्मक कमी है? प्रश्न है कि स्कूली बच्चों को 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' के बारे में जानकारी देने से किस हित की पूर्ति होने वाली है? लेकिन इसमें दो मत नहीं है कि न्यायिक तंत्र के साथ हर क्षेत्र में फैली भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के ठोस उपाय होने ही चाहिए। सबसे पहले यह भी स्वीकार करना होगा कि न्यायपालिका में लंबित मामलों और भ्रष्टाचार जैसे प्रश्न पूरी तरह काल्पनिक नहीं हैं। न्यायालयों में लंबित मुकदमों की संख्या करोड़ों में है, यह एक सार्वजनिक तथ्य है। कुछ मामलों में न्यायिक आचरण पर भी प्रश्न उठे हैं। परंतु उतना ही सत्य यह भी है कि भारतीय न्यायपालिका ने समय-समय पर अपनी स्वतंत्रता, पारदर्शिता और सक्रियता से लोकतंत्र की रक्षा की है। पिछले वर्षों में शीर्ष न्यायाधीशों द्वारा अपनी संपत्तियों का सार्वजनिक विवरण देने की सहमति जैसे कदमों ने संस्थागत पारदर्शिता को सुदृढ़ किया है। ऐसे में प्रश्न यह नहीं है कि समस्या है या नहीं, प्रश्न यह है कि उसे किस भाषा, किस संतुलन और किस शैक्षिक दृष्टि से प्रस्तुत किया जाए।





ललित गर्ग

शिक्षा का उद्देश्य केवल तथ्य देना नहीं, दृष्टि देना है। यदि हम बच्चों को यह सिखाते हैं कि न्यायपालिका में भ्रष्टाचार है, तो साथ ही यह भी सिखाना होगा कि न्यायपालिका ने भ्रष्टाचार से लड़ने में कैसी भूमिका निभाई है, उसने प्रशासनिक दुरुपयोग पर कैसे अंकुश लगाया है, नागरिक अधिकारों की रक्षा में कैसे ऐतिहासिक निर्णय दिए हैं। शिक्षा में आलोचना हो, पर निराशा नहीं, तथ्य हों, पर संतुलन भी हो। यदि किसी अध्याय में केवल संस्थागत विकृतियों का उल्लेख हो और सुधारात्मक प्रयासों, आदर्श उदाहरणों और संवैधानिक मूल्यों का समुचित विवेचन न हो, तो वह शिक्षा में मूल्यों एवं आदर्शों के बजाय अविश्वास का बीजारोपण बन सकता है। यह विवाद एक बड़े प्रश्न को भी जन्म देता है-पाठ्य पुस्तकों की निर्माण प्रक्रिया में बहुस्तरीय समीक्षा के बावजूद ऐसी सामग्री कैसे प्रकाशित हो जाती है? क्या संपादकीय बोर्ड में विविध दृष्टिकोणों का अभाव है? क्या विधि विशेषज्ञों, शिक्षाशास्त्रियों और मनोवैज्ञानिकों के बीच समन्वय पर्याप्त नहीं है? एक लोकतांत्रिक समाज में संस्थाओं की आलोचना वर्जित नहीं हो सकती, पर आलोचना और अवमूल्यन के बीच महीन रेखा होती है। शिक्षा मंत्रालय और एनसीईआरटी जैसी संस्थाओं का दायित्व है कि वे इस रेखा को पहचानें।

यह भी स्मरणीय है कि भ्रष्टाचार केवल न्यायपालिका तक सीमित समस्या नहीं है। हाल ही में ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल की इसी महीने जारी रिपोर्ट के मुताबिक करप्शन परसेप्शन इंडेक्स में 182 देशों के बीच भारत की रैंक 91 है। पिछले साल के मुकाबले भारत ने 5 स्थान का सुधार किया है, यह स्थिति सुधार के बावजूद मध्य स्तर पर बनी हुई बताई गई है। इसका अर्थ है कि भ्रष्टाचार एक संरचनात्मक, सामाजिक और प्रशासनिक चुनौती है। यदि हम बच्चों को इसके बारे में पढ़ाते हैं तो उसे एक समग्र सामाजिक संदर्भ में पढ़ाया जाना चाहिए कि यह समस्या क्यों उत्पन्न होती है, इसे रोकने के लिए क्या संवैधानिक तंत्र हैं, नागरिकों की क्या भूमिका है और सुधार की संभावनाएं क्या हैं। केवल किसी एक संस्था को केंद्र में रखकर समस्या का चित्रण करना न तो शैक्षिक रूप से न्यायोचित है और न ही संवैधानिक संतुलन के अनुरूप।

न्यायपालिका की गरिमा का प्रश्न भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। लोकतंत्र तीन स्तंभों-विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका पर आधारित है। यदि किसी एक स्तंभ के प्रति बच्चों के मन में अविश्वास की भावना बिना सम्यक् विश्लेषण के उत्पन्न हो जाए, तो यह दीर्घकाल में लोकतांत्रिक संस्कृति के लिए हानिकारक हो सकता है। परंतु गरिमा की रक्षा का अर्थ यह भी नहीं कि समस्याओं पर मौन साध लिया जाए। गरिमा और पारदर्शिता परस्पर विरोधी नहीं, बल्कि पूरक हैं। न्यायपालिका की वास्तविक प्रतिष्ठा उसकी आलोचना सहने की क्षमता, आत्मसुधार की तत्परता और नैतिक दृढ़ता से बढ़ती है। इस संदर्भ में एक नई शैक्षिक संरचना की आवश्यकता अनुभव होती है। पाठ्य पुस्तकों में संस्थागत अध्ययन का प्रारूप इस प्रकार विकसित किया जा सकता है जिसमें तीन आयाम हों-संविधान द्वारा प्रदत्त भूमिका, वास्तविक चुनौतियां और सुधार की पहल। उदाहरण के लिए, न्यायपालिका पर अध्याय में उसके ऐतिहासिक निर्णय, जनहित याचिका की परंपरा, मौलिक अधिकारों की रक्षा, साथ ही लंबित मामलों की समस्या और न्यायिक सुधार आयोगों की सिफारिशों का संतुलित उल्लेख किया जाए। इससे छात्र न तो अंधभक्त बनेंगे और न ही निंदक, वे सजग नागरिक बनेंगे। शिक्षा मंत्रालय को भी इस अवसर को आत्ममंथन के रूप में लेना चाहिए। विवाद के बाद अध्याय हटाना तात्कालिक समाधान हो सकता है, पर स्थायी समाधान नहीं। आवश्यकता है एक स्वतंत्र, बहुविषयी समीक्षा तंत्र की, जिसमें विधि विशेषज्ञ, पूर्व न्यायाधीश, शिक्षाशास्त्री, समाजशास्त्री और बाल मनोविज्ञान के जानकार शामिल हों। साथ ही, सार्वजनिक परामर्श की परंपरा विकसित की जा सकती है ताकि पाठ्य पुस्तकें केवल सरकारी दस्तावेज न रहकर सामाजिक सहमति का दस्तावेज बनें। न्यायपालिका भी इस प्रसंग में रचनात्मक पहल कर सकती है। यदि वह स्वयं विद्यालयों और विश्वविद्यालयों के लिए न्यायिक साक्षरता कार्यक्रम आरंभ करे, न्यायालयों के कार्यप्रणाली पर सरल और संतुलित अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराए, तो इससे भ्रांतियों का निवारण होगा। न्यायपालिका की पारदर्शिता और संवादशीलता उसकी गरिमा को और सुदृढ़ करेगी। अंततः यह विवाद हमें यह सोचने को विवश करता है कि हम अपने बच्चों को कैसी नागरिकता का संस्कार देना चाहते हैं।

# आतंकवाद की जड़ पर 'प्रहार'

**ये ड्रोन न केवल हथियारों की तस्करी कर रहे हैं, बल्कि नशीले पदार्थों के माध्यम से भारत की युवा पीढ़ी को खोखला करने का एक नया माध्यम बन गए हैं। इसके साथ ही, अल-कायदा और इस्लामिक स्टेट ऑफ़ इराक एंड सीरिया जैसे वैश्विक आतंकी संगठनों की भारत में पैठ जमाने की कोशिशों को भी इस नीति में गंभीरता से लिया गया है। ये संगठन अब प्रत्यक्ष युद्ध के बजाय लोन वुल्फ हमलों और छोटे-छोटे स्लीपर सेल्स के माध्यम से हिंसा फैलाने की रणनीति पर काम कर रहे हैं। इनके द्वारा सोशल मीडिया, डार्क वेब और एन्क्रिप्टेड मैसेजिंग ऐप्स का उपयोग प्रोपेगैंडा फैलाने, युवाओं को कट्टरपंथी बनाने और भर्ती करने के लिए किया जा रहा है।**

आतंकवाद-विरोधी नीति का अनावरण भारतीय सुरक्षा इतिहास की एक ऐसी घटना है, जिसने देश की रक्षात्मक रणनीति को एक नए और आक्रामक धरातल पर खड़ा कर दिया है। प्रहार, यह नीति केवल एक आधिकारिक दस्तावेज नहीं है, बल्कि यह आतंकवाद के विरुद्ध भारत की सामूहिक इच्छाशक्ति और जीरो टॉलरेंस के सिद्धांत की एक वैधानिक उद्घोषणा है। पिछले कई दशकों से भारत ने सीमा पार से प्रायोजित आतंकवाद का दंश झेला है, लेकिन प्रहार पहली बार एक ऐसी एकीकृत और व्यापक रूपरेखा प्रस्तुत करती है जो न केवल वर्तमान खतरों से लड़ती है, बल्कि भविष्य की उन चुनौतियों का भी आकलन करती है जो अभी तक क्षितिज पर उभर ही रही हैं। इस नीति का सबसे प्रमुख पहलू इसकी समग्रता है, जो जल, थल और नभ तीनों ही मोर्चों पर सुरक्षा की एक अभेद्य दीवार खड़ी करने का लक्ष्य रखती है। आधुनिक युग में आतंकवाद का चेहरा पूरी तरह बदल चुका है; यह अब केवल बंदूकों और विस्फोटकों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें ड्रोन तकनीक, साइबर हमले, और परिष्कृत एन्क्रिप्शन का समावेश हो चुका है। प्रहार नीति इन बदलती वास्तविकताओं को पहचानती है और स्वीकार करती है कि आज का आतंकवादी साइबर स्पेस में बैठकर देश के बुनियादी ढांचे पर प्रहार कर सकता है।



महेन्द्र तिवारी

भारत की भौगोलिक और राजनीतिक स्थिति इसे आतंकवाद के प्रति विशेष रूप से संवेदनशील बनाती है। प्रहार दस्तावेज में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि देश को सीमा पार से संचालित होने वाले उन राज्य-प्रायोजित समूहों से निरंतर खतरा है जो पंजाब और जम्मू-कश्मीर जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में अस्थिरता पैदा करने के लिए ड्रोन जैसी नई तकनीकों का सहारा ले रहे हैं। ये ड्रोन न केवल हथियारों की तस्करी कर रहे हैं, बल्कि नशीले पदार्थों के माध्यम से भारत की युवा पीढ़ी को खोखला करने का एक नया माध्यम बन गए हैं। इसके साथ ही, अल-कायदा और इस्लामिक स्टेट ऑफ़ इराक एंड सीरिया जैसे वैश्विक आतंकी संगठनों की भारत में पैठ जमाने की कोशिशों को भी इस नीति में गंभीरता से लिया गया है। ये संगठन अब प्रत्यक्ष युद्ध के बजाय लोन वुल्फ हमलों और छोटे-छोटे स्लीपर सेल्स के माध्यम से हिंसा फैलाने की रणनीति पर काम कर रहे हैं। इनके द्वारा सोशल मीडिया, डार्क वेब और एन्क्रिप्टेड मैसेजिंग ऐप्स का उपयोग प्रोपेगैंडा फैलाने, युवाओं को कट्टरपंथी बनाने और भर्ती करने के लिए किया जा रहा है, जो सुरक्षा एजेंसियों के लिए एक अभूतपूर्व चुनौती है।



प्रहार नीति की रोकथाम रणनीति का हृदय इंटेलिजेंस ब्यूरो के तहत संचालित होने वाला मल्टी-एजेंसी सेंटर और जॉइंट टास्क फोर्स ऑन इंटेलिजेंस है। सरकार ने इन मंचों को रीयल-टाइम इंटेलिजेंस साझा करने के लिए एक अनिवार्य नोडल प्लेटफॉर्म बना दिया है, जिससे विभिन्न केंद्रीय और राज्य एजेंसियों के बीच सूचनाओं की दीवारें गिर गई हैं। अब जानकारी का प्रवाह इतना तेज और सटीक है कि संदिग्ध गतिविधियों को अंजाम देने से पहले ही उन्हें निष्क्रिय किया जा सकता है। आतंकवाद की आर्थिक रीढ़ पर प्रहार करने के लिए इस नीति में क्रिप्टो-वॉलेट और हवाला नेटवर्क के विरुद्ध कठोर दंडात्मक प्रावधान किए गए हैं। नीति मानती है कि यदि आतंकी फंडिंग के स्रोतों को सुखा दिया जाए, तो उनके ऑपरेशंस अपने आप ठप पड़ जाएंगे। इसके अलावा, देश के महत्वपूर्ण क्षेत्रों जैसे पावर ग्रिड, रेलवे, एविएशन, और न्यूक्लियर इंस्टॉलेशन की सुरक्षा के लिए अत्याधुनिक तकनीक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग करने का निर्देश दिया गया है। सीमा सुरक्षा को केवल बाड़ लगाने तक सीमित न रखकर उसे सेंसर आधारित स्मार्ट फेंसिंग और सैटेलाइट निगरानी से सुसज्जित किया जा रहा है ताकि घुसपैठ की हर कोशिश को विफल किया जा सके।


प्रतिक्रिया तंत्र के मामले में प्रहार नीति एक स्पष्ट श्रेणीबद्ध ढांचा प्रदान करती है। इसमें स्थानीय पुलिस की भूमिका को प्रथम उत्तरदाता के रूप में अत्यधिक महत्व दिया गया है। नीति का मानना है कि हमले के शुरुआती मिनट सबसे महत्वपूर्ण होते हैं, इसलिए स्थानीय पुलिस को इतना सशक्त और प्रशिक्षित किया जाना चाहिए कि वे विशिष्ट बलों के आने तक स्थिति को नियंत्रित कर सकें। राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड को गृह मंत्रालय के अधीन नोडल काउंटर-टेररिज्म फोर्स के रूप में और अधिक शक्तियां दी गई हैं, ताकि वह न केवल ऑपरेशंस का नेतृत्व करे, बल्कि राज्यों की आतंकवाद-विरोधी इकाइयों को भी वैश्विक स्तर का प्रशिक्षण और उपकरण प्रदान करे। राष्ट्रीय जांच एजेंसी को जांच के क्षेत्र में व्यापक स्वायत्तता दी गई है ताकि आतंकी मामलों का समयबद्ध और प्रभावी निपटारा हो सके। यहाँ यह उल्लेख करना आवश्यक है कि प्रहार नीति सुरक्षा और मानवाधिकारों के बीच एक सूक्ष्म संतुलन बनाए रखने पर भी जोर देती है। गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम जैसे कठोर कानूनों का उपयोग करते समय इस बात का ध्यान रखा जाता है कि न्याय प्रक्रिया पारदर्शी हो और किसी निर्दोष को प्रताड़ित न किया जाए।

क्षमता निर्माण प्रहार का वह स्तंभ है जो इसे भविष्योन्मुखी बनाता है। सुरक्षा बलों को केवल आधुनिक हथियार देना ही पर्याप्त नहीं है; उन्हें उन नई विधाओं में भी पारंगत किया जा रहा है जो भविष्य के युद्धों का हिस्सा होंगी। इसमें रासायनिक, जैविक, रेडियोधर्मी, परमाणु और उन्नत विस्फोटक जैसे खतरों से निपटने के लिए विशेष ड्रिल और तकनीक का प्रशिक्षण शामिल है। सुरक्षा संस्थानों के बुनियादी ढांचे और फैकल्टी को अपग्रेड किया जा रहा है ताकि हमारी एजेंसियां दुनिया की बेहतरीन काउंटर-टेररिज्म यूनिट्स के समकक्ष खड़ी हो सकें। इसके साथ ही, डी-रेडिकलाइजेशन (कट्टरपंथ मुक्ति) को इस नीति का एक अनिवार्य अंग बनाया गया है। सरकार ने स्वीकार किया है कि आतंकवाद के विरुद्ध युद्ध केवल बंदूकों से नहीं जीता जा सकता, बल्कि विचारधारा के धरातल पर भी लड़ना होगा। इसके लिए समुदायों, धार्मिक नेताओं, उदारवादी प्रचारकों और गैर-सरकारी संगठनों को साथ लिया जा रहा है। इसका उद्देश्य उन युवाओं की पहचान करना है जो कट्टरपंथ की राह पर भटक रहे हैं और उन्हें रचनात्मक गतिविधियों, रोजगार और सामाजिक मुख्यधारा से जोड़ना है। जेलों के भीतर कट्टरपंथ को रोकने के लिए जेल प्रशासन को विशेष निर्देश दिए गए हैं कि कट्टरपंथी अपराधियों को सामान्य कैदियों से अलग रखा जाए ताकि वे जेल को भर्ती केंद्र न बना सकें। अंतरराष्ट्रीय मोर्चे पर प्रहार नीति भारत के नेतृत्वकारी दृष्टिकोण को प्रदर्शित करती है। यह वैश्विक समुदाय के साथ मिलकर नो मनी फॉर टेरर जैसे सिद्धांतों को आगे बढ़ाती है।

# नफ़रत के सौदागरों को शांतिप्रिय जनता का जवाब

**पवित्र रमज़ान माह के दौरान विश्वविद्यालय में स्थित प्राचीन व ऐतिहासिक लाल बारादरी परिसर में मौजूद पुरानी मस्जिद के गेट को विश्वविद्यालय प्रशासन ने सुरक्षा कारण बता कर सील कर दिया और इस जगह भारी बैरिकेडिंग लगा दी। इसी मुग़ल कालीन मस्जिद में दशकों से लखनऊ विश्वविद्यालय के मुस्लिम छात्र नमाज़ अदा करते आ रहे हैं। प्रशासन ने इसे पुरानी इमारत बताकर व सुरक्षा के जोखिम का हवाला देकर इसे अचानक बिना किसी पूर्व सूचना के बंद कर दिया।**

देश में धर्म व जाति के नाम पर नफ़रत परोसने का जो एक नियोजित षड़यंत्र रचा गया है और नाकारे नेताओं,सत्ता व मीडिया द्वारा देश को नफ़रत की आग में झोकने का जो दुष्प्रयास किया जा रहा है,ऐसा लगता है कि इन निखट्टुओं के साम्प्रदायिक एजेंडों को अब तक तमाशाई बनकर देखते रहने व इन पर चुप रहने वाली जनता अब इनकी नफ़रत का जवाब प्रेम, सद्भाव व भाईचारे से देने लगी है। पिछले कुछ ही दिनों में देश के अलग अलग राज्यों से ऐसे कई समाचार आये जिनसे यह पता चलता है कि देश के अमन पसंद लोग अब मूक दर्शक बनकर साम्प्रदायिक वैमनस्य को बढ़ता हुआ देखने के बजाये प्यार और मुहब्बत की मशाल जलाकर नफ़रत के स्याह अंधेरे को भागने की कोशिश करने लगे हैं। पिछले दिनों राजस्थान के टोंक ज़िले से ऐसी ही एक ख़बर आई। यहाँ निवाई तहसील के करेड़ा बुज़ुर्ग गांव के एक मंदिर परिसर में गत 22 फ़रवरी को भारतीय जनता पार्टी के एक पूर्व सांसद सुखबीर सिंह जौनपुरिया द्वारा कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इसी कार्यक्रम के माध्यम से पूर्व सांसद जौनपुरिया लोगों को 28 फ़रवरी को अजमेर आने के लिए आमंत्रित कर रहे थे। क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 फ़रवरी को अजमेर दौरे पर रहेंगे तथा एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री के इसी दौरे को सफल बनाने के लिए राजस्थान सरकार, प्रशासन और भाजपा संगठन पूरी तरह जुटा हुआ है। इसी उद्देश्य से राज्य भर में तरह तरह के छोटे कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। टोंक ज़िले के निवाई तहसील के करेड़ा बुज़ुर्ग गांव में पूर्व सांसद सुखबीर सिंह जौनपुरिया द्वारा कंबल वितरण कार्यक्रम भी इसी कड़ी का हिस्सा था।



निर्मल रानी

परन्तु नफ़रती संगठन में राजनीति करने वाले पूर्व सांसद जौनपुरिया द्वारा इसी कार्यक्रम में नफ़रत की वह भाषा बोली गयी जिसने इस इलाक़े में पूर्व सांसद की ही फ़ज़ीहत करवा दी। कंबल बांटते समय उन्होंने भीड़ में बैठी एक महिला से उसका नाम पूछा, जब ग़रीब बुज़ुर्ग महिला ने अपना नाम शकूरन बानो बताया तो यह नाम सुनकर जौनपुरिया ने बड़े ही नफ़रती अंदाज़ से कहा - हट एक तरफ़, कंबल यहीं छोड़ दे और बाद में उन्होंने अपने सहयोगी को कहा इसे कंबल मत दे। साथ ही वे यह भी बोले, जो मोदी को गाली देता है, उसे कंबल लेने का हक़ नहीं। जौनपुरिया की इस अभद्र भाषा का वीडिओ वायरल होने के बाद इस इलाक़े में जौनपुरिया का विरोध होना शुरू हो गया। यह विरोध इस हद तक हुआ कि गांव के जिन हिन्दू परिवारों को कंबल मिला था उन्होंने भी मुस्लिम महिलाओं के साथ एकजुटता दिखाने हेतु अपने अपने कंबल वापस कर दिये। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने तो इसी गांव में मुस्लिम महिलाओं को कंबल बांटे और गांव वालों ने उस नफ़रती पूर्व सांसद का पुतला भी फूंका। नफ़रत का जवाब मोहब्बत से देने हेतु अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा 24 फ़रवरी को टोंक में सभी धर्मों की महिलाओं को समान रूप से कंबल बांटे जाने की भी ख़बर आई।




नफ़रत के बदले प्यार और मुहब्बत बांटने का ऐसा ही एक अन्य उदाहरण गत दिवस लखनऊ विश्वविद्यालय में भी देखने को मिला। पवित्र रमज़ान माह के दौरान विश्वविद्यालय में स्थित प्राचीन व ऐतिहासिक लाल बारादरी परिसर में मौजूद पुरानी मस्जिद के गेट को विश्वविद्यालय प्रशासन ने सुरक्षा कारण बता कर सील कर दिया और इस जगह भारी बैरिकेडिंग लगा दी। इसी मुग़ल कालीन मस्जिद में दशकों से लखनऊ विश्वविद्यालय के मुस्लिम छात्र नमाज़ अदा करते आ रहे हैं। प्रशासन ने इसे पुरानी इमारत बताकर व सुरक्षा के जोखिम का हवाला देकर इसे अचानक बिना किसी पूर्व सूचना के बंद कर दिया। इसके बाद जब मुस्लिम छात्रों को नमाज़ अदा करने हेतु मस्जिद के अंदर जाने से रोका गया, तो उन्होंने मजबूरीवश मस्जिद के बाहर खुले स्थान पर ही नमाज़ अदा की। इस दौरान विश्वविद्यालय के हिंदू छात्रों द्वारा मानव श्रृंखला बनाई गयी। छात्रों ने एक दूसरे का हाथ पकड़कर गंगा-जमुनी तहज़ीब और सांप्रदायिक सद्भाव की मिसाल पेश की। हिंदू छात्र नमाज़ पढ़ रहे अपने मुस्लिम साथियों के चारों ओर सुरक्षा कवच बनकर इसलिये खड़े हो गए ताकि कोई नमाज़ में व्यवधान उत्पन्न न कर सके और नमाज़ शांति तरीक़े से पूरी हो सके। इतना ही नहीं बल्कि साम्प्रदायिक शक्तियों के विरुद्ध इन्हीं हिन्दू छात्रों ने प्रदर्शन किया तथा हिन्दू मुस्लिम एकता का संदेश भी दिया।

दरअसल साम्प्रदायिक शक्तियों को खदेड़ने की शुरुआत उत्तराखंड के कोटद्वार से गत 26 जनवरी को उस समय शुरू हुई जबकि बजरंग दल के सदस्यों ने वकील अहमद नाम के एक 70 वर्षीय बुज़ुर्ग मुस्लिम की बाबा स्कूल ड्रेस नाम की दुकान के नाम को लेकर विवाद खड़ा किया। बजरंग दल के लोग दुकान का नाम बदलने की धमकी दे रहे थे। उनका कहना था कि बाबा स्कूल ड्रेस का नाम स्थानीय हनुमान मंदिर सिद्धबली बाबा से मिलता-जुलता था। इसी विवाद के बीच दीपक कुमार कश्यप अपने दोस्त विजय रावत के साथ वहां जा पहुंचे। दीपक उत्तराखंड कोटद्वार में ही एक जिम ट्रेनर हैं। वे यहाँ अपना जिम चलाते हैं तथा युवक युवतियों को बॉडी बिल्डिंग और फ़िटनेस की ट्रेनिंग देते हैं। दीपक ने ही उन्मादी भीड़ से बुज़ुर्ग मुस्लिम का बीच-बचाव करते हुए अपना नाम मोहम्मद दीपक बताया और साम्प्रदायिक एकता व सद्भाव का संदेश दिया। हालांकि इसके बाद दीपक को मुक़दमे से लेकर अपनी जिम की सदस्य्ता घटने तक के हालात का सामना करना पड़ा। उन्हें बजरंग दल समर्थकों से धमकियां मिलीं व उनके विरुद्ध विरोध प्रदर्शन भी हुये । परन्तु उनका यही कहना था कि मैं हिंदू नहीं, मुसलमान नहीं, सिख नहीं, ईसाई नहीं–सबसे पहले इंसान हूं। मरने के बाद भगवान और इंसानियत को जवाब दूंगा। यहाँ तक कि पुलिस ने दीपक के विरुद्ध सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने के आरोप में प्राथमिकी भी दर्ज की। परन्तु दीपक की हिम्मत व उनके बुलंद हौसले ने उन्हें पूरे देश व दुनिया में साम्प्रदायिक सद्भाव के सच्चे प्रतिनिधि के रूप में शोहरत दिला दी। राहुल गाँधी सहित अनेक विशिष्ट लोगों ने मुहम्मद दीपक व उनके साथी विजय रावत से मुलाक़ात कर उनकी हौसला अफ़ज़ाई की। इसी कोटद्वार की घटना के बाद देश में कई स्थानों से ऐसी ख़बरें सुनाई दे रही हैं जहां प्रेम व सद्भाव की बातें करने वालों के द्वारा नफ़रती चिंटुओं को खदेड़ा जा रहा है।

# पात्र व्यक्तियों को शत-प्रतिशत लाभांवित किया जाए : अजीत

अवधनामा संवाददाता

**फतेहपुर।** कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक प्रभारी मंत्री/राज्यमंत्री, इलेक्ट्रॉनिक्स तथा सूचना प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग अजीत सिंह पाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक में मंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि केन्द्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से पात्र व्यक्तियों को शत-प्रतिशत लाभान्वित किया जाए। उन्होंने कहा कि योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कर वास्तविक लाभार्थियों तक पहुंच सुनिश्चित की जाए। मंत्री ने कानून व्यवस्था, तहसील दिवस, थाना समाधान दिवस, आईजीआरएस व मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों की समीक्षा करते हुए समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस विभाग को संवेदनशीलता के साथ निरंतर पेट्रोलिंग,



■ विकास कार्यों व कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक में मंत्री अजीत सिंह पाल सख्त

फुट पेट्रोलिंग और एंटी रोमियो स्क्वॉड की सक्रियता स्कूलों व सार्वजनिक स्थलों के आसपास बढ़ाने को कहा। उन्होंने निर्देश दिए कि आयोजित होने वाले ग्राम चौपालों के रोस्टर की सूचना पूर्व में ही जनप्रतिनिधियों को दी जाए। असंगठित श्रमिकों के अधिक से अधिक पंजीयन हेतु न्याय पंचायतवार कैंप आयोजित करने पर जोर दिया। मंत्री ने स्वास्थ्य केंद्रों पर दवाओं की उपलब्धता, जांच सुविधाएं और बेहतर उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। गौशालाओं में संरक्षित गौवंशों के लिए चारे की पर्याप्त व्यवस्था एवं गौचर भूमि में हरे चारे की बुवाई कराने को कहा। कृषि विभाग को उर्वरक व बीज की उपलब्धता बनाए रखने तथा किसानों को सुगमता से वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। धान क्रय केंद्रों की सत्यापन रिपोर्ट प्रस्तुत करने को भी कहा गया। जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, सड़क निर्माण की गुणवत्ता, खनन कार्यों की मानकानुसार निगरानी, ओवरलोडिंग पर रोक तथा गुणवत्ताहीन निर्माण पर ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट करने के निर्देश दिए।

# लापता बेटियों की बरामदगी को लेकर फूटा आक्रोश



अवधनामा संवाददाता

**फतेहपुर।** थाना सुल्तानपुर घोष क्षेत्र में लगातार लापता हो रही बेटियों के मामलों को लेकर गुरुवार को गुलाबी गैंग लोकतांत्रिक ने थाने में जोरदार दस्तक दी। संगठन की अध्यक्ष हेमलता पटेल के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल पीड़ित परिजनों के साथ थाने पहुंचा और पुलिस की कार्यशैली पर गहरी नाराजगी जताई।

ग्राम घोषिन का पुरवा मजरे खरगूपुर की एक नाबालिग बच्ची के अपहरण का मामला तीन महीने पूर्व दर्ज हुआ था। अपराध संख्या 202/2025 (धारा 87 व 137(2) बीएनएस) के तहत नामजद रिपोर्ट दर्ज होने के बावजूद अब तक बरामदगी नहीं हो सकी। पीड़िता की मां प्रेमा देवी न्याय के लिए भटक रही हैं। संगठन का आरोप है कि पुलिस ने अब जाकर बच्ची की तलाश की प्रक्रिया तेज की है, जो निष्क्रियता की पराकाष्ठा है। वहीं इसी थाना क्षेत्र की एक अन्य छात्रा, जो स्कूल गई थी, पिछले लगभग 12 दिनों से लापता है। परिजनों ने पांच नामजद आरोपियों के खिलाफ जबरन अगवा किए जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। इसके बावजूद अब तक कोई ठोस सफलता हाथ नहीं लगी है। संगठन की अध्यक्ष हेमलता पटेल ने थाना प्रभारी से सीधी वार्ता करते हुए सवाल उठाया कि पुलिस का खुफिया तंत्र और नियमित गश्त आखिर कहां है। उन्होंने कहा कि यदि शीघ्र बरामदगी और दोषियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो संगठन थाने का घेराव कर व्यापक आंदोलन करेगा।

# अच्छी मतदाता सूची, अच्छी योजना विकसित भारत जी राम जी : डॉ विनोद बिंद

अवधनामा संवाददाता

**चन्दौली।** मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण के अंतर्गत बूथ स्तर पर व्यापक जनसंपर्क एवं फॉर्म भरवाने का कार्य बुधवार को सांसद विनोद बिंद द्वारा सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। एसआईआर का कार्यक्रम भदोही लोकसभा के हंडिया विधान सभा मे बूथ संख्या 337 के नगर पंचायत हंडिया में 25 फॉर्म, बूथ संख्या 375-376 बिझौली में 10 फॉर्म, बूथ संख्या 364-365 के जगुआ सोधा में 18 फॉर्म भरवाया गया। मतदाता सूची में फार्म-6 के माध्यम से नाम जोड़ने की प्रगति को लेकर कार्यकर्ताओ के बीच चर्चा की गई और उपस्थित लोगों को फॉर्म 6, 7 व 8 भरवाया गया।

उपस्थित लोगो को भदोही सांसद डॉ विनोद बिंद ने कहा कि सभी पात्र नागरिकों का नाम मतदाता सूची में शामिल होना लोकतंत्र की मजबूती के लिए आवश्यक है और इसके लिए संगठन के प्रत्येक कार्यकर्ता को सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए, ताकि कोई भी पात्र मतदाता से वंचित न रह जाए। कहा



■ मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत फॉर्म 6, 7 व 8 भरवाया गया

कि मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण देश के संविधान के अनुरूप किया जा रहा है। लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करने का प्रयास हो रहा है।

इस दौरान भदोही के भाजपा सांसद डॉ विनोद बिंद ने वहां उपस्थित लोगो को विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एण्ड आजीविका मिशन के विषय में विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए बताया कि अच्छी मतदाता सूची, अच्छी सरकार और अच्छी योजना विकसित भारत जी राम जी योजना के लाभ गिनाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी की यह योजना लोक कल्याण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार गरीबों, मजदूरों के लिए समर्पित व प्रतिबद्ध होकर काम कर रही है। प्रधानमंत्री मोदी के विकसित भारत 2047 के विजन को साकार करने की दिशा में यह अधिनियम ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती प्रदान करेगा। इस कानून उद्देश्य गरीब, किसान और मजदूरों के जीवन स्तर में सुधार लाना है। रोजगार की गारंटी को 100 दिनों से बढ़ाकर अब 125 दिन कर दिया गया है। मजदूरों के हितों को सर्वोपरि रखते हुए यह प्रावधान किया गया है कि अब मजदूरी का भुगतान मात्र 7 दिनों के भीतर अनिवार्य रूप से किया जाएगा।

# 'यादव जी की लव स्टोरी' फिल्म पर प्रतिबंध की मांग




अवधनामा संवाददाता

**खागा/फतेहपुर।** अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा, फतेहपुर के पदाधिकारियों ने चौधरी राजेश यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष के नेतृत्व में खागा उपजिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति महोदय को ज्ञापन भेजकर 'यादव जी की लव स्टोरी' नामक फिल्म पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है।

महासभा का आरोप है कि उक्त फिल्म में लड़की को यादव समाज (हिंदू धर्म) से तथा लड़के को मुस्लिम धर्म से दर्शाया गया है, जिससे समाज के लोगों की भावनाएं आहत हो रही हैं। संगठन ने कहा कि इस प्रकार की फिल्में सामाजिक सौहार्द को प्रभावित कर सकती हैं। प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी राजेश यादव ने ज्ञापन में उल्लेख किया है कि उत्तर प्रदेश में उच्च न्यायालय के आदेशानुसार जाति आधारित सम्मेलनों और रैलियों पर रोक है। इसके बावजूद जाति व धर्म आधारित विषयों पर फिल्म निर्माण कर प्रदेश के शांत वातावरण को प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है। महासभा ने मांग की है कि ऐसी किसी भी फिल्म के निर्माण अथवा प्रदर्शन की अनुमति न दी जाए, जिससे किसी जाति या धर्म विशेष की भावनाएं आहत हों। साथ ही फिल्म के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई किए जाने की भी मांग की गई है।

## चोरी के विद्युत तार के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**गाजीपुर।** अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शादियाबाद थाना पुलिस द्वारा विभिन्न मुकदमों में वांछित तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध विधिक कार्रवाई की गयी। प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार उपाध्याय मय हमराह द्वारा गिरफ्तार अभियुक्तों में नन्दलाल बिन्द पुत्र नगीना बिन्द निवासी ग्राम पचरासी थाना नन्दगंज जनपद गाजीपुर, अमरजीत बिन्द पुत्र राजेन्द्र बिन्द निवासी ग्राम हरखूपुर थाना नन्दगंज गाजीपुर तथा राधेश्याम बिन्द पुत्र सोपाल बिन्द निवासी ग्राम बेलसरी थाना करण्डा गाजीपुर को बुधवार को क्षेत्र के युसुफपुर बेसो नदी पुल के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के पास से घटना में प्रयुक्त पीकप वाहन यूपी 65 के टी 0012 तथा चोरी किये गये तीन बन्डलों में बिजली का एल्युमिनियम तार तथा अभियुक्त राधेश्याम बिन्द के कब्जे से एक तमंचा .315 बोर मय जिन्दा कारतूस बरामद हुआ।

# रंगभरनी एकादशी पर वृंदावन तैयार

## लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ संभालने हाईटेक सुरक्षा व्यवस्था

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** रंगभरनी एकादशी के पावन अवसर पर वृंदावन में उमड़ने वाली लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। कान्हा की नगरी में जनसैलाब को नियंत्रित करने और श्रद्धालुओं को सुगम दर्शन उपलब्ध कराने के लिए पुलिस और प्रशासन पूरी तरह सतर्क है।

पुलिस अधीक्षक नगर मथुरा राजीव कुमार सिंह एवं क्षेत्राधिकारी सदर (मथुरा) द्वारा थाना वृंदावन क्षेत्रांतर्गत परिक्रमा मार्ग पर पैदल मार्च किया गया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए मौके पर मौजूद पुलिस बल को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

पैदल मार्च के दौरान परिक्रमा मार्ग सहित आसपास के प्रमुख मार्गों, भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों एवं संवेदनशील



स्थलों का जायजा लिया गया। अधिकारियों ने पुलिसकर्मियों को सतर्क रहकर ड्यूटी करने, श्रद्धालुओं एवं आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक नगर ने कहा कि त्योहारों के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए लगातार गश्त, फुट पेट्रोलिंग एवं त्वरित रिस्पॉन्स टीमों को सक्रिय रखा गया है। पैदल मार्च से क्षेत्र में पुलिस की सक्रियता का संदेश गया और आमजन में सुरक्षा का भरोसा बढ़ा। पुलिस प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। भीड़ नियंत्रण और असामाजिक तत्वों पर नजर रखने के लिए इस बार तकनीक का व्यापक उपयोग किया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### सन्तुलित पोषण आहार कार्यशाला संपन्न



**गाजीपुर (अवधनामा संवाददाता)।** राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के प्राचार्य प्रो डॉ राजेंद्र सिंह के निर्देशन में आहार विशेषज्ञ कंचन सिंह द्वारा नगर के उच्च प्राथमिक विद्यालय, विशेश्वरगंज में स्वास्थ्य संवर्धन एवं पोषण आहार विषयक कार्यशाला सम्पन्न हुई। प्रदेश आयुष विभाग द्वारा संचालित स्वास्थ्य जागरूकता प्रबोधन कार्यक्रम के अंतर्गत स्वस्थ जीवनशैली हेतु विद्यार्थियों को पोषण की कमी के कारण होने वाली बिमारियों, स्वस्थ शरीर निर्माण व शारीरिक पुष्टि के बारे में जागरूक किया गया। वहीं छात्र छात्राओं को आहार से चुस्ती, फुर्ती और दिमाग तेज करने के नुस्खे बताए गए। इसके साथ ही किशोरियों को मासिक धर्म के दौरान खान पान और रहन सहन के विषय में विस्तार से बताया गया।

### भाजयुमो महामंत्री सहित तीन ने किया रक्तदान

**फतेहपुर (अवधनामा संवाददाता)।** जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध हो सके, इसी उद्देश्य के साथ संस्था सर्व फॉर ह्यूमैनिटी फाउंडेशन के सदस्यों द्वारा निरंतर स्वैच्छिक रक्तदान किया जा रहा है। संस्था का प्रयास है कि रक्तकेंद्रों में हर रक्त समूह का पर्याप्त स्टॉक बना रहे, ताकि मरीजों के तीमारदारों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इसी क्रम में संस्था के तीन सदस्यों ने मानस रक्तकेंद्र



पहुंचकर स्वैच्छिक रक्तदान किया। रक्तदाताओं में भाजयुमो महामंत्री प्रसून तिवारी, दिग्विजय सिंह एवं अनिल मौर्य शामिल रहे। इस अवसर पर संस्था की ओर से गुरमीत सिंह तथा रक्तकेंद्र की ओर से अमन यादव, अनुस, अर्पित, अंजली व अनामिका पाल उपस्थित रहे।

### कोसीकलां औद्योगिक क्षेत्र की फैक्ट्री में भीषण आग

**मथुरा (अवधनामा संवाददाता)।** कोसी कलां के औद्योगिक क्षेत्र में स्थित एक इंडस्ट्री में भीषण आग लग गई। आग की चपेट में आने से फैक्ट्री परिसर में रखा करोड़ों रुपये का कच्चा और तैयार माल जलकर राख हो गया। गनीमत रही कि घटना के समय फैक्ट्री के अंदर कोई कर्मचारी मौजूद नहीं था, जिससे बड़ा हादसा टल गया। आग की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन और फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुंच गईं। आग पर काबू पाने के लिए दमकल की पांच गाड़ियां लगाई गईं और कड़ी मशक्कत के बाद आग को पूरी तरह नियंत्रित कर लिया गया। कंपनी स्वामी के अनुसार बीती रात शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी। उस समय फैक्ट्री के अंदर कोई कर्मचारी मौजूद नहीं था, केवल बाहर सुरक्षा गार्ड तैनात था।

### गिलट व्यवसायी : होली मिलन और हंडा की जिम्मेदारी सौंपी

**मथुरा (अवधनामा संवाददाता)।** गिलट आभूषण व्यवसायी समिति की वेठक चित्रकूट मसानी पर होली मिलन व वार्षिक शैल महोत्सव हण्डा के आयोजन को लेकर अध्यक्ष श्री दिनेश अग्रवाल सादावाद वालों की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि पूर्व वर्षों कि भांति इस वर्ष भी होली मिलन समारोह 2 मार्च को चित्रकूट मशानी पर व वार्षिक शैल महोत्सव हण्डा कार्यक्रम 13 मार्च को भागवत सेवा संस्थान गोवर्धन में मनाया जायेगा। कार्यक्रमों के मुख्य संयोजक, भाजपा नेता प्रेमचंद महावर व सह संयोजको में पवन सोनी, नीरज अग्रवाल, बृजेश अग्रवाल, राहुल नवरत्न, राजीव बड्डू, कपिल, मयंक माहेश्वरी को वनाया।

# स्पोर्ट्स मीट के प्राइमरी वर्ग में यलो हाउस विजेता बनी

अवधनामा संवाददाता

**जालौन।** नगर में गूढ़ा रोड स्थित सेठ वीरेन्द्र कुमार पब्लिक स्कूल में आयोजित दो दिवसीय वार्षिक स्पोर्ट्स मीट का समापन पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हर्षोल्लास पूर्वक संपन्न हुआ। समापन अवसर पर नगर पालिका परिषद जालौन के अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं विद्यालय के प्रबंध निदेशक पुनीत मित्तल ने विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने बच्चों से भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने का आह्वान करते हुए ऐसे आयोजनों को और भव्य बनाने का वादा किया। विद्यालय के चेयरमैन डॉ. नितिन मित्तल ने अपने संबोधन में कहा कि जिन बच्चों ने अथक परिश्रम कर स्थान प्राप्त किया है वे बधाई के पात्र हैं, जबकि जो छात्र-छात्राएं इस बार स्थान से वंचित रह गए हैं, वे अगले वर्ष अधिक मेहनत कर सफलता प्राप्त करें।



प्रतियोगिताओं के परिणाम : 100 मीटर दौड़ में आराध्या, ओमिका, नित्या, कृष्णा एवं रैयान अहमद ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्थान प्राप्त किया। प्राइमरी वर्ग में काव्या, माही, अपरियता, उमंग हसनैन एवं कार्तिक ने प्रथम स्थान हासिल किया। 200 मीटर दौड़ में वंश, अभिनव, यश, आराध्या, ओमिका और अनवेशा विजेता घोषित किए गए। ऊंची कूद में अंश, वैभव एवं अनय ने बाजी मारी, जबकि लंबी कूद में आयुष, कृष्णा एवं अदनान विजेता रहे। प्री-प्राइमरी वर्ग में अरमान, श्रेष्ठ, संपद, फौशेन, वंश, सान्या एंजिल और नित्या ने शानदार प्रदर्शन किया। टीम प्रतियोगिताओं में रोमांच कबड्डी प्रतियोगिता में रेड हाउस विजेता और ब्लू हाउस उपविजेता रहा।

प्राइमरी वर्ग में येलो हाउस ने प्रथम तथा ग्रीन हाउस ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। खो-खो प्रतियोगिता में ग्रीन हाउस विजेता तथा ब्लू हाउस उपविजेता घोषित हुआ। जूनियर वर्ग की खो-खो में ब्लू हाउस ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया, जबकि ग्रीन हाउस एवं येलो हाउस ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिताओं में निर्णायक की भूमिका कंचन द्विवेदी, मधुर तिवारी, रिजवाना अंसारी, शुभम एवं असद ने निभाई। सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## होली: आगरा मण्डल से चलेगी 50 जोड़ी अतिरिक्त स्पेशल ट्रेन

**आगरा /मथुरा।** होली पर्व को देखते हुए उत्तर मध्य रेलवे आगरा मंडल ने यात्रियों की सुविधा के लिए बड़ा प्लान तैयार किया है। देशभर में करीब 50 जोड़ी होली स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जाएगा। इन ट्रेनों का संचालन फरवरी से मार्च के प्रथम सप्ताह तक निर्धारित तिथियों पर किया जाएगा, जिससे आगरा मंडल के यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा। ये होली स्पेशल ट्रेनें दिल्ली, हावड़ा, मुंबई, बड़ोदरा, गोरखपुर और प्रयागराज जैसे प्रमुख शहरों के लिए चलाई जाएंगी। इन ट्रेनों का ठहराव आगरा कैंट, मथुरा, आगरा ईदगाह, फतेहपुर सीकरी, रूपवास, कोसी, आगरा फोर्ट और टुंडला जंक्शन जैसे प्रमुख स्टेशनों पर दिया जाएगा, जिससे यात्रियों को सीधी और सुगम कनेक्टिविटी मिल सकेगी। उत्तर मध्य रेलवे आगरा मंडल की जनसंपर्क अधिकारी प्रशस्ति श्रीवास्तव ने बताया कि होली के अवसर पर यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए रेलवे ने व्यापक तैयारियां की हैं।

# त्योहार की रौनक को शराब पीकर बर्बाद न करें : सीओ



अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** होली के पर्व को लेकर कोतवाली परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें त्योहार को सद्भाव के साथ मनाने की अपील अधिकारियों ने की है। एसडीएम हेमंत पटेल की अध्यक्षता और सीओ शैलेंद्र बाजपेई की उपस्थिति में कोतवाली परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में एसडीएम ने कहा कि त्योहार को शांतिपूर्वक मनाएं। कोई ऐसा कार्य न करें जिससे शांति भंग हो। सीओ ने कहा कि त्योहार के मौके पर बाहर काम करने वाले लोग भी गांव में आते हैं। ऐसे में यह ध्यान रखा जाए कि त्योहार में सब लोग हिल मिलकर रहें। त्योहार की रौनक को शराब आदि पीकर बर्बाद न करें। अपने घर में और परिवार के लोगों के बीच धन खर्च करें। कोई ऐसे कार्य में धन खर्च न करें जिससे स्वयं का ही नुकसान हो। कहा कि त्योहार के दौरान यदि कोई संदिग्ध व्यक्ति दिखे तो इसकी सूचना पुलिस को दें। यदि किसी नागरिक को लगता है कि कहीं कोई गलत कार्य हो रहा है और माहौल खराब होने की आशंका है तो इसकी जानकारी भी तत्काल पुलिस को दें। अधिकांश घटना हो चुकने के बाद जानकारी दी जाती है, यदि यह जानकारी पहले ही दे दी जाए तो घटना होगी ही नहीं।

# रमज़ान में टाइम मैनेजमेंट रोज़ा और नमाज के साथ संतुलित जिंदगी

अवधनामा संवाददाता

**सम्भल।** रमजान बरकतों और रहमतों का महीना है। इस महीने में अल्लाह तआला हमें एक खास ट्रेनिंग देता है, और वह है टाइम मैनेजमेंट की। सहरी का वक्त तय, इफ्तार का वक्त तय, पाँचों नमाज़ों के औकात तय। यानी रमज़ान हमें सिखाता है कि



एक मोमिन की जिंदगी बेतरतीब नहीं, बल्कि वक़्त के हिसाब से चलने वाली होनी चाहिए। टाइम मैनेजमेंट क्यों ज़रूरी है। जर्नल सेक्रेटरी तंज़ीम उलामा ए अहले सुन्नत सम्भल मौलाना फ़ैज़ान अशरफ़ हामिदी ने बताया कि कुरआन में आता है कि बेशक नमाज़ मोमिनों पर वक़्त मुकर्रर में फर्ज की गई है। इस आयत से साफ पता चलता है कि इस्लाम वक़्त की पाबंदी चाहता है। अगर नमाज़ अपने वक़्त पर पढ़ी जाए तो पूरा दिन अपने आप सही ढंग से बँट जाता है। इसलिए रमजान में सबसे पहले अपनी नमाज़ का शेड्यूल मजबूत करें। रमज़ान में बेहतर टाइम मैनेजमेंट कैसे करें। सुबह की सही शुरुआत सहरी से थोड़ा पहले उठें। तह जुद और दुआ के लिए कुछ मिनट निकालें। फिर सहरी करें और फज्र की नमाज अदा करें। फज्र के बाद 15-20 मिनट कुरआन पढ़ने की आदत डाल लें। दिन की शुरुआत ही इबादत से होगी तो बरकत महसूस होगी। दिन का प्लान बनाएं: चाहे आप नौकरी करते हों, कारोबार या तालीम में हों, अपना दिन पहले से तय करें। जरूरी काम पहले निपटाएँ। कोशिश करें कि बेवजह बातें और मोबाइल का इस्तेमाल कम हो। आराम का सही वक्तः जुहर के बाद थोड़ा आराम कर लें। इससे थकान कम होगी और शाम तक रोज़ा आसान लगेगा। अस्र के बाद इबादतः अस्र के बाद का वक़्त बहुत कीमती है। यह दुआ की कबूलियत का वक़्त है।

## विनोद बाबा की शरण में लक्ष्मी लिया आशीर्वाद

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश सरकार में गन्ना एवं चीनी उद्योग विभाग के कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण श्रीराधारानी के पावन धाम बरसाना में पहुंच कर प्रसिद्ध संत शिरोमणि विनोद बाबा महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया इस दौरान कैबिनेट मंत्री ने बाबा महाराज जी का विधिवत पुष्प अर्पित कर माला एवं पटुका उड़ाकर स्वागत किया। इस दौरान विनोद बाबा महाराज जी ने श्री राधाकृष्ण स्थली पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रेम सरोवर बरसाना में बड़ा ही रमणीय स्थल एवं अत्यन्त महत्वपूर्ण पवित्र सरोवर है। जिसे विद्वत जनों एवं पौराणिक कथाओं में वर्णित श्री राधाकृष्ण की प्रेम लीला और विरह के आंसुओं से उत्पन्न माना जाता है। यह पवित्र सरोवर न केवल श्रद्धालुओं के लिए दर्शन का प्रमुख केन्द्र है। बल्कि मान्यता है कि यहां स्नान करने से श्रद्धालुओं को दिव्य प्रेम आध्यात्मिक शांति और आध्यात्मिक ऊर्जा की प्राप्ति होती है। इसी पवित्र सरोवर पर श्री राधाकृष्ण जी का एक दिव्य एवं भव्य मंदिर निर्माण करने का ऐतिहासिक फैसला किया गया।

# सुभाष नगर का नाला बना कूड़े का ढेर

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** महानगर के हृदय स्थल होलीगेट क्षेत्र में सुभाष नगर नाला, गांधी आश्रम के सामने स्थित वार्ड संख्या 26 का नाला इन दिनों पूरी तरह कूड़े-कचरे से अटा पड़ा है। नाले की सफाई पिछले काफी दिनों से नहीं कराई गई, जिसके चलते आसपास के क्षेत्र में गंदगी फैल गई है। दुर्गंध के कारण राहगीरों का निकलना मुश्किल हो गया है, वहीं मच्छरों का प्रकोप भी तेजी से बढ़ रहा है। स्थानीय नागरिकों को इस गंदगी के चलते भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि होली पर्व नजदीक है और ऐसे में शहर की स्वच्छता व्यवस्था को दुरुस्त किया जाना चाहिए, लेकिन नाले की बदहाली से नगर निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। नाले में जमा कूड़े के कारण पानी की निकासी बाधित हो गई है और बारिश या अधिक पानी आने पर गंदा पानी सड़कों पर फैलने की आशंका



■ होली से पहले स्वच्छता अभियान तेज करने की जरूरत

बनी हुई है, जिससे बीमारियों का खतरा भी बढ़ सकता है।

होली पर्व को देखते हुए स्थानीय नागरिकों ने नगर निगम से विशेष स्वच्छता अभियान चलाने की मांग की है। लोगों का सुझाव है कि सबसे पहले नाले की तत्काल मशीनों से सफाई कराई जाए, ताकि जमा कूड़ा पूरी तरह हटाया जा सके। इसके साथ ही क्षेत्र में नियमित रूप से कूड़ा उठान की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए और डोर-टू-डोर कलेक्शन को प्रभावी बनाया जाए। दुर्गंध और मच्छरों से निजात दिलाने के लिए नाले एवं आसपास के क्षेत्र में चूना, फिनाइल अथवा कीटनाशक दवाओं का छिड़काव कराया जाए।

नागरिकों का यह भी कहना है कि सफाई कर्मियों की प्रतिदिन निगरानी की व्यवस्था होनी चाहिए, जिससे सफाई कार्य नियमित रूप से हो सके। साथ ही सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा न फेंकने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाए और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की जाए। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि यदि समय रहते सफाई नहीं कराई गई तो होली पर्व पर श्रद्धालुओं और आम नागरिकों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ेगा।

# खाद्य सुरक्षा टीम ने तीन दुकानों के भरे सैंपल

अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** आगामी होली त्योहार को देखते हुये व शासन द्वारा प्राप्त आदेशों के क्रम में जनपद की कालपी तहसील में खाद्य सुरक्षा विभाग ने कार्यवाही कर विभिन्न प्रतिष्ठानों से खाद्य पदार्थ किसमिस, बेसन, कचरी, मिठाई के नमूने संग्रहित किये उक्त चैकिंग से दुकानदारों के बीच हड़कंप मच गया।

आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन लखनऊ, उ0प्र0 एवं जिलाधिकारी महोदय जालौन राजेश कुमार पाण्डेय के आदेशानुसार व नायब तहसीलदार मुकेश कुमार व सहायक आयुक्त (खाद्य) जालौन डॉ0 जतिन कुमार सिंह के नेतृत्व में त्योहार पर आमजन को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन जनपद जालौन की टीम लगातार सक्रिय है होली त्योहार पर लोगों को सुरक्षित



आहार उपलब्ध कराने हेतु खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा कालपी तहसील के मुख्य बाजार कालपी में नीरज किराना टर्ननन गंज कालपी के प्रतिष्ठान से खाद्य पदार्थ किशमिश और बेसन का नमूना, मनोज कुमार के प्रतिष्ठान से खाद्य पदार्थ कचरी का नमूना राजमार्ग स्थित गवद्धे के हलवा प्रतिष्ठान से खाद्य पदार्थ गुझिया मिठाई का नमूना संग्रहित कर परीक्षण हेतु प्रयोगशाला भेजा गया जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत दोषी पाए जाने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत विधिक कार्यवाही की जाएगी विभागीय टीम द्वारा यह अभियान लगातार जारी है और त्योहारों तक जिले के विभिन्न बाजारों में निरीक्षण चलता रहेगा।

# नि:शुल्क आरओ प्लांट का हुआ भूमि पूजन

**अवधनामा संवाददाता**

**फतेहपुर।** जनपद के हसवा विकास खंड क्षेत्र के कुसुंभी गांव में निशुल्क आरओ प्लांट लगाए जाने की खबर मिलते ही ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। गांव में शुद्ध पेयजल की सुविधा मिलने की जानकारी से लोग एक-दूसरे को बधाई देते नजर आए। ग्रामीणों का कहना है कि अब उन्हें स्वच्छ और शुद्ध पानी के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। लाल बहादुर शास्त्री मेमोरियल फाउंडेशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में आरओ प्लांट का विधिवत भूमि पूजन किया गया। भूमि पूजन के अवसर पर प्रभारी मंत्री अजीत पाल, भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव, विभाकर शास्त्री एवं विराज शास्त्री मौजूद रहे। प्रभारी मंत्री अजीत पाल ने कहा कि फतेहपुर जनपद में इस तरह की पहल सराहनीय है। उन्होंने कहा कि विराज शास्त्री द्वारा



■ कुसुंभी गांव में शुद्ध पानी की सौगात, निशुल्क आरओ प्लांट का भूमि पूजन ■ लाल बहादुर शास्त्री मेमोरियल फाउंडेशन के बैनर तले विभाकर शास्त्री एवं उनके पुत्र विराज शास्त्री की पहल

कुसुंभी गांव में निशुल्क आरओ प्लांट की स्थापना से बड़ी संख्या में ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध होगा। भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव ने कहा कि यह पहल जनपद के लिए एक उदाहरण है। उन्होंने बताया कि पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय हरिकृष्ण शास्त्री के पोते विराज शास्त्री द्वारा यह जनहितकारी कार्य कराया जा रहा है, जो समाज सेवा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। विभाकर शास्त्री ने कहा कि उनके पिता स्वर्गीय हरिकृष्ण शास्त्री ने कांग्रेस सरकार में केंद्रीय मंत्री रहते हुए जनसेवा को प्राथमिकता दी थी। उनके अधूरे सपनों को साकार करने के उद्देश्य से फाउंडेशन के माध्यम से कुसुंभी गांव में निशुल्क आरओ प्लांट स्थापित किया जा रहा है, जिससे सैकड़ों ग्रामीणों को शुद्ध पानी मिलेगा। वहीं विराज शास्त्री ने कहा कि वे अपने दादा के सपनों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के नारे ÷जय जवान, जय किसान÷ को याद करते हुए कहा कि यह नारा आज भी उतना ही प्रासंगिक है। उन्होंने बताया कि आगामी एक वर्ष में लगभग आधा दर्जन निशुल्क आरओ प्लांट लगाने का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही शहर के प्रमुख चौराहों, रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड सहित अन्य स्थानों पर वाटर एटीएम स्थापित करने की भी योजना है। इस अवसर पर नीटू मिश्रा, अभय प्रताप सिंह, मुखलाल पाल, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शिवा ठाकुर (एड.), विनायक सिंह, सानू सिंह, पप्पू सिंह, रज्जू प्रसाद अवस्थी, सोनू पांडेय, बीरू ठाकुर, समर बहादुर सिंह, जूली सिंह, रामप्रताप गौतम, संजय लाल, चुन्नू महाराज, योगेश पांडेय सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने 15वें वित्त आयोग की धनराशि द्वारा कार्यों की समीक्षा वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग की

**अवधनामा संवाददाता**

**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन की अध्यक्षता में 15वें वित्त आयोग की टाइड एवं अनटाइड ग्रांट से प्राप्त व अवशेष धनराशि से प्राप्त कराए जाने वाले नगर पालिका परिषद शिकोहाबाद, टूंडला, सिरसागंज व नगर पंचायत जसराना फरिहा एवं एका के कार्यों की समीक्षा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष में की गई, सर्वप्रथम नगर पालिका शिकोहाबाद द्वारा 15वें वित्त आयोग की टाइट ग्रांट की प्रथम एवं द्वितीय किस्त में प्राप्त धनराशि एवं अवशेष धनराशि से कुल 09 कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया गया, जिसमें जिलाधिकारी ने दो कार्य जो वार्ड नंबर 17 में एटा चौराहे तक आरसीसी कवर्ड नाला निर्माण का कार्य तथा वार्ड नंबर 19 में मैनपुरी चौराहा पर कृष्णा फास्ट फूड सेंटर, मां मोबाइल सेंटर तक आरसीसी कवर्ड नाला निर्माण के कार्य को स्वीकृति प्रदान नहीं की गई, जिलाधिकारी ने कहा कि पहले इन कार्यों का ब्यौरा पुनः प्रस्तुत किया जाए, तभी इसकी स्वीकृति प्रदान की जाएगी, इसी तरह नगर पालिका परिषद टूंडला द्वारा 15 वें वित्त आयोग की टाइड ग्रांट की प्रथम एवं द्वितीय किस्त में प्राप्त धनराशि से 14 कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया गया, जिसमें जिलाधिकारी ने पांच कार्यों को छोड़कर शेष कार्य को स्वीकृति प्रदान की, इनमें महत्वपूर्ण रही 50.38 लाख की लागत से वार्ड नंबर 7 में कच्चा टूंडला में नवीन नलकूप अधिष्ठापन का कार्य तथा वार्ड नंबर 17 में शनि देव मंदिर के पीछे रिबोर नलकूप का कार्य जो 35.11 लाख की लागत से निर्मित किया जाना था, जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि इन कार्यों को भली-भांती देख लें, तभी इसकी स्वीकृति प्रदान की जाएगी, इसी तरह नगर पालिका परिषद सिरसागंज द्वारा 15वें वित्त आयोग की टाइड ग्रांट की प्रथम एवं द्वितीय किस्त में प्राप्त धनराशि से 34.44 लाख की लागत से 6 कार्यों को स्वीकृति प्रदान की, इसी तरह नगर पंचायत जसराना द्वारा 15 वें वित्त आयोग की प्रथम एवं द्वितीय किस्त की धनराशि से कुल 7 कार्य प्रस्तुत किए गए, जिसमें से जिलाधिकारी ने दो कार्य जिनमे वार्ड संख्या 6 में पुराने बिजली घर से रामबाबू के मकान के आगे तक 2672000 की धनराशि से आरसीसी नाला निर्माण का कार्य तथा 141991 धनराशि की लागत से दारापुर मिलावली गौशाला में विद्युत संयोजन कनेक्शन अधिष्ठापन के कार्य को स्वीकृति नहीं प्रदान की।

जिलाधिकारी ने कहा कि एक बार पुनः ब्यूरा तैयार कर प्रस्तुत किया जाए, इसी तरह नगर पंचायत फरिहा में टाइट ग्रांट की प्रथम एवं द्वितीय किस्त में प्राप्त धनराशि से 10 कार्यों का विवरण प्रस्तुत किए गए, जिसमें जिलाधिकारी ने एक कार्य 20 एचपीबी.8 केएसबी में समरसिबिल की जलापूर्ति जो की 195000 धनराशि की लागत से हो रहे कार्यों की स्वीकृति नहीं प्रदान की, इसी तरह नगर पंचायत एका द्वारा टाइड ग्रांट की प्रथम व द्वितीय किस्त में प्राप्त धनराशि के पांच कार्य प्रस्तुत किए गए, जिसमें जिलाधिकारी ने एक कार्य जो 4659000 धनराशि की लागत से वार्ड नंबर 6 में पक्का नाला एवं आरसीसी सड़क से संबंधित था उसकी स्वीकृति नहीं प्रदान की।

# फतेहपुर में गरजा सीजेए, पत्रकार सुरक्षा कानून की फिर उठी मांग

■ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नवनीत रावत पहुंचे फतेहपुर, राष्ट्रीय महासचिव शीबू खान के साथ की संयुक्त प्रेस वार्ता

■ जिलाध्यक्ष त्रिभुवन सिंह ने अपनी टीम के साथ किया स्वागत

**अवधनामा संवाददाता**

**फतेहपुर।** साइबर जर्नलिस्ट एसोसिएशन (सीजेए) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नवनीत रावत के फतेहपुर आगमन पर संगठन के जिला अध्यक्ष त्रिभुवन सिंह ने अपनी टीम के साथ उनका जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय महासचिव शीबू खान भी मौजूद रहे।

प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नवनीत रावत एवं राष्ट्रीय महासचिव शीबू खान ने कहा कि देश में पत्रकारों का उत्पीड़न लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने पत्रकारों की आर्थिक एवं दयनीय स्थिति एवं प्रशासनिक उपेक्षा पर चिंता जताई। आगे कहा कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को मजबूत करने के लिए ठोस नीतिगत कदम उठाए जाने की आवश्यकता है। इस दौरान सीजेए पदाधिकारियों ने पुनः देशभर में पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने, मीडिया आयोग के गठन, पत्रकारों का अनिवार्य रजिस्ट्रेशन, मान्यता प्रक्रिया का सरलीकरण, पत्रकारों के लिए मानदेय एवं पेंशन व्यवस्था लागू करने की मांग उठाई। साथ ही पत्रकारों एवं उनके परिजनों के लिए स्वास्थ्य एवं दुर्घटना बीमा, शिक्षा एवं स्वास्थ्य क्षेत्र में रियायत तथा सरकारी योजनाओं का प्राथमिकता के आधार पर लाभ दिए जाने की भी मांग की गई। इस दौरान उत्तराखण्ड राज्य सह प्रभारी पारुल सिंह ने अपने कार्यालय में संगठन के पदाधिकारियों का सम्मान किया। बैठक में संगठन विस्तार को लेकर विस्तृत चर्चा हुई और सदस्यता अभियान को गति देने पर जोर दिया गया।

कार्यक्रम में साइबर जर्नलिस्ट एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष त्रिभुवन सिंह, इसरार अहमद मुमताज, पंकज सक्सेना, अरुण कुमार, राहुल सिंह, लक्ष्मी सिंह, संजय सिंह सहित कई पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

# उद्यमियों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता है

■ प्रभारी मंत्री/राज्यमंत्री ने व्यापारियों एवं उद्यमियों की संवाद कार्यक्रम में सुनी समस्यायें

**अवधनामा संवाददाता**




**कन्नौज।** जनपद प्रभारी मंत्री/राज्य मंत्री रजनी तिवारी (उच्च शिक्षा विभाग), उत्तर प्रदेश ने गुरूवार को कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में आयोजित व्यापारियों एवं उद्यमियों के संवाद कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि देश निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है और इस विकास यात्रा में व्यापारियों तथा उद्यमियों का महत्वपूर्ण योगदान है।

उन्होंने कहा कि उद्योग एवं व्यापार को सशक्त बनाना सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है और उद्यमियों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर कराया जाएगा। संवाद कार्यक्रम के दौरान व्यापारियों एवं उद्यमियों द्वारा विभिन्न समस्याएं और सुझाव प्रस्तुत किए गए। उन्होंने अवगत कराया कि लगभग 45 वर्ष पुराने औद्योगिक क्षेत्र का अब तक विस्तार नहीं हो पाया है। साथ ही एफएफडीसी में प्रशिक्षण के साथ-साथ शोध कार्यों पर भी विशेष ध्यान दिए जाने की आवश्यकता बताई गई। इत्र पार्क की व्यवस्थाओं को और अधिक सुचारू बनाए जाने तथा इत्र इकाइयों के लिए गैस आपूर्ति व्यवस्था को व्यावसायिक रूप से व्यवहार्य बनाए जाने का भी सुझाव दिया गया। व्यापारियों ने सरायमीरा बस स्टॉप के आसपास बढ़ते अतिक्रमण की समस्या की ओर भी ध्यान आकर्षित किया। इसके अतिरिक्त बिजली बिल राहत योजना के अंतर्गत सभी उपभोक्ताओं को लाभ न मिलने तथा योजना में ब्याज में अतिरिक्त राहत प्रदान किए जाने की मांग भी उठाई गई। मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन समस्याओं का समाधान जनपद स्तर पर संभव है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निस्तारित किया जाए तथा जो समस्याएं शासन स्तर से संबंधित हैं, उनके प्रस्ताव शासन को प्रेषित किए जाएंगे। उन्होंने सामाजिक सहभागिता पर बल देते हुए कहा कि जनपद के व्यापारी एवं उद्यमी विद्यालयों में बेंच, टेबल, पेयजल आदि मूलभूत सुविधाओं के विकास में स्वेच्छा से योगदान दें। उन्होंने कहा कि सहयोग प्रदान करने वाले उद्यमियों के नाम विद्यालय में स्थापित शिलापट्ट पर अंकित किए जाएंगे, जिससे समाज में सकारात्मक संदेश जाएगा। बैठक में जनपद स्तरीय अधिकारीगण, व्यापारी प्रतिनिधि एवं उद्यमी उपस्थित रहे।

## शान में गुस्ताखी न हो इस लिए कलेक्ट्रेट में नाकेबंदी

**सुलतानपुर।** कलेक्ट्रेट में गुरुवार को कमिश्नर व डीआईजी की समीक्षा बैठक में जिले के बड़े साहब की शान में खलल न पैदा हो और बड़े साहब के शान में गुस्ताखी न हो इस लिए कलेक्ट्रेट गेट के अंदर बैरियर लगाकर नाकेबंदी की गई है। अगर कोई बलपूर्वक घुसने का प्रयास करे तो उसके लिए पुलिस तैनात कर दी गई है। यह कोई मजाक नही। यह वास्तविक सीन है गुरुवार को जब कमिश्नर और डीआईजी मीटिंग करें तो उनकी परछाई भी कोई न देख पाए। यह सब सिर्फ सरकारी तंत्र के लिए ही एलाऊ है। बैठक में हुई कमियां निकलकर बाहर न आए इस लिए मीडिया पर भी पहरा है। अगर कोई बड़ी मुश्किल के बाद साहबों के इर्द गिर्द पहुंच भी जाता है तो उसके लिए जिला सूचना अधिकारी दरवान की तरह जमे हैं। रामराज की झलक सिर्फ रोड से पा सकते हैं। इसी लिए सूचना अधिकारी की ओर से कमिश्नर व डीआईजी के कार्यक्रम को गोपनीय रखा गया है। शायद इसी लिए और सूचना अधिकारी की ओर से मीडिया को जानकारी भी नहीं दी गई। ताकि बंद कमरे की शोरगुल मीडिया तक न पहुंचे पाए।

# माहे रमजान खुदा की इबादत का महीना है: हारून

■ रमजान में अल्लाह की बारगाह में समर्पित हो जायें : जाबेद अहमद



**अवधनामा संवाददाता**

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** ब्लाक तालग्राम के ग्राम मझपुर्वा प्रधान प्रतिनिधि हारून अहमद सिद्दीकी एवं सपा नेता जाबेद अहमद ने गुरूवार को ग्राम के वाशिंदों एवं रोजदारों को माहे रमजान की मुबारकबाद देकर माहे रमजान का महत्व बताते हुये अल्लाह के बताये गये रास्ते पर चलनें के लिये प्रेरित किया है। ग्राम मझपुर्वा प्रधान प्रतिनिधि हारून अहमद सिद्दीकी ने बताया कि यह महीना संयम और समर्पण के साथ खुदा की इबादत का महीना माना जाता है जिसमें हर आदमी अपनी रूह को पवित्र करने के साथ अपनी दुनियादारी की हर हरकत को पूरी तत्परता के साथ बस में रखते हुए केवल अल्लाह की बारगाह में समर्पित हो जाता है। सपा नेता जाबेद अहमद नें कहा कि रमजान महीने की 27वीं रात शव-ए-कद्र को कुरान का अवतरण हुआ था। रमजान में तरावीह की नमाज पढ़ने, कुरान पढ़ने अपनी तथा अपने समाज व देश की उन्नति के लिए अल्लाह से दुआ करने दान देने और धार्मिक कार्य करने का बहुत महत्व कुरान में लिखा है तुम पर रोजे अनिवार्य किए गए हैं। जिस प्रकार तुम से पहले लोगों के लिए जरूरी किए गए थे ताकि तुम परहेज गारी पैदा हो रमजान कहता है। भूखे प्यासे बीमार लाचार जरूरतमंद व्यक्तियों की मदद करो रमजान महीने को पांच बुनियादी स्तंभ जैसे शहादा, सलाद (नमाज) सौम (रोजा) जकात और हज में से एक स्थान दिया गया है।

## लापता हुई बालिका की गुमशुदगी दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज (अवधनामा संवाददाता)** क्षेत्र के ग्राम टपकापुर निवासी बलेक्टर पाल पुत्र रामसनेही द्वारा कोतवाली में दर्ज कराई गई गुमशुदगी में कहा गया है कि विगत 24 फरवरी को रात्रि 10 बजे उसकी 10 वर्षीय पुत्री प्रांसी पाल घर से बिना बताए कहीं चली गई। जब वह काफी समय तक घर वापस नहीं आई तो परिजनों द्वारा पास पढ़ोस सहित रिश्तेदारियों में काफी खोजबीन की गई लेकिन कोई सुराग न लग सका। पीड़ित पिता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा लापता हुई किशोरी की गुमशुदगी दर्ज कर खोजबीन शुरू कर दी गई है।

## ई.वी.एम.वी.वी. पैट वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण 27 को

**फिरोजाबाद (अवधनामा संवाददाता)** कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उ.प्र., लखनऊ के अन्तर्गत जनपदों में स्थापित ई.वी.एम.वी.वी. पैट वेयर हाउस का मासिक-त्रैमासिक निरीक्षण कराने के निर्देश दिये गये हैं। उक्त के क्रम में अवगत कराना है कि जिला निर्वाचन कार्यालय में स्थापित ई.वी.एम.वी.वी. पैट वेयर हाउस के माह फरवरी, 2026 का मासिक निरीक्षण कराये जाने हेतु जिलाधिकारी-जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा 27-02-2026 को प्रातः 10.00 बजे निर्धारित किया गया है। ई.वी.एम.वी.वी. पैट वेयर हाउस के माह फरवरी, 2026 के मीसिक निरीक्षण की निर्धारित तिथि व समय पर प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

## मासिक ई पत्रिका का सत्ताईसवां अंक लोकार्पित

**सुलतानपुर (अवधनामा संवाददाता)** राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय की मासिक ई पत्रिका प्रतिबिम्ब के सत्ताईसवें अंक का गुरुवार को आनलाइन लोकार्पण हुआ। यह जानकारी देते हुए पत्रिका के प्रधान सम्पादक असिस्टेंट प्रोफेसर ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह रवि ने बताया कि प्राचार्य प्रोफेसर दिनेश कुमार त्रिपाठी ने तीसरे वर्ष के तीसरे अंक की पीडीएफ फाइल को महाविद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों, कर्मचारियों व अभिभावकों के लिए सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर जारी कर दिया है। इस अंक में होली पर विशेष कविताएं भी हैं। पत्रिका विद्यार्थियों के साथ ही अन्य लोगों के बीच भी तेजी से शेयर की जा रही है।

# जनगणना-2027 को लेकर जिला स्तरीय प्रशिक्षण शुरू

**अवधनामा संवाददाता**

■ संभल में डिजिटल जनगणना पर कार्यशाला आयोजित

■ पहली बार पूरी तरह डिजिटल होगी जनगणना-2027

■ मोबाइल ऐप और सेल्फ एन्यूमरेशन से होगी जनगणना

■ मकान सूचीकरण व गणना पर दिया गया विशेष प्रशिक्षण

**संभल (बहजोई)** कलेक्ट्रेट सभागार बहजोई में जिलाधिकारी डॉ.राजेंद्र पैंसिया के निर्देशन एवं अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय जनगणना समन्वय समिति एवं जनगणना-2027, प्रथम-मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना जनपद स्तरीय प्रशिक्षण एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा ने जनगणना की रूपरेखा के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी दी उन्होंने कहा कि जनगणना राष्ट्रीय महत्व का कार्य है। उन्होंने कहा कि यह कार्यशाला दिनांक 26 से 27 फरवरी 2026 तक आयोजित की जाएगी, जिसके क्रम में प्रथम दिवस दिनांक 26 फरवरी 2026 को कलेक्ट्रेट सभागार, सम्भल में जनगणना-2027 के अंतर्गत जिला एवं चार्ज स्तर के जनगणना पदाधिकारियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य भारत की जनगणना की प्रक्रिया, जनगणना-2027 की विशेषताओं तथा अधिकारियों की भूमिका एवं उत्तरदायित्वों से अवगत कराना रहा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में बताया गया कि जनगणना-2027 भारत की पहली पूर्णतः डिजिटल जनगणना होगी, जिसमें आंकड़ा संग्रह मोबाइल ऐप के माध्यम से किया जाएगा तथा कार्यों की निगरानी CMMS पोर्टल द्वारा की जाएगी। पहली बार नागरिकों को स्व-गणना (Self Enumeration) के माध्यम से वेब पोर्टल पर अपनी जानकारी दर्ज करने का अवसर भी दिया जाएगा, जिसका सत्यापन प्रगणकों द्वारा किया जाएगा। स्व-गणना की अवधि 7 मई से 21 मई होगी। जनगणना-2027 का प्रथम चरण मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना (HLO) 22 मई से 20 जून 2026 तक आयोजित किया जाएगा। इस चरण में सभी भवनों, जनगणना मकानों एवं परिवारों की पहचान कर आवासीय सुविधाओं से संबंधित जानकारी एकत्र की जाएगी, जिससे आगामी जनसंख्या गणना के लिए आधार तैयार किया जा सके। प्रशिक्षण में जनगणना अधिकारियों की भूमिका पर विशेष बल देते हुए बताया गया कि जनगणना केवल जनसंख्या की गणना नहीं है, बल्कि यह देश की विकास योजनाओं, संसाधनों के वितरण, आवास एवं आधारभूत सुविधाओं के विकास तथा जनकल्याणकारी योजनाओं के निर्माण का आधार है। कार्यक्रम में अधिकारियों को जनगणना अधिनियम 1948 एवं संबंधित नियमों की जानकारी भी दी गई तथा समयबद्ध एवं त्रुटिरहित जनगणना कार्य सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों से जनगणना कार्य को राष्ट्रीय महत्व का दायित्व मानते हुए पूर्ण निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का आह्वान किया गया। जनगणना-2027 की सफलता जिला एवं चार्ज स्तर के अधिकारियों के सक्रिय सहयोग, तकनीकी दक्षता तथा प्रभावी निगरानी पर निर्भर करेगी, जिससे सटीक एवं विश्वसनीय आंकड़े उपलब्ध कराए जा सकें और देश के विकास की मजबूत आधारशिला तैयार हो सके। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर नीतू रानी, डिप्टी कलेक्टर निधि पटेल, उप जिलाधिकारी संभल रामानुज, उप जिलाधिकारी चंदौसी आशुतोष तिवारी, तहसीलदार चंदौसी, तहसीलदार गुन्नौर, तहसीलदार संभल, जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी रत्नेश कुमार, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका संभल, अनिल कुमार मौर्य, जिला प्रभारी जनगणना सहित समस्त संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# निर्माण पर दलालों का शिकंजा, जेब गरम करो, वरना नोटिस पक्की

**अवधनामा संवाददाता**

**सुल्तानपुर।** नगर से लेकर तहसील क्षेत्र तक इन दिनों भवन निर्माण मानो सिस्टम के रहमोकरम पर चल रहा है। हालात ऐसे हैं कि अगर कोई आम या खास व्यक्ति अपना घर या दुकान बनाना चाहता है, तो उसे पहले कुछ चुनिंदा दलालों की चौखट पर हाजिरी देनी पड़ती है। जेब गरम कर दी तो सब ठीक वरना नोटिस और कार्रवाई तय मानिए।

सूत्र बताते हैं कि इन दलालों का नेटवर्क राजस्व और विनियमित विभाग तक गहरी पैठ बनाए हुए है। फाइलों की रफ्तार, नोटिस की टाइमिंग और कार्रवाई की धार सब कुछ पैसों की गर्मी पर निर्भर बताया जा रहा है। चौंकाने वाली बात यह है कि इस पूरे खेल में कुछ राजस्व कर्मी, कुछ कलमकार, कुछ कानून के जानकार माने जाने और संगठन चलाने वाले सफेदपोश चेहरे भी शामिल बताए जा रहे हैं। मॉडल सीधा है निर्माण की भनक लगते ही चुगली और दबाव की रणनीति। पहले डर पैदा करो, फिर समाधान का ऑफर दो। अगर मोटी रकम मिल गई तो मामला रफा-दफा नहीं तो नियम-कायदों की पूरी किताब खोल दी जाती है। सवाल यह है कि जब नियम सबके लिए समान हैं तो कार्रवाई का तराजू पैसे के हिसाब से क्यों झुकता है। जनता पूछ रही है क्या निर्माण अब अधिकार नहीं सौदेबाजी का जरिया बन चुका है और क्या जिम्मेदार अधिकारी इस खेल से वाकिफ नहीं हैं या फिर मौन ही उनकी सहमति है। जब तक इस गठजोड़ पर सख्त लगाम नहीं लगेगी, तब तक आम आदमी का सपना अपना घर दलाली की भेंट चढ़ता रहेगा।

## संतराम अग्रहरि हत्याकांड में भाजपा नेता व भाई के खिलाफ वारंट

**सुलतानपुर।** बहुचर्चित संतराम अग्रहरि हत्याकांड में बड़ा घटनाक्रम सामने आया है। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट ने मामले में नामजद भाजपा नेता अर्जुन पटेल और उनके भाई प्रदीप वर्मा के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। कोर्ट के आदेश के बाद पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो गए हैं। गौरतलब है कि 8 अक्टूबर 2024 की रात दोस्तपुर थाना क्षेत्र के गोसैसिंहपुर में संतराम अग्रहरि की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मृतक के बेटे की तहरीर पर मुकदमा दर्ज हुआ था, जिसमें नौ आरोपियों को जेल भेजा जा चुका है। परिजनों का आरोप है कि भाजपा नेता और उनके भाई को शुरुआत से ही बचाया जा रहा था। बताया जा रहा है कि आरोपियों ने गिरफ्तारी से बचने के लिए हाईकोर्ट का भी रुख किया, लेकिन राहत नहीं मिली। इसके बावजूद अब तक उनकी गिरफ्तारी नहीं हो सकी। मृतक की पत्नी ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर न्याय और सुरक्षा की मांग की है।

# डीएम ने तहसील गुन्नौर का किया निरीक्षण

**अवधनामा संवाददाता**

**सम्भल (बहजोई)** जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया द्वारा तहसील गुन्नौर एवं विकासखण्ड गुन्नौर एवं थाना गुन्नौर का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी द्वारा सर्वप्रथम तहसील गुन्नौर का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने तहसील परिसर में नवनिर्मित राजस्व निरीक्षक कक्ष का फीता काटकर शुभारंभ किया एवं पटल से संबंधित कार्यों के विषय में जानकारी प्राप्त की एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी द्वारा कार्यालय पूर्ति निरीक्षक का निरीक्षण किया एवं कार्यालय चकबंदी अधिकारी का निरीक्षण किया तथा संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि कार्यालय को एक सप्ताह में व्यवस्थित रूप में तैयार किया जाए एवं साफ़ सफाई पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप वर्मा द्वारा तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार न्यायालय का निरीक्षण



किया तथा 3 वर्ष एवं 5 वर्ष से ऊपर के वाद के विषय में जानकारी प्राप्त की विरासत एवं धारा 67 से संबंधित रजिस्टर चेक किये एवं पुरानी फाईल चेक की एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके उपरांत जिलाधिकारी द्वारा विकासखण्ड गुन्नौर का निरीक्षण किया खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय को देखा तथा पुनर्निर्माण किये गये सहायक विकास अधिकारी कक्ष का निरीक्षण किया एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी द्वारा परिसर स्थित सड़क मरम्मत तथा जर्जर भवन के मूल्यांकन को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके उपरांत जिलाधिकारी द्वारा थाना गुन्नौर का निरीक्षण किया गया भूमि विवाद रजिस्टर, अपराध रजिस्टर तथा जमानत रजिस्टर, मिशन शक्ति निरीक्षण, निरोधात्मक कार्यवाही रजिस्टर, काउंसलिंग रजिस्टर, एण्टी रोमियो रजिस्टर को चेक किया एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी द्वारा शस्त्र लाइसेंस से संबंधित जानकारी प्राप्त की तथा संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि जिनके शस्त्र जारी हैं उनमें कितने लोगों पर मुकदमे चल रहे हैं उसकी सूची सात दिवस में अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी द्वारा थाना के एस आई रोहित द्वारा दादरी से गुम हुए बच्चा जोकि जनपद में आ गया था, सोशल मीडिया के माध्यम से उसके माता पिता का पता लगाया उसकी सराहना की तथा संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि थाना स्तर पर सकारात्मक समाचार जोकि घरों को जोड़ने से संबंधित हों या दो विवादों के समाधान के हों या फिर लापता को ढूंढने से संबंधित हों उससे संबंधित सकारात्मक समाचार को सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचारित किया जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप वर्मा, उप जिलाधिकारी गुन्नौर अवधेश कुमार, तहसीलदार गुन्नौर तथा खण्ड विकास अधिकारी गुन्नौर कमल कांत एवं संबंधित थानाध्यक्ष एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# देवरिया में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 161 जोड़ों का विवाह संपन्न

**अवधनामा संवाददाता**

**देवरिया।** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत राजकीय आईटीआई/केंद्रीय विद्यालय परिसर, देवरिया में भव्य सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कुल 161 जोड़ों का विवाह सम्पन्न कराया गया, जिनमें 154 हिंदू जोड़ों का वैदिक रीति-रिवाज से विवाह एवं 07 मुस्लिम जोड़ों का निकाह विधिवत संपन्न हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में देवरिया सदर के विधायक शलभ मणि त्रिपाठी उपस्थित रहे। उनके साथ मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, उपजिलाधिकारी देवरिया सदर, राजू मणि (एमएलसी प्रतिनिधि), अवधेश सिंह (एमएलसी प्रतिनिधि), पवन कुमार गुप्ता (प्रमुख, देवरिया सदर), सरिता प्रकाश (चेयरमैन, नगर पंचायत बैतालपुर), जिला समाज कल्याण अधिकारी, खंड विकास अधिकारी देवरिया सदर एवं बैतालपुर सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद रहे। इसके अतिरिक्त दिनेश त्रिपाठी (जिलाध्यक्ष, माध्यमिक शिक्षक संघ) तथा राजेश सिंह श्रीनेत (जिलाध्यक्ष, अखिल भारतीय क्षेत्रीय महासंघ) सहित शहर के अनेक गणमान्य नागरिकों ने कार्यक्रम में सहभागिता की और नवविवाहित जोड़ों को सफल दांपत्य जीवन के लिए आशीर्वाद दिया। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि यह योजना सभी वर्गों के लिए संचालित है। योजना के तहत प्रत्येक जोड़े पर कुल 1,00,000 व्यय किए जाने का प्रावधान है। इसमें से 60,000 की धनराशि सीधे विवाहिता कन्या के बैंक खाते में अंतरित की जाती है, 25,000 की उपहार सामग्री प्रदान की जाती है तथा 15,000 कार्यक्रम आयोजन पर व्यय किया जाता है।



## अर्श से फर्श पर श्रीलंका क्रिकेट!

# पिछले पांच संस्करण में नॉकआउट स्टेज में भी नहीं पहुंच पाई टीम

**कोलंबो।** मेजबान श्रीलंका टी20 विश्वकप 2026 के सुपर-8 राउंड से बाहर होने वाली पहली टीम बनी। न्यूजीलैंड के खिलाफ 61 रन की बड़ी हार ने सेमीफाइनल में पहुंचने के उसके सभी रास्तों को बंद कर दिया। ग्रुप स्टेज में श्रीलंका का प्रदर्शन शानदार रहा था। उसने आयरलैंड, ओमान और फिर ऑस्ट्रेलिया को हराकर दबदबा बनाया। हालांकि, पिछले तीन मैचों में टीम जीत की पटरी से उतर गई। जिम्बाब्वे और इंग्लैंड के बाद न्यूजीलैंड से शिकस्त के बाद टीम सेमीफाइनल की रेस से बाहर हो गई। 2014 टी20 विश्वकप के बाद से श्रीलंका का सफर इस टूर्नामेंट में अच्छा नहीं रहा है।

2014 टी20 विश्वकप में दिनेश चांदीमल और लसिथ मलिंगा की अगुआई में महेला जयवर्धने और कुमार संगकारा जैसे दिग्गजों से सजी टीम चैंपियन बनी थी। इसके बाद से टीम का सफर इस टूर्नामेंट में कुछ खास नहीं रहा है। इसके बाद लगातार पांच बार श्रीलंकाई टीम सेमीफाइनल या नॉकआउट में पहुंचने से पहले ही बाहर हुई है।

2016 टी20 विश्वकप में श्रीलंका को सुपर-10 स्टेज से बाहर का रास्ता देखना पड़ा था। उसने सुपर-10 में चार में से सिर्फ एक मैच जीता था। तब श्रीलंकाई टीम वेस्टइंडीज, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका और अफगानिस्तान के साथ एक सुपर-10 ग्रुप में थी।

2021 टी20 विश्वकप में श्रीलंकाई टीम सुपर-12 राउंड से बाहर हो गई थी। उसने सुपर-12 राउंड में पांच में से सिर्फ दो मैच जीते थे। उसके ग्रुप में इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, द. अफ्रीका, वेस्टइंडीज और बांग्लादेश जैसी टीमें थीं।

2022 टी20 विश्वकप में भी श्रीलंकाई टीम सुपर-12 राउंड से बाहर हो गई थी। उसने सुपर-12 में पांच में से दो मैच जीते। उसके ग्रुप में न्यूजीलैंड, इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, आयरलैंड और अफगानिस्तान जैसी टीमें थीं।

2024 टी20 विश्वकप में तो



श्रीलंकाई टीम पहले राउंड यानी ग्रुप स्टेज से ही बाहर हो गई थी। ग्रुप स्टेज में उसने चार में से एक मैच में जीत हासिल की थी। उसके ग्रुप में दक्षिण अफ्रीका, बांग्लादेश, नीदरलैंड और नेपाल जैसी टीमें थीं।

2026 में 2024 के मुकाबले तो प्रदर्शन अच्छा रहा, लेकिन टीम सुपर-8 में ग्रुप स्टेज वाले प्रदर्शन को दोहराने में कामयाब नहीं हो सकी और सुपर-8 से बाहर हो गई।

बात अगर 2014 में चैंपियन बनने से पहले की करें तो भी श्रीलंका का प्रदर्शन बेहद कंसिस्टेंट रहा था। 2014 से पहले श्रीलंका की टीम चार संस्करणों में से तीन में नॉकआउट राउंड में पहुंची थी। इनमें से दो फाइनल शामिल हैं। 2007 में श्रीलंकाई टीम सुपर-8 से बाहर हुई थी। 2009 और 2012 में श्रीलंकाई टीम उपविजेता रही थी। 2010 में श्रीलंका की टीम सेमीफाइनल तक पहुंची थी।

न्यूजीलैंड के हाथों 61 रन से हार के बाद कप्तान दासुन शनाका निराश हैं। उनका मानना है कि घरेलू दर्शकों को निराश करना वाकई बहुत शर्मनाक होता है। बुधवार को आर प्रेमदासा स्टेडियम में न्यूजीलैंड ने सात विकेट खोकर 168 रन बनाए। इस पारी में कप्तान मिचेल सैंटनर (47) और कोल मैककोन्ची (नाबाद 31) के बीच 84 रन की साझेदारी हुई। इसके जवाब में श्रीलंकाई टीम 20 ओवरों में आठ विकेट खोकर 107 रन ही बना सकी।

श्रीलंकाई कप्तान दासुन शनाका ने कहा, घरेलू दर्शकों को निराश करना वाकई बहुत शर्मनाक होता है। वे हमेशा हमारा समर्थन करते रहे हैं। हमने शुरुआत अच्छी की थी, लेकिन सच कहूं तो मिचेल सेंटनर और कोल मैककोन्ची की साझेदारी शानदार रही, जिसने मैच हमसे दूर कर दिया। हमारी योजना उन्हें करीब 130 रनों पर रोकने की थी, लेकिन ईमानदारी से कहूं तो हमारे सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों के सामने भी उन्होंने बेहतरीन बल्लेबाजी की। इसलिए हमें उन्हें श्रेय देना होगा।

**बल्लेबाजों को अधिक जिम्मेदारी लेनी होगी**

उन्होंने कहा, बल्लेबाजों को शीर्ष क्रम में अधिक जिम्मेदारी लेनी होगी। हम एक-दो खिलाड़ियों पर निर्भर नहीं रह सकते। सभी बल्लेबाजों को सकारात्मक विकल्प अपनाने होंगे। अगर आप सकारात्मक खेलते हुए आउट भी होते हैं, तो डगआउट में लौटते वक्त संतोष रहता है, लेकिन यहां ऐसा नहीं हुआ, हमने चांस नहीं लिए। यह टी20 क्रिकेट है, यहां इरादा और आक्रामकता दिखानी ही पड़ती है।

**पाकिस्तान से मैच पर कप्तान का जवाब**

श्रीलंका खिताबी रेस से बाहर है। हालांकि, टीम 28 फरवरी को अपना अंतिम सुपर-8 मैच पाकिस्तान के खिलाफ खेलेगी। कप्तान ने भरोसा जताया है कि टीम शानदार अंदाज में अपने विश्व कप अभियान का समापन करेगी। दासुन शनाका ने कहा, अब एक और मैच है और हमें उसे मजबूती से खत्म करना होगा। उम्मीद है कि हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे।

## टी20 विश्वकप से बाहर हुआ मेजबान श्रीलंका



**कोलंबो।** मिचेल सैंटनर और कोल मैककोन्की की अर्धशतकीय साझेदारी के बाद रचिन रवींद्र की शानदार गेंदबाजी के दम पर न्यूजीलैंड ने टी20 विश्व कप 2026 की सह-मेजबान श्रीलंका टीम को 61 रन से हरा दिया। इसी के साथ श्रीलंका का सफर टूर्नामेंट में समाप्त हो गया। अब टीम अपना आखिरी मुकाबला पाकिस्तान से खेलेगी। बुधवार को कोलंबो में खेले गए मुकाबले में न्यूजीलैंड ने 20 ओवर में सात विकेट पर 168 रन बनाए। जवाब में श्रीलंका की टीम निर्धारित ओवरों में आठ विकेट पर सिर्फ 107 रन ही बना सकी और मुकाबला हार गई।

सुपर-8 मुकाबले में जीत के साथ न्यूजीलैंड ग्रुप-2 की अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गया। उसके खाते में 3 अंक और नेट रन रेट +3.050 हो गया। वहीं, इंग्लैंड चार अंक लेकर शीर्ष पर है। अब न्यूजीलैंड को सुपर-8 में अपना आखिरी मुकाबला इंग्लैंड से शुक्रवार को खेलना है। श्रीलंका की टीम लगातार दो मैचों में शिकस्त झेलने के बाद आखिरी पायदान पर पहुंच गई। वहीं, पाकिस्तान फिलहाल एक अंक और -0.461 के नेट रन रेट के साथ तीसरे स्थान पर है। सलमान आगा की टीम को अपना आखिरी मुकाबला 28 फरवरी को खेलना है। पाकिस्तान अगर यह मैच जीत भी लेता है तो हद से हद तीन अंक हासिल कर पाएगा, लेकिन नेट रन रेट में न्यूजीलैंड उससे बाजी मार लेगा और सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई कर लेगा।

# जब सचिन की आंखों में दिखा गर्व और प्यार, बेटे अर्जुन से कहा- मुझे तुम पर फख्र है

महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर के लाडले अर्जुन तेंदुलकर जल्द ही सानिया चंदोक के साथ शादी के बंधने वाले हैं। गुरुवार को मुंबई इंडियंस की तरफ से एक भावुक वीडियो साझा किया गया, जिसमें सचिन एक पिता की भूमिका में नजर आए।

क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले सचिन तेंदुलकर के घर इस समय खुशियों का माहौल है। बेटे अर्जुन तेंदुलकर की शादी सानिया चंदोक से होने जा रही है और इसी खुशी के मौके पर अंबानी परिवार ने तेंदुलकर परिवार को खास तौर पर आमंत्रित कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस खास मुलाकात का एक भावुक वीडियो अब मुंबई इंडियंस की ओर से जारी किया गया है, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

माहौल बेहद आत्मीय और पारिवारिक नजर आ रहा है। हर किसी के चेहरे पर मुस्कान है, लेकिन सबसे ज्यादा दिल छू लेने

**गर्मजोशी**

> **अंबानी परिवार द्वारा आयोजित इस कार्यक्र म में दोनों परिवारों के बीच गर्मजोशी और अपनापन देखने को मिला।**

वाला पल तब आता है जब सचिन अपने बेटे अर्जुन की ओर देखते हुए कहते हैं, मुझे तुम पर गर्व है। इन शब्दों में एक पिता का गर्व, स्नेह और विश्वास साफ झलकता है। सचिन की आवाज में भावनाएं साफ महसूस की जा सकती हैं। यह सिर्फ एक औपचारिक बधाई नहीं, बल्कि उस सफर की स्वीकृति है जो अर्जुन ने अपने दम पर तय किया है।

**तेंदुलकर परिवार के लिए भावुक पल**

अंबानी परिवार द्वारा आयोजित



इस कार्यक्रम में दोनों परिवारों के बीच गर्मजोशी और अपनापन देखने को मिला। शादी की तैयारियों के बीच यह खास पल तेंदुलकर परिवार के लिए और भी यादगार बन गया। वीडियो में अर्जुन हल्की मुस्कान के साथ अपने पिता की बात सुनते नजर आते हैं। पिता के मुंह से मुझे तुम पर गर्व है सुनना किसी भी बेटे के लिए जीवन का सबसे बड़ा सम्मान होता है और यही भाव इस वीडियो को खास बना देता है। सोशल मीडिया पर फैंस भी इस पल को देखकर भावुक हो गए हैं।

**कौन हैं अर्जुन की मंगेतर सानिया चंदोक?**

अर्जुन की सगाई सानिया चंदोक के साथ हुई है। सानिया मुंबई के प्रसिद्ध व्यवसायी रवि घई की पोती हैं। घई परिवार हॉस्पिटेलिटी और खाद्य क्षेत्र में सुप्रसिद्ध है, जिसके पास इंटरकॉन्टिनेंटल होटल और आइसक्रीम ब्रांड ब्रुकलिन क्रीमरी का स्वामित्व है। अर्जुन और सानिया की सगाई एक निजी कार्यक्रम में हुई जिसमें करीबी दोस्त और दोनों परिवार के सदस्य शामिल हुए थे।

**अर्जुन का क्रिकेट करियर**

25 वर्षीय अर्जुन बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ऑलराउंडर हैं, जो घरेलू क्रिकेट में गोवा का प्रतिनिधित्व करते हैं और आईपीएल में मुंबई इंडियंस के लिए खेल चुके हैं। आईपीएल 2026 के लिए हुई मिनी नीलामी से पहले लखनऊ सुपरजाएंट्स ने अर्जुन को मुंबई से ट्रेड किया था। उन्होंने 2020/21 सीजन में मुंबई के साथ अपने घरेलू करियर की शुरुआत की, जहां उन्होंने हरियाणा के खिलाफ एक टी20 मैच में पदार्पण किया। इससे पहले, उन्होंने जूनियर स्तर पर मुंबई का प्रतिनिधित्व किया और भारत की अंडर-19 टीम में जगह बनाई। 2022/23 घरेलू सीजन में वह गोवा चले गए, जहां उन्होंने प्रथम श्रेणी और लिस्ट ए में डेब्यू किया।

# टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में मिचेल सैंटनर का अनूठा डबल, अब तक सिर्फ छह खिलाड़ी कर सके हैं ऐसा

**कोलंबो।** न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 1,000 रन और 100 विकेट निकालने वाले आईसीसी के पूर्ण सदस्य देश के छठे खिलाड़ी बन गए हैं। वह इस मुकाम को हासिल करने वाले पहले कीवी खिलाड़ी भी हैं। मिचेल सैंटनर ने बुधवार को श्रीलंका के खिलाफ टी20 वर्ल्ड कप 2026 के सुपर-8 मुकाबले में 26 गेंदों का सामना करते हुए चार छक्कों और दो चौकों के साथ 47 रन की पारी खेली। सैंटनर ने यह पारी उस समय खेली, जब कीवी टीम 84 के स्कोर तक अपने छह विकेट खो चुकी थी। यहां से सैंटनर ने कोल मैककोन्ची के साथ 47 गेंदों में 84 रन की साझेदारी करते हुए टीम को 168/7 के स्कोर तक पहुंचा दिया। टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में आईसीसी के पूर्ण सदस्य




देश की तरफ से अब तक सिर्फ छह ही खिलाड़ी 1,000 रन बनाने के साथ 100 विकेट हासिल कर सके हैं। इनमें सैंटनर के अलावा, शाकिब अल हसन, मोहम्मद नबी, सिकंदर रजा, हार्दिक पांड्या और शादाब खान का नाम शामिल है।

आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेले जा रहे इस मुकाबले में टॉस गंवाकर बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की टीम ने सात विकेट खोकर 168 रन बनाए। टिम सीफर्ट ने फिन एलन के साथ 3.1 ओवरों में 30 रन की साझेदारी की। एलेन 13 गेंदों में चार बाउंड्री के साथ 23 रन बनाकर आउट हुए। अगले ही ओवर में टिम सीफर्ट (8) भी पवेलियन लौट गए। कीवी टीम ने 34 के स्कोर तक अपने दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट खो दिए थे, लेकिन यहां से ग्लेन फिलिप्स ने रचिन रवींद्र के साथ तीसरे विकेट के लिए 41 रन की साझेदारी करते हुए टीम को 75 के स्कोर तक पहुंचाया।

# द केरल स्टोरी 2 के मेकर्स को झटका

## रिलीज से एक दिन पहले केरल हाईकोर्ट ने लगाई रोक





**नई दिल्ली।** केरल हाई कोर्ट ने गुरुवार को फिल्म द केरल स्टोरी 2-गोज बियॉन्ड की रिलीज पर अंतरिम रोक लगा दी है। केरल हाई कोर्ट ने गुरुवार को फिल्म केरल स्टोरी 2 की रिलीज पर 15 दिनों के लिए रोक लगा दी। कोर्ट ने कहा कि पहली नजर में ऐसा लगता है कि सेंसर बोर्ड ने फिल्म को सर्टिफिकेट देते हुए सोच-समझकर काम नहीं लिया। जस्टिस बेचू कुरियन थॉमस ने फिल्म की रिलीज को चुनौती देने वाली दो याचिकाओं पर यह आदेश दिया। फिल्म 27 फरवरी को रिलीज होने वाली थी।

**गाइडलाइंस का नहीं हुआ पालन**

कोर्ट ने अपने आदेश में यह भी कहा कि फिल्म से सामाजिक सौहार्द न बिगड़े, यह पक्का करने के लिए बनाई गई गाइडलाइंस का सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन ने पालन नहीं किया।

**याचिकाओं में क्या है?**

हाईकोर्ट में दायर याचिकओं में द केरल स्टोरी 2 के मेकर्स को सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन से मिले सर्टिफिकेशन को चुनौती दी गई थी। इन याचिकाओं में दावा किया गया कि फिल्म में केरल को गलत तरीके से दिखाया गया। इससे कानून-व्यवस्था बिगड़ सकती है।

फिल्म की रिलीज को चुनौती देने वाली याचिकाओं में, याचिकाकर्ता ने कहा कि फिल्म का टाइटल और प्रमोशनल मटीरियल दोनों ही केरल को गलत तरीके से दिखाते हैं। उनमें ऐसे थीम हैं जो भाईचारा बिगाड़ सकते हैं और कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगाड़ सकते हैं। एक याचिका में टाइटल से केरल हटाने के लिए भी निर्देश देने की मांग की गई थी।

विपुल अमृतलाल शाह के प्रोडक्शन में बनी फिल्म द केरल स्टोरी 2 को ट्रेलर रिलीज होने के बाद सोशल मीडिया पर कड़े रिएक्शन मिले। फिल्म के एक सीन पर यूजर्स ने कड़ी आपत्ति जताई थी। इसमें जबरदस्ती एक महिला को प्रतिबंधित मांस खिलाया जाता है।

# पति-पत्नी बने विजय-रश्मिका, तेलुगु रिवाज से पूरी हुई शादी

रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा ने आखिरकार शादी रचा ली है। दोनों अब शादी के बंधन में बंध चुके हैं। लेकिन क्या आपको पता है कि रश्मिका और विजय से पहले कई साउथ जोड़ियों ने अपनी को-स्टार से शादी रचाई है, जिनकी प्रेम कहानी सेट से शुरू होकर शादी में बदल गई?

दक्षिण की प्रसिद्ध ऑनस्क्रीन जोड़ी विजय-रश्मिका अब रियल लाइफ में पति-पत्नी बन चुके हैं। विजय-रश्मिका ने आज तेलुगु रीति-रिवाज से शादी की है। लेकिन क्या आपको पता है कि विरोश' की शादी से पहले कई दक्षिण भारतीय अभिनेताओं को अपनी सह-कलाकारों से प्यार हो गया और उन्होंने उनसे शादी कर ली?

**सूर्या और ज्योतिका**

सूर्या और ज्योतिका ने एक साथ कई फिल्मों में काम किया है। दोनों को फिल्म के सेट पर प्यार हुआ और 2006 में उन्होंने शादी कर ली। उनके दो बच्चे हैं- दीया और देव। दोनों मिलकर अब 2डी एंटरटेनमेंट कंपनी चलाते हैं, जो तमिल फिल्में

**रियल लाइफ**

> **दक्षिण की प्रसिद्ध ऑनस्क्रीन जोड़ी विजय-रश्मिका अब रियल लाइफ में पति-पत्नी बन चुके हैं।**

बनाती है। सूर्या और ज्योतिका ने पूवेल्लम केट्टुप्पर, काखा काखा और सिलुनु ओरु कादल जैसी फिल्मों में साथ काम किया है।

**महेश बाबू और नम्रता**

महेश बाबू की मुलाकात नम्रता शिरोडकर से 2000 में फिल्म वाम्सी के दौरान हुई थी। इस फिल्म के बाद दोनों ने डेटिंग की और 2005 में शादी कर ली। उनके दो बच्चे हैं- गौतम और सितारा। महेश बाबू और नम्रता टॉलीवुड के पसंदीदा जोड़ों में से एक हैं।

**अजित और शालिनी**

अजित और शालिनी 1999 में फिल्म अमरकलम के सेट पर मिले



थे। दोनों को जल्दी ही प्यार हो गया और 2000 में शादी कर ली। उनके दो बच्चे हैं- अनुष्का और आद्विक। यह जोड़ा अपनी पर्सनल लाइफ को काफी प्राइवेट रखता है। अजित को फॉर्मूला रेसिंग का काफी शौक है।

**यश और राधिका पंडित**

यश और राधिका ने पहले टीवी में साथ काम किया, फिर दोनों ने मिस्टर एंड मिसेज रामाचारी जैसी फिल्म में साथ में अभिनय किया। 2016 में दोनों ने शादी की थी। उनके दो बच्चे हैं- आयरा और यथार्व। दोनों अक्सर सोशल मीडिया पर प्यार भरे पोस्ट शेयर करते रहते हैं।

**सिद्धार्थ और अदिति राव हैदरी**

सिद्धार्थ और अदिति राव हैदरी की नजदीकी फिल्म महा समुद्रम के दौरान बढ़ी। उन्होंने रिश्ता गुप्त रखा, फिर सार्वजनिक किया। 2024 में दोनों ने शादी कर ली। दोनों सोशल मीडिया पर एक-दूसरे के लिए प्यार जताते रहते हैं।

**फहाद फासिल और नजरिया नाजिम**

पुष्पा फेम मलयालम एक्टर फहाद फासिल और नजरिया ने फिल्म बैंगलोर डेज में साथ काम किया। जल्द ही पर्दे की केमिस्ट्री असल जिंदगी में प्यार बन गई और दोनों ने 2014 में शादी रचा ली। उन्होंने अपना प्रोडक्शन हाउस शुरू किया, जिसने कई हिट फिल्में बनाईं हैं- जैसे वरथन, कुंबलांगी नाइट्स और आवेशम।

**वरुण तेज और लावण्या त्रिपाठी**

वरुण तेज और लावण्या त्रिपाठी फिल्म मिस्टर और अंतरिक्षम 9000 किमी प्रति घंटा में मिले। दोस्ती प्यार में बदली और दोनों ने 2023 में इटली में शादी की। यह शादी तेलुगु सिनेमा में काफी समय कर चर्चा में रही।

## ‘भूत बंगला’ का पहला गाना ‘राम जी आके भला करेंगे’ हुआ रिलीज

# पुराने कॉमेडी अंदाज में नजर आए अक्षय कुमार

**मुबंई।** अक्षय कुमार और प्रियदर्शन की जोड़ी ‘भूत बंगला’ से 16 साल बाद बड़े पर्दे पर वापसी कर रही है। फिल्म को लेकर घोषणा के बाद से ही काफी बज बना हुआ है। अब आज फिल्म का पहला गाना ‘राम जी आके भला करेंगे’ रिलीज हुआ है। पागलपंती से भरपूर इस गाने में अक्षय कुमार का पुराना कॉमिक अंदाज नजर आ रहा है।

**बंगला से आया पहला गाना**

फैंस के उत्साह को और भी बढ़ाते हुए मेकर्स ने फिल्म का पहला गाना ‘राम जी आके भला करेंगे’ रिलीज कर दिया है। यह एक हाई-स्पिरिटेड गाना है, जिसमें अक्षय कुमार अपने पीक एंटरटेनर मोड में नर आ रहे हैं।

पागलपन, नॉस्टैल्जिया और उनकी ट्रेडमार्क कॉमिक एनर्जी से भरपूर यह गाना, फिल्म की इस मजेदार दुनिया की एक शानदार झलक पेश करता है। फिल्म की बीट



जहां डांस वाली है, वहीं अक्षय कुमार का अंदाज और एक्टिंग आपको हंसाने का प्रयास करती है।

इस गाने को शेयर करते हुए अक्षय कुमार ने इंस्टाग्राम पर लिखा, ‘वॉल्यूम बढ़ाओ। बंगला से पहला गाना आ चुका है और इस गाने का भूत सबपर चढ़ेगा।’ गाने में अक्षय कुमार भूतिया दुनिया और उसके कई अजीबोगरीब भूतों के बीच बड़े आराम से खड़े और डांस करते नजर आ रहे हैं।

**प्रीतम ने दिया है संगीत**

प्रीतम के संगीत से सजे इस गाने के बोल कुमार ने लिखे हैं। जबकि इसे गाया अरमान मलिक और आरवन (देव अरिजीत) ने है। इसमें मेलो डी द्वारा लिखा और परफॉर्म किया गया एक रैप सुनाई देता है।

**10 अप्रैल को रिलीज होगी फिल्म**

प्रियदर्शन द्वारा निर्देशित ‘भूत बंगला’ को बालाजी मोशन पिक्चर्स और केप ऑफ गुड फिल्म्स मिलकर पेश कर रहे हैं। फिल्म में अक्षय कुमार के साथ वामिका गब्बी, परेश रावल, तब्बू और राजपाल यादव सरीखे स्टार्स प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। ‘भूत बंगला’ 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होनी है।

## तुम से तुम तक ने की जबरदस्त वापसी

**मुबंई।** इस साल के सातवें हफ्ते की टीआरपी रेटिंग लिस्ट सामने आ चुकी है। इस हफ्ते क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 और तुम से तुम तक में काफी संघर्ष देखने को मिला। जानिए टॉप 5 में कौन-कौन से सीरियल शामिल हुए। हर हफ्ते टीवी सीरियल्स में टीआरपी की रेटिंग लिस्ट में टॉप पर आने के लिए घमासान होता है। इस हफ्ते भी कुछ ऐसा ही मामला रहा। आज साल के सातवें हफ्ते की रेटिंग लिस्ट सामने आ चुकी है। आइए जानते हैं किस टीवी सीरियल को इसमें पहला स्थान मिला है? किन सीरियल ने टॉप 5 में जगह बनाई है? सातवें हफ्ते की रेटिंग लिस्ट में टॉप 1 में स्मृति ईरानी की अदाकारी वाले सीरियल क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 ने जगह बनाई है। इस सीरियल को 1.9 रेटिंग मिली है। पिछले हफ्ते इस सीरियल की रेटिंग 2.0 थी। छठे हफ्ते में भी यह सीरियल पहले स्थान पर था।

रेटिंग लिस्ट में दूसरे स्थान पर सीरियल तुम से तुम तक है। इसकी टीआरपी 1.8 है। पिछले हफ्ते यह सीरियल टॉप 5 में नहीं था।

# डॉ. अभिनीत गुप्ता ने हृदय विफलता प्रबंधन पर चर्चा की

**कानपुर।** डॉ. अभिनीत गुप्ता, हृदय रोग विशेषज्ञ ने कानपुर फिजिशियन एसोसिएशन के तत्वावधान में हृदय विफलता पर एक महत्वपूर्ण सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य चिकित्सकों को हृदय विफलता देखभाल में आधुनिक उपचार रणनीतियों, उभरती हुई तकनीकों और बेहतर रोगी प्रबंधन दृष्टिकोणों पर अद्यतन करना था। डॉ. गुप्ता ने कहा कि बदलती जीवनशैली, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, मोटापा और बढ़ते तनाव स्तर के कारण हृदय विफलता के रोगियों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। उन्होंने जोर देकर कहा कि प्रारंभिक निदान और उचित उपचार से इस गंभीर स्थिति को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है और रोगी के परिणामों में सुधार किया जा सकता है। ईसीजी और इकोकार्डियोग्राफी जैसे पारंपरिक जांचों के अलावा, उन्नत निदान उपकरण अब महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। एनटी-प्रोबीएनपी, 3डी इकोकार्डियोग्राफी, ग्लोबल लॉन्गिट्यूडिनल स्ट्रेन (जीएलएस),



और कार्डियाक एमआरआई जैसे बायोमार्कर परीक्षण हृदय पंपिंग कार्य और सूक्ष्म म्योकार्डियल डिस्टफंक्शन के सटीक मूल्यांकन में मदद करते हैं। चयनित रोगियों में, कार्डियाक सीटी स्कैन और रिमोट मॉनिटरिंग डिवाइस का उपयोग हृदय कार्य की निरंतर निगरानी के लिए भी किया जाता है। उन्होंने फाइनरेनोन, एआरएनआई, और एसजीएलटी2 अवरोधक जैसे नए पीढ़ी की दवाओं सहित उन्नत उपचार विकल्पों पर विस्तार से चर्चा की। लेफ्ट बंडल ब्रांच ब्लॉक (एलबीबीबी) पेसिंग, इम्प्लेंटेबल कार्डियोवर्टर डिफिब्रिलेटर (आईसीडी), कार्डियाक रेसिंक्रोनाइजेशन थेरेपी (सीआरटी), और लेफ्ट वेंट्रिकुलर असिस्ट डिवाइस (एलवीएडी) जैसी इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी तकनीकों पर भी चर्चा की गई, साथ ही उन्नत मामलों में हृदय प्रत्यारोपण पर भी चर्चा की गई।

डॉ. गुप्ता ने कहा कि ये आधुनिक उपचार और तकनीक हृदय विफलता के रोगियों के जीवन की गुणवत्ता में काफी सुधार कर सकते हैं और बार-बार अस्पताल में भर्ती होने को कम कर सकते हैं। उन्होंने नमक प्रतिबंध, संतुलित आहार, मापित तरल पदार्थ का सेवन, नियमित रक्तचाप और रक्त शर्करा की निगरानी, निर्धारित दवाओं का सख्त पालन, और हल्के नियमित व्यायाम सहित आवश्यक सावधानियों पर भी जोर दिया। रोगियों को श्वास की कठिनाई, पैरों में सूजन, या अचानक वजन बढ़ने जैसे चेतावनी संकेतों को नजरअंदाज नहीं करने की सलाह दी गई थी।

# एनसीईआरटी विवाद को लेकर कांग्रेस ने साधा निशाना

## सुप्रीम कोर्ट का गुस्सा जायज






**नई दिल्ली।** एनसीईआरटी विवाद को लेकर कांग्रेस ने संघ पर निशाना साधा है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में दावा किया कि यह संघ की शरारत है और उन्होंने किताबों को फिर से लिखे जाने की आलोचना की।

विवाद को लेकर कांग्रेस ने संघ पर निशाना साधा है। कांग्रेस ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का इस मामले पर गुस्सा जायज है। कांग्रेस पार्टी ने दावा किया कि पिछले एक दशक में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने शरारत और द्वेष के साथ किताबों को फिर से लिखा है और ये मामला उसी का नतीजा है। कांग्रेस का यह बयान ऐसे समय सामने आया है, जब सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को एनसीईआरटी की आठवीं की एक किताब में न्यायपालिका में भ्रष्टाचार वाले हिस्से पर कड़ी नाराजगी जाहिर की और किताब पर प्रतिबंध लगा दिया।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा, NCERT की किताबों में न्यायपालिका के आलोचना वाले जिक्र पर सुप्रीम कोर्ट का गुस्सा जायज है। उन्होंने लिखा, असल में, पिछले दस वर्षों में जिस तरह से एनसीईआरटी की टेक्स्टबुक्स को फिर से लिखा गया है, वह शर्मनाक होने के साथ-साथ खतरनाक भी है। यह संघ की शरारत और द्वेष से भरी कोशिश है। इसकी जांच होनी चाहिए।

मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और विपुल एम पंचोली की सदस्यता वाली पीठ ने गुरुवार को सुनवाई के दौरान एनसीईआरटी के निदेशक और स्कूली शिक्षा विभाग के सचिव को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया और उनसे पूछा कि इसके लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई क्यों न शुरू की जाए।

पीठ ने नई टेक्स्टबुक में न्यायपालिका के बारे में आपत्तिजनक बातों पर खुद संज्ञान लिया था।

NCERT (नेशनल काउंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग) की क्लास 8 की सामाजिक विज्ञान की किताब में लिखा गया है कि न्यायपालिका में भ्रष्टाचार है और मामलों का बहुत बड़ा बैकलॉग और जजों की सही संख्या की कमी न्यायपालिका के सामने आने वाली चुनौतियों में से हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह किसी को भी न्यायपालिका की छवि को खराब करने की इजाजत नहीं देगा। सरकार ने भी सुप्रीम कोर्ट में विवादित अंश को लेकर बिना शर्त माफी मांगी।

## किसान की सुरक्षा-सम्मान से ही भारत सफल होगा: राहुल गांधी

**कन्नूर।** केरल दौरे पर पहुंचे लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर केंद्र सरकार को जमकर घेरा। कन्नूर में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि भारत तभी सफल हो सकता है जब हमारे किसानों का सम्मान और सुरक्षा हो। इतना ही नहीं कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एपस्टीन फाइलों का इस्तेमाल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धमकाने के लिए किया ताकि वे एक ऐसे व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करें जिससे भारतीय किसानों की बलि चढ़ जाएगी। लोकसभा में विपक्ष के नेता कन्नूर जिले के पेरावूर में किसानों के एक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार इस सरल तथ्य को नहीं समझती कि किसान भारत की नींव हैं। उन्होंने कहा कि आईटी और अन्य क्षेत्रों के बारे में लंबे-लंबे व्याख्यान दिए जाते हैं, लेकिन नींव को मजबूत किए बिना कुछ भी नहीं बनाया जा सकता है।

# राज्यसभा की सीट के लिए महा विकास अघाड़ी में रार, शिवसेना यूबीटी के बाद अब कांग्रेस ने भी किया दावा



**मुंबई।** महाराष्ट्र में राज्यसभा की खाली हो रही सीटों के लिए होने वाले चुनाव ने महा विकास अघाड़ी (एमवीए) गठबंधन के भीतर खींचतान बढ़ा दी है। गठबंधन के पास वर्तमान संख्या बल के आधार पर केवल एक सीट जीतने की क्षमता है, जिस पर अब कांग्रेस और शिवसेना (यूबीटी) के बीच दावों का दौर शुरू हो गया है। गुरुवार को कांग्रेस ने अपनी नेशनल पार्टी की स्थिति का हवाला देते हुए इस सीट पर अपना हक जताया।

राज्यसभा चुनाव और सीटों के बंटवारे पर चर्चा करने के लिए गुरुवार को कांग्रेस, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) और शिवसेना (यूबीटी) के वरिष्ठ नेताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक के बाद कांग्रेस विधायक दल के नेता विजय वडेट्टीवार ने स्पष्ट किया कि कांग्रेस एक राष्ट्रीय पार्टी है, इसलिए पार्टी का प्रस्ताव है कि यह राज्यसभा सीट उसे दी जाए। उन्होंने भरोसा जताया कि सीट-शेयरिंग का मुद्दा बातचीत से सुलझा लिया जाएगा। वडेट्टीवार ने कहा, भले ही दोनों पार्टियों ने दावा किया है, इससे पहले शिवसेना (यूबीटी) के नेता आदित्य ठाकरे और संजय राउत ने इस सीट पर अपनी पार्टी का पहला हक बताया था। संजय राउत का तर्क है कि विधानसभा में वर्तमान संख्या के हिसाब से शिवसेना (यूबीटी) के पास 20 विधायक हैं, जो गठबंधन में सबसे ज्यादा हैं। वहीं कांग्रेस के पास 16 और एनसीपी (एसपी) के पास 10 विधायक हैं। राउत ने यह भी संकेत दिया था कि शरद पवार ने भी राज्यसभा चुनाव लड़ने की इच्छा जताई है। महाराष्ट्र की सात राज्यसभा सीटों के लिए चुनाव का नोटिफिकेशन जारी हो चुका है। पांच मार्च तक नामांकन दाखिल किए जा सकते हैं और 16 मार्च को मतदान होगा। अप्रैल में शरद पवार, प्रियंका चतुर्वेदी, फौजिया खान, रामदास अठावले, भागवत कराड, रजनी पाटिल और धैर्यशील पाटिल का कार्यकाल समाप्त हो रहा है। विधायकों की कम संख्या के कारण विपक्षी गठबंधन एमवीए केवल एक ही उम्मीदवार को संसद के ऊपरी सदन में भेजने की स्थिति में है।

बैठक के इतर विजय वडेट्टीवार ने मालेगांव नगर निगम कार्यालय में कर्मचारियों द्वारा नमाज अदा करने की घटना पर भी अपनी राय रखी। उन्होंने कहा कि धार्मिक कार्य सड़कों पर नहीं होने चाहिए, लेकिन रमजान के दौरान रोजेदारों के लिए समय पर नमाज जरूरी है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस मुद्दे का राजनीतिकरण करके समाज को बांटने की कोशिश की जा रही है।

# बारामती विमान हादसा: साजिश या लापरवाही? सीआईडी हर एंगल से कर रही जांच



**मुंबई।** बारामती में हुए विमान हादसे में अजित पवार समेत पांच लोगों की मौत हो गई थी। ऐसे में अब इस मामले में जांच तेज हो गई है। महाराष्ट्र अपराध जांच विभाग (सीआईडी) इस पूरे घटनाक्रम की हर एक एंगल से जांच कर रही है। साथ ही तकनीकी खराबी, मौसम, पायलट रिकॉर्ड और एटीसी बातचीत की पड़ताल कर रही है।

पुणे के बारामती में बीते महीने 28 जनवरी को हुए विमान हादसे ने महाराष्ट्र समेत पूरे देश को झकझोर कर रख दिया। इस हादसे में महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अजित पवार समेत पांच लोगों की जान चली गई थी। ऐसे में अब इस मामले की जांच तेज कर दी गई है। महाराष्ट्र अपराध जांच विभाग (सीआईडी) इस पूरे घटनाक्रम की हर एक एंगल से जांच कर रही है। इसके इतर ये एक हादसा था, साजिश थी या फिर किसी की लापरवाही सवाल अभी तक जारी है।

ऐसे में इस विमान हादसे की जांच कर रहे सीआईडी के अधिकारियों ने कहा कि जांच पूरी तरह पेशेवर तरीके से की जा रही है। उन्होंने साफ किया कि जांच का मुख्य उद्देश्य यह पता लगाना है कि हादसा सिर्फ एक दुर्घटना था या इसके पीछे किसी तरह की साजिश या आपराधिक लापरवाही तो नहीं थी।

अधिकारियों के मुताबिक, जांच टीम विमान के तकनीकी पहलुओं, मौसम की स्थिति, पायलट की जानकारी, एयर ट्रैफिक कंट्रोल से बातचीत और विमान के रखरखाव से जुड़े रिकॉर्ड की जांच कर रही है। साथ ही हादसे वाली जगह से सबूत भी इकट्ठा किए जा रहे हैं।

सीआईडी ने कहा है कि फिलहाल किसी भी संभावना से इनकार नहीं किया गया है। अगर जांच में किसी की लापरवाही या साजिश सामने आती है, तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सरकार ने लोगों से अपील की है कि अफवाहों पर ध्यान न दें और आधिकारिक जानकारी का इंतजार करें। जांच पूरी होने के बाद ही हादसे की असली वजह सामने आएगी।

# अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय में एबीवीपी के विरोध के बाद केस दर्ज, सोशल मीडिया पोस्ट से उपजा विवाद

**बंगलूरू।** बंगलूरू स्थित अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय में सोशल मीडिया पर किए गए एक पोस्ट के बाद शुरू हुआ विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। एबीवीपी कार्यकर्ताओं के विरोध प्रदर्शन के बाद विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार की शिकायत पर सरजापुर पुलिस ने इंस्टाग्राम पेज ÷स्पार्क रीडिंग सर्कल÷ के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। यह विरोध प्रदर्शन स्पार्क रीडिंग सर्कल नामक एक इंस्टाग्राम अकाउंट द्वारा कथित तौर पर साझा किए गए एक सोशल मीडिया पोस्ट के विरोध में शुरू हुआ, जिसमें दावा किया गया था कि कुनान-पोशपोरा घटना पर ÷प्री-कश्मीर÷ शीर्षक के तहत परिसर में चर्चा आयोजित की जाएगी। विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार ऋषिकेश ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि इंस्टाग्राम पेज ÷स्पार्क रीडिंग सर्कल÷ के पोस्ट ने संस्थान की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाया और भ्रम पैदा किया। विश्वविद्यालय ने स्पष्ट किया कि



ऐसा कोई कार्यक्रम आयोजित नहीं किया गया था और उसका सोशल मीडिया अकाउंट से कोई संबंध नहीं है। वहीं, सरजापुर पुलिस ने कहा कि पोस्ट से लोगों की भावनाएं आहत हुईं, जिसके बाद कार्यकर्ता परिसर में घुस गए और हंगामा किया। शिकायत के आधार पर स्पार्क रीडिंग सर्कल के इंस्टाग्राम अकाउंट के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है और आगे की जांच जारी है। वहीं, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने कहा कि प्रशासनिक अनुमति के बिना परिसर में किसी कार्यक्रम का आयोजन करना विश्वविद्यालय के प्रोटोकॉल का उल्लंघन हो सकता है, हालांकि छात्र परिषद का मानना है कि ऐसे उल्लंघन का समाधान एफआईआर के बजाय विश्वविद्यालय की आंतरिक प्रक्रियाओं, जैसे अनुशासनात्मक समिति के माध्यम से करना बेहतर है। परिसर में अनधिकृत रूप से प्रवेश करने वाले, हमारे समुदाय के सदस्यों को शारीरिक नुकसान पहुंचाने वाले और विश्वविद्यालय की संपत्ति को क्षति पहुंचाने वाले लोगों को जमानत दे दी गई है और उन पर जमानती आरोप लगाए गए हैं।

जबकि जिन छात्रों ने शांतिपूर्ण सभा का आयोजन किया, अब उन पर धारा 299 के तहत गैर-जमानती अपराध का आरोप लगाया गया है। विश्वविद्यालय की शिक्षा इतिहास, राजनीति और सामाजिक न्याय के साथ गहन चिंतन को सक्रिय रूप से प्रोत्साहित करती है। हमें कठिन प्रश्न पूछना सिखाया जाता है और हमने विश्वविद्यालय को खुली चर्चाओं के लिए एक सुरक्षित स्थान माना है। ठीक ऐसा करने पर प्रशासन द्वारा छात्रों के खिलाफ आपराधिक एफआईआर दर्ज करना उस बौद्धिक स्वतंत्रता को ही कमजोर करता है, जिस पर यह संस्था स्थापित है।

## हैदराबाद के शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में लगी भीषण आग

**नई दिल्ली।** हैदराबाद के जुबली हिल्स स्थित रोड नंबर 36 पर आज सुबह एक साड़ी शोरूम मंगला गौरी में भीषण आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आग लगने के बाद इमारत से आसमान में घना धुआं उठता देखा गया, जिससे स्थानीय निवासियों और दुकानदारों में दहशत फैल गई। फायर विभाग के कंट्रोल रूम के अनुसार, सुबह 11:29 बजे आग लगने की सूचना मिली, जिसके बाद तुरंत चार दमकल गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। दमकल कर्मियों ने तुरंत राहत व बचाव अभियान शुरू कर आग पर काबू पाने और इसे आसपास की इमारतों तक फैलने से रोकने की कोशिश की। मंदिर की शैली में बनी इस इमारत से उठते घने धुएं के कारण बड़ी संख्या में लोग मौके पर जुट गए, जिससे व्यस्त व्यावसायिक इलाके में ट्रैफिक जाम की स्थिति भी बन गई।

# कनाडा के बदले सुर, खालिस्तानी आतंकी निज्जर की हत्या मामले में भारत के दखल को नकारा

**ओटावा।** भारत को लेकर कनाडा के सुर बदले नजर आ रहे हैं। एक समय जो कनाडा भारत पर उसकी संप्रभुता के उल्लंघन का आरोप लगा रहा था। अब वही कनाडा इन दावों को खारिज कर रहा है। इसे कनाडा द्वारा भारत के साथ अपने संबंधों को बेहतर करने और भारत की बढ़ती साख को स्वीकारने के तौर पर देखा जा रहा है।

कनाडा, भारत के साथ रिश्ते सुधारने की कवायद में जुटा है। यही वजह है कि कनाडा ने ये मान लिया है कि कनाडा की धरती पर होने वाले अपराधों में भारत की कोई संलिप्तता नहीं है। कनाडा के प्रधानमंत्री भारत दौरे पर आ रहे हैं और कनाडा सरकार के इस कदम को दोनों देशों के रिश्तों को बेहतर करने के तौर पर देखा जा रहा है। जो जस्टिन ट्रूडो के कार्यकाल के अंतिम दिनों में बेहद खराब दौर में पहुंच गए थे।

स्थानीय मीडिया के अनुसार, कनाडा सरकार के अधिकारियों ने



बताया अगर भारत, कनाडा की लोकतांत्रिक प्रक्रिया में दखल दे रहा होता तो शायद प्रधानमंत्री कार्नी, भारत दौरे पर जाते ही नहीं।

अधिकारियों ने कहा, हमारी भारत सरकार के साथ इन मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई है। साथ ही विदेशी हस्तक्षेप से बचने के लिए हमारे पास मजबूत सुरक्षा उपाय हैं।

कनाडा सरकार के अधिकारियों ने ये साफ नहीं किया कि कनाडा सरकार ने भारत को लेकर अपना रुख बदलने का फैसला कब किया, लेकिन उन्होंने ये बताया कि इसे लेकर पीएम मोदी, भारत सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों और मंत्रियों के साथ व्यवस्थित रूप से बातचीत की गई।

अधिकारियों ने कहा कि इन मुद्दों को नियमित रूप से उठाया गया और उन्हें विश्वास है कि आगे भी इस पर सार्थक चर्चा जारी रहेगी।

कनाडा में खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या हुई थी। कनाडा की तत्कालीन ट्रूडो सरकार ने भारत पर निज्जर की हत्या कराने का आरोप लगाया और इसे संप्रभुता का उल्लंघन करार दिया था। हालांकि भारत सरकार ने कनाडा के आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया और निज्जर की हत्या में संलिप्तता से इनकार किया। इस मामले को लेकर दोनों देशों के रिश्ते इतने बिगड़े की दोनों ने अपने कुछ राजनयिकों को वापस बुला लिया।

## राष्ट्रपति ट्रंप के भाषण को कमला हैरिस ने झूठा बताया

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने हाल ही में स्टेट ऑफ द यूनियन भाषण दिया। इस पर अमेरिका की पूर्व उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने राष्ट्रपति ट्रंप के भाषण को झूठ से भरा बताया। अमेरिका की पूर्व उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के स्टेट ऑफ द यूनियन भाषण की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने इसे झूठ से भरा हुआ बताया। इसके साथ ही उन पर अर्थव्यवस्था, मतदान के अधिकार और ईरान के मुद्दों पर अमेरिकियों को गुमराह करने का आरोप लगाया। ट्रंप के भाषण के एक दिन बाद, हैरिस ने बुधवार (स्थानीय समय) को अपने सबस्टैक शो द पारनास पर्सपेक्टिव के होस्ट आरोन पारनास को बताया कि उन्होंने भाषण देखा और पाया कि यह आम परिवारों के सामने आने वाली वास्तविकताओं से अलग था।

# क्यूबा की फायरिंग से बढ़ा तनाव, अमेरिका में रजिस्टर्ड नाव पर गोलीबारी से चार की मौत, घुसपैठ का आरोप

**हवाना (क्यूबा)।** स्पीड बोट पर फायरिंग के बाद क्यूबा और अमेरिका में तनाव बढ़ सकता है। क्यूबा सरकार ने बुधवार देर रात कहा कि उसके सैनिकों पर गोली चलाने वाली नाव में सवार 10 यात्री अमेरिका में रहने वाले सशस्त्र क्यूबाई नागरिक थे, जो द्वीप में घुसपैठ करने और आतंकवाद फैलाने की कोशिश कर रहे थे। कैरिबियाई सागर में स्थित द्वीपीय देश क्यूबा और अमेरिका के बीच तनाव बढ़ता नजर आ रहा है। यह तनाव बुधवार (25 फरवरी) देर रात फ्लोरिडा से आ रही एक नाव पर गोलीबारी की घटना के बाद हुआ है। क्यूबा सरकार के मुताबिक फ्लोरिडा से आ रही एक नाव ने उसके सैनिकों पर गोलीबारी की, जिसके परिणामस्वरूप झड़प शुरू हुई, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई। क्यूबा सरकार ने बुधवार देर रात कहा कि उसके सैनिकों पर गोली चलाने वाली नाव में सवार 10 यात्री अमेरिका में रहने वाले सशस्त्र क्यूबाई नागरिक थे, जो द्वीप में घुसपैठ करने और आतंकवाद फैलाने की कोशिश

**द्वीपीय**

**कैरिबियाई सागर में स्थित द्वीपीय देश क्यूबा और अमेरिका के बीच तनाव बढ़ता नजर आ रहा है।**

कर रहे थे। यह प्रतिक्रिया क्यूबा द्वारा यह कहने के कुछ घंटों बाद आई है कि उसके सैनिकों ने फ्लोरिडा में पंजीकृत एक स्पीड बोट पर सवार चार लोगों को मार डाला और छह अन्य को घायल कर दिया, जो क्यूबा के जलक्षेत्र में प्रवेश कर गई थी और उसने पहले सैनिकों पर गोलीबारी की थी, जिसमें एक क्यूबा अधिकारी घायल हो गया था। क्यूबा सरकार ने कहा कि नाव में सवार 10 लोगों में से अधिकांश का आपराधिक और हिंसक गतिविधियों का ज्ञात इतिहास है। इस बीच अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को



रुबियो ने इससे पहले पत्रकारों को बताया था कि उन्हें इस घटना की जानकारी है और अमेरिका अब यह निर्धारित करने के लिए अपनी जानकारी जुटा रहा है कि पीड़ित अमेरिकी नागरिक थे या स्थायी निवासी। रुबियो ने सेंट किट्स के बासेटेरे हवाई अड्डे पर कहा कि अमेरिकी सरकार के कई अलग-अलग विभाग इस कहानी के उन पहलुओं की पहचान करने की कोशिश कर रहे हैं, जो हमें अभी तक नहीं बताए गए हैं। क्यूबा सरकार ने नाव में सवार दो यात्रियों की पहचान अमीजैल सांचेज गोंजालेज और लियोर्डन एनरिक क्रूज गोमेज के रूप में की है, जिनकी क्यूबा के अधिकारियों द्वारा राष्ट्रीय क्षेत्र या अन्य देशों में आतंकवाद से संबंधित कृत्यों को बढ़ावा देने, योजना बनाने, संगठित करने, वित्तपोषण करने, समर्थन करने या अंजाम देने में उनकी संलिप्तता के आधार पर तलाश की जा रही है।

## इंटरपोल से करें ब्रिटिश सांसद ट्यूलिप की गिरफ्तारी के नोटिस की अपील

**ढाका।** ढाका की एक अदालत ने गुरुवार को अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे एक ब्रिटिश सांसद की गिरफ्तारी के लिए इंटरपोल से रेड नोटिस जारी करने का अनुरोध करें। यह मामला एक निजी रियल एस्टेट परियोजना में भ्रष्टाचार के आरोपों से जुड़ा है।

लंदन के हैम्पस्टेड और हाईगेट से सांसद और पूर्व ब्रिटिश मंत्री ट्यूलिप सिद्दीक के खिलाफ बांग्लादेश में भ्रष्टाचार के आरोप हैं।

बांग्लादेश का भ्रष्टाचार निरोधक आयोग उनके खिलाफ मामला आगे बढ़ा रहा है। सिद्दीक को पहले ही बांग्लादेश में तीन अन्य भ्रष्टाचार मामलों में छह साल की सजा सुनाई जा चुकी है। ये सभी मामले उनकी मौसी और देश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना से जुड़े हैं।

शेख हसीना को 2024 में छात्रों के नेतृत्व में हुए जन आंदोलन के बाद सत्ता से हटा दिया गया था, जिससे उनके 15 साल के शासन का अंत हुआ।

# जबरन कब्जे वाले इलाके खाली करो, पीओके पर भारत की पाकिस्तान को फटकार, सुनाई खरी-खरी

**संयुक्त राष्ट्र।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के 61वें सत्र में पाकिस्तान को करारा जवाब देते हुए तगड़ी फटकार लगाई है। भारत ने इस्लामाबाद पर दुष्प्रचार फैलाने का आरोप लगाया और जोर देकर कहा कि जम्मू और कश्मीर का विकास पथ पाकिस्तान की आर्थिक समस्याओं के बिल्कुल विपरीत है। 23 फरवरी से 31 मार्च तक आयोजित हो रहे सत्र में 25 फरवरी को आयोजित उच्च स्तरीय सत्र के दौरान भारत के जवाब देने के अधिकार का प्रयोग करते हुए भारत की प्रतिनिधि अनुपमा सिंह ने पाकिस्तान और इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) द्वारा लगाए गए आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि इस समूह ने खुद को एक सदस्य देश के लिए प्रतिबिंब कक्ष के रूप में इस्तेमाल होने दिया है। अनुपमा सिंह ने कहा कि हम इन आरोपों को सिरे से खारिज करते हैं। साथ ही यह भी जोड़ा कि पाकिस्तान का लगातार



दुष्प्रचार ईर्ष्या से भरा हुआ है। सिंह ने भारत के उस चिरस्थायी रुख को दोहराया कि जम्मू और कश्मीर भारत का अभिन्न और अविभाज्य अंग था, है और हमेशा रहेगा। उन्होंने कहा कि भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम और अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुसार, 1947 में इस क्षेत्र का भारत में विलय पूरी तरह से कानूनी और अपरिवर्तनीय था। उन्होंने कहा, इस क्षेत्र से संबंधित एकमात्र लंबित विवाद पाकिस्तान द्वारा भारतीय क्षेत्रों पर अवैध कब्जा है और उन्होंने इस्लामाबाद से अपने नियंत्रण वाले क्षेत्रों को खाली करने को कहा। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के नियमित सत्र के उच्च स्तरीय खंड में, जिनेवा में प्रथम सचिव अनुपमा सिंह ने कहा, पाकिस्तान और ओआईसी द्वारा उच्च स्तरीय खंड के दौरान उठाए गए मुद्दों के जवाब में भारत को अपने उत्तर देने के अधिकार का प्रयोग करने के लिए विवश होना पड़ा है। हम इन आरोपों को स्पष्ट रूप से खारिज करते हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के दुष्प्रचार को दोहराकर, ओआईसी यह प्रकट करता है कि वह किस हद तक एक सदस्य देश के प्रभाव में आ गया है, और उस देश की राजनीतिक बाध्यताओं के लिए एक प्रतिध्वनि कक्ष बनकर रह गया है। पाकिस्तान का निरंतर दुष्प्रचार ईर्ष्या से भरा है। हम इसे महत्व नहीं देना चाहते, लेकिन तथ्यों के आधार पर इसका खंडन करने के लिए हम कुछ बिंदु उठाएंगे। उन्होंने आगे कहा कि जम्मू और कश्मीर भारत का अभिन्न और अविभाज्य अंग था, है और हमेशा रहेगा। पाकिस्तान की किसी भी प्रकार की मनगढ़ंत बयानबाजी या दुस्साहसी दुष्प्रचार इस अटल तथ्य को नहीं बदल सकता कि जम्मू और कश्मीर का भारत में विलय 1947 के भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम और अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुसार पूरी तरह से कानूनी और अपरिवर्तनीय था।

# इस्राइल में फलस्तीनियों के मुद्दे उठाएं पीएम मोदी ईरानी विदेश मंत्री ने भारत से संबंधों पर दिया बयान

**तेहरान।** पीएम मोदी इस्राइल के दो दिवसीय दौरे पर हैं। इस बीच ईरान के विदेश मंत्री ने कहा है कि उन्हें उम्मीद है कि पीएम मोदी इस्राइल में फलस्तीन का मुद्दा उठाएंगे। ईरानी विदेश मंत्री ने भारत और ईरान के संबंधों पर भी बात की और दोनों देशों के संबंधों को ऐतिहासिक बताया। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने गाजा में इस्राइल की सैन्य कार्रवाई की निंदा की है और पीएम मोदी से अपील की है कि वे इस्राइल दौरे पर फलस्तीनियों के अधिकारों का मुद्दा उठाएं। पीएम मोदी दो दिवसीय दौरे पर इस्राइल में मौजूद हैं। अराघची ने आरोप लगाया कि गाजा में इस्राइल की कार्रवाई नरसंहार के बराबर है और तेहरान, इस्राइल के साथ जुड़ना ठीक नहीं समझता। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस्राइल में पीएम मोदी फलस्तीनियों और उनके आत्मनिर्णय के अधिकार के मुद्दे पर भी बात करेंगे। इंडिया टुडे को दिए एक



इंटरव्यू में अराघची ने कहा, दुर्भाग्यवश, इस्राइल ने पूरे गाजा को तबाह किया है। 75 हजार लोग मारे गए हैं और यह सिर्फ दावा नहीं है बल्कि तथ्य है, जिसकी पुष्टि गाजा मुद्दे पर काम करने वाले सभी अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने की है। यह एक नरसंहार है। इसलिए जाहिर है, हम ऐसे नरसंहारी शासन के साथ जुड़ना ठीक नहीं समझते। भारत में हमारे दोस्तों को खुद फैसला करना है, लेकिन मुझे उम्मीद है कि पीएम मोदी के कार्यकाल में वे फलस्तीनियों और उनके आत्मनिर्णय के अधिकार के मुद्दे पर भी ध्यान देंगे।

ईरानी विदेश मंत्री ने भारत और ईरान के मजबूत संबंधों पर भी बात की और भारत को ईरान का दोस्त बताया। उन्होंने कहा, भारत के साथ हमारे संबंध हमेशा से बहुत अच्छे रहे हैं। भारत ईरान का दोस्त है और हमारा रिश्ता ऐतिहासिक है। हमने हमेशा से अच्छे द्विपक्षीय आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक संबंध बनाए रखे हैं। हम चाहते हैं कि यह संबंध ऐसे ही बने रहें। मेरे सहयोगी मंत्री जयशंकर के साथ अच्छे संपर्क हैं और हम हमेशा अपने विचार साझा करते हैं। हमारे व्यक्तिगत संबंध भी बहुत अच्छे हैं।

# शोधार्थी के लिए नवाचार सबसे बड़ी पूंजीः कुलपति

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में गुरुवार को इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट (आईपीआर) सेल की ओर से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का विषय बौद्धिक संपदा अधिकारः उभरती प्रवृत्तियाँ और चुनौतियाँ रहा। इस अवसर पर अपने आशीर्वचन में कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा कि इन्वेंशन ही एसेट है। किसी भी संस्थान अथवा शोधकर्ता के लिए नवाचार उसकी सबसे बड़ी पूंजी होती है। यदि नए विचारों, शोध कार्यों और आविष्कारों को सही दिशा में संरक्षित किया जाए तो वही आर्थिक उन्नति और सामाजिक विकास का मजबूत आधार बनते हैं। विश्वविद्यालयों को नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा देना चाहिए। उन्होंने कहा कि बौद्धिक संपदा अधिकार से जुड़े नियमों, पेटेंट प्रक्रिया और कानूनी प्रावधानों की सही जानकारी होना अत्यंत आवश्यक है। साथ ही डिजिटल युग

- **डिजिटल युग में आईपीआर अत्यंत महत्वपूर्णः अशोक**
- **नवाचार संरक्षण राष्ट्र की प्रगति के लिए जरूरीः आलोक मिश्रा**

की चुनौतियों का उल्लेख करते हुए कहा कि आज डिजिटल युग में कॉपीराइट उल्लंघन, डेटा सुरक्षा और ऑनलाइन सामग्री की सुरक्षा गंभीर विषय बन चुके हैं।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक सहगल ने कहा कि डिजिटल युग में बौद्धिक संपदा अधिकार अत्यंत महत्वपूर्ण हो गया है। यदि सृजनकर्ता जागरूक नहीं रहेगा तो उसके नवाचार, शोध एवं रचनात्मक कार्य का दुरुपयोग हो सकता है। उन्होंने पेटेंट, कॉपीराइट, ट्रेडमार्क आदि के पंजीकरण की विधि को विस्तार से समझाते हुए समयबद्ध फाइलिंग की आवश्यकता पर बल दिया।



भारतीय पेटेंट कार्यालय, नई दिल्ली के सहायक नियंत्रक (पेटेंट एवं डिज़ाइन) आलोक मिश्रा ने कहा कि नवाचार को संरक्षित करना राष्ट्र की प्रगति के लिए अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि देश को विकसित करने के लिए आईपीआर सेक्टर को मजबूत करना जरूरी है। उन्होंने पेटेंट आवेदन की प्रक्रिया, परीक्षा प्रणाली तथा स्टार्टअप एवं शैक्षणिक संस्थानों को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी दी।

कमला नेहरू प्रौद्योगिकी संस्थान (के.एन.आई.टी.) सुल्तानपुर के एसोसिएट प्रोफेसर प्रो. प्रदीप कुमार ने कहा कि तकनीकी संस्थानों में शोध को उद्योग से जोड़ते समय आईपीआर की समझ आवश्यक है। इससे शोध का व्यावसायीकरण संभव होता है और नवाचार को उचित पहचान मिलती है।

इलाहाबाद विश्वविद्यालय के विधि संकाय के डॉ. अभिषेक कुमार ने कहा कि वैश्विक प्रतिस्पर्धा के दौर में बौद्धिक संपदा अधिकार आर्थिक विकास का प्रमुख आधार बन चुका है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समझौतों और भारतीय कानूनों के समन्वय पर प्रकाश डाला।

टी.डी. लॉ कॉलेज, जौनपुर के डॉ. यशवंत सिंह ने कहा कि बौद्धिक संपदा अधिकार कानून और नवाचार के बीच सेतु का कार्य करता है। विधि के विद्यार्थियों को आईपीआर के बदलते स्वरूप और न्यायिक दृष्टिकोण की जानकारी होना समय की मांग है। इसके पूर्व आईपीआर सेल के नोडल अधिकारी प्रो. रविप्रकाश ने स्वागत भाषण कर कार्यशाला की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। समापन सत्र में परीक्षा नियंत्रक डॉ विनोद कुमार सिंह ने कहा कि डिजिटल युग में अपने हर शोध हो या सृजन उसके प्रति सजग रहने की जरूरत है। इसी के तहत हर संस्थाओं में आपीआइर सेल का गठन हो रहा है। संचालन डॉ. रसिकेश और धन्यवाद ज्ञापन प्रो. प्रदीप कुमार ने किया। कार्यक्रम में प्रो. प्रमोद कुमार यादव, प्रो. राजेश शर्मा, प्रो. विनोद कुमार, प्रो. प्रमोद कुमार, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. मंगला प्रसाद यादव, डॉ. नीतेश जायसवाल, डॉ. प्रवीण कुमार सिंह, डॉ. नीरज अवस्थी, डॉ. जया शुक्ला, डॉ. नृपेन्द्र सिंह, पूनम सोनकर, डॉ. ज्योति सिंह, डॉ. अजय कुमार मौर्य, डॉ. सुधीर सिंह, डॉ. शैलेश प्रजापति, रीतेश बरनवाल, सहित अनेक शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# प्रदेश को मिला अब तक का सबसे बड़ा बजट



**अवधनामा संवाददाता**

**मैनपुरी।** प्रभारी मंत्री ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि इस बार प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश के राजस्व मंत्री द्वारा प्रदेश का सबसे बड़ा 09 लाख 12 हजार 696 करोड़ 35 लाख का बजट प्रस्तुत किया है, जो विगत बजट से तीन गुना अधिक है, इस बजट में पुरानी परियोजनाओं के साथ नई परियोजनाओं को शामिल किया गया है, प्रदेश में 43 हजार 565 करोड़ 33 लाख की नयी परियोजनाएं शामिल की गयी हैं, यह बजट उत्तर प्रदेश की दृष्टि से ही नहीं बल्कि देश के अन्य सभी राज्यों की दृष्टि से सबसे अधिक है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने विगत 09 वर्षों में प्रदेश की जनता पर कोई नया कर नहीं लगाया है, विगत 09 वर्षों में उत्तर प्रदेश विकास विकास के पथ पर तेजी से अग्रसर हुआ है, प्रदेश के शिक्षित युवाओं को भी निजी, सरकारी सेक्टर में बड़े पैमाने पर

- **9.12 लाख करोड़ का ऐतिहासिक बजट पेश**
- **बजट में 43 हजार करोड़ की नई परियोजनाएं**
- **9 साल में जनता पर कोई नया कर नहीं**

रोजगार, सरकारी नौकरियां उपलब्ध कराई गई हैं, वर्ष 2017 से पूर्व प्रदेश में बेरोजगारी की दर 17 प्रतिशत से अधिक थी लेकिन आज यह घटकर सिर्फ 02.9 प्रतिशत रह गयी है। उन्होने कहा कि आज उत्तर प्रदेश प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, स्वच्छ भारत मिशन योजना, एम.एस.एम.ई. सेक्टर के साथ कानून व्यवस्था एवं अपराध नियंत्रण में देश में नंबर एक पर है। प्रभारी मंत्री ने कहा कि छात्रवृत्ति योजना में प्रदेश सरकार द्वारा इस वर्ष महत्वपूर्ण सुधार किए गए हैं, छात्रवृत्ति की धनराशि में वृद्धि के साथ ही पात्र विद्यार्थियों के अभिभावकों की आय सीमा रू. 02 लाख से बढ़ाकर रू. 02.5 लाख कर दी गई है, जो भुगतान पूर्व में वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन किया जाता था वह अब समय से पहले ही किया जा रहा है। उन्होने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा पेंशन योजनाओं में ऐतिहासिक वृद्धि की गई है, वर्ष 2017 तक पेंशन योजना के लाभार्थियों को रू. 300 प्रतिमाह का भुगतान होता था लेकिन पेंशन को चरणबद्ध तरीके से बढ़ाकर रू. 1000 किया गया, वर्तमान बजट सत्र में इसे रू. 1500 प्रतिमाह किए जाने की घोषणा की गई है, जो वर्ष 2017 की तुलना में लगभग 05 गुना वृद्धि है। इस दौरान पूर्व मंत्री, विधायक भोगांव राम नरेश अग्निहोत्री, जिलाध्यक्ष ममता राजपूत के अलावा जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद शाहा, मुख्य विकास अधिकारी नेहा बंधु आदि उपस्थित रहे।

# जनता दर्शन में प्राप्त जन शिकायतों को निर्धारित समय में गुणवत्तायुक्त निस्तारित करायें: मण्डलायुक्त

**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** मण्डलायुक्त विवेक एवं अपर आयुक्त शमशाद हुसैन द्वारा संयुक्त रूप से आज कलेक्ट्रेट आजमगढ़ में अवस्थित विभिन्न पटलों का आकस्मिक निरीक्षण किया। अभिलेखागार के निरीक्षण के दौरान नकल प्रार्थना पत्र अंकन रजिस्टर एवं रखे गये बस्तों के रख-रखाव का अवलोकन किया गया। मण्डलायुक्त ने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिया कि अभिलेखागार में रखे गये बस्तों के लिए एक बस्ता सूची बनाया जाए। उन्होने अभिलेखागार में अभिलेखों की सुरक्षा के दृष्टिगत सीसी टीवी कैमरों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिये। उन्होने पुराने बस्तों एवं फाइलों के कवर को बदलने तथा अभिलेखों को सुव्यवस्थित रखने के निर्देश दिये। इसके साथ ही उन्होने रिकार्ड रूम में नियमित रूप से साफ-सफाई कराने



के निर्देश दिये।

इसके पश्चात मण्डलायुक्त ने अभिलेखागार राजस्व, तहसील-फूलपुर/बूढ़नपुर/ मार्टिनगंज एवं तहसील सदर (चकबन्दी), तहसील निजामाबाद (चकबन्दी) का निरीक्षण किया गया। इस दौरान मण्डलायुक्त ने अभिलेखागार में बस्तों को खुलवाकर अभिलेखों को अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान अभिलेखागार में अभिलेख अस्त-व्यस्त पाये जाने एवं अभिलेखों के सम्बन्ध में जानकारी मांगे जाने पर सही उत्तर नही देने पर मण्डलायुक्त ने कार्यालय में कार्यरत अरेन्जर-महेन्द्र प्रताप को विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि देने एवं अरेन्जर-अशोक यादव को चेतावनी देते हुए स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिये। उन्होने अभिलेखों को सही करने, बस्तों को क्रमवार रखवाने एवं साफ-सफाई कराने के निर्देश दिये। मण्डलायुक्त ने अपर जिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि धारा-24 एवं धारा 67 के वादों को निर्धारित समय मे गुणवत्तायुक्त निस्तारित करें। उन्होने कहा कि शासन द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में सभी अधिकारी प्रतिदिन 10 से 12 बजे तक अपने कार्यालय में बैठकर जन सुनवाई करें। उन्होने निर्देश दिया कि जनता दर्शन के दौरान प्राप्त जन शिकायतों को निर्धारित समय में गुणवत्तायुक्त निस्तारित कराने का प्रयास किया जाए। इसके साथ ही उन्होने तीनों अपर जिलाधिकारियों के कोर्ट में सबसे ज्यादा पुरानी लम्बित फाइलों का अवलोकन कर उसको नियमानुसार निस्तारित करने के निर्देश दिये।

## दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में बुजुर्ग की मौत, बेटा घायल

**प्रयागराज।** पुरामुफ्ती थाना क्षेत्र के बमरौली इलाके में बुधवार रात सड़क हादसे में 60 वर्षीय अमरनाथ पटेल की मौत हो गई। वह बेटे नीरज के साथ बाइक से घर लौट रहे थे। भगवतपुर मोड़ पर सड़क पार करते समय तेज रफ्तार बाइक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। सड़क पर गिरने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए और अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

हादसे में बाइक चला रहा बेटा नीरज भी घायल हुआ। बुजुर्ग अमरनाथ पीछे बैठे थे, जो बाइक अनियंत्रित होने पर सड़क पर गिर गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। उन्हें स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां गुरुवार सुबह उनकी हालत अचानक बिगड़ गई और कुछ देर बाद उनकी मौत हो गई।

# दो लेखपाल एक लाख रिश्वत के साथ गिरफ्तार

- **ऑफिस बनाकर ले रहे थे घूंस, एंटी करप्शन टीम ने पकड़ा**

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** एंटी करप्शन टीम ने दो लेखपालों को एक लाख रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। महिला और पुरुष लेखपाल ने बकायदा एक कमरे का ऑफिस बना रखा था और जमीन संबंधित विवादों को वहां निपटाते थे। आख्या लगाने और मकान निर्माण कार्य को न रुकवाने के एवज ने दोनों ने एक लाख रुपये की डिमांड की थी। एंटी करप्शन टीम ने प्लान बनाकर ट्रैपिंग की और एक लाख रुपये घूंस लेते हुए दोनों को रंगे हाथ दबोच लिया।।सोरांव तहसील के दोनों लेखपालों को शिवकुटी थाने लाकर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार किए गए लेखपालों की पहचान राजशेखर (मलाक हरहर) और जूही मिश्रा (महरू डीह) के रूप में हुई है। टीम



ने शिकायत मिलने के बाद जाल बिछाकर उन्हें पकड़ा। बताया जाता है कि दोनों लेखपाल 2024-25 बैच के हैं और सोरांव तहसील में उनकी यह पहली पोस्टिंग थी। राजशेखर फतेहपुर जनपद के निवासी हैं, जबकि जूही मिश्रा सुल्तानपुर की रहने वाली हैं। लंबे समय से उनके खिलाफ भ्रष्टाचार की शिकायतें मिल रही थीं। लेखपालों ने एक कमरा किराए पर लेकर उसे अपना ऑफिस बना रखा था। यहीं पर वे क्षेत्रीय लोगों से संबंधित कामकाज निपटाते थे और पैसों का लेनदेन भी करते थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार नवाबगंज के आनापुर के रहने वाले अभयराज यादव पुत्र शंकरलाल यादव ने एंटी करप्शन में शिकायत दर्ज कराई थी। अपने प्रार्थना पत्र में कहा कि राजशेखर लेखपाल तहसील सोरांव उनसे रिश्वत की मांग कर रहा है। उन्होंने बताया कि उसकी पुश्तैनी जमीन पर आख्या लगाने और निर्माण कार्य न रोकने के एवज में 1,00,000 रुपये मांगे जा रहे हैं।

अभयराज की शिकायत पर गुरुवार को एंटी करप्शन टीम की 14 सदस्यीय टीम ने ट्रैपिंग की। इंस्पेक्टर अलाउद्दीन अंसारी के नेतृत्व में शिवपुर मलाका लखनऊ रोड प्रयागराज के पास से लेखपाल राजशेखर सिंह को गिरफ्तार कर लिया। उसके साथ ही जूही मिश्रा पुत्री स्वामीनाथ मिश्र निवासी लक्ष्मणपुर थाना टांडा जनपद अम्बेडकर नगर को पकड़ा गया। जूही का हाल पता न्याय नगर थाना धूमनगंज है। दोनों के कब्जे से रिश्वत के एक लाख रुपये ट्रैपिंग टीम ने बरामद किए। यह वहीं रुपये थे, जो अभयराज के जरिए रिश्वत दी गई थी। जूही अपने साथी लेखपाल राजशेखर के साथ मिलकर रिश्वतखोरी कर रही थीं। दोनों ने आफिस बनाकर घूस लेने का काम शुरू किया था।

## वैवाहिक कार्यक्रम से लौट रहे युवक की सड़क हादसे में मौत, मामा घायल

**प्रयागराज।** मामा के साथ बाइक से वैवाहिक कार्यक्रम से लौट रहे भांजे की बुधवार रात केंदीय कारागार नैनी के सामने ट्रक की चपेट में आने से मौत हो गई। वहीं घटना में मामा भी गंभीर रूप से घायल हो गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मेजा थाना क्षेत्र के ऊंचडीह निवासी अमन शुक्ला (26) पुत्र अखिलेश कुमार शुक्ला बुधवार शाम अपने मामा राजेश त्रिपाठी निवासी संगम विहार कॉलोनी नैनी के साथ एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए नैनी गया था। देर रात दोनों एक ही बाइक में वापस संगम विहार कॉलोनी की ओर लौट रहे थे। जैसे ही उन्होंने केंद्रीय कारागार नैनी गेट के सामने से अपनी बाइक टर्न की तभी मिर्जापुर रोड की ओर जा रही है ट्रक ने बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। दुर्घटना में अमन शुक्ला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसकी मामा राजेश त्रिपाठी गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक अमन शुक्ला दो भाइयों में छोटा था।

## जैविक साग सब्जी और पुष्प प्रदर्शनी का आयोजन आज

**प्रयागराज।** सीएमपी डिग्री कॉलेज के वनस्पति विज्ञान विभाग में शुक्रवार को विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में जैविक साग सब्जी और पुष्प प्रदर्शनी आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम आई. क्यू. ए. सी., जी. वाई. बी. सी., आई.आई. सी. एंड अथर्वन फोउंडेशन के तहत आयोजित किया जाएगा।

एक्सपो की थीम पेटल्स, प्लांट्स एंड प्योर लिविंग थी। कार्यक्रम में विभिन्न विषयों के स्नातक, परास्नातक और शोध छात्रों ने भाग लिया। इस आयोजन में विभिन्न तरह के पुष्प, रंगीन जैविक सब्जियाँ, हर्बल गुलाल एवं बीज संरक्षण को प्रदर्शित किया जाएगा।

जिसके मुख्य अतिथि प्राचार्य प्रो. अजय प्रकाश खरे, प्रो. सरिता श्रीवास्तव, प्रोफेसर अर्चना पाण्डेय, प्रो मंजू श्रीवास्तव, डॉ. दीपक कुमार गोंड एवं समस्त शिक्षक उपस्तिथि रहेंगे।

# त्योहारों को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की एसडीएम ने की अपील

**अवधनामा संवाददाता**

**आज़मगढ़।** होली और रमजान के त्यौहार को देखते हुए फूलपुर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी फूलपुर अशोक कुमार ने की। इस दौरान थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए प्रधानों, ग्रामीणों और सम्मानित नागरिकों से होलिका दहन व होली के दौरान उत्पन्न होने वाली संभावित समस्याओं के संबंध में जानकारी ली गई। उपजिलाधिकारी अशोक कुमार ने उपस्थित लोगों से कहा कि यदि किसी प्रकार की कोई समस्या हो तो तत्काल प्रशासन को अवगत कराएं, ताकि समय रहते उसका समाधान किया जा सके। उन्होंने त्योहारों को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की



अपील की। थाना प्रभारी सच्चिदानंद ने ग्रामीणों और संभ्रांत नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की उद्दंडता क्षम्य नहीं होगी। क्षेत्र में मिली-जुली आबादी होने तथा रमजान के पवित्र माह को देखते हुए उन्होंने विशेष सतर्कता बरतने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि होली के दौरान मस्जिदों पर या जो लोग रंग नहीं खेलना चाहते हैं, उन पर जबरन रंग न डाला जाए। साथ ही शराब या अन्य नशे का सेवन कर सड़कों पर घूमने और हुड़दंग करने से बचने की हिदायत दी गई। थाना प्रभारी ने कहा कि नशे की हालत में छोटी-छोटी बातें भी बड़ा रूप ले सकती हैं, जिससे माहौल खराब हो सकता है। किसी भी प्रकार की समस्या या विवाद की स्थिति में तत्काल थाना, क्षेत्राधिकारी या उपजिलाधिकारी को सूचना देने की अपील की गई। बैठक में नवनीत सिंह, गंगा राम बिंद, संजय यादव, मुनमुन, प्रमोद यादव, महेंद्र प्रसाद, वीरेंद्र यादव, भूषण, पवन जायसवाल, रत्नेश बिंद, राम आसरे यादव, अखिलेश, बबलू, सूबेदार यादव, चंद्रभान यादव सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# नाबालिग बटुकों की मेडिकल रिपोर्ट में यौन शोषण की पुष्टि



- **बढ़ीं स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद की मुश्किलें, पुलिस ने तेज की जांच**

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** नाबालिग बटुकों से कथित यौन शोषण के आरोपों में घिरे स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती की मुश्किलें बढ़ती दिख रही हैं। सूत्रों के मुताबिक पुलिस द्वारा कराई गई मेडिकल जांच रिपोर्ट में पीड़ित दोनों नाबालिग बच्चों के साथ कुकर्म की पुष्टि होने की बात सामने आई है। बुधवार को पुलिस ने दोनों बच्चों का मेडिकल परीक्षण कराया था। शिकायतकर्ता आशुतोष ब्रह्मचारी ने भी दावा किया है कि रिपोर्ट में यौन शोषण के संकेत स्पष्ट रूप से दर्ज हैं।

मामले में पुलिस ने जांच की रफ्तार तेज कर दी है। सूत्रों के अनुसार मेडिकल रिपोर्ट को अहम साक्ष्य के तौर पर केस डायरी में शामिल किया जा रहा है। यदि जांच में आरोप पुष्ट होते हैं तो स्वामी के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।

गिरफ्तारी की आशंका के बीच स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की है। इस याचिका पर कल जस्टिस जितेंद्र कुमार सिन्हा की एकल पीठ में सुनवाई होनी है। अदालत में पुलिस मेडिकल रिपोर्ट और अब तक जुटाए गए साक्ष्यों को प्रस्तुत कर सकती है। कानूनी विशेषज्ञों का मानना है कि अगर हाईकोर्ट से राहत नहीं मिली तो पुलिस उन्हें किसी भी समय गिरफ्तार कर सकती है। ज्ञात हो कि यह मामला प्रयागराज के झूसी थाने में दर्ज है। स्वामी और उनके शिष्य मुकुंदानंद गिरी सहित अन्य के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया है कि मामले की विवेचना जारी है और अन्य संदिग्धों की भूमिका की भी जांच की जा रही है। आगे की कार्रवाई अदालत के निर्देश और जांच के निष्कर्षों पर निर्भर करेगी।

### अविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ पर्याप्त सबूतः आशुतोष

प्रयागराज। पॉक्सो कोर्ट के आदेश पर अविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ यौन शोषण का मुकदमा दर्ज कराने वाले आशुतोष ब्रह्मचारी ने दावा किया है कि उनके पास आरोपों से संबंधित पर्याप्त प्रमाण मौजूद हैं। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने यह बात कही। इस दौरान उन्होंने एक लैपटॉप दिखाते हुए बताया कि इसमें नाबालिगों से यौन शोषण की फोटो और वीडियो सहित अन्य महत्वपूर्ण साक्ष्य मौजूद हैं। उन्होंने इस मामले में दो अन्य नाम का खुलासा करते हुए राजनीतिक पार्टियों के बड़े नेताओं व वीआईपी के शामिल होने का भी दावा किया।

# टीईटी अनिवार्यता के विरोध में शिक्षकों ने बुलंद की आवाज

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** टीचर्स फेडरेशन आफ इंडिया (टीएफआई) के बैनर तले जनपद के अधिकांश संगठनों ने टीईटी अनिवार्यता के विरोध में चरणबद्ध आंदोलन के तहत गुरुवार को बीएसए कार्यालय परिसर में धरना प्रदर्शन कर अपनी आवाज बुलंद की। इसके बाद बीएसए कार्यालय से पैदल मार्च करते हुए कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचे। वहां प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा गया। धरना सभा में शिक्षक संगठनों के प्रतिनिधियों ने कहा कि जुलाई 2011 के पूर्व नियुक्त शिक्षकों की भर्ती हुई और उन्होंने सारी अर्हता पूरी करते हुए शिक्षक के पद पर नियुक्त हुए हैं। लेकिन उच्चतम न्यायालय के एक सितंबर 2025 के निर्णय के द्वारा सभी शिक्षकों के लिए टेट की अनिवार्यता के आदेश से शिक्षकों में घोर निराशा की स्थिति उत्पन्न हो गई है। इससे शिक्षक चिंतित एवं आक्रोशित है। शिक्षक नेताओं ने मांग किया कि सरकार आरटीई एक्ट में 2017 में किए गए संशोधन को रद्द करते अध्यादेश लाकर पूर्व की भाति 2011 से पूर्व में नियुक्त शिक्षकों के लिए टेट की अनिवार्यता को समाप्त करे। इसके साथ ही सर्वोच्च न्यायालय



- **बीएसए कार्यालय पर धरना प्रदर्शन के बाद पैदल मार्च करते पहुंचे कलेक्ट्रेट, सौंपा ज्ञापन**
- **सेवारत शिक्षकों को टीईटी अनिवार्यता से मुक्त करे सरकारः अरविंद शुक्ल**
- **अध्यादेश लाओ, शिक्षकों की सेवा बचाओ काला कानून वापस हो के लगे नारे**

में शिक्षकों का पक्ष रखे जिससे देश के लाखों शिक्षकों की सेवा संरक्षित हो सके। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अरविंद शुक्ल ने कहा कि सरकार इस आशय का हलफनामा एनसीटीई के माध्यम से सर्वोच्च न्यायालय में दाखिल करवाए, जिससे शिक्षकों के साथ न्याय हो सके। पैदल मार्च में शिक्षकों ने काला कानून वापस लो, अध्यादेश लाओ, शिक्षकों की सेवा बचाओ के नारे लगाते हुए अपनी समस्याओं के प्रति सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया।

इसके पहले चरणबद्ध आंदोलन के क्रम में टीईटी अनिवार्यता के विरोध में शिक्षक 22 फरवरी को 2 ट्विटर महाअभियान तथा 23 फरवरी से लेकर 25 फरवरी तक अपने कार्यस्थल पर काली पट्टी बांधकर टीईटी अनिवार्यता का विरोध करे चुके हैं। लेकिन अभी तक उन्हें इस समस्या से राहत नहीं मिली। इसके बाद पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत धरना प्रदर्शन कर जोरदार तरीके से विरोध दर्ज कराया गया। धरना सभा की अध्यक्षता अरविंद शुक्ला व संचालन रामदुलार यादव ने किया। इस मौके पर जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अतुल प्रकाश यादव, रवि चंद यादव, शिवकुमार सरोज,लाल साहब यादव, वीरेंद्र प्रताप सिंह, राय साहब यादव, ए आर पी संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुधीर कुमार सिंह महिला प्राथमिक शिक्षक संघ की जिला अध्यक्ष श्रीमती विजयलक्ष्मी यादव विशिष्ट बीटीसी संघ के अध्यक्ष राम मूरत यादव दीपक सिंह प्रशांत मिश्रा राजमणि यादव शिवेंद्र सिंह रानू लक्ष्मीकांत सिंह आलोक रघुवंशी प्रियंका सिंह राजपूत संजय यादव सुनील यादव आनंद यादव कल्पना यादव पुष्पा यादव यशवंत सिंह राजेश बहादुर सिंह राकेश कुमार जय सिंह यादव यादव विक्रम प्रकाश अनिल दीप चौधरी देशबंधु यादव शैलेंद्र पाल विष्णु तिवारी राघवेंद्र मिश्रा जुबेर अहमद प्रेम नारायण चौरसिया अरुण सिंह नितेश उपाध्याय त्रिवेणी सरोज शेर बहादुर मौर्य धीरज यादव आशुतोष कुमार बृजेश सिंह विजय सिंह पवन कुमार सिंह मनोज यादव दुष्यंत मिश्रा धर्मेंद्र यादव अरुण कुमार सिंह लवली सिंह छाया सिंह मीरा यादव अरुण कुमार यादव विमल यादव राम प्रसाद यादव आशा अंबेडकर सुमन पारुल सीमा शालिनी थे राजेश पांडे चंद्रप्रकाश त्रिपाठी राघवेंद्र मिश्र संतोष कुमार सिंह सुधीर कुमार सिंह रंजय सिंह राजकुमार यादव लाल साहब यादव रणंजय सिंह राकेश पांडे यादवेंद्र नाथ यादव पवन कुमार सिंह व अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

## एआरओ ने रोका 2 बीएलओ और एक सुपरवाइजर का वेतन

**प्रयागराज।** प्रयागराज के विधानसभा क्षेत्र 254 फाफामऊ में एसआईआर कार्य की समीक्षा के दौरान लापरवाही बरतने पर सख्त कार्रवाई की गई है। सहायक निर्वाचन अधिकारी (एआरओ) हीरालाल सैनी द्वारा की गई समीक्षा के बाद दो बीएलओ और एक सुपरवाइजर के मानदेय/वेतन पर रोक लगा दी गई है। इनमें बूथ नंबर 154 के बीएलओ सौरभ शेखर और बूथ नंबर 337 के बीएलओ अभिताभ मिश्र शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, एक शिक्षा मित्र के भुगतान पर भी रोक लगाई गई है।

एआरओ सैनी ने बताया कि कार्य में असंतोषजनक प्रदर्शन के कारण चार अन्य बीएलओ को अंतिम चेतावनी जारी की गई है। इनमें बूथ नंबर 34 की पदमा शुक्ला, बूथ नंबर 255 की शिवानी पटेल, बूथ नंबर 271 की रेखा सिंह और बूथ नंबर 341 की पूनम लता शामिल हैं।

पर्यवेक्षण कार्य में लापरवाही के आरोप में बूथ नंबर 1 से 10 तक के बीएलओ के सुपरवाइजर रामकुमार के वेतन आहरण पर भी रोक लगा दी गई है। एआरओ ने इस संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं।

# लोक अदालत, लैंगिक समानता के प्रति जागरूक होना जरूरी : सिविल जज

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर, दीवानी न्यायालय जौनपुर एवं मोहम्मद हसन पी.जी. कॉलेज, जौनपुर के संयुक्त तत्वावधान में लैंगिक समानता, राष्ट्रीय लोक अदालत, स्थायी लोक अदालत तथा पीसीपीएनडीटी अधिनियम विषय पर एक दिवसीय जागरूकता संगोष्ठी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में विधिक जागरूकता को सुदृढ़ करना, घटते बाल लिंगानुपात के प्रति चेतना विकसित करना तथा महिला एवं बालिका संरक्षण के प्रति सकारात्मक सोच को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता दीवानी बार काउंसिल जौनपुर के अध्यक्ष श्री सुभाष चंद्र यादव ने की। अपने अध्यक्षीय संबोधन में उन्होंने कहा, लैंगिक समानता केवल सामाजिक आवश्यकता नहीं, बल्कि संवैधानिक दायित्व भी है, जिसे हम सभी को मिलकर सशक्त करना होगा। मुख्य वक्ता के रूप में सिविल जज (सीनियर डिवीजन)/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जौनपुर सुशील कुमार सिंह ने अपने संबोधन



में कहा, राष्ट्रीय लोक अदालत एवं स्थायी लोक अदालत न्याय को सरल, त्वरित और किफायती बनाती हैं, जिससे आमजन को न्याय सुलभ हो पाता है। उन्होंने पीसीपीएनडीटी अधिनियम के प्रावधानों की विस्तार से जानकारी देते हुए भ्रूण लिंग परीक्षण को दंडनीय अपराध बताया और समाज से बालिका संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. अब्दुल कादिर खाँ ने स्वागत भाषण देते हुए अतिथियों का अभिनंदन किया तथा संगोष्ठी की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने कहा, समाज में जागरूकता और शिक्षा ही लैंगिक भेदभाव को समाप्त करने का सबसे प्रभावी माध्यम है। अतिथियों को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। डिप्टी चीफ डिफेंस काउंसिल डॉ. दिलीप सिंह ने कहा, पीसीपीएनडीटी अधिनियम का कठोर अनुपालन समाज में संतुलित लिंगानुपात बनाए रखने की दिशा में अत्यंत आवश्यक है। दीवानी बार काउंसिलिंग के मंत्री उस्मान अली ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा, विधिक पेशे से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है कि वह समाज में न्याय और समानता की भावना को सुदृढ़ करे। लोक अदालत सदस्य रजनी सिंह ने अपने संबोधन में कहा, महिलाओं और बालिकाओं के अधिकारों की रक्षा करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है और इसके लिए सामाजिक सहभागिता अनिवार्य है।

# एआई और डिजिटल होती दुनिया का सर्राफा बाजार पर हो रहा क्या असर



**मुंबई।** वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव, डिजिटलीकरण, एआई और डेटा सेंटर की बढ़ती जरूरत से चांदी की मांग मजबूत बनी हुई है, जबकि सीमित आपूर्ति और अनिश्चित नीतियों के कारण 2026 में भी सोने-चांदी की कीमतों में उतार-चढ़ाव जारी रहने की संभावना है।

सोने-चांदी में उतार-चढ़ाव लगातार जारी हैं। इसकी मुख्य वजह अस्थिर वैश्विक भू-राजनीति और व्यापारिक तनाव है। लेकिन इसके अलावा भी कई और कारणों की वजह से भी इन कीमती धातुओं में उतार-चढ़ाव देखा गया। इसमें चांदी ने पिछले कई वर्षों से निवेशकों और रिटेल खरीदारी को चौकाया है। जियोजित इन्वेस्टमेंट लिमिटेड कमोडिटी विशेषज्ञों के मुताबिक तेजी से डिजिटलाइजेशन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के विस्तार और डेटा सेंटर व आईटी इंफ्रास्टक्र में वृद्धि होने से चांदी की मांग 2026 में भी बनी रहेगी। हालांकि कीमतों में उतार-चढ़ाव जारी रहने की संभावना है। जिन प्रमुख कारकों ने 2025 में चांदी की कीमतों को बढ़ाया वहीं प्रमुख कारक 2026 में भी इन्हें बढ़ाने का काम करेंगे। तेजी से डिजिटलीकरण, एआई के विस्तार और डेटा केंद्रों व आईटी बुनियादी ढांचे के साथ कंप्यूटिंग और इलेक्ट्रिक सिस्टम में चांदी का इस्तेमाल बढ़ने से इसकी मांग बढ़ रही है। वहीं दूसरी ओर चांदी की सीमित भौतिक आपूर्ति, भू-राजनीतिक अस्थिरिता और अमेरिकी व्यापार नीतियों की अनिश्चितता की वजह से बुलियन में सुरक्षित निवेश के आकर्षण को बनाए रखा है। जबकि सोने में मजबूती से चांदी के लिए गिरावट के रिस्क को कम करने में मदद मिलेगी, भले ही जल्द ही कीमतों में अधिक उतार-चढ़ाव की संभावना है। जियोजित इंवेस्टमेंट के अनुसार 2025 में शानदार 146 प्रतिशत का रिटर्न देने के बाद, जनवरी में चांदी कई ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई और पहली बार 100 अमेरिकी डॉलर के मुख्य मनोवैज्ञानिक स्तर के ऊपर चली गई। इस तेज बढ़त ने सोन और चांदी के रेश्यों को 50 से अधिक कर दिया, जो 2012 के बाद इसका सबसे निचला स्तर है। हालांकि चांदी बाद में 63.00 के करीब वापस आ गई। 2025 में चांदी की कीमतों को बढ़ाने वाले कारक इस साल 2026 में भी मजबूत बने हुए हैं। जिसमें लंदन में भौतिक आपूर्ति में कमी, भू-राजनीतिक उतार-चढ़ाव, अमेरिका में पॉलिसी को लेकर अनिश्चितता कीमती धातु को सहारा दे रहे हैं। इसके अलावा चांदी की फंडामेंटल आपूर्ति और मांग का संतुलन कंस्ट्रक्टि बना हुआ है।

पहला चरण अक्युमुलेशन यानी बड़े निवेशकों की खरीदारी, उस समय चांदी सस्ती थी और यह चर्चा में नहीं थी, लेकिन तकनीकी रूप से मजबूत स्थिति में थी। दूसरा चरण की शुरुआत तब हुई जब घरेलू बाजार में चांदी की कीमतें 78,000 रुपये प्रति किलो और बाद में एक लाख रुपये प्रति किलो के ऊपर पहुंच गईं। तीसरे चरण जो अभी चल रहा है, इसे स्ट्रक्चरल बुल मार्केट कहा जा सकता है। यहां औद्योगिकी मांग, लेकिन आपूर्ति में कमी और सिल्वर ईटीएफ में बढ़ते निवेश से यह मूव अधिक व्यापक हो गया है। रिटेल निवेशकों लंबी अवधि के लिए निवेश की रणनीति और उतार-चढ़ाव के लिए तैयार रहे सैमको सिक्योरिटीज के विशेषज्ञों के अनुसार निवेशकों को लंबी अवधि के लिए अपना नजरिया रखना चाहिए। निवेशकों को जल्दबाजी से बचना चाहिए और संतुलित एसेट एलोकेशन करें। क्योंकि जब डॉलर कमजोर होता है और लिक्विडिटी बेहतर होती है, तब चांदी अच्छा प्रदर्शन करती है।

## सैमसंग ने लॉन्च की गैलेक्सी एस26 सीरीज़




**नई दिल्ली।** सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने आज गैलेक्सी एस26 सीरीज़ लॉन्च की है, जिसमें कमाल की परफॉर्मेंस, इंडस्ट्री का अग्रणी कैमरा सिस्टम और गैलेक्सी एआई अनुभव हैं जो लोगों के रोज़मर्रा के फोन टास्क को आसान बनाएंगे। गैलेक्सी एस26,एस26 प्लस और एस26 अल्ट्रा सैमसंग की तीसरी पीढ़ी के एआई फोन हैं और यह बैकग्राउंड में बड़ी ही आसानी से जटिल टास्क संभालते हैं, जिससे यूज़र्स सिर्फ़ परिणामों पर फोकस कर सकते हैं।सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स के सीईओ, प्रेसिडेंट और डिवाइस एक्सपीरियंस डिविजन के हेड, टीएम रोह ने गैलेक्सी एस26 सीरीज़ के साथ, हमने एआई को इतना आसान बनाने पर फोकस किया है कि यह बैकग्राउंड में चुपचाप काम करे, ताकि लोग सिर्फ़ उन चीज़ों पर ध्यान दें जो मायने रखती हैं।गैलेक्सी S26 अल्ट्रा सैमसंग का अब तक का सबसे पतला सिर्फ़ 7.9 mm का अल्ट्रा डिवाइस है और इसमें मोबाइल फोन में दुनिया का पहला बिल्ट-इन प्राइवेसी डिस्प्ले पेश किया गया है। रोज़मर्रा की स्थितियों जैसे ट्रांसिट, कैफ़े और शेयर्ड जगहों के लिए डिज़ाइन किया गया प्राइवेसी डिस्प्ले, मोबाइल डिवाइस पर पहले कभी नहीं मिला - इसके हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर मिलकर प्राइवेसी की रक्षा करते हैं और आपके व्यूइंग अनुभव पर भी कोई असर नहीं पड़ता।गैलेक्सी S26 अल्ट्रा स्नैपड्रैगन® 8 एलीट जेन 5 मोबाइल प्लेटफॉर्म फॉर गैलेक्सी से पावर्ड है – जो अब तक का सबसे बेहतरीन परफॉर्मेंस देता है। इसमें सुपर फास्ट चार्जिंग 3.0 की भी खूबी है, जिससे फोन सिर्फ़ 30 मिनट में 75% तक चार्ज हो जाता है।गैलेक्सी S26 अल्ट्रा में कैमरा में बड़े बदलाव किए गए हैं, जिसमें लो-लाइट फोटोग्राफी को बेहतर बनाने वाला वाइडर एपर्चर और डिम कंडीशंस में वाइब्रेंट, क्लियर फुटेज के लिए बेहतर नाइटोग्राफी वीडियो जैसे अपग्रेड शामिल हैं। अपग्रेडेड सुपर स्टेडी टेक्नोलॉजी वीडियो कैप्चर के दौरान स्टेबल फ्रेमिंग सुनिश्चित करती है। AI ISP इम्प्रूवमेंट्स सेल्फी कैमरा तक पहुंचे हैं, जो मिक्स्ड लाइटिंग में नैचुरल स्किन टोन्स और फाइन डिटेल्स देते हैं।खास बात ये है कि यह पहला गैलेक्सी डिवाइस है जो एडवांस्ड प्रोफेशनल वीडियो स्टैंडर्ड को सपोर्ट करता है, जो हाई-क्वॉलिटी वीडियो के लिए एफिशिएंट कंप्रेशन देता है।नई गैलेक्सी बड्स 4 प्रो और गैलेक्सी बड्स 4 पावरफुल hi-fi ऑडियो और कम्प्यूटेशनली डिज़ाइन किए गए फिट पर फोकस करती हैं। बड्स4 प्रो में वाइडर वूफर, बेहतर ऐक्टिव नॉइज कैंसेलेशन और एडैप्टिव ईक्यू जोड़ा गया है, जो 20H5-40kH5 फ्रीक्वेंसी रेंज में क्रिस्प साउंड देता है। दोनों मॉडल्स सुपर क्लियर कॉल को सपोर्ट करते हैं और इसमें बिक्सबी, जेमिनी और परप्लेक्सिटी जैसे AI एजेंट्स भी हैं। ये व्हाइट और ब्लैक मैट फिनिश में उपलब्ध हैं।

# उतार-चढ़ाव के बाद सपाट बंद हुआ घरेलू शेयर बाजार



**नई दिल्ली।** हफ्ते के चौथे कारोबारी दिन यानी गुरुवार को शेयर बाजार उतार-चढ़ाव के बाद सपाट बंद हुआ। सेंसेक्स 27.46 अंक गिरकर 82,248.61अंक पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला निफ्टी 14.05 अंक बढ़कर 25,496.55 अंक पर बंद हुआ। उतार-चढ़ाव भरे सत्र में बेंचमार्क शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी शुरुआत को सपाट बंद हुए। एचडीएफसी बैंक और अन्य ब्लू-चिप शेयरों में गिरावट देखने को मिली। इसके अलावा, अमेरिका-ईरान वार्ता से पहले निवेशकों की सतर्कता ने भी बाजार में बाजार से दूरी बनाए रखी। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 1 पैसा गिरकर 90.92 पर बंद हुआ। सीमित दायरे में कारोबार करते हुए, 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 27.46 अंक या 0.03 प्रतिशत गिरकर 82,248.61 पर बंद हुआ। दिन के दौरान, इसने 82,579.16 का उच्च और 81,970.47 का निम्न स्तर छुआ, जिसमें 608.69 अंकों का उतार-चढ़ाव आया। वहीं एनएसई निफ्टी 14.05 अंक या 0.06 प्रतिशत बढ़कर 25,496.55 पर बंद हुआ। सेंसेक्स पैक में, ट्रेंट, एटर्नल, पावर ग्रिड, एचडीएफसी बैंक, एशियन पेंट्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, एनटीपीसी और एक्सिस बैंक सबसे अधिक गिरावट वाले शेयरों में शामिल थे। भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, सन फार्मा, अदानी पोर्ट्स, मारुति और भारती एयरटेल लाभ कमाने वाले शेयरों में शामिल थे। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के रिसर्च हेड विनोद नायर ने कहा कि संयुक्त वैश्विक संकेतों और अमेरिका-ईरान परमाणु वार्ता से पहले बढ़ी सतर्कता के साथ-साथ अमेरिकी प्रारंभिक बेरोजगारी दावों और भारत के जीडीपी आंकड़ों सहित महत्वपूर्ण डेटा जारी होने के कारण घरेलू बाजार ने अपनी शुरुआती बढ़त खो दी, जिससे मुनाफावसूली शुरू हो गई। ऑनलाइन ट्रेडिंग और वेल्थ टेक फर्म एनरिच मनी के सीईओ पोनमुडी आर ने कहा कि भारतीय शेयर बाजार लगभग अपरिवर्तित बंद हुए, जो शुरुआती आशावाद और सतर्क मुनाफावसूली के बीच स्पष्ट खींचतान को दर्शाता है।

# ज़ाइडस पेटेंट खत्म होने के पहले दिन भारत में इनोवेटिव सेमाग्लूटाइड इंजेक्शन लॉन्च करने की योजना बना रहा है, जिससे मरीज़ों को GLP-1 थेरेपी तक पहुंच बढ़ेगी

**अहमदाबाद।** ज़ाइडस लाइफसाइंसेज लिमिटेड (जिसमें इसकी सहायक/संबद्ध कंपनियां शामिल हैं, जिसे आगे ज़ाइडस कहा जाएगा), एक इनोवेशन पर आधारित लाइफ-साइंसेज कंपनी है जिसकी इंटरनेशनल मौजूदगी है। यह भारत में सेमाग्लूटाइड पेटेंट खत्म होने पर SEMAGLYN, MASHEMA और ALTERME ब्रांड नामों के तहत सेमाग्लूटाइड इंजेक्शन लॉन्च करने की योजना बना रहा है। ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ़ इंडिया ने पहले टाइप 2 डायबिटीज़ मेलिटस और मोटापे के इलाज के लिए सेमाग्लूटाइड इंजेक्शन बनाने और उसकी मार्केटिंग के लिए अपनी मंज़ूरी दे दी थी। ज़ाइडस की सेमाग्लूटाइड पेशकश की एक महत्वपूर्ण विशेषता इसका स्वदेशी रूप से विकसित अभिनव ड्रग-डिलीवरी सिस्टम है। वर्तमान उपचारों के विपरीत, जिनमें मरीजों को अलग-अलग डोज़ के लिए कई सिंगल-डोज़ पेन खरीदने पड़ते हैं, ज़ाइडस एक समायोज्य सिंगल-पेन डिवाइस पेश करने की योजना बना रही है। यह तकनीक मरीजों को एक ही यूनिट से विभिन्न डोज़ स्ट्रेंथ चुनने और देने की सुविधा प्रदान करेगी, जिससे उपचार अनुपालन में सुधार होगा, सुविधा बढ़ेगी और थेरेपी की कुल लागत में उल्लेखनीय कमी आएगी। इस डेवलपमेंट पर टिप्पणी करते हुए, ज़ाइडस लाइफसाइंसेज लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर, डॉ. शरविल पटेल ने कहा, ज़ाइडस की सेमाग्लूटाइड इंजेक्शन की इनोवेटिव पेशकश मरीज़ों को ध्यान में रखकर इनोवेशन करने के हमारे पक्के प्रतिबद्धता का सबूत है। हम सिर्फ़ एक ज़रूरी थेरेपी को मार्केट में लाने की प्लानिंग नहीं कर रहे हैं, बल्कि हमारा मकसद देखभाल के स्टैंडर्ड को बेहतर बनाना है। भारत में अपनी तरह का पहला ड्रग डिलीवरी सिस्टम शुरू करके, हम इलाज को आसान बनाने की प्लानिंग कर रहे हैं। हैं। यह सुविधा दीर्घकालिक अनुपालन को बढ़ाएगी और अंततः मरीजों के नैदानिक परिणामों में उल्लेखनीय सुधार करेगी।

ज़ाइडस के पास इस नए डिवाइस के विशेष अधिकार हैं, जो टाइप 2 डायबिटीज मेलिटस और मोटापे के लिए स्वीकृत सभी डोज़ स्ट्रेंथ प्रदान करने में सक्षम होगा। यह पेन दोबारा इस्तेमाल किया जा सकेगा, जिससे मरीज़ों के लिए यह ज़्यादा किफ़ायती होगा। भारत में डायबिटीज और मोटापा प्रमुख स्वास्थ्य चिंताओं में शामिल हैं, और GLP-1 आधारित थेरेपी इस बढ़ते सार्वजनिक स्वास्थ्य बोझ के प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। इंटरनेशनल डायबिटीज फेडरेशन के अनुसार,भारत में 8.9 करोड़ वयस्क डायबिटीज से ग्रस्त हैं, जो कुल वयस्क आबादी का 10.5% है। भारत में सभी आयु वर्गों में मोटापे की दर तेजी से बढ़ रही है। वयस्कों में महिलाओं में मोटापे की व्यापकता 91% (12.6% से बढ़कर 24.0%) और पुरुषों में 146% (9.3% से बढ़कर 22.9%) बढ़ी है, जो देशव्यापी स्वास्थ्य संकट की ओर संकेत करती है। ज़ाइडस लाइफसाइंसेज लिमिटेड, जिसका मुख्य मकसद लोगों को स्वस्थ और ज़्यादा खुशहाल ज़िंदगी जीने की आज़ादी देना है, यह एक इनोवेटिव वैश्विक जीवन-विज्ञान कंपनी है जो विभिन्न स्वास्थ्य उपचारों की खोज, विकास, निर्माण और विपणन करती है। यह ग्रुप दुनिया भर में 29,000 से ज़्यादा लोगों को नौकरी देता है, जिसमें R & D में लगे 1,500 साइंटिस्ट शामिल हैं, और यह ज़िंदगी पर असर डालने वाले क्वालिटी हेल्थकेयर सॉल्यूशन के ज़रिए लाइफसाइंसेज में नई संभावनाओं को अनलॉक करने के अपने मिशन से आगे बढ़ता है।

## जुलाई में डब्ल्यूटीओ में होगी भारत की व्यापार नीतियों की समीक्षा, कस्टम्स के डिजिटल सुधारों पर फोकस



**नई दिल्ली।** डब्ल्यूटीओ में जुलाई में भारत की 8वीं व्यापार नीति की समीक्षा होगी। इससे पहले भारत ने डिजिटल कस्टम्स सुधार, ट्रेड फैसिलिटेशन एग्रीमेंट के सफल क्रियान्वयन और 'फेसलेस, पेपरलेस' कस्टम्स सिस्टम को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत किया, जिसमें करीब 40 देशों ने रुचि दिखाई। विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में भारत की 8वीं व्यापार नीति की समीक्षा जुलाई में होगी। इसमें देश की व्यापार नीतियों की व्यापक सहकर्मी समीक्षा की जाएगी। वित्त मंत्रालय ने गुरुवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि इस समीक्षा से पहले भारत ने अपने डिजिटल सीमा शुल्क सुधारों और व्यापार सुविधा समझौते (टीएफए) के क्रियान्वयन को वैश्विक मंच पर प्रमुखता से प्रस्तुत किया है। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर व सीमा शुल्क बोर्ड के सदस्य (कस्टम्स) सुरजीत भुजबल के नेतृत्व में भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने डब्ल्यूटीओ में आयोजित विशेष ट्रेड फैसिलिटेशन सत्र में भारत के 'फेसलेस, कॉन्टैक्टलेस और पेपरलेस' कस्टम्स इकोसिस्टम और व्यापक डिजिटलीकरण पर प्रकाश डाला। यह सत्र 24 फरवरी को आयोजित किया गया था। इसमें लगभग 40 देशों के प्रतिनिधियों और डब्ल्यूटीओ सचिवालय की सक्रिय भागीदारी रही, जो भारत के सुधारों में वैश्विक रुचि को दर्शाता है।

# मिंत्रा अपने 19वें जन्मदिन के अवसर पर मिंत्रा बर्थडे ब्लास्ट लेकर आया




**नई दिल्ली।** भारत के अग्रणी फैशन, ब्यूटी और लाईफस्टाईल डेस्टिनेशंस में से एक मिंत्रा अपने 19वें जन्मदिन के अवसर पर मिंत्रा बर्थडे ब्लास्ट (एमबीबी) लेकर आया है। यह ईवेंट 28 फरवरी से शुरू होगी। मिंत्रा इनसाईडर कस्टमर्स को 24 घंटे पहले यानी 27 फरवरी से इसकी अरली एक्सेस मिल जाएगी। इस एडिशन में फैशन, ब्यूटी और लाईफस्टाईल श्रेणियों में 20,000 से अधिक इंटरनेशनल और मेड-इन-इंडिया ब्रांड्स के 6 मिलियन से अधिक स्टाईल उपलब्ध होंगे।आगामी शादियों के सीज़न और ईद एवं होली जैसे त्योहारों को देखते हुए इस एडिशन में मेंस और वीमेंस एथनिक वियर, ब्यूटी और पर्सनल केयर एवं वॉच और वियरेबल्स की श्रेणियों में तेजी रहने की उम्मीद है। वीमेंस और मेंस वेस्टर्न वियर, मेंस एपरेल, स्पोर्ट्स वियर, और स्प्रिंग-समर एसेंशियल्स में भी अच्छी मांग रहेगी क्योंकि नए सीज़न में शॉपर्स अपनी वारड्रोब को रिफ्रेश करते हैं। इस दौरान लोगों से मिलना-जुलना बढ़ने और ट्रैवर बढ़ने के कारण ट्रैवल एसेंशियल्स, फुटवियर, किड्स वियर, एक्सेसरीज़ और उपहारों की श्रेणियों में भी मांग बढ़ेगी।जिन ब्रांड्स की मांग ज्यादा रहने की उम्मीद है, उनमें एचएंडएम, नाईक, मैंगो, लेवीज़, यू.एस. पोलो एसोसिएशन, अनूक, लिबास, स्काईबैग्स, सेरावे, बाथ एंड बॉडी वर्क्स और मैक शामिल हैं।'मिंत्रा बर्थडे ब्लास्ट देश में लाखों लोगों के साथ अपने सफर को खुशनुमा बनाने के लिए हमारी एक खास ईवेंट है। मिंत्रा बर्थडे ब्लास्ट के तीसरे एडिशन के बारे में बात करते हुए, मिंत्रा के कैटेगरी और रेवेन्यू हेड, रितेश मिश्रा ने कहा मिंत्रा के 19 वर्ष पूरे होने पर, हम अपने ग्राहकों के प्यार और हजारों ब्रांड पार्टनर्स के विश्वास के लिए आभारी हैं, जिन्होंने देश में फैशन के परिदृश्य में परिवर्तन लाने में मुख्य भूमिका निभाई है। जहाँ हम ई-कॉमर्स के क्षेत्र में नए मानक स्थापित करते जा रहे हैं, वहीं हमारा ध्यान एक्सिलेंस बढ़ाते रहने और फैशन, ब्यूटी एवं लाईफस्टाईल शॉपिंग में आधुनिक ग्राहकों के अनुभव को लगातार बेहतर बनाने पर केंद्रित रहता है।

# 3 दिवसीय प्रदर्शनी-संगोष्ठी का उद्घाटन कृषि मंत्री ने किया



**लखनऊ।** भारत के अग्रणी एग्रो-उत्पाद ब्रांड बी.एल. एग्रो ने गुरुवार को लखनऊ स्थित ISRI -भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान में शुरू हुए 'ग्लोबल एग्रोटेक 2026' प्रदर्शनी एवं सम्मेलन के पहले दिन अपनी विविध क्षमताओं की विस्तृत श्रृंखला का प्रदर्शन किया। तीन दिवसीय कार्यक्रम का उद्घाटन श्री ब्रजेश पाठक, उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री द्वारा किया गया। इस अवसर पर कृषि क्षेत्र के रूपांतरण के लिए एकीकृत मंच पर वरिष्ठ नीति-निर्माताओं, अंतरराष्ट्रीय राजनयिकों, शोध संस्थानों, उद्योग जगत के नेताओं और प्रगतिशील किसानों की सहभागिता रही। उद्घाटन समारोह में दिनेश प्रताप सिंह, माननीय मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), उद्यान, कृषि विपणन एवं निर्यात तथा रविंदर, आईएएस, प्रमुख सचिव, कृषि भी उपस्थित रहे। श्री पाठक ने बीएल एग्रो ग्रुप के पवेलियन का उद्घाटन किया और उन्हें कृषि-खाद्य प्रसंस्करण, एकीकृत वैल्यू चेन, डेयरी विकास, वैज्ञानिक जेनेटिक्स एवं जीनोमिक्स, एग्रीटेक प्लेटफॉर्म तथा क्लाइमेट-टेक आधारित जोखिम बुद्धिमत्ता ढाँचों सहित समूह के सक्रिय योगदानों के बारे में जानकारी दी गई।

# रॉबर्ट डाउनी जूनियर डिज़्नी एडवेंचर के धर्मपिता होंगे

## सिंगापुर में नए डिज़्नी क्रूज़ लाइन जहाज़ का नामकरण एकेडमी अवॉर्ड-विजेता अभिनेता रॉबर्ट डाउनी करेंगे



**लखनऊ।** आज डिज़्नी ने ऐलान किया है कि एकेडमी अवॉर्ड-विजेता अभिनेता रॉबर्ट डाउनी जूनियर डिज़्नी एडवेंचर के धर्मपिता होंगे जो डिज़्नी क्रूज़ लाइन फ्लीट का सबसे नया और सबसे बड़ा जहाज़ है। डिज़्नी ने अगले महीने सिंगापुर से रवाना होने वाले जहाज़ के पहले सफ़र से पहले यह खबर साझा की।

जोश डी.अमारो चेयरमैन. डिज़्नी एक्सपीरियंस और द वॉल्ट डिज़्नी कंपनी के आने वाले चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर ने कहा कि हमारा नया जहाज़ डिज़्नी क्रूज़ लाइन की उस परंपरा को आगे बढ़ाता है, जिसके तहत समुद्र में बेहतरीन कहानियों को जीवीत किया जाता है और हमें गर्व है कि रॉबर्ट डाउनी जूनियर जिन्होंने दर्शकों को यादगार मार्वल कहानियों के ज़रिए मार्गदर्शन किया है डिज़्नी एडवेंचर के आधिकारिक धर्मपिता हैं। डाउनी का टोनी स्टार्क आयरन मैन के रूप में अभिनय मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स की सबसे बड़ी सफलता की नींव था जो अब तक की सबसे ज़्यादा कमाई करने वाली फिल्म फ्रैंचाइज़ी है। एक आइकॉनिक कैरेक्टर के तौर पर उनका एक दशक से ज़्यादा का बेमिसाल सिनेमाई सफ़र एवेंजर्स एंडगेम से खत्म हुआ, जिसने ग्लोबल बॉक्स ऑफ़िस पर 2-79 बिलियन से ज़्यादा की कमाई की। डाउनी को 2019 में ऑफिशियल डिज़्नी लेजेंड बनाया गया था और अब वे 18 दिसंबर को थिएटर में आने वाली मार्वल स्टूडियोज़ की एवेंजर्स डूम्सडे में डॉक्टर डूम की भूमिका निभाने जा रहे हैं। डाउनी ने कहा एडवेंचर की शान के बारे में बयां करना काफी मुश्किल है और इसका धर्मपिता बनना मेरे लिए एक बड़े सम्मान की बात है। डिज़्नी फ्लीट के सबसे बड़े जहाज़ के तौर पर इसे बहुत बड़ा आशीर्वाद मिलना चाहिए मैं अपनी पूरी कोशिश करूंगा। डिज़्नी एडवेंचर सात थीम वाले एरिया में 100 से ज़्यादा सालों की डिज़्नी कथावाचन को जीवीत करता है जिसमें कई सारे मार्वल अनुभव शामिल हैं। मार्वल लैंडिंग के टॉप डेक पर गेस्ट टोनी स्टार्क के आयरनसाइकिल टेस्ट रन पर अब तक के सबसे रोमांचक सुपर हीरो एडवेंचर का मज़ा ले सकते हैं जो डिज़्नी क्रूज़ लाइन जहाज़ पर पहला रोलर कोस्टर है और समुद्र में अपनी तरह का सबसे लंबा रोलरकोस्ट भी है। ओपन-एयर डिज़्नी इमेजिनेशन गार्डन एरिया में, एवेंजर्स असेंबल!÷ लाइव स्टेज प्रोडक्शन में मार्वल सुपर हीरोज़ और विलेन की एक्शन से भरपूर लड़ाई के दौरान हैरान कर देने वाले स्टंट और स्पेशल इफैक्ट्स देखने का मौका मिलेगा।

## आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ ने स्थिरता और दीर्घकालिक स्तर पर धन सृजन करने के इच्छुक ग्राहकों के लिए लॉन्च किया डिविडेंड लीडर्स 50 इंडेक्स फंड

**गोरखपुर** आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने अपने यूनिट लिंक्ड इंश्योरेंस प्लान (यूलिप) के तहत डिविडेंड लीडर्स 50 इंडेक्स फंड लॉन्च किया है। यह नया फंड ग्राहकों को लगातार लाभांश (डिविडेंड) प्रदान करने वाली मज़बूत कंपनियों के स्टॉक में निवेश कर दीर्घकालिक स्तर पर धन सृजन करने में मदद करेगा।आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के मुख्य निवेश अधिकारी, श्री मनीष कुमार ने इस लॉन्च पर अपनी टिप्पणी में कहा डिविडेंड लीडर्स 50 इंडेक्स फंड ग्राहकों को लगातार डिविडेंड देने वाली मज़बूत कंपनियों में निवेश कर इक्विटी बाज़ार में भागीदारी करने का अनुशासित और पारदर्शी तरीका प्रदान करता है।फंड की रणनीति चार स्तंभों पर टिकी है, जिसमें डिविडेंड भुगतान पर आधारित स्टॉक का चुनाव, मज़बूत वित्तीय स्थिति और स्थिर नकद प्रवाह के लिए गुणवत्ता पर विशेष ध्यान, कई खंडों में विविधीकरण और समय-समय पर समीक्षा और पुनर्संतुलन के साथ पारदर्शी, नियम आधारित और अनुशासित निवेश प्रक्रिया शामिल है।यह नया फंड हमारे ग्राहकों को इस भरोसे के साथ निवेशित रहने में मदद करेगा कि उनका पोर्टफोलियो वित्तीय स्तर पर मज़बूत और विश्वसनीय कंपनियों के अनुरूप है। यह लॉन्च हमारे यूलिप ग्राहकों के लिए अनुशासित, पारदर्शी और उच्च गुणवत्ता वाले निवेशक बनने में मदद करेगा, साथ ही उन्हें जीवन सुरक्षा (लाइफ कवर) भी मिलेगी।

# वीर सावरकर को भारत रत्न नहीं देना चाहती केन्द्र सरकार

## उत्तर प्रदेश के चुनावी मैदान में उतरेगी पार्टीः चेतन शर्मा





उत्तर प्रदेश के चुनावी मैदान में उतरेगी पार्टी- चेतन शर्मालखनऊ। क्रान्तिकारी स्वातंत्र्य वीर विनायक दामोदर सावरकर की पुण्यतिथि पर आज यहां इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित हुये अभिनव भारत पार्टी के राष्ट्रीय अधिवेशन में अगले वर्ष उत्तर प्रदेश में होने जा रहे विधानसभा चुनाव में उतरने की घोषणा करते हुए कहा है कि केन्द्र सरकार वीर सावरकर को भारत-रत्न देने के लिये गंभीर नहीं है। अधिवेशन में पार्टी के सर्वसम्मति से नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष चेतन शर्मा ने पत्रकारों से बातचीत करते हुये कहा कि वीर सावरकर ने अपने युवावस्था में ही अभिनव भारत संगठन की स्थापना कर पराधीन भारत में क्रांति की ज्वाला प्रज्वलित की थी, उन्होंने केवल स्वतंत्रता का स्वप्न नहीं देखा बल्कि उसके लिये काल कोठरी में अमानवीय यातनाएं सही। अंडमान की सेल्युलर जेल की दीवारें आज भी उस तप, त्याग और तेज की साक्षी है, ऐसे व्यक्तित्व को लेकर संघ प्रमुख मोहन भागवत भी वीर सावरकर को भारत रत्न दिये जाने को लेकर कह चुके है कि सावरकर के योगदान को देखते हुए यदि उन्हें भारत-रत्न मिलता है तो इससे भारत-रत्न का सम्मान होगा। श्री शर्मा ने बताया कि अभिनव पार्टी ने पिछले वर्ष वीर सावरकर को भारत-रत्न दिलाने की मांग को लेकर देशभर में सावरकर सम्मान यात्रा निकालकर देश की राष्ट्रपति के नाम संबोधित आठ सौ ज्ञापन देश के विभिन्न हिस्सों से दिये गये, लेकिन इसके बावजूद केन्द्र सरकार इस संबंध में कोई विचार नहीं कर रही है, इसके लिये पार्टी निरंतर संघर्ष करती रहेगी। श्री शर्मा ने अधिवेशन में पारित प्रस्तावों को लेकर कहा कि देश में गाय की सुरक्षा के लिये माता का दर्जा देने के साथ-साथ उसे राष्ट्रीय पशु घोषित किया जाये, तभी जाकर देश में गाय माता को बचाया जा सकता है।

गौ माता को राष्ट्रीय पशु का दर्जा केवल भावनात्मक निर्णय नहीं होगा बल्कि यह एक ठोस कानूनी संरक्षण का मार्ग प्रशस्त होगा।

उत्तर प्रदेश विधानसभा के आगामी चुनाव को लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री चेतन शर्मा ने कहा कि अभिनव भारत पार्टी राज्य के चुनावी रणभूमि में उतरने के लिये पूरी तरह तैयार है, और लगभग तीन सौ सीटों पर प्रत्याशी उतारने की तैयारी है। चुनावी रणनीति को लेकर अभिनव भारत पार्टी जल्द ही अन्तिम रूप देकर उत्तर प्रदेश के चुनावी मैदान में उतर जायेगी। इससे पहले इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में अधिवेशन का शुभारम्भ भारत माता की स्तुति और वन्देभारत गीत के साथ दीप प्रज्जवलित कर हुआ।

इस मौके पर प्रमुख रूप से मालेगांव मामले में बरी हुये मेजर रमेश उपाध्याय, पार्टी की राष्ट्रीय महामंत्री ममता झा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डा. नीलेन्द्र गौतम, श्रीमती चित्रा दलाल, स्वरूपानंद महाराज के शिष्य त्रिभुवन दास, कार्तिक गिरी, सर्वेश मिश्रा, महामंडलेश्वर अमरेशानन्द गिरी सहित देशभर से आये पार्टी के कार्यकर्ता एवं प्रतिनिधि मौजूद थे।

## परिवर्तन केवल एक थीम न रहे, इसे एक वैश्विक आंदोलन बनने देंः श्री भूपेंद्र यादव



**नई दिल्ली।** द एनर्जी एंड रिसोर्सेज इंस्टीट्यूट (टेरी) के वार्षिक प्रमुख मंच, विश्व सतत विकास शिखर सम्मेलन 2026 के रजत जयंती संस्करण का आज ताज पैलेस में शुभारंभ हुआ। यह आयोजन जलवायु और विकास से जुड़े परिवर्तनकारी कार्यों के एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए दुनिया भर के नेताओं, नीति-निर्माताओं, उद्योग जगत के दिग्गजों, शोधकर्ताओं और नागरिक समाज के प्रतिनिधियों को एक साथ लाता है। परिवर्तन 7 ट्रांसफॉर्मेशन्सः सतत विकास के लिए दृष्टि, स्वर और मूल्य की व्यापक थीम के अंतर्गत आयोजित WSDS का यह 25वां संस्करण, शिखर सम्मेलन की विरासत में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह ग्लोबल साउथ (वैश्विक दक्षिण) में आधारित सतत विकास पर स्वतंत्र रूप से आयोजित होने वाला दुनिया का एकमात्र अंतरराष्ट्रीय मंच है। स्वागत संबोधन देते हुए टेरी के अध्यक्ष, श्री नितिन देसाई ने कहा, आज दुनिया पूरी तरह बदल चुकी है। हमारे सामने चुनौती जागरूकता की नहीं, बल्कि कार्रवाई की है। विश्व सतत विकास शिखर सम्मेलन का पूरा सफर सिर्फ जागरूकता की बातें करने से हटकर अब इस बात की बेहतर समझ की ओर बढ़ा है कि स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए वास्तव में क्या किया जाना चाहिए। हमारे सामने सबसे गंभीर समस्या जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन की है।टेरी की महानिदेशक, डॉ. विभा धवन ने अपने थीम संबोधन में इस बात पर जोर दिया, पिछले 25 संस्करणों के दौरान, WSDS वैश्विक दक्षिण के लिए जलवायु परिवर्तन और सतत विकास पर विमर्श को दिशा देने वाला एकमात्र स्वतंत्र अंतरराष्ट्रीय मंच बन गया है।

# एमआरपी पर डाका : सिगरेट-तंबाकू के डिस्ट्रीब्यूटर सिंडिकेट का काला खेल

- गोदाम में माल दबा, बाजार में महंगाई एमआरपी से ऊपर बिक रही सिगरेट और तंबाकू
- दो से पांच रुपये की चोट, लाखों की कमाई : एमआरपी कानून को ठेंगा



शकील अहमद

**कुशीनगर (अवधनामा ब्यूरो)।** जनपद के पड़रौना नगर सहित आसपास के शहरो व कस्बों में डिस्ट्रीब्यूटरो के मनबढई के वजह खुलेआम उपभोक्ताओं की जेब पर डाका डाला जा रहा है पांच व दस रुपये एमआरपी अंकित कमला पसंद, रजनीगंधा सहित विभिन्न कंपनियों के सिगरेट आदि को खुलेआम ब्लैक दामों में बेच रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि कंपनी द्वारा पैकेट पर अभी भी पुरानी दर छपी है, लेकिन ग्राहकों से दो से लगायत पांच रुपये अधिक वसूले जा रहे हैं। सवाल यह है कि जब पैकेट पर स्पष्ट एमआरपी अंकित है तो फिर अतिरिक्त रकम किस आधार पर ली जा रही है?

पडरौना नगर सहित जिले के कसया, हाटा, तमकुहीरोड, सेवरही आदि शहर और कस्बों की कई दुकानों पर यह खेल धड़ल्ले से चल रहा है। बताया जाता है कि ग्राहक जब विरोध करता है तो जवाब मिलता है 'रेट बढ़ गया है' या 'सप्लाई महंगी आ रही है।' लेकिन जानकर बताते है कि कानून साफ कहता है कि किसी भी उत्पाद को अंकित अधिकतम खुदरा मूल्य एमआरपी से अधिक पर बेचना अवैध है। इसके बावजूद जिम्मेदार विभाग व प्रशासन के जिम्मेदार अफसर चुप्पी साधे हुए हैं।उपभोक्ता संरक्षण नियमों के तहत एमआरपी से अधिक वसूली दंडनीय अपराध है। यदि कमला पसंद, रजनीगंधा व सिगरेट की कंपनियों ने कीमत नहीं बढ़ाई और पैकेट पर पुराना दर ही अंकित है, तो दो रुपये से पांच रुपये की अतिरिक्त वसूली सीधी-सीधी उपभोक्ताओं के साथ धोखाधड़ी है। यह सिर्फ दो से पांच रुपये का मामला नहीं, बल्कि प्रतिदिन हजारों पैकेट बिकने पर बड़ी रकम का खेल बन जाता है। स्थानीय उपभोक्ताओं का कहना है कि छोटे-छोटे उत्पादों पर इस तरह की वसूली आम हो चुकी है। प्रशासन यदि सख्ती से बाजार की जांच करे तो ऐसे कई मामलों का खुलासा हो सकता है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन तथा बाट-माप विभाग की भूमिका पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। अब देखना है कि जिम्मेदार अधिकारी इस खुलेआम हो रही एमआरपी लूट पर कब कार्रवाई करते हैं, या फिर दो से पांच रुपये की यह 'छोटी लूट' यूं ही बड़े खेल में बदलती रहेगी।

**कोरोना काल में भी खेला गया था खेल :** बाजार के जानकार बताते हैं कि यह खेल नया नहीं है। कोरोना काल में भी इसी रणनीति का इस्तेमाल हुआ था। लॉक। डाउन और परिवहन बाधित होने का हवाला देकर माल गोदामों में रोका गया, जब मांग बढ़ी तो ऊंचे रेट पर बाजार में उतारा गया। सूत्रों के मुताबिक उस दौरान डिस्ट्रीब्यूटरों ने लाखों का अतिरिक्त मुनाफा कमाया।

**क्या कहता है कानून :** एमआरपी से अधिक वसूली दंडनीय अपराध है। उपभोक्ता संरक्षण कानून के तहत जुर्माना, लाइसेंस निरस्तीकरण और आपराधिक कार्रवाई तक का प्रावधान है। यदि स्टॉक रोककर कृत्रिम कमी पैदा की जा रही है तो यह जमाखोरी की श्रेणी में आ सकता है। इसके बावजूद प्रशासनिक सख्ती नदारद है। क्या कभी डिस्ट्रीब्यूटर गोदामों की औचक जांच हुई? क्या स्टॉक रजिस्टर और बिक्री बिलों का मिलान किया गया? क्या खुदरा दुकानों पर एमआरपी से अधिक वसूली पर तत्काल चालान काटा गया? आम उपभोक्ता दो-तीन रुपये के लिए बहस नहीं करता।

### डिस्ट्रीब्यूटर कर रहे है लूट का खेल

सूत्रों का दावा है कि असली खेल डिस्ट्रीब्यूटर स्तर पर रचा जा रहा है। आरोप है कि कुछ डिस्ट्रीब्यूटर अपने गोदामों में माल रोककर बैठे हैं। बाजार में सीमित सप्लाई छोड़कर कृत्रिम किल्लत पैदा की जाती है, जिससे खुदरा दुकानदारों को ऊंचे दाम पर माल उठाना पड़ता है। नतीजतन एमआरपी पांच या दस रुपये छपा उत्पाद 2 से 5 रुपये ज्यादा में बिकता है। यह दो-चार रुपये की मामूली बढ़ोतरी नहीं, बल्कि सुनियोजित मुनाफाखोरी का मॉडल बन चुका है। रोजाना हजारों पैकेट बिकते हैं। यदि हर पैकेट पर औसतन तीन रुपये अतिरिक्त वसूले जाएं तो महीने के अंत तक यह रकम लाखों में पहुंच जाती है। सवाल है–यह अतिरिक्त पैसा किसकी जेब में जा रहा है?

# जिला कारागार देवरिया का सचिव ने किया निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कुशीनगर प्रभात सिंह ने गुरुवार को जिला कारागार देवरिया का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जनपद कुशीनगर से सम्बन्धित कुल 828 बन्दी निरुद्ध पाए गए। इनमें 89 सिद्ध दोष बन्दी (85 पुरुष एवं 04 महिला), 726 विचाराधीन बन्दी (669 पुरुष एवं 26 महिला), 31 अल्प वयस्क बन्दी, राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के अन्तर्गत 05 पुरुष बन्दी, 06 सिविल बन्दी तथा 02 विदेशी बन्दी शामिल हैं। जेल में निरुद्ध महिला बन्दियों के साथ 03 बच्चे भी निवासरत पाए गए।

निरीक्षण के दौरान कारागार की बैरकों, पाक शाला, चिकित्सालय एवं महिला बैरक का गहन निरीक्षण किया गया। बन्दियों के भोजन, साफ-सफाई, चिकित्सा सुविधा, सुरक्षा व्यवस्था एवं उपलब्ध कराई जा रही विधिक सहायता की स्थिति की समीक्षा करते हुए जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि जेल मैनुअल के अनुरूप बन्दियों को भोजन, नाश्ता एवं अन्य सुविधाएं समय से उपलब्ध कराई जाएं। सचिव द्वारा बन्दियों से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली गई, जिस पर बन्दियों ने किसी प्रकार की समस्या न होने की जानकारी दी। उन्होंने यह भी बताया कि जिन बन्दियों के पास अधिवक्ता नहीं है, उन्हें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कुशीनगर के माध्यम से निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराया जा सकता है। निरीक्षण के दौरान विचाराधीन बन्दियों से मिलकर उनके प्रकरणों की स्थिति जानी गई तथा जो बन्दी रिहाई के पात्र पाए गए, उनके संबंध में आवश्यक कार्यवाही प्रारम्भ की गई। कारागार स्थित लीगल एड क्लिनिक का भी निरीक्षण किया गया तथा वहां कार्यरत पीएलवी को निर्देशित किया गया कि बन्दियों को समय से विधिक सहायता उपलब्ध कराई जाए। यदि किसी बन्दी को निःशुल्क अधिवक्ता, जेल अपील अथवा अन्य किसी प्रकार की विधिक सहायता की आवश्यकता हो तो उनके प्रार्थना-पत्र तैयार कर जेल अधीक्षक के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कुशीनगर को प्रेषित किए जाएं।

# नायब तहसीलदार के द्वारा मुंशी को अपशब्द कहने पर भड़के अधिवक्ता

- नायब तहसीलदार के न्यायालय का बहिष्कार करने का लिया निर्णय

अवधनामा संवाददाता



**तमकुहीराज, कुशीनगर।** स्थानीय तहसील में तैनात नायब तहसीलदार कुन्दन वर्मा पर एक ब्राह्मण मुंशी को जातिसूचक अपशब्द कहने और मारने के लिए जूता निकालने के आरोप को लेकर अधिवक्ताओं का विरोध लगातार जारी है। नायब तहसीलदार के न्यायालय कक्ष में कथित दुर्व्यवहार की घटना के बाद तहसील परिसर का माहौल गरमा गया। घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आने और उसके वायरल होने के बाद अधिवक्ताओं में आक्रोश और बढ़ गया है।

गुरुवार को अधिवक्ता संघ की बैठक बुलाई गई, जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि नायब तहसीलदार कुन्दन वर्मा के न्यायालय का अनिश्चितकालीन बहिष्कार किया जाएगा। हालांकि उप जिलाधिकारी और तहसीलदार न्यायालय में कार्य पूर्ववत जारी रखने पर सहमति बनी। यह निर्णय एसडीएम आकांक्षा मिश्रा के साथ हुई वार्ता के बाद लिया गया। बार संघ के अध्यक्ष अशोक राय ने बताया कि एसडीएम ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर नायब तहसीलदार के खिलाफ जिलाधिकारी को रिपोर्ट भेजने का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि एसआईआर से जुड़ी प्रक्रिया के कारण फिलहाल स्थानांतरण संभव नहीं है, लेकिन अधिवक्ताओं की मांग है कि ठोस और निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जब तक संतोषजनक कार्रवाई नहीं होती, बहिष्कार जारी रहेगा। बार संघ के मंत्री अमरनाथ सिंह ने कहा कि अधिवक्ताओं में गहरा रोष है और सम्मान के मुद्दे पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा। यदि प्रशासन की ओर से अपेक्षित कदम नहीं उठाए गए तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। वहीं एसडीएम आकांक्षा मिश्रा ने बताया कि दोनों पक्षों से बातचीत कर मामले को शांत कराने का प्रयास किया गया है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का शव घर में फंदे से लटका मिला

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** चौराखास थाना क्षेत्र के नारायणपुर कोठी में बुधवार की रात्रि संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक का शव अपने घर में फंदे से लटकता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है।

युक्त गांव निवासी पारुल पटेल पुत्र ओमप्रकाश पटेल उम्र 28 वर्ष अपने बूढ़ी मां के साथ घर पर रहता था। उसके पिता और दो बड़े भाई बाहर रहते है। बुधवार को शाम उसकी मां गांव में कहीं गई थी। रात्रि आठ बजे जब वह घर पहुंची तो देखा कि उसका बेटा घर में फंदे से लटकता हुआ है। इसके बाद वह जोर जोर से रोने लगी। रोने कि आवाज सुनकर अगल बगल के लोग पहुंचे तो उसे मृत पाया इसके बाद पुलिस को सूचना दिया। मौके पर पहुंची पुलिस शव को फंदे से नीचे उतरवाई। पुलिस ने घटना के संबंध में अगल बगल के लोगों जानकारी लेने के बाद शव को पीएम के लिए भेज दिया।

इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष दिनेश कुमार साहनी ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्म हत्या का लगा रहा। अगल बगल के लोगों के अनुसार मृतक मानसिक रूप बीमार बताया जा रहा है। मौत के असली कारणों का पता पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा।

# उल्लास के साथ मनाया गया राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद का 61 वां स्थापना दिवस

- सम्मानित किये गये सेवानिवृत्त कर्मचारी
- अधिकारों के लिये संघर्ष का निर्णय, एकजुटता पर जोर

अवधनामा संवाददाता

**बस्ती ।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद का 61 वां स्थापना दिवस प्रेस क्लब सभागार में उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर परिषद अध्यक्ष मस्तराम वर्मा के संयोजन में परिषद के सेवा निवृत्त कर्मचारी नेताओं को अंग वस्त्र, प्रशस्ति-पत्र भेंटकर फूल मालाओं के साथ सम्मानित किया गया।परिषद के कार्यवाहक अध्यक्ष राम अधार पाल ने स्वर्गीय बी.एन. सिंह, पी.एन. शुक्ल का स्मरण करते हुये कहा कि आज कर्मचारियों को जो सुविधायें प्राप्त हो रही हैं उसके पीछे हमारे पूर्वज नेताओं के संघर्षो का लम्बा इतिहास है। परिषद के जिला मंत्री तौलू प्रसाद ने कहा कि पिछले 60 वर्षो में अनेक आन्दोलन किये गये, कर्मचारी नेता जेल, गये लाठियां खाई, बर्खास्त हुये किन्तु अपने मुद्दों से पीछे नहीं हटे। ऐसे महान नेताओं से प्रेरणा लेकर हमें पुरानी पेंशन नीति बहाल करने की मांग को लेकर एकजुटता बनाये रखनी होगी, यही पूर्वज नेताओं के प्रति भी सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

परिषद के 61 वें स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्य कोषाधिकारी अशोक कुमार प्रजापति ने कहा कि सेवारत और सेवानिवृत्त कर्मचारी अपने परिवार के हैं। इन्हें सम्मानित करना बड़ा अवसर है। कोषागार से सम्बंधित सभी समस्याओं का प्रभावी ढंग से निस्तारण कराया जाता है। कार्यक्रम में कोषागार कर्मचारी संघ अध्यक्ष अखिलेश पाठक, पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ अध्यक्ष अजय आर्य, कलेक्टेऊट कर्मचारी संघ के मंत्री आशीष कुमार, ग्राम पंचायत अधिकारी संघ अध्यक्ष अरूणेश पाल, ग्राम विकास अधिकारी संघ मंत्री सुधीर सिंह, डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ अध्यक्ष अभिषेक सिंह, ग्राम विकास अधिकारी संघ के मण्डल अध्यक्ष राकेश पाण्डेय, ट्यूबेल टेक्निकल इम्पलाइज एसोसिएशन अध्यक्ष सन्तोष राव, ई. राजेश श्रीवास्तव, राजस्व निरीक्षक संघ अध्यक्ष अजय सिंह, बोरिंग टेक्निशियन लघु सिंचाई अध्यक्ष सुभाष पाण्डेय, ड्राइंग स्टाफ एसोसिएशन अध्यक्ष शीतल गुप्ता, आई.टी.आई कर्मचारी संघ अध्यक्ष हरिशंकर, सिंचाई संघ अध्यक्ष सुभाष मिश्र, अधीनस्थ कृषि सेवा संघ अध्यक्ष अभिषेक सिंह, पेंन्शनर्स कल्याण संस्थाध्यक्ष जलालुद्दीन आदि ने सम्बोधित करते हुये कहा कि 61 वां स्थापना दिवस समीक्षा और संकल्प का दिन है।

# प्राचीन शिव मंदिर का 20 एकड़ जमीन हड़पने का आरोप, मुख्यमंत्री से शिकायत

- कसया तहसील क्षेत्र के शिवपुर बुजुर्ग का मामला

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** कसया तहसील क्षेत्र के ग्राम सभा शिवपुर बुजुर्ग टोला तपसी मठिया स्थित एक प्राचीन सार्वजनिक शिव मंदिर की लगभग 20 एकड़ भूमि को कथित रूप से फर्जी तरीके से अपने नाम दर्ज कराकर अवैध रूप से बेचने का मामला सामने आया है। शिकायतकर्ता भीम मद्धेशिया द्वारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को प्रेषित प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया गया है कि उक्त मंदिर की भूमि, जो ग्रामवासियों की आस्था एवं सार्वजनिक धार्मिक गतिविधियों से जुड़ी है, को कुछ स्थानीय भू-माफियाओं द्वारा कूटरचित अभिलेख तैयार कर अपने नाम दर्ज कर लिया गया तथा बाद में उसे अवैध रूप से विक्रय कर दिया गया। आरोप है कि भूमि विक्रय से प्राप्त धनराशि का निजी उपयोग किया जा रहा है, जिससे मंदिर की संपत्ति को निरंतर क्षति पहुंच रही है और ग्राम समाज की धार्मिक भावनाएं आहत हो रही हैं। साथ ही मंदिर परिसर एवं ग्राम सभा की आबादी भूमि पर भी अवैध कब्जा किए जाने की शिकायत की गई है। इस संबंध में 17 फरवरी 2026 को उपजिलाधिकारी, कसया को लिखित शिकायत दी गई थी, किंतु अब तक कोई ठोस कार्रवाई न होने का आरोप लगाया गया है।

### संपत्ति बैनामा करने से रोकने पर बहु को धमकी

**कुशीनगर।** कसया थाना क्षेत्र के ग्राम बतरडेरा में पीड़ित महिला प्रियंका देवी पत्नी स्व मनोज यादव ने थानाध्यक्ष कसया को तहरीर देकर कहा है कि उसके पति की मृत्यु हो गई हैं और उन दोनों से तीन मासूम बच्चे है। उसका ससुर बब्बन यादव पुत्र खेदन ने अपनी चल और अचल सम्मति दिनांक 26 फरवरी को पुत्री को लिख दिया था। किसी तरह रजिस्ट्री को रोका गया। बैनामा न होने से उक्त ससुर हम मां बेटी को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं।

# प्रभारी मंत्री ने की विकास कार्यक्रमों एवं कानून व्यवस्था पर बैठक

अवधनामा संवाददाता



**अमेठी।** जनपद प्रभारी मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने गुरुवार को विकास भवन सभागार में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ शासन के विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों एवं कानून व्यवस्था को लेकर समीक्षा किया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि सदस्य विधान परिषद शैलेन्द्र प्रताप सिंह जिलाधिकारी संजय चौहान पुलिस अधीक्षक सरवणन टी अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में प्रभारी मंत्री ने शासन द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति में सुधार लाने एवं पात्र लोगों को योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। बैठक में प्रभारी मंत्री ने यूपी नेडा के अन्तर्गत सोलर रूफटॉप की प्रगति उद्यान विभाग में संचालित योजनाओं की समीक्षा विद्युत विभाग के अंतर्गत शासन की मंशा के अनुरूप विद्युत आपूर्ति की स्थिति खराब ट्रांसफार्मर के बदलने की स्थिति लाइन लॉस के प्रकरण तथा विद्युत विभाग से संबंधित प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की स्थिति लोक निर्माण विभाग द्वारा नई सड़कों का निर्माण गड्ढा मुक्त सिंचाई पंप की आपूर्ति प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना निराश्रित गोवंश के संरक्षण एवं भरण पोषण की स्थिति मुख्यमंत्री सहभागिता योजना स्वास्थ्य सेवाओं के अंतर्गत हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर एंबुलेंस टीकाकरण की स्थिति पंचायत भवन सामुदायिक शौचालयों के निर्माण एवं संचालन की स्थिति अंत्येष्टी स्थल के निर्माण स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत व्यक्तिगत शौचालयों की स्थिति ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत विद्यालयों आंगनवाड़ी केंद्रों का सौंदर्यीकरण व सुदृढ़ीकरण का कार्य प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी एवं ग्रामीण स्वयं सहायता समूह सामूहिक विवाह योजना, पेंशन योजना, प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम, शादी अनुदान योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बाल विकास, दुग्ध विकास, एक जनपद एक उत्पाद, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की स्थिति, श्रमिक पंजीकरण, अधिष्ठापन पंजीकरण, श्रमिक दुर्घटना बीमा योजना, आइजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की स्थिति सहित अन्य कार्यो की गहन समीक्षा किया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

इसके साथ ही कानून व्यवस्था की समीक्षा के दौरान प्रभारी मंत्री ने हत्या के मामलों में अभियुक्तों की गिरफ्तारी, लूट के मामलों में गिरफ्तारी, महिला उत्पीड़न, बलात्कार, अपहरण, पास्को एक्ट, गुंडा एक्ट, अनुसूचित जनजाति उत्पीड़न, लंबित विवेचना, गैंगस्टर, रासुका सहित अन्य बिंदुओं पर समीक्षा किया एवं पुलिस विभाग को आवश्यक निर्देश दिए। अंत में प्रभारी मंत्री ने बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी अधिकारी शासन की योजनाओं का प्राथमिकता के आधार पर क्रियान्वयन करें। उन्होंने कहा कि योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचे या सभी अधिकारी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के बीच संवाद और समन्वय बेहतर रहे, किसी भी परियोजना का शिलान्यास, लोकार्पण जनप्रतिनिधियों से कराएं, योजनाओं के प्रस्ताव भी जनप्रतिनिधियों से प्राप्त किया जाए।

### छापेमारी में 105 लीटर कच्ची शराब बरामद

**अमेठी।** अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे प्रवर्तन अभियान के तहत बुधवार को आबकारी विभाग की गठित टीम ने विभिन्न ग्रामों में आकस्मिक दबिश दी। अभियान के अंतर्गत ग्राम चतुरीपुर बेनीपुर हारीमऊ एवं मजीठा में छापेमारी की गई। कार्रवाई के दौरान क्षेत्र-1 गौरीगंज में थाना।गौरीगंज के अंतर्गत कुल 105 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई। इसके अतिरिक्त मौके पर पाए गए लगभग 350 किलोग्राम महुआ लहन को नष्ट किया गया। इस संबंध में आबकारी अधिनियम के तहत 3 अभियोग पंजीकृत किए गए। छापेमारी के दौरान टीम ने ग्रामीणों को अवैध शराब के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया तथा अवैध शराब के निर्माण बिक्री एवं परिवहन की सूचना आबकारी विभाग के टोल फ्री नंबर अथवा संबंधित आबकारी निरीक्षक के मोबाइल नंबर पर देने की अपील की। साथ ही अधिकृत आबकारी दुकानों का भी निरीक्षण किया गया।

### नगर पंचायत गनेशपुर बोर्ड की बैठक में 12 करोड़ के विकास कार्यों का प्रस्ताव

**बस्ती।** गुरूवार को नगर पंचायत गनेशपुर बोर्ड की बैठक अध्यक्ष सोनमती चौधरी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। बैठक में आगामी वित्तीय वर्ष की बजट पर चर्चा के साथ ही खेल का मैदान, पार्क, मार्केट, सड़क, नाली, विवाह घर आदि के लिये लगभग 12 करोड़ रूपये का प्रस्ताव रखा गया।अध्यक्ष सोनमती चौधरी ने कहा कि गनेशपुर की जनता से जो वायदे किये गये थे उसे चरणबद्ध ढंग से पूरा कराया जा रहा है। नागरिकों को बेहतर सुविधा दिलाना उनकी प्राथमिकता है। बैठक में सभी वार्ड में पेयजल की व्यवस्था हेतु आरओ एवं नई टंकी का निर्माण किया जाने, निकाय की आय हेतु तालाब नीलामी, दुकान लाइसेंस, भवन मानचित्र हाउस टैक्स आदि से धन अर्जित किए जाने पर चर्चा की गई।अधिशासी अधिकारी अजय कुमार पाण्डेय ने बताया कि बोर्ड की बैठक में जो प्रस्ताव आये हैं उसे धन प्राप्त होते ही पूरा कराया जायेगा।बैठक में सभासद रेशमा देवी, निर्मला देवी, अंकित कुमार, ब्रम्हा प्रसाद, मो. फरहान, इन्द्रजीत यादव, मो. फारूक, सुमन, गणेश कुमार, शिव नरायन, दुर्गेश, पूजा, सुनीता देवी, मधु श्रीवास्तव, मो. मुख्तार आदि ने अपने-अपने वार्डो की समस्याओं को रखा और विकास कार्य कराने पर जोर दिया। बोर्ड की बैठक सम्पन्न कराने में दुर्गा प्रसाद चौधरी, मो. आरिफ, रिकूं, विकास, सूरज, सुधीर आदि ने योगदान दिया।

### अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को मारी टक्कर, दो गंभीर

**तमकुहीराज, कुशीनगर।** तरयासुजान थाना क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 28 पर सलेमगढ़ टोल प्लाजा के समीप शुक्रवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार अज्ञात चार पहिया वाहन ने बाइक सवार दो युवकों को जोरदार टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

घायलों की पहचान शाहनवाज आलम (23 वर्ष) पुत्र रियासत अली तथा नौशाद अंसारी (17 वर्ष) पुत्र ताज मुहम्मद निवासी जोलहा टोला, सलेमगढ़ थाना तरयासुजान, जनपद कुशीनगर के रूप में हुई है। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल हो गया। आसपास मौजूद स्थानीय लोगों ने तत्काल मदद के लिए दौड़ लगाई और घटना की सूचना एनएचएआई एंबुलेंस सेवा को दी। सूचना मिलते ही एनएचएआई की एंबुलेंस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी तमकुहीराज पहुंचाया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के दौरान बताया कि शाहनवाज आलम को मुंह, सिर, हाथ और पैर में गहरे जख्म आए हैं तथा उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। हालत चिंताजनक देखते हुए डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं नौशाद अंसारी का इलाज सीएचसी तमकुहीराज में ही चल रहा है और उसकी स्थिति स्थिर बताई जा रही है। हादसे की सूचना मिलते ही परिजन भी अस्पताल पहुंच गए, जहां उनका रो-रोकर बुरा हाल था। स्थानीय लोगों ने बताया कि टोल प्लाजा के पास आए दिन तेज रफ्तार वाहनों की आवाजाही रहती है, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और फरार वाहन की तलाश की जा रही है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि आरोपी वाहन की पहचान की जा सके।

# बृहद रोजगार मेले में 952 युवाओं को मिला रोजगार

अवधनामा संवाददाता



**अमेठी।** नगर स्थित रणवीर रणंजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गुरुवार को जिला सेवायोजन कार्यालय की ओर से उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन योजना के अंतर्गत एक दिवसीय बृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया। यह रोजगार मेला जनपद के युवाओं के लिए सुनहरा अवसर साबित हुआ।

मेले में देशभर की 50 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियों ने प्रतिभाग किया तथा लगभग 5000 से अधिक रिक्त पदों के लिए साक्षात्कार आयोजित किए गए। रोजगार मेले में 1210 से अधिक अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया जिनमें से 952 से अधिक युवाओं का विभिन्न कंपनियों में चयन किया गया। चयनित युवाओं के चेहरे पर प्रसन्नता और आत्मविश्वास स्पष्ट रूप से दिखाई दिया जो जनपद के लिए गौरव का विषय है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. संजय सिंह एवं विशिष्ट अतिथि डॉ अमीता सिंह ने चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। अपने आशीर्वचन में मुख्य अतिथि डॉ संजय सिंह ने अमेठी के युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने हेतु उत्तर प्रदेश सरकार एवं सेवायोजन विभाग का आभार व्यक्त किया तथा युवाओं को निरंतर परिश्रम और लगन से आगे बढ़ने का संदेश दिया।

विशिष्ट अतिथि डॉ अमीता सिंह ने सभी प्रतिभागी कंपनियों एवं आयोजकों को सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुए चयनित युवाओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। जिला सेवायोजन अधिकारी अनुपमा रानी ने मुख्य अतिथि विशिष्ट अतिथि एवं अन्य अतिथियों का बुके अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ओमप्रकाश त्रिपाठी ने मुख्य अतिथि विशिष्ट अतिथि आयोजकों कंपनियों के प्रतिनिधियों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में आईटीआई के प्रधानाचार्य अजय सिंह जिला सेवायोजन कार्यालय के सुरेंद्र पांडेय एवं मृत्युंजय तिवारी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# सौहार्द एवं आपसी भाईचारे के साथ मनाए त्यौहार : त्रिभुवन जायसवाल

- त्योहारों में खलल डालने वालों के खिलाफ सख्ती से होगी कार्रवाई : राजेंद्र

अवधनामा संवाददाता



**सेवरही, कुशीनगर।** नगर पंचायत सेवरही स्थित पुलिस चौकी परिसर में होली एवं रमजान के त्यौहार को सकुशल संपन्न कराने को लेकर क्षेत्र के प्रबुद्ध जनों की बैठक सम्पन्न हुई जिसमें सभी लोगों ने अपने अपनें सुझाव दिए।

बैठक दौरान चेयरमैन प्रतिनिधि त्रिभुवन जायसवाल ने कहा कि यहां हिन्दू मुस्लिम दोनों धर्मो के त्यौहार एक ही दिन पड़ा और दोनों समुदाय के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया, एक दुसरे का सम्मान व सहयोग किया आज तक कोई विवाद नहीं हुआ है और भविष्य में भी यह परम्परा कायम रहेगी। होली रंग गुलाल व हुड़दंग का त्यौहार है फिर भी सभी लोग आपसी प्रेम भाईचारा का परिचय देते हुए त्यौहार मनाते हैं और नगर के प्रबुद्ध जन एवं पुलिस प्रशासन का भी भरपूर सहयोग मिलता है। एस आई राजेन्द्र सिंह ने कहा कि पुलिस जनता की सेवा व सुरक्षा के लिए है वह जन सहयोग से शान्ति व सुरक्षा के प्रति संकल्पित रहती है किन्तु कुछ असमाजिक तत्व अशांति फैलाने का प्रयास करतें हैं। आम जन से अपिल करतें हुए कहा कि ऐसे असमाजिक तत्व की सूचना आप तत्काल पुलिस को दे ताकि पुलिस उनके खिलाफ न्याय संगत कार्यवाही कर सकें वैसे तो पुलिस के जवान त्यौहार को लेकर पुरे थाना क्षेत्र में गस्त पर रहेंगे। कस्बा चौकी प्रभारी अनिल कुमार शर्मा ने कहा कि होली का दहन के लिए जो स्थान चिन्हित है वहीं पर कार्यक्रम करें,किसी ऐसे रंग का प्रयोग न करें जिससे सामने वाले को आपत्ति हो,रंग लगाते समय सामने वाले का सम्मान करतें हुए सद्भाव का परिचय देते हुए एक दुसरे पर रंग गुलाल का प्रयोग करें। दोनों त्यौहार सकुशल संपन्न हो इसके लिए आमजन का सहयोग अपेक्षित है। उक्त बैठक में एस आई रणजीत सिंह बघेल, भाजपा मंडल अध्यक्ष रमेश व्याहुत, सभासद पप्पू जायसवाल, लव जायसवाल, सुमीत रौनियार, अजय गुप्ता, सुभाष यादव, साकिर अली, आलोक जायसवाल, मौलाना एकबाल अहमद के साथ साथ नगर के प्रबुद्ध जन व पुलिस के जवान शामिल रहे।

# बुन्देलखण्ड की खेती को नई दिशा देगा उत्तर क्षेत्रीय किसान मेला

- 5 हजार किसानों ने पहले दिन लिया भाग
- तकनीक, अनुसंधान और प्राकृतिक खेती पर जोर; उत्कृष्ट वैज्ञानिकों व किसानों का हुआ सम्मान




अवधनामा संवाददाता

**बाँदा।** कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय उत्तर क्षेत्रीय किसान मेला का शुभारंभ आज प्रदेश के कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने किया। 26 से 28 फरवरी तक चलने वाले इस मेले में पहले दिन लगभग 5 हजार किसानों ने सहभागिता की।

मंत्री श्री शाही ने अपने संबोधन में कहा कि किसान देश की अर्थव्यवस्था की आधारशिला हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2017 में विश्वविद्यालय में 460 विद्यार्थी और 13 शिक्षक थे, जबकि आज यह संख्या बढ़कर 1500 विद्यार्थियों और 120 शिक्षकों तक पहुंच गई है। प्रदेश में खाद्यान्न उत्पादन में लगभग 2 लाख मीट्रिक टन की वृद्धि का उल्लेख करते हुए उन्होंने बुन्देलखण्ड में कृषि परिवर्तन की सराहना की।

उन्होंने विश्वविद्यालय में विकसित तकनीकों को किसानों तक पहुंचाने, खाद्य तेल प्रसंस्करण इकाई की स्थापना, सरसों बीज भंडारण पर शोध, स्पीड ब्रीडिंग से नई किस्मों के विकास तथा बाजरा, मसूर और अलसी जैसी फसलों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता बताई।

विधायक सदर प्रकाश द्विवेदी ने कहा कि किसानों की समृद्धि ही राष्ट्र की प्रगति का मार्ग प्रशस्त करती है। विधायक नरैनी ओममणि वर्मा ने महिला कृषकों के सशक्तिकरण और महिला अनुकूल कृषि यंत्रों के विकास पर बल दिया।

मेले में 120 से अधिक स्टॉल लगाए गए हैं, जिनमें भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद से संबद्ध संस्थानों सहित विभिन्न कृषि विश्वविद्यालयों, विभागों, एफपीओ और स्वयं सहायता समूहों की भागीदारी रही। यह किसान मेला कृषि नवाचार, अनुसंधान और तकनीकी आदान-प्रदान का सशक्त मंच बनकर उभर रहा है, जो बुन्देलखण्ड की खेती को नई पहचान देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# मंडल आयुक्त व डीएम पहुंचे लम्भुआ तहसील, निरीक्षण से मचा



अवधनामा संवाददाता

**सुलतानपुर।** राजेश कुमार (मंडल आयुक्त, अयोध्या मंडल) और कुमार हर्ष (जिलाधिकारी, सुलतानपुर) ने आज लम्भुआ तहसील पहुंचकर औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण की सूचना मिलते ही तहसील परिसर में अफरा-तफरी मच गई और कर्मचारी फाइलों को दुरुस्त करने में जुट गए। निरीक्षण के दौरान राजस्व अभिलेखों, विकास कार्यों की प्रगति, जन शिकायतों के निस्तारण और कार्यालयी व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की गई। अधिकारियों ने मौके पर मौजूद कर्मचारियों से जानकारी ली और कई महत्वपूर्ण अभिलेखों की जांच भी की। स्थानीय स्तर पर यह चर्चा भी तेज रही कि क्या इस निरीक्षण में वास्तविक कमियां सामने आएंगी या फिर सब कुछ गुलाबी फाइलों में ही दबकर रह जाएगा। आमजन को उम्मीद है कि यह निरीक्षण सिर्फ औपचारिकता न बनकर जमीनी स्तर पर सुधार लाने का माध्यम बनेगा। मंडल आयुक्त और डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि लंबित मामलों का जल्द निस्तारण किया जाए और जनहित से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अब देखना यह होगा कि इस निरीक्षण के बाद व्यवस्थाओं में कितना सुधार आता है और जिम्मेदारों पर क्या कार्रवाई होती है।

# टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के बैनर तले शिक्षकों ने दिया धरना

- टेट के विरोध में कलेक्ट्रेट धरना स्थल पर जुटे शिक्षक दिया ज्ञापन





अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** जनपद में आज टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के बैनर तले कलेक्ट्रेट धरना स्थल पर शिक्षक शिक्षिकाओं ने विशाल धरना देकर डीएम के प्रतिनिधि नायब तहसीलदार सदर सुरेंद्र कुमार यादव को ज्ञापन सौंपा।नायब तहसीलदार ने ज्ञापन को संबंधित तक भिजवाने का आश्वासन दिया।उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ,जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के संयुक्त तत्वावधान में यह धरना आयोजित किया गया। धरने में उपस्थित पदाधिकारीयों ने टेट से मुक्ति के लिए संसद से कानून बनाने की मांग प्रधानमंत्री से किया और ज्ञापन प्रेषित किया। धरने का संचालन प्रांतीय संयुक्त मंत्री जूनियर शिक्षक संघ भूपेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव ने किया।प्राथमिक शिक्षक संघ जिला अध्यक्ष आनंद कुमार पाठक ने कहा कि यह लड़ाई हम आर पार की लड़ेंगे। जिला अध्यक्ष जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ विद्या विलास पाठक ने इस कानून को प्राकृतिक न्याय के विरुद्ध बताया और यह मांग की संसद में अध्यादेश लाकर इसे समाप्त किया जाए अन्यथा पूरे देश का शिक्षक दिल्ली कुच करेगा। महामंत्री प्राथमिक शिक्षक संघ विजय उपाध्याय ने कहां सरकार का रवैया ठीक नहीं है मंत्रियों द्वारा टेट और नॉन टेट शिक्षकों के बारे में गलत बयान बाजी की जा रही है। जूनियर शिक्षक संघ जिला महामंत्री यादवेंद्र यादव ने इसे प्राकृतिक न्याय के विरुद्ध बताया। उपाध्यक्ष रामकुमार पांडे अलीम , मंडल उपाध्यक्ष वह भी उबैदुर्रहमान, संयुक्त मंत्री वर्मा, बलवंत सिंह प्रदीप मिश्रा प्रदीप मिश्रा राजकुमार पांडे, महिला संगीत मंत्री आरती कौशिक भानु प्रताप मिश्रा आदि ने संबोधित किया। इस दौरान संगठन के पदाधिकारीयों का कहना है यदि हमारी मांगे न मानी गई तो मार्च में हम दिल्ली में संसद का घेराव करेंगे और धरना प्रदर्शन करेंगे जिसमें पूरे प्रदेश के सम्मिलित होंगे। राष्ट्रगान के साथ धरना का समापन किया गया।

# बीडीएम की छात्राओं ने पर्यटन स्थलों को देखा



- साइबेरियन केन व विदेशी प्रवासी पक्षियों को देख कर छात्राएं हुई खुश

अवधनामा संवाददाता

**शिकोहाबाद।** बीडीएम गर्ल्स डिग्री कॉलेज में प्राचार्या ने हरी झंडी दिखा कर महाविद्यालय की छात्राओं को पर्यटन स्थलों के भ्रमण के लिए एक टूर रवाना किया। छात्राएं कैवलादेव राष्ट्रीय उद्यान जलमहल, (डींग महल,) संग्रहालय, भरतपुर राजस्थान आदि प्रसिद्ध पर्यटन स्थल देखने का मौका मिला। प्रो गीता यादवेन्दु के संरक्षण में छात्राओं को केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान, जलमहल (डींग महल), संग्रहालय, भरतपुर राजस्थान आदि प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों का भ्रमण कराया गया। छात्राओं के दल को प्राचार्या प्रो गीता यादवेन्दु ने हरी दूझंडी दिखाकर रवाना करते हुए कहा कि शैक्षणिक व सांस्कृतिक भ्रमण का उद्देश्य छात्राओं को पाठ्यक्रम से सम्बन्धित व्यवहारिक ज्ञान प्रदान करना व ऐतिहासिक सांस्कृतिक और वैज्ञानिक स्थलों की जानकारी देना है। छात्राओं ने केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान, लोहाग-सजय किला, जलमहल, गंगा मंदिर, लक्ष्मण मंदिर, सरकारी संग्रहालय, प्राचीन मंदिर भरतपुर जैसी जगहों पर पूर्ण आनंद के साथ भ्रमण किया व विभिन्न प्रकार की वनस्पति औषधीय पादयों, भौतिक स्थलाकृतियों, चट्टानों व विदेशी, प्रवासी पशु-उचयपक्षियों का अवलोकन किया। रेंजर्स प्रभारी दर्शना कुमारी ने छात्राओं को जानकारी देते हुए कहा कि प्रकृति प्रेमियों के लिए केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान दर्शनय स्थल है जिसमें साइबेरियन क्रेन व विभिन्न विदेशी प्रवासी पक्षियों को आसानी से देख सकते है। इस भ्रमण में समस्त विभाग की छात्राएं, शिक्षकगण दर्शना कुमारी, डॉ नीलम, डॉ पल्लवी, डॉ ममता भारद्वाज, सोनिका, सुनीता, डॉ रेनू,डॉ रमा,संगीता, सुजाता, कु सलोनी, कु प्रिया, कु पूनम, विकास यादव, विमल यादव शिक्षणेत्तर कर्मचारी मुकेश कुमार, जहान सिंह, रतन, बेबी आदि शामिल हुए।

# इच्छुक अभ्यर्थी राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान हेतु नामांकन करें

**फिरोजाबाद।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आनन्दपुर, जारखी, फिरोजाबाद की प्रधानाचार्य हेमलता यादव ने अवगत कराया कि तकनीकी क्षेत्र में अपना करियर बनाने के इच्छुक युवाओं के लिए राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आई0 टी0 आई0) आनन्दपुर, जारखी, फिरोजाबाद ने एक सुनहरा अवसर प्रदान किया है। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आनन्दपुर, जारखी, फिरोजाबाद में उश्रर प्रदेश कौशल विकास मिशन के तहत ऑटोमोटिव असेम्बली ऑपरेटर, एवं ऑटोमोटिव बेल्डिंग मशीन ऑपरेटर (मैन्यूअल एवं रोबोटिक्स) जैसे नवीनतम् अल्पकालीन प्रशिक्षण कोर्स का संचालन शुरू किया जायेगा, यह प्रशिक्षण लगभग 360 घण्टे का होगा, जिसमें प्रशिक्षार्थी आधुनिक तकनीकी में दक्ष बन सकेंगे, जिससे उनके रोजगार के अवसर बढेगे। उन्होने बताया कि इन निःशुल्क कोर्सो के लिए महिला व पुरूष दोनों आवेदन कर सकते हैं, जिसकी आयु सीमा 15 से 35 वर्ष निर्धारित की गई है, जबकि न्यूनतम् शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल उश्रीर्ण होना आवश्यक है। प्रशिक्षण पूरा होने पर युवाओं को तकनीकी क्षेत्र का व्यापक ज्ञान मिलेगा और कौशल विकास के तहत न केवल रोजगार बल्कि स्वरोजगार के अवसरों से भी जोड़ा जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आई0 टी0 आई0) आनन्दपुर, जारखी, फिरोजाबाद से मोबाइल नं0 9795048054 एवं मोबाइल नं0 8791982220 पर सम्पर्क कर निःशुल्क नामांकन कर सकते हैं।

# डीसी एनआरएलएम ने किया ब्लॉक का निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता



**मोतिगरपुर/सुलतानपुर।** डीसी एनआरएलएम के.डी. गोस्वामी ने गुरुवार को मोतिगरपुर ब्लॉक का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बीसी रुम, पंचायत कार्यालय, मनरेगा सेल,एनआरएलम डेस्क का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक सुधार के साथ मातहतो को स्टोर रूम मे निष्प्रयोज सामान की नीलामी व ग्रांट रजिस्टर में पड़े पुराने मदों के अवशेष पैसों का खर्चा या मदो में वापस करने का निर्देश दिया।

गुरुवार को ब्लॉक मे डीसी एनआरएलम के निरीक्षण से कर्मचारियों में हलचल रही। उन्होंने बीसी रूम, पंचायत कार्यालय, मनरेगा सेल और एनआरएलएम डेस्क का निरीक्षण किया। कार्यालय मे टूटे फर्नीचर को दुरुस्त व खुले मे रखी बैटरी पर कवर लगाने का कर्मचारियों को निर्देश के साथ ही कार्यालय परिसर, शौचालय और अन्य कक्षों की साफ-सफाई की स्थिति परखी तथा स्वच्छता व्यवस्था नियमित बनाए रखने पर जोर दिया। वरिष्ठ सहायक पटल पर जीपीएफव सर्विस पासबुक अद्यतन नहीं पाया गया। एक सप्ताह मे व स्टोर रूम में निष्प्रयोग पाए गए सामानों की नीलामी के साथ ग्रांट रजिस्टर में पुराने मदों के पैसे अवशेष रहने पर खर्च या मदो में वापस करने का निर्देश दिया। डीसी ने कार्यालय में विकास संबंधी फाइलों की गहन जांच की। स्वयं सहायता समूहों के गठन एवं बैंक प्रगति, सीआईएफ वितरण अभिलेख, मनरेगा मास्टर रोल, पंचायत विकास कार्य योजना जीपीडीपी के दस्तावेज, सामाजिक सुरक्षा पेंशन स्वीकृति सूची, ग्राम संगठन एवं क्लस्टर स्तरीय संघ की प्रगति रिपोर्ट के साथ वित्तीय लेखा-जोखा एवं ऑडिट रजिस्टर का अवलोकन किया। अभिलेखों के सुव्यवस्थित रखरखाव एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान खंड विकास अधिकारी निशा तिवारी, एडीओ समाज कल्याण ओपी सिंह, राजकिशोर सिंह, प्रभारी एडीओ पंचायत नितेश सिंह, संजय मिश्र, खंड प्रेरक आशीष पांडेय, सचिन कुमार, शुभम कुमार तथा बीएमएम धर्मेंद्र सिंह आदि ब्लॉक कर्मी मौजूद रहे।

# मैकेनिकल इंजीनियरिंग के 57 छात्र चयनित हुए



अवधनामा संवाददाता

**शिकोहाबाद।** एसीएमटी कॉलेज में विभिन्न कोर्सो के छात्र-छात्राओं का प्लेसमेंट किया जा रहा है। जिसमें प्रत्येक कोर्स के छात्रों का कंपनियों द्वारा प्लेसमेंट किया जा रहा है। गुरुवार को डिप्लोमा मैकेनिकल इंजीनियरिंग के छात्रों के लिए एलनवैरी कंपनी द्वारा साक्षात्कार का आयोजन किया गया। जिसके एचआर वीके कुन्तिया ने 74 छात्रों का साक्षात्कार लिया। जिसमें 57 छात्रों का चयन हुआ। इस मौके पर कॉलेज के चेयरमैन योगेश यादव ने चयनित हुए छात्रों को शुभकामनाएं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही छात्रों को आगे आने वाली कंपनियों में चयनित होने के लिए प्रोत्साहित किया। इस मौके पर कॉलेज प्रमुख विकास यादव, प्रदीप यादव, संजीव यादव व कुलदीप सिंह आदि समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

# आधी रात को घर में लगी आग, लाखों का नुकसान



**सुल्तानपुर (अवधनामा संवाददाता)** सदर तहसील क्षेत्र के धनपतगंज ब्लॉक स्थित केवटली ग्राम पंचायत के पूरे दत्ता राय निवासी राज नारायण कोरी पुत्र राम किशोर कोरी के घर में आधी रात को आग लग गई। जिससे उनकी पूरी गृहस्थी जल गई। आग से लाखों का नुकसान हुआ है। तीन बकरियां झुलसकर मर गई।इसके अलावा एक पडिया भी झूलस ने से गंभीर है। तीन लोग भी आग से जल गए हैं। डायल 112 मौके पर पहुंची। इसके पहले ग्रामीणों ने एकजुट होकर के आग पर काबू पाया सूचना पर गुरुवार को हल्का लेखपाल कमलेश मौके पर पहुंचे। और नुकसान का आकलन कर और उपजिलाधिकारी बल्दीराय प्रवीण कुमार को रिपोर्ट देने की बात कही है। बसपा नेता हंसराज भारती ने बताया कि पीड़ित राज नारायण कोरी की माली हालत ठीक नहीं है। उन्होंने प्रशासन से सहायता प्रदान करने की मांग की है।

# सामौर बाबा धाम महोत्सव 7 मार्च से 10 तक

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** आगामी 7 मार्च से 10 मार्च तक आयोजित होने वाले भव्य सामौर बाबा धाम महोत्सव की व्यवस्था को चाक-चौबन्द करने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है, इसी क्रम में आज जिलाधिकारी रमेश रंजन ने मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य के साथ महोत्सव स्थल का दौरा कर तैयारियों का जायजा लिया, उन्होंने सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं, कि महोत्सव शुरू होने से पूर्व सभी तैयारी समयबद्ध तरीके से पूरी कर ली जाए, इस महोत्सव में सिरसागंज और दूर-दराज के क्षेत्रों से भारी संख्या में श्रद्धालुओं और पर्यटकों के जुटने की संभावना है, इसलिए जरूरी है कि यहां पर भीड़ नियंत्रण हेतु विशेष इंतजाम किया जाए, महोत्सव के दौरान विभिन्न सरकारी विभाग द्वारा अपने-अपने स्टॉल लगाए जाएंगे, इन स्टॉल के माध्यम से जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी और प्रदर्शन का आयोजन किया जाएगा, जिलाधिकारी ने महोत्सव स्थल पर बिजली, पेयजल और मोबाइल शौचालय एवं स्वास्थ्य कैंपों की उचित व्यवस्था करने के कड़े निर्देश दिए हैं, ताकि यहां आने वाले नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों से कहा है कि यह महोत्सव क्षेत्रीय, संस्कृति और आस्था का प्रतीक है, अतः इसकी गरिमा के अनुरूपी सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए।

# एकीकृत बागवानी विकास मिशन अन्तर्गत आयोजित हुई राज्य स्तरीय कृषक गोष्ठी

अवधनामा संवाददाता




**बहराइच।** एकीकृत बागवानी विकास मिशन (एम.आई.डी.एच.) योजनान्तर्गत जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देश पर कृषि भवन परिसर, बहराइच में राज्य स्तरीय कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विधायक नानपारा राम निवास वर्मा ने मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, उप कृषि निदेशक विनय वर्मा, जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चौधरी, जिला कृषि अधिकारी डॉ. सूबेदार यादव, भूमि संरक्षण अधिकारी डॉ. सौरभ वर्मा, एसडीओ कैसरगंज डॉ. शिशिर वर्मा, कृषि विज्ञान केन्द्र बहराइच के कृषि वैज्ञानिकों डॉ. शैलेन्द्र सिंह, डॉ. अरूण कुमार राजभर, व अन्य अधिकारियों, गणमान्य व संभ्रान्तजन तथा प्रगतिशील कृषकों के साथ फीता काटकर कृषक गोष्ठी का उदघाटन किया तथा मॉ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया तथा अन्य अतिथियों च अधिकारियों के साथ विभिन्न विभागों द्वारा लगाये स्टालों का अवलोकन कर आवश्यक जानकारी प्राप्त की। मुख्य अतिथि विधायक श्री वर्मा ने जिले के कृषकों का आहवान किया कि उद्यान विभाग एवं कृषि विभाग के संयुक्त प्रयास से एकीकृत जीवनाशी प्रबन्धन तकनीक का लाभ प्राप्त कर विष मुक्त सब्ज़ी एवं अन्य औद्योनिक फसलों का उत्पादन कर बेहतर से बेहतर मूल्य प्राप्त करें। श्री वर्मा ने कहा कि विष मुक्त खेती से उत्पादित सब्ज़ी, फल व अनाज पूरी तरह से मानव जीवन के लिए उपयोगी हैं। उप कृषि निदेशक च जिला उद्यान अधिकारी द्वारा भी कृषकों को एकीकृत जीवनाशी प्रबन्धन तकनीक के बारे में जानकारी देते हुए कम लागत पर गुणवत्तायुक्त एवं ज़हर मुक्त उत्पादन प्राप्त कर अपने जीवन स्तर में सुधार लायें। कृषि वैज्ञानिक डॉ. शैलेन्द्र सिंह एवं डॉ. अरून कुमार राजभर वैज्ञानिक द्वारा फल, फूल, शाकभाजी एवं मसाला फसलों के उत्पादन, विपणन, संरक्षण एवं रोग व्याधि की रोकथाम के बारे में तकनीकी जानकारी प्रदान की गई।



## आम सूचना

अनीसा पत्नी इरफान अहमद निवासी नवादा रोड,आजाद कालोनी,दरा शिवपुरी काजीपुरा थाना सदर बाजार जिला सहारनपुर ने अपने दोनों पुत्रगण मो. इमरान व मो. शाहरूख तथा पुत्र वधु श्रीमती परवीना पत्नी मो. इमरान व श्रीमती शबाना पत्नी मो. शाहरूख से दि. 26/02/2026 से अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर लिए हैं और उन्हें अपनी कुल चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में अपने कु कृत्य हेतु उक्त विपक्षी गण स्वयं जिम्मेदार होंगें।

अनीसा पत्नी इरफान

## पूर्वोत्तर रेलवे

### खुली ई–निविदा सूचना

**NER-LJN-2026-37**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबन्धक / इंजीनियरिंग / पूर्वोत्तर रेलवे / लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु आनलाईन 'खुली' ई–निविदायें आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण नीचे निम्नवत है– **ई निविदा संख्याः–** NER-LJN-2026-37, **कार्य का नामः–** गोरखपुर–लखनऊ सेक्शन के मध्य समपार सं. 179/Spl., 189/Spl., 286/Spl., और 288/Spl. पर रबराइज्ड समपार पैड लगाकर सड़क की सतह को बेहतर बनाना, सीटीआर के स्वीकृत कार्य के विरुद्ध।, **अनुमानित लागत (रु):–** 18923165.25, **अग्रिम धन(रु):–**244600.00, **समापन अवधिः–** 6 माह, **1** उपरोक्त ई–निविदा संख्या **NER-LJN-2026-37** के लिये ई–निविदा दिनांक 18.03.2026 को 15.00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15.00 बजे के बाद ई–निविदा खोली जायेंगी।, **2** उपरोक्त ई–निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तो का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकार ई निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई–निविदा सूचना से सम्बन्धित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

**मण्डल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग**

मुजाधि/डब्लू–484 लखनऊ

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

## उत्तर रेलवे

### निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारों द्वारा ई–निविदायें सिंगिल पैकेट सिस्टम द्वारा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा सं. | 106-टेली/टेंडर/27/2025-26 |
| कार्य का नाम | लखनऊ मंडल के उत्तर रेलवे के मार्गस्थ (वे–साइड) स्टेशनों पर अनुरक्षण–मुक्त अर्थिंग तथा सर्ज सुरक्षा उपकरण (एसपीडी) की व्यवस्था का कार्य। |
| अनुमानित लागत | रु. 2,51,64,561.17/- |
| निविदा प्रपत्र की कीमत | शून्य |
| धरोहर राशि | रु. 2,75,800.00/- |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 270 दिन |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 18.03.2026 15:30 Hrs |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय/ मं.रे.प्र. कार्यालय परिसर/ उत्तर रेलवे/लखनऊ |

ठेकेदारों को ई–निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेब साइट **www.ireps.gov.in** के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य है • समस्त नियम एवं शर्ते निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है • मैनुउल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।

**निविदा सू. सं.– 106–टेली/टेंडर/27/2025–26 दिनांक 25.02.2026** 641/26

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता नलकूप निर्माण खण्ड-अयोध्या

पत्रांकः- 225/न.नि.ख.अयो./अधि0अभि0/निविदा /2025-26/ दिनांक 20 फरवरी, 2026

**अल्पकालीननिविदा संख्या-07/अधि0अभि0/2025-26**

महामहिम राज्यपाल महोदया उत्तर प्रदेश की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा 1750 असफल राजकीय नलकूपों के पुनःनिर्माण की परियोजना (नाबार्ड पोषित) के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्यों हेतु मुहरबंद पृथक-पृथक अल्पकालीन निविदाएं उत्तर प्रदेश सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग में वर्गीकृत श्रेणी में पंजीकृत निविदादाताओं से दिनांक 10.03.2026 को पूर्वाह्न 11:30 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। मुहरबंद निविदाएं दिनांक 10.03.2026 को प्रातः 11:30 बजे तक अधिशासी अभियन्ता, नलकूप निर्माण खण्ड अयोध्या के कार्यालय में रखे गये निविदा बॉक्स में डाली जा सकती हैं। प्राप्त निविदाएं दिनांक 10.03.2026 को उपस्थित निविदादाताओं/उनके प्रतिनिधियों के समक्ष अपराह्न 02:00 बजे से अधिशासी अभियन्ता, नलकूप निर्माण खण्ड अयोध्या के कार्यालय में खोली जायेंगी। निविदादाताओं अथवा उनके प्रतिनिधियों के अनुपस्थित होने पर, निविदा खुलने के समय में कोई भी परिवर्तन किया जाना सम्भव नहीं होगा। निविदा अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से दिनांक 28.02.2026 पूर्वाह्न 10:00 बजे से दिनांक 09.03.2026 को अपराह्न 5:00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में निर्धारित मूल्य भुगतान कर प्राप्त की जा सकती हैं। कार्यों के सम्बन्ध में विशेष शर्तें निविदा प्रपत्र के साथ उपलब्ध करायी जायेंगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | मात्रा (नग) | कार्य की अनुमानित लागत (लाख रू. में) | धरोहर धनराशि (रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य+ जी.एस.टी. (रू. में) + स्टेश्नरी | कार्य को पूर्ण करने की अवधि | पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| Lot No. 01 | Supply and carriage of pea gravel 2.00mm to 3.35 mm size from Lalkuan to Dist. Barabanki store of TWCD Ayodhya including cost of royalty, loading, unloading and stacking at store excluding G.S.T. | 80 घन मीटर | 6.48 | 13000.00 | 225.00 + GST (नियमानुसार) + 500.00 | 15 दिवस | "A" अथवा उच्च श्रेणी |
| Lot No. 02 | Supply and carriage of pea gravel 2.00mm to 3.35 mm size from Lalkuan to Dist. Gonda store of TWCD Ayodhya including cost of royalty, loading, unloading and stacking at store excluding G.S.T. | 110 घन मीटर | 9.24 | 19000.00 | 225.00 + GST (नियमानुसार) + 500.00 | 15 दिवस | "A" अथवा उच्च श्रेणी |
| Lot No. 03 | Supply and carriage of pea gravel 2.00mm to 3.35 mm size from Lalkuan to Dist. Balrampur store of TWCD Ayodhya including cost of royalty, loading, unloading and stacking at store excluding G.S.T. | 80 घन मीटर | 6.64 | 14000.00 | 225.00 + GST (नियमानुसार) + 500.00 | 15 दिवस | "A" अथवा उच्च श्रेणी |
| Lot No. 04 | Supply and carriage of pea gravel 2.00mm to 3.35 mm size from Lalkuan to Dist. Bahraich store of TWCD Ayodhya including cost of royalty, loading, unloading and stacking at store excluding G.S.T. | 115 घन मीटर | 9.20 | 19000.00 | 225.00 + GST (नियमानुसार) + 500.00 | 15 दिवस | "A" अथवा उच्च श्रेणी |

निविदा से सम्बंधित अधिक जानकारी अधिशासी अभियन्ता, नलकूप निर्माण खण्ड अयोध्या के कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

**(विजय कुमार वर्मा)**

**अधिशासी अभियन्ता**

UPID-246979 Dated-25-02-2026

विज्ञापन आदेश के अनुसार www.upgov.in पर उपलब्ध



## सार्वजनिक सूचना

एतदद्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है श्री जाहरवीर गोगाजी सेवा समिति, अम्बाला रोड़, सरसावा तहसील-नकुड़,जि.सहारनपुर के पंजीकरण हेतु ऑनलाइन आवेदन प्राप्त है। उक्त समिति की प्रबन्ध समिति में निम्न पदाधिकारी/ सदस्य है–1. श्री रामनाथ सैनी अध्यक्ष 2. श्री वेदपाल सिंह उपाध्यक्ष 3. श्री विकास कुमार सचिव 4. श्री कुलदीप कुमार उप सचिव 5. श्री सोनू कोषाध्यक्ष 6. श्री रामपाल सदस्य 7. श्री शिवम सदस्य 8. श्री राजेश कुमार सदस्य 9. श्री सुनील कुमार सदस्य 10. श्री विनोद कुमार सदस्य 11. श्री सौरभ कुमार सदस्य सहित सदस्य के रूप में दर्शाए गये है।यदि किसी व्यक्ति को प्रश्नगत समिति के पंजीकरण के विरूद्ध किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह सूचना प्रकाशन के 30 दिनो के भीतर अपनी आपत्ति प्रमाणों सहित अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पत्र पर विचार किया जाना सम्भव न होगा और गुण-दोष के आधार पर समिति के पंजीकरण के सम्बन्ध में कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी विदित हो कि उक्त नोटिस सोसायटी रजिस्ट्रेशन अधिनियम की धारा 3 (1) के परन्तुक के अन्तर्गत जारी की गई है।

आज्ञा से (शिवेन्द्र कुमार पाण्डेय)

सहायक पंजीयक, फर्म्स, सोसाइटी तथा चिट्स, सहारनपुर।

## कोर्ट सूचना

इत्तलानामा हस्ब दफा 11 एक्ट सन 1890 ई.न्यायालय मा.प्रधान न्यायाधीश परिवार न्याया. सहारनपुर। मुकदमा प्रकीर्ण न.64 सन 2025 अमित कुमार पुत्र श्री यशपाल सिंह निवासी ग्राम कम्हेड़ा थाना गंगोह तहसील ,नकुड जिला सहारनपुर। प्रार्थी....बनाम

1- आम जनता,(विपक्षी)...इत्तिला दी जाती है कि दरख्वास्त बगरज नाबालिगान शगुन व आरव की अभिरक्षा हेतु अमित कुमार सायल मजकूर ने गुजरानी है लिहाजा यह इत्तिलानामा बनुराद व इजहार उजरदारान और दरपेशी मुकदमे बताअययून तारीख 11 माह 03 सन 2026 ई, जारी किया जाता है कि अगर आपको या किसी को कोई आपत्ति नाबालिगान शगुन व आरव के बारे में हो या कोई उजर हो तो अन्दर मियाद स्वयं या अपने वकील के माध्यम से न्यायालय प्रधान न्यायाधीश/परिवार न्याया.सहारनपुर में हाजिर होकर अपना उजर पेश करे, करावे, दरसूरत इन्कजाय मियाद मजकूर फिर उजर आपका या किसी का सुना न जायेगा और हुक्म मुनासिब निसबत दरख्वास्त के सादिर होगा आज दि. 26.2 सन 2026 ई0 को हस्ताक्षर मेरे व मोहर न्याय. से जारी किया गया।

**आज्ञा से, प्रशासनिक अधिकारी,परिवार न्यायालय ,सहारनपुर।**

# तीन साल में सिर्फ 25 प्रतिशत काम!

- बेतवा-यमुना पुल के निर्माण पर भड़के विधायक मनोज प्रजापति
- अधिकारियों को जून 2026 का अल्टीमेटम



**अवधनामा संवाददाता**

**हमीरपुर।** जनपद की जीवनरेखा माने जाने वाले यमुना और बेतवा नदियों पर बन रहे समानांतर चार लेन पुलों के निर्माण में हो रही अत्यधिक देरी ने जन-प्रतिनिधियों के सब्र का बांध तोड़ दिया है। सदर विधायक मनोज प्रजापति ने शुक्रवार को निर्माण स्थल का औचक निरीक्षण किया और कार्य की कछुआ चाल को देखकर अधिकारियों की जमकर क्लास लगाई।

**कछुआ चाल पर बरसे विधायक-** निरीक्षण के दौरान जब विधायक को यह जानकारी मिली कि पिछले 3 वर्षों में केवल 25 प्रतिशत काम ही पूरा हो सका है, तो वे भड़क उठे। उन्होंने अधिकारियों से तीखा सवाल पूछते हुए कहा, जब एक चौथाई काम पूरा करने में आपने तीन साल गंवा दिए, तो शेष 75 प्रतिशत कार्य कब और किस चमत्कार से पूरा होगा उन्होंने स्पष्ट किया कि जनता की सुविधा के साथ हो रहा यह खिलवाड़ अब और बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**पूर्व सरकार की कार्यशैली पर उठाए सवाल-** विधायक ने इस दौरान पूर्ववर्ती समाजवादी पार्टी सरकार पर भी हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व सरकार ने 170 करोड़ रुपये की इस भारी-भरकम परियोजना को बिना किसी ठोस वित्तीय योजना और पर्याप्त बजट के सिर्फ चुनावी लाभ के लिए मंजूरी दी थी। उन्होंने दावा किया कि उस समय मात्र 41 लाख रुपये की टोकन राशि देकर जनता को गुमराह किया गया था, जबकि वर्तमान सरकार अब इस प्रोजेक्ट को प्राथमिकता पर लेकर बजट सुनिश्चित कर रही है।

**जून 2026 तक का डेडलाइन-** विधायक के कड़े रुख को देखते हुए उत्तर प्रदेश ब्रिज कॉरपोरेशन और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने मौके पर आश्वासन दिया कि जून 2026 तक बेतवा पुल की कम से कम एक लेन को हर हाल में यातायात के लिए खोल दिया जाएगा।

निर्माण कार्य में तेजी लाने के लिए मैनपावर और मशीनी संसाधनों को तत्काल प्रभाव से बढ़ाया जाएगा।

**गुणवत्ता और समयबद्धता पर जीरो टॉलरेंस-** विधायक ने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि निर्माण की गुणवत्ता में रत्ती भर भी कमी पाई गई तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने निर्देश दिए कि कार्यस्थल पर संसाधनों की संख्या बढ़ाई जाए ताकि तय समय सीमा के भीतर हमीरपुर की जनता को जाम और जर्जर पुलों की समस्या से निजात मिल सके। निरीक्षण के दौरान प्रशासनिक अमले के साथ-साथ स्थानीय भारी संख्या में मौजूद रहे।

## वार्षिकोत्सव जैसे कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं



**इटावा (अवधनामा ब्यूरो)** विकास खंड बसरेहर के पी एम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय चितभवन में गुरुवार को वार्षिकोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्टेट रिसोर्स ग्रुप के सदस्य राम जनम सिंह एवं मीनाक्षी पाण्डेय रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया, इसके पश्चात विद्यालय के विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिनमें देशभक्ति गीत, नृत्य एवं नाटक प्रमुख आकर्षण रहे। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों ने उपस्थित अभिभावकों एवं अतिथियों का मन मोह लिया। अपने संबोधन में राम जनम सिंह एवं मीनाक्षी पाण्डेय ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि वार्षिकोत्सव जैसे कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार और अनुशासन को जीवन में अपनाने का संदेश दिया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्री कृष्ण कुमार यादव ने अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में विद्यालय निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है। इस अवसर पर आदित्य शुक्ला, शमामा अंजुम, प्रीति सहित विद्यालय परिवार के अन्य सदस्य एवं अभिभावकगण उपस्थित रहे।

## महिला शिक्षक संघ ने दिया ज्ञापन



**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** महिला शिक्षक संघ इटावा की जिलाध्यक्ष कामना सिंह की अध्यक्षता में और महामंत्री अर्चना चौधरी के नेतृत्व में जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री व केंद्रीय शिक्षा मंत्री को एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से कहा गया है कि शिक्षक पात्रता परीक्षा (TET) की अनिवार्यता संबंधी सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसले तथा राइट टू एजुकेशन (RTE) अधिनियम, 2009 की धारा 23 में 2017 के संशोधन द्वारा थोपी गई व्यवस्था के विरुद्ध कड़ी आपत्ति जताई गई। यह फैसला RTE लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर TET अनिवार्य करने के विरुद्ध है, जो संवैधानिक सिद्धांतों एवं पूर्वव्यापी प्रभाव के सामान्य नियमों के प्रतिकूल है। कोई भी कानून और नियम परिवर्तन सामान्यतःभविष्य की तिथियां से लागू नहीं किए जाते हैं। इससे उत्तर प्रदेश में लगभग 2 लाख तथा देशभर में 20 लाख से अधिक शिक्षकों का भविष्य संकटग्रस्त हो गया है।

निरंतर मानसिक दबाव से उनकी स्वास्थ्य स्थिति बिगड़ रही है तथा समाज में नकारात्मक भावना व्याप्त हो रही है। ज्ञापन सौंपने के अवसर पर जिला कार्यकारिणी, ब्लॉक स्तर के पदाधिकारी तथा काफी संख्या में महिला शिक्षक उपस्थित रहे।

## वार्षिक क्रीड़ा समारोह संपन्न

**इटावा।** जनता कॉलेज बकेवर में आयोजित वार्षिक क्रीड़ा समारोह का समापन कार्यक्रम मुख्य अतिथि जिला क्रीड़ा अधिकारी सर्वेद्र सिंह चौहान की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंचस्थ मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि, प्रबंधकारिणी सचिव श्रीमती मंजू मिश्रा, पूर्व सचिव अरविंद कुमार मिश्र, प्राचार्य प्रो.राजेश किशोर त्रिपाठी की उपस्थिति में हुआ। बैज अलंकरण, अंग वस्त्र एवं पुष्प गुच्छ भेंट करके मंचासीन अतिथियों का स्वागत-सत्कार क्रीड़ा प्रभारी डॉ ज्योति भदौरिया, सह-क्रीड़ा प्रभारी डॉ.योगेश शुक्ल एवं डॉ आनंद सिंह, क्रीड़ा शिक्षिका मीनू त्रिपाठी एवं डा. दिव्यांश पाण्डेय द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों के साथ मंच पर मुख्य अनुशासन अधिकारी प्रो. अशोक कुमार पांडेय, आइक्यूएसी प्रभारी प्रो.ललित गुप्ता, क्रीड़ा प्रभारी डॉ.ज्योति भदौरिया, डॉ.योगेश शुक्ल, डॉ.आनंद सिंह की उपस्थिति में वार्षिक क्रीड़ा समारोह की अंतिम प्रतियोगिता को छात्र एवं छात्राओं की 400 मी.रिले दौड़ के साथ शुरू किया गया।

# बीबीए व बीसीए के छात्र-छात्राओं के लिये कैम्पस प्लेसमेन्ट ड्राइव का आयोजन



**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** एनजीआई में हुई कैम्पस प्लेसमेन्ट ड्राइव नारायन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स में बीबीए व बीसीए के छात्र-छात्राओं के लिये कैम्पस प्लेसमेन्ट ड्राइव का आयोजन कराया गया जिसमे स्मार्ट डेकोर कम्पनी ने नारायन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स कैम्पस में उपस्थित होकर छात्र-छात्राओं का चयन लिखित एवं मौखिक परीक्षा के द्वारा किया। इंस्टीट्यूशन्स के वाइस चेयरमेन इं. अंकित तिवारी उपस्थित रहे तथा लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को साक्षात्कार कैसे फेस किया जाये के महत्वपूर्ण बिन्दुओं के बारे में बताया जिससे अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं का चयन हो सके। इंस्टीट्यूशन्स के प्राचार्य योगेश कुमार ने इस कैम्पस प्लेसमेन्ट ड्राइव के लिये छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित किया और दोनो परीक्षाओं में उत्तीर्ण हुये चयनित छात्र-छात्राओं को बधाई दी और कहा कि नारायन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स ऐसे कैम्पस प्लेसमेन्ट ड्राइव आने वाले सालों में निरन्तर कराता रहेगा जिससे नारायन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के छात्र-छात्राये अपने उन्नत भविश्य का निर्माण कर सके कैम्पस प्लेसमेन्ट कुल 50 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया जिसमे कम्पनी द्वारा 14 छात्र-छात्राओं को चयनित किया गया। इस कार्यक्रम को सफल वनाने में बीबीए विभागाध्यक्ष अनुरूद्ध यादव, योगेश वर्मा, स्वेता सिह, सुमन लता बीसीए विभागाध्यक्ष राहुल पाल, ईशा, अभिशेक मिश्रा, जयन्त यादव डीएलएड विभागाध्यक्ष योगीराज पुरवार व चन्द्र कुमार विशेष योगदान दिया।

## पत्रकार हितों की मांगों को लेकर उप मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा

**इटावा।** उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई के स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक को संयुक्त प्रेस क्लब इटावा के अध्यक्ष राजेन्द्र भसीन, महामंत्री सुधीर मिश्रा ने साथियों के साथ पत्रकार हितों की मांगों से संबंधित एक ज्ञापन सौंपा। बुधवार को उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई के स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक को संबोधित ज्ञापन में मांग करते हुए कहा कि हमारे पत्रकार संगठन के साथी सादर अनुरोध के साथ इस ज्ञापन में आपके समक्ष कुछ मांगें रखना चाहते हैं,हमें विश्वास है कि आपके द्वारा पूरी संवेदनशीलता और सहृदयता के साथ इनका समाधान अवश्य किया जाएगा। ज्ञापन में कहा गया कि पत्रकारों के सम्मान, सुरक्षा और उनकी पहचान को लेकर शासन एवं प्रशासन स्तर पर विशेष प्रावधान लागू किए जाएं। जनपद में मान्यता प्राप्त कई पत्रकार साथियों को अभी तक आयुष्मान कार्ड बनकर नहीं मिले हैं, जिन्हें शीघ्र बनवाया जाए।

# पुर्व मुख्य महाप्रबंधक का विदाई समारोह का आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**



**सोनभद्र/अनपरा।** उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम के प्रबंध निदेशक द्वारा जारी आदेश के तहत अनपरा तापीय परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक इं जेपी कटियार को मुख्य महाप्रबंधक तापीय परिचालन इकाई लखनऊ तथा जवाहरपुर तापीय परियोजना के परियोजना प्रमुख बनाया गया। वही इं अजय कटियार के स्वागत समारोह आयोजन के साथ अनपरा तापीय परियोजना के अधिकारियों द्वारा कॉलोनी परिसर स्थित प्रेक्षागृह में इं जेपी कटियार के विदाई समारोह भी आयोजन किया गया। इं जेपी कटियार द्वारा अनपरा तापीय परियोजना को नई ऊंचाईयों पर ले जाने में बहुमूल्य योगदान तथा कार्मिक हितों को देखते हुए कॉलोनी परिसर में उनके द्वारा किए गए कार्यो की सराहना की गई तथा अधिकारियों द्वारा स्मृति भेंट कर उन्हे भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर महाप्रबंधक अ एवं ब इं दूधनाथ, महाप्रबंधक सिविल इं राजीव कुमार, महाप्रबंधक द इं प्रशांत त्रिपाठी, सीएमओ डॉ अमरनाथ बरनवाल, अधीक्षण अभियंता मुख्यालय इं कर्मेंद्र सिंह, इं उत्पल शंकर, इं अच्युतेश कुमार, इं एसके रजक, इं आलोक त्रिपाठी, इं चंद्र प्रकाश, इं वीके सिंह, इं आरके सिंह, इं वीके दिनकर, इं महेंद्र सिंह, अधिशासी अभियंता इं पवन तिवारी, इं राम ज्ञान सिंह, इं अदालत वर्मा, इं मनोज यादव, इं सुभाष पटेल, इं राम प्यारे वर्मा, इं प्रमेंद्र चौधरी, इं बीआर पटेल, इं राजेश पांडेय, इं अभय कुमार, अभिषेक सिंह, वीके आनंद, मुकेश जायसवाल, श्याम बिहारी सिंह, बृज बिहारी यादव, राजकुमार यादव, राज कुमार सिंह, राजेंद्र प्रसाद उपस्थित रहे।

## राज्यपाल ने नवनिर्मित सरदार बल्लभ भाई पटेल वाटिका का किया लोकार्पण



**सोनभद्र।** प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कलेक्ट्रेट परिसर में नव निर्मित सरदार बल्लभ भाई पटेल वाटिका का लोकार्पण की, इस दौरान राज्यपाल ने वित्तीय समावेशन जागरूकता शिविर का शुभारम्भ फीता खोलकर की। इस दौरान राज्यपाल ने वित्तीय समावेशन जागरूकता शिविर में बैंकर्स व कोषागार, नाबार्ड, आरसेटी, इण्डियन बैंक, स्टेट बैंक, फार्मर प्रोड्यूसर आर्गेनाइजेशन द्वारा लगाये गये प्रदर्शनी का अवलोकन की। इस मौके पर राज्य मंत्री समाज कल्याण विभाग संजीव कुमार गौड़, विधायक सदर भूपेश चौबे, विधायक घोरावल डॉ0 अनिल कुमार मौर्या, जिला पंचायत अध्यक्ष राधिका पटेल, मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, वरिष्ठ कोषाधिकारी इन्द्रभान सिंह, लीड बैंक मैनेजर सलन बागे सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# अनपरा तापीय परियोजना के सीजीएम बने इं अजय

**अवधनामा संवाददाता**



**अनपरा/सोनभद्र।** उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम के प्रबंध निदेशक द्वारा जारी आदेश के तहत अनपरा तापीय परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक इं अजय कटियार को मुख महाप्रबंधक अनपरा तापीय परियोजना की नई जिम्मेदारी मिलने पर गुरुवार को कार्यभार ग्रहण करने के बाद नवागत सीजीएम अनपरा इं अजय कटियार को परियोजना के अधिकारियों तथा विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों व सदस्यों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया तथा बधाई दिया। पदाधिकारियों ने कहा कि बिजली कार्मिकों को आशा है कि नए सीजीएम भी परियोजना की समस्यायों को प्राथमिकता देते हुए अधिकारियों समेत सभी वर्ग के हित के लिए कार्य करेंगे। वही इस उपलक्ष में अनपरा तापीय परियोजना के अधिकारियों द्वारा कॉलोनी परिसर स्थित प्रेक्षागृह में इं अजय कटियार के स्वागत समारोह का आयोजन किया गया।इस अवसर पर अभियंताओं ने मुख्य महाप्रबंधकों द्वारा पूर्ववर्ती यूपी स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड तथा बिजली विभाग के विघटन के पश्चात राज्य विद्युत उत्पादन निगम के विभिन्न परियोजनाओं पर उनके तकनीकी दक्षता, कठिन परिश्रम, सहयोगी भावना,निर्णय लेने की क्षमता तथा कुशल मैनेजमेंट से उनके द्वारा हासिल किए गए प्लांट की तमाम उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि दोनो अभियंताओं को नई जिम्मेदारी मिलने से अभियंताओं को आशा ही नहीं अपितु पूर्ण विश्वास है कि कम लागत में अधिक से अधिक सतत विद्युत उत्पादन होगा, स्थानीय समस्याओं का प्रमुखता से निस्तारण होगा तथा इनके कुशल मार्गदर्शन में परियोजना नई कीर्तिमान स्थापित करेगा।

# राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने वितरित किए प्रमाण पत्र व किट

**अवधनामा ब्यूरो**

**सोनभद्र।** प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने आज सोनभद्र जनपद के विकास भवन स्थित पंचायत रिसोर्स सेन्टर में विभिन्न विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र, किट एवं सामग्री का वितरण किये। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्री-स्कूल किट (200), पोषण अभियान के अंतर्गत पोषण पोटली (200), आयुष्मान कार्ड (500), वनाधिकार पट्टा (50), मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को स्वीकृति-पत्र (10), प्रधानमंत्री सूर्य योजना के (10) एवं मुख्यमंत्री युवा उद्यमी अभियान के अन्तर्गत (10) लाभार्थियों, मोटराइज्ड दोना मशीन (2) सांस्कृतिक कार्यक्रम के प्रतिभागी रहे बच्चों को प्रोत्साहित किया गया। 10 अनाथ बच्चियों को 1100 रूपये का चेक प्रदान किया गया। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल जी ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि आज 200 आंगनबाड़ियों को किट उपलब्ध कराई गई हैं। प्रत्येक किट में कुर्सी, साइकिल सहित 22 से 23 प्रकार के उपकरण बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु दिए जाते हैं, ताकि गरीब परिवारों के बच्चे भी सुगमता से पढ़ सकें और आगे बढ़ सकें। इस दौरान उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा जो वनाधिकार के तहत आज लाभार्थियों को पट्टा दिया जा रहा है, इसके साथ ही वनाधिकार खतौनी का वितरण किया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा किये जाने वाला यह कार्य सराहनीय है। उन्होंने कहा कि राज्य एवं केन्द्र सरकार द्वारा जो भी योजनाएं संचालित होती है, उसका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक के लोगों को मिले, उन्होंने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा जिस कार्य के लिए जो भी बजट की मांग की जाती है, उसका उपभोग समय से करना चाहिए और समय से बजट की मांग भी की जानी चाहिए, बजट को समय से खर्च होने पर समाज के अंतिम व्यक्तियों, गरीब, असहाय, दिव्यांग, आदिवासी वर्ग के लोगों को इस योजना का लाभ समय से मिल जाता है। राजस्व विभाग द्वारा खतौनी से सम्बन्धित जो भी मामले होते हैं, उसका निस्तारण निर्धारित समय



- जनकल्याण योजनाओं से लाभार्थियों को मिला संबल
- आंगनबाड़ी, आयुष्मान और आवास लाभार्थियों को सहायता
- सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे

अवधि में किया जाना चाहिए, ग्राम स्तर पर चौपाल लगाकर खतौनी से सम्बन्धित मामलों के निस्तारण किये जाने चाहिए, समय से खतौनी से सम्बन्धित मामले के निस्तारण होने से व्यक्ति अपने जमीन का मालिकाना हक प्राप्त होता है और भूमि से सम्बन्धित विवाद की संभावना समाप्त होती है। उन्होंने कहा कि भूमि से सम्बन्धित मामलों जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा तत्परता के साथ कार्यवाही की जानी चाहिए, जिससे कि पीड़ित व्यक्तियों को समय से न्याय मिले, जिससे कि माफिया दबंग द्वारा किसी की भूमि पर गलत तरीके से कब्जा न कर सकें और किसी गरीब का शोषण न कर सकें। इच्छा व्यक्त की कि पूरे प्रदेश के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों तक इस प्रकार की सामग्री पहुँचे, जिससे बच्चों को बैठने और पढ़ने के लिए उपयुक्त वातावरण मिल सके। राज्यपाल जी ने विद्यालय एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में स्वच्छता पर विशेष बल देते हुए कहा कि प्रत्येक 15 दिन में आधा घंटा निकालकर बच्चों के नाखून काटने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। राज्यपाल महोदया जी ने कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्र की बच्चियों द्वारा प्रस्तुत गये सुन्दर व मनमोहक नृत्य की सराहना भी की।

राज्यपाल जी ने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने वर्ष 2026 तक देश को टीबी मुक्त बनाने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि ऐसे रोगियों को बेहतर देखभाल एवं पोषक आहार की आवश्यकता है। प्रदेश में टीबी मुक्त अभियान व्यापक स्तर पर चल रहा है। उन्होंने कहा कि जब तक डॉक्टर यह न घोषित करें कि रोगी पूर्णतः टीबी मुक्त हो गया है, तब तक पोषण पोटली निरंतर दी जानी चाहिए। टीबी रोगियों के साथ अछूत जैसा व्यवहार न किया जाय। राज्यपाल जी ने प्रधानमंत्री द्वारा संचालित आयुष्मान कार्ड योजना की सराहना करते हुए कहा कि इसका लाभ जन-जन तक पहुँचना चाहिए। स्वामित्व कार्ड योजना का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि घर का मालिकाना हक पति और पत्नी दोनों के नाम पर होना चाहिए, क्योंकि आज महिला स्वतंत्र और सशक्त हो चुकी है। राज्यपाल ने मुख्यमंत्री सूर्य घर योजना को विशेष रूप से सराहा और कहा कि जनपद के प्रत्येक घर पर सोलर पैनल स्थापित कराए जाएं। उन्होंने जीरो पावर्टी योजना की भी प्रशंसा की और कहा कि इस योजना के अंतर्गत अच्छा कार्य हो रहा है। श्रम विभाग की योजनाओं से लाभार्थियों को मिली धनराशि का सदुपयोग शिक्षा एवं स्वास्थ्य में करने पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि एक भी रुपया व्यर्थ नहीं होना चाहिए। राज्यपाल जी ने बच्चों को चॉकलेट एवं टॉफी वितरित कर प्रोत्साहित किये। इस अवसर पर जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने राज्यपाल जी को स्मृति चिन्ह, प्रेरणादायी पुस्तकों भेंट किया तथा जनपद के समग्र विकास की उपलब्धियों की जानकारी दी।

इस दौरान राज्यपाल महोदया जी ने विकास भवन के पंचायत रिसोर्स सेन्टर पर विभिन्न विभागों द्वारा केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से सम्बन्धित लगायी गयी प्रदर्शनी का अवलोकन भी किये, अवलोकन के दौरान उन्होंने कृषक बन्धुओं से मोटे अनाज की खेती के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की और उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश भी दियें। इस दौरान राज्यपाल ने 02 दिव्यांगजनों को ट्राईसाईकिल का वितरण भी की। इस दौरान उन्होंने बेसिक शिक्षा विभाग, खादी विभाग, रेशम विभाग, उद्योग विभाग, महिला कल्याण विभाग, एन0आर0एल0एम0 समूह, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, उद्यान विभाग, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा लगायी गयी प्रदर्शनी का अवलोकन भी कीं।

## दो बाइकों की टक्कर में महिला की मौत

**मौदहा (हमीरपुर)/अवधनामा संवाददाता।** नेशनल हाईवे पर मंकराव के पास बुधवार देर शाम दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में मंकराव निवासी गुड़िया (32) पत्नी रणविजय गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों द्वारा उन्हें सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई कराई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। मृतका अपने पीछे पति और दो मासूम बच्चों को छोड़ गई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## स्वतंत्रता आंदोलन में यूपी व बुंदेलखंड के योगदान पर राष्ट्रीय संगोष्ठी

**हमीरपुर/अवधनामा संवाददाता।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुछेछा के 50 वर्ष पूर्ण होने पर स्वतंत्रता आंदोलन में उत्तर प्रदेश के योगदान विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी एवं अभिलेख प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता प्रो. हरीश कुमार सिंह ने रानी लक्ष्मीबाई के बलिदान को याद किया। विशिष्ट वक्ता प्रो. भवानीदीन ने बताया कि हमीरपुर के 57 महिला स्वतंत्रता सेनानियों ने आंदोलन में भाग लिया था। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. घनश्याम दास द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुआ। संचालन डॉ. अमित गोयल व डॉ. शिल्पी राय ने किया।

## पिता पर तमंचा अड़ाकर बेटे ने मांगे रुपये, मुकदमा

**सुमेरपुर (हमीरपुर)/अवधनामा संवाददाता।** चांद थोक में एक युवक ने पिता पर तमंचा अड़ाकर दस हजार रुपये की मांग की। मना करने पर पिता से मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया।पीड़ित कैलाशनाथ द्विवेदी की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पुत्र संदीप उर्फ भूरा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## दिन बाद दर्ज हुआ ट्रांसफार्मर चोरी का मुकदमा

**सुमेरपुर (हमीरपुर)/अवधनामा संवाददाता।** इमिलिया थोक में लगे 400 केवीए ट्रांसफार्मर से तेल व उपकरण चोरी के मामले में 50 दिन बाद मुकदमा दर्ज किया गया। अवर अभियंता कार्तिकेय त्रिपाठी की तहरीर पर अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच फैक्ट्री एरिया चौकी प्रभारी को सौंपी गई है।

## बाल विवाह मुक्ति रथ को सांसद ने दिखाई हरी झंडी



**हमीरपुर/अवधनामा संवाददाता।** बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत संचालित मुक्ति रथ को सांसद अजेंद्र सिंह राजपूत ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि बाल विवाह एक गंभीर सामाजिक बुराई और दंडनीय अपराध है। इसे समाप्त करने के लिए समाज के सभी वर्गों को सहयोग करना होगा। साई ज्योति संस्था के निदेशक अजय श्रीवास्तव व जिला समन्वयक कैलाश नारायण गौतम ने अभियान की जानकारी दी।

## जिला कारागार का मासिक निरीक्षण



**हमीरपुर/अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक द्वारा जिला कारागार का मासिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में सुरक्षा व्यवस्था, कैदियों की स्थिति, स्वास्थ्य सेवाएं, भोजन व्यवस्था, सफाई, रिकॉर्ड संधारण तथा पुनर्वास कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## बच्चों को चिन्हित कर सरकार द्वारा चलायी जा रही सभी योजनाओं का दिया जाय लाभ : जिलाधिकारी



**हरदोई/अवधनामा संवाददाता।** स्वामी विवेकानन्द सभागार कलेक्टेट में जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता मे जिला टास्क फोर्स एवं बाल श्रम उन्मूलन जनपद समिति की बैठक आहूत की गयी। जिलाधिकारी ने सहायक श्रमायुक्त को निर्देश दिये कि जनपद के ईट भट्ठा, होटल, रेस्टोरेन्ट, फैक्ट्री आदि स्थलों पर छापेमारी कर बाल श्रमिकों को बाल श्रम से मुक्त करायें। उन्होंने कहा कि बच्चों को चिन्हित कर उनको सरकार द्वारा चलायी जा रही सभी योजनाओं का लाभ दिया जाये। उन बच्चों को बाल सेवा योजना से जोड़ा जाये, बालिकाओं का कस्तूरबा विद्यालय मे प्रवेश दिलाया जाये। बच्चों के परिवार को चिन्हित कर राशन कार्ड, उज्जवला योजना का लाभ दिलाया जाये। उन्होंने कहा कि 14 से 18 वर्ष के बच्चे है उन्हें खतरनाक कार्यो के प्रति दूर रखने हेतु अभियान चलाकर उनके अभिभाविकों को जागरूक करें बच्चों को शिक्षित बनाये और बाल श्रम न करायें। बैठक में समिति के सदस्यों ने बाल श्रम रोकने हेतु अपने विचार व्यक्त किये। बैठक में सहायक श्रमायुक्त सत्यवीर सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए अशोक कुमार मौर्य, जिला प्रोबेशन अधिकारी संजय कुमार निगम, समिति के सदस्य शत्रुघ्न द्विवेदी, आदि उपस्थित रहे।

## एसएमजीआई में अंतरराष्ट्रीय वेबिनार सम्पन्न

**इटावा (अवधनामा ब्यूरो)** सर मदनलाल इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी द्वारा फार्मास्युटिकल उद्योग, अनुसंधान एवं शिक्षण के क्षेत्र में विदेशी अवसरों हेतु तैयारी विषय पर एक ऑनलाइन अंतरराष्ट्रीय वेबिनार आयोजित किया गया। वेबिनार के मुख्य वक्ता के रूप में डॉ.अरिहंत कुमार सिंह, पोस्ट-डॉक्टोरल साइंटिस्ट, टेक्सास विश्वविद्यालय एमडी एंडरसन कैंसर सेंटर, यूएसए, ने प्रतिभागियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उपलब्ध शोध, उद्योग एवं शिक्षण अवसरों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की। वेबिनार का शुभारंभ संस्थान के निदेशक एवं संयोजक डॉ यू एस शर्मा ने किया। उन्होंने कहा कि, विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करना आज के समय की आवश्यकता है। संस्थान के चेयरमैन डॉ.विवेक यादव ने वेबिनार की सफलता के लिए शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए कहा कि, अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों के साथ संवाद सभी विद्यार्थियों के दृष्टिकोण को हमेशा ही व्यापक बनाता है और वैश्विक स्तर पर उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित भी करता है। कार्यक्रम का संचालन सुश्री पारिका ठाकुर, एसोसिएट प्रोफेसर, फार्मेसी विभाग द्वारा किया गया। वेबिनार में भारत सहित विदेशों से 100 से भी अधिक प्रतिभागियों ने सहभागिता की। अंत में प्रश्नोत्तर सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया।

## विशाल होली मिलन समारोह आज 27 फरवरी को

**इटावा (अवधनामा ब्यूरो)** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कचहरी परिसर में बट वृक्ष धाम मंदिर पर विशाल होली मिलन समारोह आज 27 फरवरी को संपन्न होगा।उक्त जानकारी पूर्व उपाध्यक्ष मीडिया प्रभारी मनोज कुमार दीक्षित ने दी है।उन्होंने बताया वरिष्ठ अधिवक्ता उमेश चंद्र दुबे ने समस्त अधिवक्ता जनो,न्याय अधिकारियों, समस्त पत्रकार साथियों बादकारियों तथा कचहरी आने वाले समस्त लोगों से आग्रह है कि बह दोपहर 1 बजे अवश्य पधारे होली मिलन समारोह में अवीर, गुलाल,पुष्प बर्षा के साथ सुल्पा हार की भी ब्यवस्था की गई है।उक्त कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार में रहे पूर्व मंत्री उमेश दीक्षित पूर्व शासकीय अधिवक्ता अवधेश तिवारी शासकीय अधिवक्ता शिवकुमार शुक्ला पूर्व प्रत्याशी अध्यक्ष पद एवं मौजूदा प्रत्याशी अध्यक्ष पद प्रवल प्रताप सिंह खास तौर से उपस्थित रहेंगे।अधिवक्ता महेश् चंद,मनोज कुमार दुबे, राजीव तिवारी,संजय दुबे,असित कुमार, सोरभ यादव के अलावा हाकिम सिंह राजपूत आदि तमाम लोगों ने उक्त होली मिलन कार्यक्रम सफल बनाने की अपील की है।

# मंत्री ए.के. शर्मा ने की जनसुनवाई

अवधनामा ब्यूरो



■ जनसुनवाई में पहुंचे नागरिकों की समस्याओं को प्राथमिकता, समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश

■ विद्युत, सीवर, निर्माण कार्य एवं क्षतिपूर्ति मामलों पर मंत्री ने दिए तत्काल कार्रवाई के आदेश

**लखनऊ।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने अपने आवास पर आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के स्पष्ट निर्देश दिए।

जनसुनवाई के दौरान विद्युत कनेक्शन से संबंधित प्रकरण, विद्युत बिल में त्रुटि सुधार, सीवर लाइन की समस्याएं, नवीन निर्माण कार्यों की स्वीकृति, क्षतिपूर्ति भुगतान तथा अन्य स्थानीय जनसमस्याएं प्रमुख रूप से सामने आई। मंत्री शर्मा ने कहा कि आम जनता की समस्याओं का समाधान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण निर्धारित समयसीमा के भीतर किया जाए तथा निस्तारण की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि जनसुनवाई केवल औपचारिकता न होकर परिणामोन्मुखी होनी चाहिए, जिससे लोगों को वास्तविक राहत मिल सके।

मंत्री शर्मा ने स्पष्ट किया कि विद्युत एवं नगर विकास से जुड़े मामलों में तकनीकी कारणों का हवाला देकर अनावश्यक विलंब न किया जाए। उन्होंने अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे संवेदनशीलता के साथ नागरिकों की समस्याओं का समाधान करें और आवश्यकतानुसार स्थलीय निरीक्षण कर वास्तविक स्थिति का आकलन करें।उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि प्रत्येक नागरिक को मूलभूत सुविधाएं समय पर उपलब्ध हों और शिकायतों के समाधान में पारदर्शिता बनी रहे। जनसुनवाई के माध्यम से प्राप्त प्रकरणों की नियमित समीक्षा भी की जाएगी, ताकि लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित हो सके। कार्यक्रम में संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# लखनऊ में 27-28 फरवरी को यूपी मीन महोत्सव एवं एक्वा एक्सपो

अवधनामा ब्यूरो

■ इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में दो दिवसीय मीन महोत्सव का आयोजन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मत्स्य विकास विभाग द्वारा ÷उत्तर प्रदेश मीन महोत्सव एवं एक्वा एक्सपो-2026÷ का दो दिवसीय आयोजन 27 एवं 28 फरवरी 2026 को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, गोमती नगर, लखनऊ में किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ कल 27 फरवरी को पूर्वान्ह 10:30 बजे से होगा। एक्सपों में भारत सरकार के मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी, केन्द्रीय राज्यमंत्री प्रो0 एस0पी0सिंह बघेल, उ0प्र0 सरकार के मत्स्य विकास कैबिनेट मंत्री डॉ0 संजय कुमार निषाद मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होकर कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। इसके अतिरिक्त एक्सपो में उ0प्र0 मत्स्य जीवी सहकारी संघ लिमिटेड के वीरू साहनी, उ0प्र0, मत्स्य विकास निगम लि0 के अध्यक्ष रमाकांत निषाद, अवनीश कुमार अवस्थी, के0वी0राजू, अपर मुख्य सचिव मुकेश कुमार मेश्राम, भारत सरकार के संयुक्त संचिव सागर मेहरा तथा महानिदेशक मत्स्य धनलक्ष्मी के0 प्रतिभाग करेंगें। प्रदेश की राजधानी लखनऊ में आयोजित दो दिवसीय एक्सपो में देश एवं प्रदेश के प्रसिद्ध वैज्ञानिक, उद्यमी तथा प्रदेश के विभिन्न जनपदों से लगभग 1000 मत्स्य पालक सम्मिलित होंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य मत्स्य क्षेत्र में आधुनिक तकनीकों के प्रसार, उद्यमिता संवर्धन तथा मत्स्य पालकों की आय में वृद्धि हेतु समन्वित मंच उपलब्ध कराना है। किसानों की जमीनी समस्याओं का समाधान, नवीन तकनीकी नवाचारों को व्यवहारिक रूप से समझाना, मत्स्य पालन को अधिक लाभकारी एवं टिकाऊ बनाना, व्यापार में वृद्धि करना, एक्वा पर्यटन को बढ़ावा देना तथा पोषण सुरक्षा पर रहेगा। एक्सपो में औद्योगिक प्रदर्शनी एवं स्टॉल (लगभग 50 प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा) बैनर, पोस्टर, स्टैण्डी, हैण्ड बिल्स, साहित्य, ब्रोशर, पम्पलेटस आदि के माध्यम से विभागीय योजनाओं पर प्रचार-प्रसार, एल.सी.डी. प्रोजेक्टर के माध्यम से मत्स्य पालन की तकनीकियों का पावर प्वाइंट प्रजेन्टेशन, वेबकास्टिंग /यूट्यूब चौनल द्वारा उ0प्र0 के समस्त 75 जनपदों में मत्स्य पालकों एवं मत्स्य उद्यमियों हेतु कार्यक्रम का सीधा प्रसारण, विभिन्न प्रकार के मत्स्य व्यंजनों का फिश फूड कोर्ट एवं प्रोटीन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करेगा।

## इफ्तार में शामिल होकर साम्प्रदायिक सौहार्द का संदेश दे रहे लोग

**लखनऊ।** माहे मुबारक रमजान में रोजा-इफ्तार का आयोजन शहर के अलग-अलग स्थानों पर किया जा रहा है। रोजा-इफ्तार में सभी धर्मों के मानने वाले शामिल होकर साम्प्रदायिक सौहार्द का संदेश दे रहे हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को तहरीक फिक्र-ए-मिल्लत फाउण्डेशन की ओर से ऐशबाग ईदगाह में रोजा-इफ्तार का आयोजन किया जाएगा। फाउण्डेशन के महासचिव और कांग्रेस नेता मोहम्मद हनीफ खान ने बताया कि शुक्रवार को ऐशबाग ईदगाह के तय्यब हॉल में आयोजित रोजा-इफ्तार में कांग्रेस महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पाण्डेय और प्रदेश अध्यक्ष अजय राय सहित विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक और मिल्ली रहनुमाओं के साथ ही बड़ी संख्या में रोजेदार शामिल होंगे।

## दो दिवंगत पत्रकारों की शोक सभा आज

**लखनऊ।** यूपी प्रेस क्लब में आज हाल में ही हुए दो दिवंगत पत्रकारो की शोक सभा आयोजित की जाएगी। मुख्य धारा के प्रमुख दो युवा पत्रकारों स्वर्गीय विधि सिंह और मोहम्मद इरफान को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए यूपी प्रेस क्लब, लखनऊ में 27 फरवरी 2026 दिन शुक्रवार को ढाई बजे एक शोक सभा का आयोजन किया गया है। दोनों युवा पत्रकारों का इसी सप्ताह क्रमशः हार्ट अटैक और ब्रेन हेमरेज से निधन हो गया था द्य स्वर्गीय विधि सिंह अपराध बीट और स्वर्गीय मोहम्मद इरफान अल्पसंख्यक बीट के प्रमुख चेहरे रहे हैं।

# प्रमोद तिवारी को अंतरराष्ट्रीय संसदीय जिम्मेदारी

■ भारत-मैक्सिको संसदीय मैत्री समूह के लीडर बने प्रमोद तिवारी


■ वैश्विक संसदीय संवाद में प्रमोद तिवारी की अहम भूमिका

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा में उपनेता विपक्ष प्रमोद तिवारी को देश के वैश्विक संबंधों को मजबूत बनाने में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एक और अहम संसदीय जिम्मेदारी मिली है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की गठित 64 राष्ट्रों के भारत के साथ वैश्विक संबंधों को धार देने के लिए श्री तिवारी का चयन किया गया है। नई जिम्मेदारी के तहत श्री तिवारी इस संसदीय मैत्री समूह के जरिए देश की संसद के विभिन्न संसदों के साथ प्रत्यक्ष और नियमित संवाद बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका में दिखेंगे। श्री तिवारी इन देशों के साथ पारम्परिक राजनय और संसदीय स्तर पर मजबूत संबंधत स्थापित करने में देश की ओर से सार्थक भूमिका निभाएंगे। श्री तिवारी को इस संसदीय मैत्री समूह में दस अन्य सांसदों के साथ भारत-मैक्सिको ग्रुप का लीडर बनाया गया है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने श्री तिवारी को संसदीय अनुभव, वरिष्ठता, संसदीय मर्मज्ञता, तार्किक क्षमता देखते हुए मैक्सिको के साथ भारत के मधुर रिश्ते और प्रगाढ़ बनाने की जिम्मेदारी सौंपी है।

## 70 रूपये प्रति व्यक्ति सदक़ा फित्र अदा करें: खालिद रशीद



**लखनऊ।** दारूल इफ्ता वल कज़ा दारूल उलूम फरंगी महल के अध्यक्ष मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली इमाम ईदगाह ने कहा क सद्का फित्र अदा करने का हुक्म इस्लामी शरीअत ने इस लिए दिया है कि जिन खुशकिस्मत मुसलमानों ने रमजान माह के रोजों को पूरा कर लिया है वह ईद की नमाज से पहले गरीब मुसलमानों की मदद करें ताकि वह ईद की खुशियों में शरीक हो सकें। मौलाना ने कहा कि फित्र एक वाजिब सद्का है। यह उस मुसलमान पर वाजिब होता है जो निसाब का मालिक हो चाहे वह मुसाफिर यो या मुकीम, औरत हो या मर्द, नाबालिग हो या बालिग।मौलाना ने कहा कि हदीस शरीफ में खुजूर, किशमिश, गेहूँ आटा, जौ और दही या पनीर से सद्का फित्र निकालने का हुक्म है। इस लिए जो लोग खुजूर, जौ और किशमिश में से सद्का फित्र अदा करें तो वह इन चीजों में से किसी एक चीज़ से साढ़े तीन किलो या उसकी कीमत दे दें। उन्होने कहा कि जो हजरात गेहूँ से सद्का अदा करें तो वह एक किलो पॉच सौ नव्वे ग्राम या उसकी कीमत कम से कम 70 रूपये प्रति व्यक्ति अदा करें।

# वैश्विक पर्यटन मंच पर यूपी दिखाएगा अपनी विरासत

■ आईटीबी बर्लिन में यूपी टूरिज्म करेगा संभावनाओं का प्रदर्शन

■ जर्मनी में उत्तर प्रदेश के पर्यटन की अंतरराष्ट्रीय झलक

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** विश्व पर्यटन उद्योग के सबसे प्रतिष्ठित मंच आईटीबी बर्लिन-2026 में उत्तर प्रदेश अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और आधुनिक पर्यटन संभावनाओं के साथ अंतरराष्ट्रीय मानचित्र पर सशक्त उपस्थिति दर्ज कराने को तैयार है। आगामी 03 से 05 मार्च तक आयोजित ''इंटरनेशनल टूरिज्म-बोर्से बर्लिन'' में पर्यटन विशेषज्ञों, निवेशकों और नीति-निर्माताओं के समक्ष उत्तर प्रदेश अपने विविध पर्यटन स्थलों, टूरिज्म सर्किट्स, वेलनेस और एडवेंचर टूरिज्म की झलक पेश करेगा।

उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि आईटीबी बर्लिन-2026 का आयोजन बर्लिन एक्सपो सेंटर सिटी, मेसे डैम 22 में किया जाएगा। वर्ष 1966 से आईटीबी बर्लिन वैश्विक यात्रा एवं पर्यटन उद्योग के लिए एक अग्रणी मंच के रूप में स्थापित है। इस वर्ष यह अपने 60 वर्षों की गौरवशाली विरासत का उत्सव मनाने जा रहा है। उत्तर प्रदेश पर्यटन अपने विजन के साथ दुनिया से संवाद करेगा।

इंटरनेशनल टूरिज्म-बोर्से बर्लिन (आईटीबी बर्लिन-2026) इस बार अपने 60 वर्षों की गौरवशाली यात्रा का उत्सव मनाने जा रहा है। इसी ऐतिहासिक उपलब्धि को रेखांकित करते हुए आईटीबी बर्लिन-2026 की थीम डिस्कवर द स्टोरीज बिहाइंड 60 इयर्स ऑफ लेगेसी रखी गई है। यह वैश्विक पर्यटन उद्योग के विकास, नवाचार, साझेदारी सहित अन्य प्रेरक प्रसंगों को एक मंच पर सामने लाएगी। यह थीम अतीत की विरासत को सम्मान देते हुए भविष्य की रूपरेखा तय करता है। आईटीबी बर्लिन-2026 में प्रदर्शनी के माध्यम से पर्यटन जगत की बदलती प्राथमिकताओं और उभरते रुझानों को प्रस्तुत किया जाएगा। प्रदर्शनी को भौगोलिक सीमाओं तक सीमित न रखकर एडवेंचर टूरिज्म, बिजनेस ट्रैवल, एलजीबीटीक्यू.ट्रैवल, लग्जरी ट्रैवल, मेडिकल टूरिज्म तथा ट्रैवल टेक्नोलॉजी जैसे विविध बाजार खंडों में विभाजित किया गया है। इसका उद्देश्य हर प्रकार के यात्रियों और उद्योग से जुड़े हितधारकों को उनकी रुचि और जरूरत के अनुरूप अनुभव मिल सके।

उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि जर्मनी की राजधानी बर्लिन में आयोजित तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय आयोजन में यूपी टूरिज्म भव्य पवेलियन के माध्यम से प्रदेश की समृद्ध पर्यटन संभावनाओं को प्रदर्शित करेगा।

# डॉ. अलीशा सिद्दीकी की स्वर्णिम जीत पर कौमी एकता फोरम की बधाई

■ आजमगढ़ की बेटी अलीशा सिद्दीकी बनीं देश का गौरव

■ अलीशा सिद्दीकी की सफलता ने बढ़ाया देश का मान

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** ओपन मास्टर्स गेम्स 2026 में अबूधाबी में स्वर्ण पदक जीत कर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तिरंगा लहराने वाली आजमगढ़ की बेटी डॉ. अलीशा सिद्दीकी की ऐतिहासिक सफलता पर कौमी एकता फोरम ने हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है। फोरम के अध्यक्ष अरशद आजमी ने आइमा इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट पहुंच कर डॉ. अलीशा सिद्दीकी से मुलाकात की और उन्हें मुबारकबाद देते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। अरशद आजमी ने कहा कि डॉ. अलीशा सिद्दीकी का संबंध आजमगढ़ से है और वे खुद भी आजमगढ़ के निवासी हैं, इसलिए यह उपलब्धि उनके लिए दोगुनी खुशी और गर्व का विषय है। श्री आजमी ने कहा कि डॉ. अलीशा ने अपनी मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प से न केवल आजमगढ़ बल्कि पूरे देश का नाम रोशन किया है। अबूधाबी जैसे अंतर्राष्ट्रीय मंच पर स्वर्ण पदक प्राप्त करना बड़ी उपलब्धि है, जो हमारी बेटियों के हौसले को और बुलंद करेगी। उन्होंने सरकार से ऐसे प्रतिभाशाली खिलाडियों के संरक्षण और सम्मान के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की, जिससे युवा पीढ़ी को खेल के क्षेत्र में आगे बढने के बेहतर अवसर मिल सकें।

## होली: लखनऊ मेट्रो की सुविधा दोपहर 2:30 बजे से रात 10:30 बजे तक

**लखनऊ।** होली के अवसर राजधानीवासियों को लखनऊ मेट्रो की सुविधा दोपहर 2:30 बजे से रात 10:30 बजे तक मिलेगी। उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कारपोरेशन ने होली की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए बताया कि होली पर 4 मार्च बुधवार को लखनऊ मेट्रो ट्रेन सेवाएं दोपहर 2:30 बजे से रात 10:30 बजे तक संचालित की जाएगी। मेट्रो ट्रेन सेवाएं दोनों टर्मिनल स्टेशनों चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट मेट्रो स्टेशन और मुंशीपुलिया मेट्रो स्टेशन से दोपहर 2:30 बजे शुरू होगी और रात 10:30 बजे तक सामान्य रूप से संचालित होती रहेंगी।

# फाइलेरिया उन्मूलन अभियान की प्रगति की उच्चस्तरीय समीक्षा

अवधनामा ब्यूरो

■ डॉ. पिंकी जोवल ने धीमी प्रगति वाले क्षेत्रों पर कसा शिकंजा

■ 21 जनपदों में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान तेज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को फाइलेरिया (हाथी पांव) एवं पुरूषों में हाइड्रोसील से मुक्त किए जाने हेतु फाइलेरिया उन्मूलन अभियान (10 से 28 फरवरी 2026) 21 जनपदों के 64 प्लानिंग यूनिट में संचालित है। अभियान के महत्व के दृष्टिगत प्रदेश स्तर पर चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उ0प्र0 द्वारा इसका नियमित अनुश्रवण किया जा रहा है। इसी क्रम में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश की मिशन निदेशक डॉ0 पिंकी जोवल (आई0ए0एस0) की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसमें उन 15 प्लानिंग यूनिट में अभियान की प्रगति की समीक्षा की गई, जहां लक्ष्य के अनुरूप अब तक परिणाम प्राप्त नहीं हुए। इस महत्त्वपूर्ण बैठक में राज्य स्तरीय अधिकारियों के साथ ही संबंधित जनपद शाहजहांपुर उन्नाव, बाराबंकी एवं बलिया के मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, चिकित्सा अधीक्षक एवं संबंधित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के प्रभारी चिकित्साधिकारियों ने वर्चुअल माध्यम से प्रतिभाग किया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डॉ0 पिंकी जोवल ने अभियान की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कहा कि फाइलेरिया उन्मूलन भारत सरकार के साथ ही प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है और प्रदेश सरकार इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सर्वजन दवा सेवन (डें क्तनह ।कउपदपेजतंजपवद - डक।) कार्यक्रम को अत्यंत प्रभावी ढंग से क्रियान्वित किया जाए तथा प्रत्येक पात्र व्यक्ति द्वारा सेवन, सुनिश्चित कराया जाए। मिशन निदेशक महोदया ने कहा कि जिन क्षेत्रों में दवा सेवन की प्रगति संतोषजनक नहीं है, वहाँ विशेष अभियान चलाकर लक्ष्य को पूरा किया जाए। रमजान के महीने के दृष्टिगत स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के द्वारा सायंकालीन भ्रमण, रोजा इफ्तार उपरांत सुनिश्चित किया जाए।

इसके साथ ही उन्होंने दवा खाने से इन्कार करने वाले लाभार्थियों को 'इस बीमारी के लाइलाज होने' व 'दवा सेवन ही एकमात्र बचाव के महत्व को समझाते हुए उन्हें दवा का सेवन कराया जाना सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य लाभार्थियों की शत-प्रतिशत लाइन लिस्टिंग सुनिश्चित करने के स्पष्ट निर्देश दिए।

## पशु आरोग्य मेले का आयोजन 28 फरवरी को

**लखनऊ।** लखनऊ के मुख्य पशुचिकित्साधिकारी डॉ. सुरेश कुमार ने बताया कि शनिवार 28 फरवरी को मोहनलालगंज के गनियार, भौंदरी में पंडित दीनदयाल उपाध्याय वृहद पशु आरोग्य मेला आयोजित होगा। सुबह 8 बजे से शुरू होने वाले पशु आरोग्य मेले में पशुपालकों को विभाग की ओर से विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। मेले में रोगी पशुओं का अति विशिष्ट उपचार और औषधि वितरण, रोगग्रस्त पशुओं की अल्ट्रासाउण्ड मशीन से जांच, पशुओं में कृत्रिम गर्भाधान और बांझपन समस्या का निवारण, पशुओं की लघु शल्य चिकित्सा, निशुल्क पशु टीकाकरण, पशुपालकों को पशुओं के पशुधन बीमा की सुविधा और पशुपालकों को पशुओं की उन्नत तकनीक की जानकारी वैज्ञानिक देंगे। इसके अलावा मेले में पंजीकृत पशुपालकों के पशुओं को निशुल्क कृमिनाशक दवापान, खनिज लवण और सकेन्द्रित पशु आहार उपलब्ध कराया जाएगा। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने जनपद के सभी पशुपालकों से मेले में अपने अधिक से अधिक पशुओं को लाकर विभाग की ओर प्रदान की जा रही सुविधाओं का लाभ उठाने की अपील की है।

# होम क्रेडिट इंडिया का नया होली म्यूजिकल कैंपेन

अवधनामा ब्यूरो




**लखनऊ।** अग्रणी कंज्यूमर फाइनेंस कंपनी, होम क्रेडिट इंडिया ने आज अपने नए ब्रांड कैंपेन कहो ईएमआई को हां' की शुरुआत का एलान किया। होली के जीवंत उत्साह और ब्रांड के मूल दर्शन जिंदगी हिट पर आधारित यह अभियान, क्रेडिट के प्रति भारतीयों के भावनात्मक जुड़ाव को संकोच और संदेह से बदलकर आत्मविश्वास और स्मार्ट वित्तीय विकल्पों में बदलना चाहता है।

कहो ईएमआई को हां' कैंपेन के केंद्र में एक सांस्कृतिक अंतर्दृष्टि निहित है - जहाँ भारतीय बिना किसी संकोच के रंगों के साथ होली का आनंद लेते हैं, वहीं ईएमआई या लोन जैसे वित्तीय निर्णय लेते समय वे अक्सर रुकते हैं और खुद पर संदेह करते हैं। इस म्यूज़िकल कैंपेन के माध्यम से, होम क्रेडिट इंडिया उपभोक्ताओं को क्रेडिट को एक बोझ के रूप में नहीं, बल्कि अपनी आकांक्षाओं को पूरा करने वाले एक सार्थक माध्यम के रूप में देखने के लिए प्रोत्साहित करता है। यह उन्हें बिना किसी आत्म-ग्लानि या संदेह के प्रगति के लिए हाँ कहने के लिए सशक्त बनाता है।

यह अभियान अब फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब, एक्स और लिंक्डइन सहित होम क्रेडिट इंडिया के सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लाइव है।

कैंपेन पर बात करते हुए, होम क्रेडिट इंडिया के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, आशीष तिवारी ने कहा होली स्वतंत्रता, रंगों और एकजुटता का प्रतीक है और इसका जश्न मनाती है; हम यही भावना लोगों के वित्तीय निर्णयों के प्रति नजरिए में भी लाना चाहते थे।

# रमज़ान: सवालों के जवाब

## सहरी खाना नबी की सुन्नत : शिया हेल्पलाइन



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** कार्यालय आयतुल्लाह अल उज़्मा सैयद सादिक़ हुसैनी शीराज़ी से जारी शिया हेल्पलाइन पर नीचे दिए गये सवालों के जवाब मौलाना सैयद सैफ अब्बास नक़वी ने दिए। इसके अलावा महिलाओं के लिए भी हेल्पलाइन शुरू की गयी है जिसमें महिलाओं के सवालों के जवाब खातून आलेमा देगीं।

**हेल्पलाइन नम्बर**

**महिला 6386897124**

**पुरूष 9415580936 व 9839097407**

**समय सुबह 10 से 12 बजे**

**सवाल**-यदि एयर होस्टेस (पुरुष या महिला) जहाज पर स्थायी रूप से ड्यूटी पर हों, तो उनके लिए रोजे का क्या हुक्म है?

**जवाब**-एयर होस्टेस का हुक्म कसीर-उस-सफर (अधिक यात्रा करने वाले) में होगा, इसलिए उन्हें रोजा रखना होगा।

**सवाल**-यदि कोई व्यक्ति घर खरीदने के लिए पैसा जमा कर रहा है, तो क्या उस पर खुम्स वाजिब है?

**जवाब**-यदि वह पैसा साल के दौरान खर्च नहीं किया जाता है, तो उस पर खुम्स वाजिब है।

**सवाल**-यदि कोई नास्तिक रोजे की अनिवार्यता को मानने से इनकार करे, तो उसके लिए क्या हुक्म है?

**जवाब**-यदि कोई नास्तिक ईश्वर की ओर से अनिवार्य की गई इबादत का इनकार करता है, तो वह काफिर है।

**सवाल**-यदि कोई व्यक्ति सुबह की नमाज के समय जागा और सहरी न खा सका, तो क्या उसका रोजा सही होगा?

**जवाब**-सहरी खाना नबी (स.अ) की सुन्नत है, और अगर कोई व्यक्ति सहरी नहीं खाता है, तो भी उसका रोजा सही होगा।

**सवाल**-क्या दो सजदों के बीच बैठना वाजिब है?

**जवाब**-दो सजदों के बीच बैठना वाजिब है और एहतियात-ए-वाजिब की बिना पर दूसरे सजदे के बाद भी बैठना वाजिब है।

## जानबूझकर नमाज़ छोड़ना या उसे हल्का समझना शरीयत में हराम है

**लखनऊ।** मजलिस उलमा-ए-हिंद के ज़ेरे एहतेमाम जारी माहे रमज़ान हेल्पलाइन पर पूछे गए सवालात जवाबात रहबर-ए-मुअज्ज़म आयतुल्लाह सैय्यद अली ख़ामेनई के फ़तवों के मुताबिक़ हैं।

**हेल्पलाइन नंबर**

**पुरुष- 9833028596**

**महिला- 7390026883**

**सवाल**- क्या रोज़े की हालत में आँख, कान और नाक में दवा डाली जा सकती है?

**जवाब**-रोज़े की हालत में आँख और कान में दवा डालना जायज़ है और इससे रोज़ा नहीं टूटता। लेकिन नाक में डाली गई दवा अगर गले तक पहुँच जाए तो रोज़ा बातिल हो जाता है, इसलिए इससे बचना चाहिए।

**सवाल**-मायके में नमाज़ और रोज़े का क्या हुक्म है? क्या क़सर पढ़नी होगी?

**जवाब**-अगर शादी के बाद आप अपने शौहर के घर को मुस्तक़िल वतन मानती हैं और मायके सिर्फ कुछ दिनों के लिए जाती हैं, तो मायके में नमाज़ और रोज़ा क़सर है। लेकिन अगर आप मायके को भी मुस्तक़िल वतन मानती हैं, यानी ज़्यादातर वहीं रहती हैं या आइंदा मुस्तक़िल रहने का इरादा है तो नमाज़ पूरी पढ़ी जाएगी। और अगर मायके में दस दिन या उससे ज़्यादा रुकने का इरादा हो, तो भी नमाज़ पूरी पढ़नी होगी और रोज़ा रखना होगा।

**सवाल**-जानबूझकर नमाज़ छोड़ने या उसे हल्का समझने वाले का क्या हुक्म है?

**जवाब**- नमाज़ शरीयते के एहम वाजिबात में से है और दीन का सुतून है। इसे जानबूझकर छोड़ना या हल्का समझना शरीअत में हराम है।

**सवाल**-अगर नमाज़ के पहले वक़्त से लेकर लगभग आख़िरी वक़्त तक मुँह या नाक से ख़ून बहता रहे तो नमाज़ का क्या हुक्म है?

**जवाब**- अगर बदन को पाक करने पर क़ादिर न हो और नमाज़ का वक़्त निकल जाने का ख़ौफ़ हो, तो उसी हालत में नमाज़ पढ़ लेनी चाहिए।

## मिस्वाक का रेशा पेट में जाने से रोजा नही टूटेगा : सुन्नी हेल्पलाइन

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** रमजान हेल्पलाइन में इस्लामिक सेन्टर आफ इण्डिया के तहत् दारूल निजामिया फरंगी महल में रोज़ेदारों के सवालात के जवाब मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने दिये।

**हेल्पलाइन नम्बर**

**9415023970, 9335929670, 9415102947, 7007705774, 9140427677**

**सवाल**- मिस्वाक का रेशा एक शख्स के पेट में चला गया और हर मुम्किन कोशिश के बाद भी न निकल सका? तो क्या इससे रोज़ा टूट जायेगा?

**जवाब**- इससे रोजा नही टूटेगा।

**सवाल**- किसी के माल पर पूरा साल गुज़र गया लेकिन अभी ज़कात नही निकाली थी कि सारा माल चोरी हो गया तो किया अब भी ज़कात अदा करे।

**जवाब**-ज़कात इस के जिम्मे से खत्म हो गई।

**सवाल**-एक घर में कई लोग रहते हैं और एक शख्स का अधिकार तमाम चीज़ों पर है अगर वह सब की तरफ से सदका फित्र अदा करे तो क्या उसी को सिर्फ सवाब मिलेगा या सब को?

**जवाब**- सबको बराबर सवाब मिलेगा।

**सवाल**-अगर किसी गरीब को नियत के बिना कुछ रकम दे दी और फिर ज़कात की नियत कर ली तो क्या वह सही है?

**जवाब**- यह इस वक्त सही होगी जब कि नियत के वक्त तक उस गरीब ने वह रकम खर्च न की हो। अगर खर्च कर ली तो अब ज़कात की नियत दुरूस्त नही।

**सवाल**-मैंने नफल नमाज़ शुरू की जब एक रकआत हो गई तो मालूम हुआ कि कपड़ा नापाक है, फिर नमाज़ तोड़ दी तो किया इस नफल नमाज़ का लौटाना जरूरी है।

**जवाब**- अगर नफल नमाज़ शुरू करने के बाद तोड़ दी है तो उसका लौटाना जरूरी है।